RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 10
लखनऊ, मंगलवार, 27 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



अजय देवगन को याद आए बचपन के दिन
विविध-12

www.dailypioneer.com

भारत-अमेरिका की रक्षा-विदेश मंत्रियों के बीच अहम वार्ता

# रक्षा सहयोग में जुड़ेगा नया जोश, करार आज



नई दिल्ली में सोमवार को एक अहम बैठक के लिए अमेरिकी समकक्ष के साथ जाते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद अपने अमेरिकी समकक्ष के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ताओं के दौरान लद्दाख में चीन की विस्तारवादी रवैए पर हुई गहन चर्चा

**भारत-अमेरिका** के बीच रक्षा और विदेश मंत्रियों के स्तर पर विभिन्न मुद्दों को लेकर अहम वार्ता हुई। वार्ताओं के दौरान लद्दाख में चीन की विस्तारवादी रवैए पर गहन चर्चा हुई। अमेरिकी रक्षा मंत्री के मार्क एस्पर के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की अपनी बातचीत के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया कि वार्ता से भारत-अमेरिका के संबंधों में एक नया जोश आएगा। सिंह ने ट्वीट में कहा, भारत को अमेरिकी रक्षा मंत्री डॉ. मार्क एस्पर की मेजबानी करने की खुशी है। आज हमारी बातचीत सार्थक रही, जो व्यापक क्षेत्रों में रक्षा सहयोग को और गहरा करने पर केंद्रित थी। दूसरी ओर विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने एशिया में स्थिरता और सुरक्षा सहित पारस्परिक सरोकारों, हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। सूत्रों के अनुसार जयशंकर और पोम्पिओ के बीच वार्ता में समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद रोधी कदमों, मुक्त कनेक्टिविटी, मजबूत आपूर्ति श्रृंखला सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने अफगान शांति प्रक्रिया पर चर्चा की। वहीं भारत ने स्पष्ट किया कि सीमा पार से होने वाला आतंकवाद पूरी तरह अस्वीकार्य है। वहीं भारत और अमेरिका मंगलवार को एक महत्वपूर्ण रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे, जो दोनों देशों की सेनाओं के बीच अत्याधुनिक सैन्य प्रौद्योगिकी, साजो-सामान और भू-स्थानिक नक्शे साझा करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की आज यहां अपने अमेरिकी समकक्ष (शेष पेज 9)

## शांतिकालीन गतिविधियां बंद करे सेना, रहे तैयार: रावत

- कमांडरों की कांफ्रेंस में सीडीएस ने एलएसी पर तैनात जवानों को सराहा कहा-उनके प्रति सम्मान करें प्रदर्शित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**लद्दाख** में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जारी गतिरोध के चलते जाड़े के दुरुह मौसम में भी भारत की सेना मोर्चे पर डटी हुई है। वहीं चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) बिपिन रावत ने सशस्त्र बलों का आह्वान करते हुए कहा कि वे किसी भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहे तथा शांतिकालीन सभी गतिविधियों को रोक दें। उन्होंने कहा कि लद्दाख में जवान लंबे समय तक डटे रहने की तैयारी कर रहे हैं, जहां अगले कुछ हफ्तों में तापमान शून्य से 20 डिग्री नीचे चला जाएगा। अग्रिम मोर्चे पर तैनात इन जवानों के सम्मान और उनके साथ एकता प्रदर्शित करने के लिए शांतिकालीन सभी गतिविधियों को रोक दिया जाए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सीडीएस की यह राय है। उन्होंने कहा कि हालात सामान्य नहीं है। भारत और चीन के सैनिक एकदूसरे के सामने डटे हैं। दोनों पक्ष अपनी टुकड़ियां बढ़ा रहे हैं तथा भारी हथियारों को तैनात कर रहे हैं। सेना की पूरी उत्तरी कमान तथा पश्चिमी हवाई कमान लद्दाख में 1700 किमी लंबे एलएसी पर किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह से तत्पर हैं। रावत ने सेना के तीनों (शेष पेज 9)

# किसानों को तोहफा: अनाज भंडारण के लिए बनेंगे पांच हजार गोदाम

- 2500 करोड़ रुपए की आएगी लागत, योगी सरकार की योजना हर गांव में ऐसा गोदाम बनाने की



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किसानों** की मेहनत बेकार नहीं जाएगी। फसल जल्दी बेचने के लिए उन्हें इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। किसान अपनी उपज खुद की सुविधा के मुताबिक बेच सकेंगे और बेहतर कीमत ले सकेंगे। किसानों की सुविधा के लिए योगी सरकार गांवों में 5000 भंडारण गोदाम बनाने जा रही है। राज्य सरकार की योजना लगभग हर गांव पर एक भंडारण गोदाम बनाने की है, हालांकि पहले चरण में करीब हर 10 गांव पर एक गोदाम बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। किसानों की उपज का बेहतर मूल्य दिलाने का वादा पूरा करने के लिए योगी सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। गांवों में पांच हजार भंडारण गोदाम बना कर राज्य सरकार आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की कोशिश में जुटी है। जानकारों के मुताबिक करीब 2500 करोड़ रुपये की लागत से बनने जा रहे 5000 गोदामों से प्रदेश की भंडारण क्षमता में 8.60 लाख मीट्रिक टन की बढ़ोत्तरी होगी। भंडारण की व्यवस्था न होने से किसानों को फसल बचाने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ता है। ज्यादातर किसानों को उपज खराब होने के डर से मजबूरी में काफी कम कीमत में अपनी फसल बेचनी पड़ती है। व्यापारी और आढ़ती किसानों की इस मजबूरी को समझते हैं और मौके के इंतजार में रहते हैं ।

भंडारण की सुविधा बढ़ जाने के बाद किसान अपनी उपज को सुरक्षित रख सकेंगे और बेहतर कीमत मिलने पर बाजार में बेच सकेंगे। भंडारण गोदामों के निर्माण को किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में बेहद कारगर कदम माना जा रहा है। खास तौर से प्रदेश के छोटे और मझोले किसानों के लिए गोदाम वरदान साबित हो सकते हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त ने बैठक कर प्रस्ताव को जल्द फाइनल करने के निर्देश सहकारिता विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। अपर मुख्य सचिव सहकारिता एमवीएस रामीरेड्डी के मुताबिक इन सभी गोदामों की कुल भंडारण क्षमता करीब 8.60 लाख मीट्रिक टन होगी। ग्राम पंचायतों और ब्लाक स्तर पर गोदाम बनाए जाने हैं। प्रस्ताव तैयार कर जल्द ही केंद्र सरकार को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। इन गोदामों में सीजन में किसानों से खरीदे जाने वाले अनाज के साथ ही किसान भी अपना अनाज रख सकेंगे।

किसानों को अपना उत्पाद घर के पास रखने की सुविधा मिलेगी। ये भंडारण गोदाम सिर्फ किसानों की आय ही नहीं बढ़ाएंगे बल्कि ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार का भंडार भी खोलेंगे। राज्य सरकार इन भंडारण गोदामों के जरिये केयरटेकर, एकाउंटेंट, सुरक्षाकर्मी और सुपरवाइजर जैसे हजारों पदों पर नौकरी के अवसर भी मिलने तय हैं।

# भारत में कोविड-19 संबंधी मृत्युदर 1.50 प्रतिशत तक नीचे आई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



- 22 मार्च के बाद सबसे कम : स्वास्थ्य मंत्रालय
- एक दिन में 45,148 नए मामले, 480 की मौत

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारत में कोविड-19 संबंधी मृत्युदर घटकर 1.50 प्रतिशत रह गई है जो 22 मार्च के बाद सबसे कम है। इसने कहा कि इसका श्रेय अस्पतालों में भर्ती मरीजों से संबंधित मामलों का चिकित्सकीय प्रबंधन करने के केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के बेहतर प्रयासों को जाता है। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण को 59,105 लोगों ने मात दी, जबकि इसी अवधि में संक्रमण के 45,148 नए मामले सामने आए। इसने रेखांकित किया कि देश में अब तक 71,37,228 लोग महामारी को मात देकर ठीक हो चुके हैं। इसके साथ ही देश में मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 90.23 प्रतिशत हो गई है। मंत्रालय द्वारा आज सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में 500 से कम (480) लोगों की महामारी के चलते मौत हुई है। मंत्रालय ने कहा कि राजस्थान, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार, ओडिशा, असम और केरल सहित 14 राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों में कोविड-19 संबंधी मृत्युदर एक प्रतिशत से कम है। इसने कहा कि सरकारी और निजी अस्पतालों में प्रभावी रोकथाम रणनीति, जांच क्षमता में वृद्धि और बेहतर स्तर के चिकित्सकीय प्रबंधन मानकों की वजह से मौत के नए मामलों में काफी कमी आई है। मंत्रालय ने कहा, भारत विश्व में सबसे कम मृत्युदर वाले देशों में शामिल है। 22 मार्च के बाद मृत्युदर सबसे कम है और यह लगातार कम हो रही है। इसने रेखांकित किया कि चार मई को महामारी संबंधी मृत्युदर 3.23 प्रतिशत थी। मंत्रालय ने कहा कि कोविड-19 प्रबंधन और प्रतिक्रिया नीति के तहत केंद्र ने न सिर्फ बीमारी के प्रसार को रोकने पर ध्यान केंद्रित किया है, बल्कि गंभीर स्थिति वाले मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराकर जीवन बचाने और मौत के मामलों में कमी लाने पर भी ध्यान केंद्रित किया है। इसने कहा कि केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम देशभर में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के रूप में निकला है। वर्तमान में 2,218 समर्पित कोविड अस्पताल गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखरेख उपलब्ध करा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मौत के मामलों में कमी लाने के उद्देश्य से गंभीर स्थिति वाले मरीजों के चिकित्सकीय प्रबंधन में आईसीयू डॉक्टरों की क्षमताओं में वृद्धि के लिए एम्स नई दिल्ली ने ई-आईसीयू की शुरुआत की है। राज्यों के अस्पतालों में (शेष पेज 9)

## पूर्व डीजीपी बृजलाल सहित बीजेपी ने राज्यसभा के लिए घोषित किए आठ प्रत्याशी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यसभा** चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन से ठीक पहले बीजेपी ने सोमवार रात अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने आठ प्रत्याशी ही घोषित किए हैं। नौवें प्रत्याशी को लेकर पार्टी ने अभी भी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। यह भी हो सकता है कि मंगलवार को नामांकन के दौरान ही अपना सिंबल देकर कोई प्रत्याशी और उतार सकती है। पार्टी ने जिन को टिकट दिया है उनमें तीन नाम तो वह हैं जिनको लेकर पहले भी चर्चा हो ही रही थी। इनमें केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और मौजूदा राज्यसभा सदस्य नीरज शेखर हैं। इसके अतिरिक्त हरिद्वार दुबे, बृजलाल, गीता शाक्य, बीएल वर्मा और सीमा द्विवेदी हैं। पार्टी ने जातीय समीकरण को देखते हुए क्षत्रिय, ब्राह्मण, बनिया, दलित और पिछड़े चेहरे को तव्वजो दी है। बृजलाल सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी हैं और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के खास अधिकारियों में माने जाते थे। उनको सूबे का डीजीपी बनाया गया था। यूपी में 2017 के विधान सभा चुनाव से पहले वह बीजेपी में शामिल हो गए। सीमा द्विवेदी (शेष पेज 9)

बिहार विस चुनाव-पहला चरण कल

# नीतीश के आधा दर्जन मंत्रियों, मांझी की भी किस्मत दांव पर

- विधानसभा की 71 सीटों पर पड़ेंगे वोट, प्रचार के अंतिम दिन सोमवार को पूरे दिन वोटरों को लुभाते रहे नेता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



वैशाली जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**बिहार** विधानसभा की 71 सीटों पर 28 अक्टूबर को होने वाले मतदान के लिए राजनीतिक दलों का तूफानी चुनाव प्रचार सोमवार की शाम को थम गया। पहले चरण के चुनाव में दम-खम दिखाकर आगे के चरणों में हवा का रुख अपनी ओर मोड़ने के इरादे से सभी पार्टियों के दिग्गज आज पूरे दिन वोटरों को लुभाने में व्यस्त रहे। इस बार,विपक्षी दलों राजद, कांग्रेस और लेफ्ट का महागठबंधन सत्ताधारी राजग को जबर्दस्त टक्कर देता दिखाई दे रहा है। नीतीश को हराने के संकल्प के साथ राजग से अलग होकर अकेले खम ठोक रही चिराग पासवान की लोजपा भी कमोबेश अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। पहले चरण की 71 में से सर्वाधिक 42 सीटों पर राजद मैदान में है जबकि जदयू 35 भाजपा 29, कांग्रेस 21 और वाम पार्टियां 8 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं। पिछले चुनाव (2015) में दस जिलों की 49 सीटों पर ही पहले चरण में वोट पड़े थे और मतदान प्रतिशत 57 प्रतिशत था। नीतीश कुमार की कैबिनेट के लगभग आधा दर्जन मंत्रियों मसलन प्रेम कुमार, राम नारायण मंडल, जय कुमार सिंह, कृष्ण नंदन वर्मा, शैलेश कुमार, संतोष निराला, विजय कुमार सिन्हा और बृज किशोर बिंद की राजनीतिक किस्मत का फैसला इसी चरण में होना है। इनके अलावा राजग सहयोगी और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का भाग्य भी पहले ही चरण में दांव पर लगा हुआ है। हम पार्टी के नेता मांझी राजग के बैनर तले इमामगंज विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। चुनावी समर में तीखी बयानबाजी और घनघोर आरोप प्रत्यारोपों का दौर जारी रहा, खासकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व राजद नेता तेजस्वी यादव और नीतीश व लोजपा नेता चिराग पासवान के बीच। नीतीश और तेजस्वी की बात करें तो पिछले कुछ दिनों से दोनों नेता रोजगार, कानून-व्यवस्था और राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों पर एक दूसरे से बुरी तरह उलझे रहे। जदयू नेता नीतीश कुमार ने राजद पर हमले की धार तेज करते हुए लालू राज के जंगलराज-कानून व्यवस्था की बदहाली को जोर शोर से उठाया और बिहार के विकास में पूरी तरह नाकाम रहने का आरोप मढ़ा। उन्होंने प्रदेश की जनता को आगाह किया कि राजद को वोट देकर अपहरण, हत्याएं और नरसंहार का पुराना खौफनाक दौर वापस लाने की गलती न करें।

दूसरी ओर तेजस्वी जिनकी रैलियों में जनसैलाब सा उमड़ रहा है, ने नीतीश की उम्र का हवाला देकर तंज कसा कि अब उनमें बिहार को चलाने की ताकत नहीं बची है और लोग उनके बोझिल भाषणों से ऊब चुके हैं। थके हुए नीतीश कुमार सत्य, तर्क और तथ्य से भाग रहे हैं। इतिहास के घिसे पिटे पन्नों को पलटकर वे बिहार के लाखों युवाओं का वर्तमान और भविष्य नष्ट कर रहे हैं। बिहार फर्स्ट और बिहारी फर्स्ट के नारे के साथ राज्य विधानसभा की 143 सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ रहे लोजपा नेता चिराग पासवान ने मुकाबले को और रोचक बना दिया है। वे बार-बार भाजपा खासकर पीएम नरेंद्र मोदी (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 40,146 | ↓ 540 | |
| निफ्टी | 11,768 | ↓ 163 | |
| सोना | 51,034 | ↓ 59 | /10g |
| चांदी | 62,008 | ↓ 753 | /kg |

## क्विक न्यूज

### लद्दाख चुनाव में भाजपा ने दर्ज की बड़ी जीत

**लेह।** भाजपा ने सोमवार को 26 सदस्ईय लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (एलएएचडीसी) चुनाव मे 15 सीटें जीतकर अपनी सत्ता कायम रखी, जबकि कांग्रेस को नौ सीटों से ही संतोष करना पड़ा। इस चुनाव मे दो सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। पिछले साल अगस्त मे लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश बनाए जाने के बाद यह पहला चुनाव था। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पार्टी की इस जीत को ऐतिहासिक करार दिया। इससे पहले 2015 के चुनाव में पार्टी ने 17 सीटें जीती थी। कांग्रेस ने चार, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने दो और निर्दलीय ने तीन सीटें जीती थी। बृहस्पतिवार को हुए चुनाव में 65.07 प्रतिशत मतदान हुआ था।

# अविरल-निर्मल गंगा का संदेश देगा वर्चुअल उत्सव

- 2 से 4 नवंबर तक चलेगा, नमामि गंगे व जलशक्ति मंत्रालय मिलकर करेंगे आयोजन
- जाने-माने गायकों और कलाकारों समेत क्विज, फिल्म फेस्टिवल आदि कार्यक्रम होंगे आकर्षण के केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**गंगा को** राष्ट्रीय नदी घोषित किये जाने की 12वीं वर्षगाँठ के मौके पर इस वर्ष भी नमामि गंगे और केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय मिलकर 2 से 4 नवंबर तक 'राष्ट्रीय गंगा उत्सव' का आयोजन करने जा रहे हैं। हालांकि कोरोना संकट के चलते उत्सव स्वरूप थोड़ा दूसरा होगा लेकिन इसमें आकर्षण पहले से कही ज्यादा होगा। वर्चुअल तरीके आयोजित इस उत्सव का मकसद गंगा की 'अविरलता और निर्मलता' की दिशा में ज्यादा से ज्यादा युवाओं और छात्रों का जोड़ा जा सके। कार्यक्रम में गंगा से जुड़े मुख्य रोचक कार्यक्रमों के अलावा गंगा फिल्म फेस्टिवल, गंगा डायलॉग, मिनी गंगा क्विज, कहानी जंक्शन एवं कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नमामि गंगे के महानिदेशक राजीव रंजन मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस बार कार्यक्रम में मुख्य रूप से सद्गुरु जग्गी वासुदेव, गायक कैलाश खेर, अभिनेता राजीव खंडेलवाल, पद्मभूषण अनिल जोशी, नीलेश मिश्र, आनंद नीलकांतन, वस्वती मिश्रा, राजीव महरोत्रा, त्रिचुर बदर्स और कबीर कैफे से जुड़ी मशहूर हस्तियां शामिल होंगी। उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम से ट्विटर, फेसबुक और यू-ट्यूब के साथ-साथ www.gangautsav.in के जरिए जुड़ा जा सकता है। राजीव रंजन मिश्र ने बताया कि इस तरह के आयोजनों ने गंगा के लिए लोगों का ध्यान आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होने कहा कि यह गंगा नदी की पवित्रता बनाए रखने के लिए मंत्रालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों को दर्शाता है। हम इस कार्यक्रम के माध्यम से गंगा की 'अविरलता और निर्मलता' की दिशा में ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ-साथ युवाओं और छात्रों को जोड़ना चाहते हैं, ताकि आने वाले दिनों में एक अनूठा उदाहरण भी पेश किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि 'गंगा उत्सव' के माध्यम से हम देश की अन्य नदियों को भी प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करने में योगदान दे सकेंगे।

### ऋषिकेश में त्रिवेणी घाट पर बनेगा संग्रहालय

**ऋषिकेश।** नमामि गंगे परियोजना के तहत यहां पौराणिक घाट पर प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय स्तर के गंगा संग्रहालय गंगा अवलोकन केंद्र के निर्माण के संबंध में देहरादून जिला प्रशासन से व्यवहारिकता (फीजीबिलिटी) रिपोर्ट मांगी गई है। देहरादून के जिलाधिकारी आशीष श्रीवास्तव को लिखे एक पत्र में नमामि गंगे कार्यक्रम के निदेशक उदय राज ने जगह की उपलब्धता, धार्मिक महत्व, केंद्र में आने जाने वाले पर्यटकों की संभावित संख्या, रखरखाव की प्रक्रिया सहित सभी बिंदुओं पर परियोजना की फिजिबिलिटी रिपोर्ट राज्य कार्यक्रम प्रबंधन समूह को देने के लिए कहा है। पत्र में कहा गया है कि गंगा अवलोकन केंद्र के निर्माण के लिए जिला एवं राज्य परियोजना प्रबंधन समूह द्वारा संयुक्त निरीक्षण भी किया जा सकता है। ऋषिकेश की मेयर अनीता ममगाई द्वारा नमामि गंगे मिशन के निदेशक को इस संबंध में लिखे पत्र के बाद देहरादून जिला प्रशासन से यह फिजिबिलिटी रिपोर्ट मांगी गई है। इस संबंध में ममगाई ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का गंगा अवलोकन केंद्र बनने से ऋषिकेश की तरफ पर्यटकों का रुझान और अधिक बढ़ेगा।

## मेडिकल सीटों में 50 फीसदी ओबीसी आरक्षण की मांग रद्द

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को शैक्षणिक सत्र 2020-21 के मेडिकल, स्नातकोत्तर और डेन्टल पाठ्यक्रमों के लिए अखिल भारतीय कोटे में राज्य द्वारा छोड़ी गई मेडिकल सीटों में से 50 प्रतिशत कोटा देने का तमिलनाडु सरकार और अन्नाद्रमुक का अनुरोध ठुकरा दिया। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की तीन सदस्ईय पीठ ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र के दौरान 50 प्रतिशत कोटा लागू करने के लिए अंतरिम आग्रह के आवेदन खारिज कर दिए। तमिलनाडु सरकार और अन्नाद्रमुक ने मद्रास उच्च न्यायालय के 27 जुलाई के आदेश को सिर्फ उस बिन्दु पर चुनौती दी थी, जिसमें उसने अखिल भारतीय कोटा के तहत मेडिकल सीटें गैर केन्द्रीय संस्थानों में ओबीसी के लिए आरक्षित करने (शेष पेज 9)

# आगामी पर्वों पर कोरोना प्रोटोकाल का पालन हो

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आगामी समय में होने वाले पर्व के दौरान कोविड-19 के प्रोटोकाल तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के मामलों में निरन्तर कमी आ रही है। इसके बावजूद सतर्कता और सावधानी निरन्तर बरते जाने की आवश्यकता है, जिससे संक्रमण के पुनः प्रसार पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि कान्टैक्ट टेसिंग और सर्विलांस की व्यवस्था को निरन्तर सुदृढ़ और प्रभावी बनाए रखा जाए।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर प्रदेश में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम निरन्तर संचालित किए जाएं, जिससे किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित कार्मिक उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि टेस्टिंग की कार्यवाही पूरी क्षमता से संचालित की जाए। टेस्टिंग में एक तिहाई आरटीपीसीआर और दो तिहाई रैपिड एण्टीजन टेस्ट की व्यवस्था को बनाए रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमित मरीजों के प्रभावी उपचार के लिए वर्चुअल आईसीयू की व्यवस्था को निरन्तर कार्यशील रखा जाए। इस व्यवस्था के अन्तर्गत सभी मेडिकल कालेजों को एसजीपीजीआई लखनऊ से तथा अन्य चिकित्सालयों को केजीएमयू लखनऊ से जोड़कर रखा जाए। उन्होंने रिकवरी दर को लगातार बेहतर बनाने एवं सीएफआर दर को न्यूनतम करने के लिए समुचित और प्रभावी उपाय किए जाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव महिला कल्याण एवं बाल विकास व पुष्टाहार एस राधा चौहान, प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद वीना कुमारी मीना, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## माघ मेले की सभी तैयारियां समय पर करें: योगी

● कल्पवासियों को गंगा का अविरल और निर्मल जल उपलब्ध होना चाहिए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेले की सभी तैयारियों को समय से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कल्पवासियों की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने माघ मेले की तैयारियों के सम्बन्ध में एक कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेले की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि माघ मेले में आने वाले कल्पवासियों के लिए स्वच्छता, सैनेटाइजेशन एवं सुरक्षा का पूर्ण प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाए। कल्पवासियों को गंगा जी का अविरल और निर्मल जल उपलब्ध हो। इस सम्बन्ध में जलशक्ति विभाग से समन्वय के साथ व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव महिला कल्याण एवं बाल विकास व पुष्टाहार एस राधा चौहान, प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद वीना कुमारी मीना, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# अब प्रदेश के सभी जिलों में होंगे एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाने

● महिलाओं और बच्चों की तस्करी के खिलाफ योगी सरकार का बड़ा फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**योगी** सरकार ने महिलाओं और बच्चों की तस्करी के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है । प्रदेश के हर जिले में अब एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना बनाया जायेगा। इन थानों को राज्य सरकार कार्रवाई के कई अहम अधिकार सौंपने जा रही है। ये एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाने सीधे एफआईआर दर्ज कर सकेंगे और खुद ही विवेचना करेंगे ।

राज्य सरकार महिलाओं और बच्चों की तस्करी, बाल श्रम और देह व्यापार पर रोक लगाने के लिए शिकंजा कस दिया है । प्रदेश में 40 नये एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट का गठन किया जायेगा। जो जनपदों में थाने के रूप में काम करेंगी और खुद अपराधिक मामलों की एफआईआर दर्ज कर उसकी विवेचना करेंगी । 2016 में प्रदेश के 23 जिलों में मानव तस्करी की रोकथाम के लिए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को थाने का दर्जा दे दिया गया था। इनमें मुजफ्फरनगर, कुशीनगर, बाराबंकी, खीरी, बहराइच, बलरामपुर, बदायूं, सिद्धार्थनगर, उन्नाव, हरदोई, श्रावस्ती, मऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर, बिजनौर, जौनपुर, आजमगढ़, फिरोजाबाद, पीलीभीत, सीतापुर, बलिया, बागपत नगर एवं शाहजहांपुर शामिल किए गए थे।

सरकार ने प्रदेश में एंटी ट्रैफिकिंग यूनिट को थाने के रूप में अस्तित्व प्रदान किया। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट पर मानव तस्करी से जुड़े क्राइम की एफआईआर, उनकी विवेचना और आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसका कार्यक्षेत्र पूरा जिला होगा। अभी तक एंटी ट्रैफिकिंग यूनिट किसी भी कार्रवाई के लिये कैंट थाने में ही एफआईआर दर्ज कराती था। मुकदमा दर्ज होने के बाद थाना की पुलिस विवेचना करती थी हालांकि अब कुछ मामलों को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में ट्रांसफर किया जाने लगा था लेकिन अब स्वयं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाने के रूप में सारे निर्णय ले सकेगा। मानव तस्करी रोकने के लिए अब हर जिले में एक एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग इकाई का थाना होगा। शासन ने 40 नए ज़िलों में इन थानों की स्थापना के लिए स्वीकृति दी है। 20 अक्टूबर को इस संबंध में अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी की ओर से शासनादेश भी जारी कर दिया गया।

प्रदेश में पहले कुल 35 जिलों में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग इकाई के थाने थे। यह थाने 2011 और 2016 में स्थापित हुए थे। नए थाने केंद्र सरकार के विमन सेफ्टी डिवीज़न के निर्देश के बाद स्थापित किये जा रहे हैं । केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए धन भी आवंटित कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने पहले से स्थापित 35 थानों को 12 लाख रुपये की दर से 4 करोड़ 20 लाख रुपए और 40 नए थानों के लिए 15 लाख रुपए की दर से छह करोड़ रुपए उत्तर प्रदेश सरकार को दिए हैं।

## पीएम आज करेंगे स्वनिधि योजना के लाभार्थियों से संवाद

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 27 अक्टूबर को पीएम स्वनिधि योजना में प्रदेश के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन तथा नगर विकास राज्य मंत्री महेश चन्द्र गुप्ता भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग करेंगे। प्रदेश के 75 जनपदों के 651 नगरीय निकायों के लाभार्थियों आदि के लिए वर्चुअल संवाद कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने की व्यवस्था की गई है। भारत सरकार द्वारा कोविड महामारी से प्रभावित रेहड़ी पटरी विक्रेताओं को पुन: आजीविका से जोड़ने के लिए पीएम स्वनिधि योजना एक जून से शुरू की गयी है। पीएम स्वनिधि योजना में प्रदेश में अब तक योजनान्तर्गत 7 लाख से अधिक पंजीकरण पोर्टल पर प्राप्त हुए हैं।

## केशव मौर्य ने किया पीएम की अपील का स्वागत

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कल मन की बात कार्यक्रम के द्वारा देशवासियों से दीपोत्सव में एक दीया भारत माता की सेवा और सुरक्षा कर रहे सेना के वीर जवानों के सम्मान में जलाने की अपील का स्वागत करते हुए कहा है कि सभी देशवासी दीपोत्सव के शुभ अवसर पर एक दीया मां भारती के वीर सपूतों के सम्मान में जलाने का संकल्प करें।

## बढ़ते अपराधों से जनता भयभीत: प्रियंका गांधी

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बागपत की घटना के बहाने योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि बागपत में आज सुबह एक लोहा व्यापारी का अपहरण हो गया। यूपी में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। व्यापारी सुरक्षित नहीं हैं। बच्चे सुरक्षित नहीं हैं। सरकार के लोग चुनावी सभाओं में जाकर कोरी भाषणबाजी करते हैं। जनता में भय व्याप्त है।

## चौतरफा महंगाई से कराह रहा उत्तर प्रदेश: लल्लू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि प्रदेश में व्याप्त महंगाई से आम जनता कराह रही है। उसका जीना मुहाल हो गया है। रोजमर्रा की जरूरतों में शामिल साग सब्जी और दलहन में 30-40 फीसदी का उछाल आया है। कोरोना काल के चलते जहां सरकारी नौकरी कर रहे और पेंशन धारकों को छोड़ कर समाज का लगभग हर तबका भयंकर आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है, एक-एक पैसे जुटाने उस पर भरी पड़ रहे हैं ऐसे में आम आदमी की जरूरत की हर चीजों के दाम सरकार के गलत फैसलों के चलते आसमान छू रहे हैं।

लल्लू ने कहा कि सरकार ने अभी जो 3 नए कानून बनाये हैं वो पूरी तरह से पूंजीपतियों और बिचैलियों को फायदा पहुंचाने के लिए बनवाए गए हैं। उसका सीधा असर आम जनता पर पड़ना शुरू हो गया है। आवश्यक वस्तु अधिनियम की सूची से खाद्य पदार्थ और अनाज, तेल, दलहन, आलू-प्याज जैसी आवश्यक जरूरत की वस्तुओं की काला बाजारी शुरू हो गयी है। परिणाम स्वरुप इन वस्तुओं के दाम आसमान छूने लगे हैं और आम आदमी की पहुंच से बाहर हो चुके हैं। सारी दालें 100 रुपए से ऊपर 120 से 150 रुपए में बिक रही हैं। खाद्य तेल के दाम भी आम आदमी की पहुंच से बाहर और पहले के मुकाबले 30 से 50 रुपए अधिक है। प्याज 80 से 100 रुपए किलो की दर से मिला रहा है। आलू 40 से 45 रुपए प्रति किलो और नया आलू 60 रुपए किलो की दर से मिल रहा है। जबकि सरकार ने खुद स्वीकार किया था कि किसानों से आलू 475 रुपए क्विंटल खरीदा गया था। बाकी पैसा सरकार समर्थक बिचैलिये आम आदमी से मुनाफाखोरी के रूप वसूल रहे हैं। लल्लू ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस पार्टी सरकार से मांग करती है कि सख्त कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अवश्यक वस्तु की महंगाई पर प्रभावी अंकुश लगाये अन्यथा कांग्रेस पार्टी महंगाई के खिलाफसरकार के विरुद्ध उपचुनाव के बाद व्यापक प्रदेशव्यापी आन्दोलन चलने को बाध्य होगी।

## जनता को भ्रमित करने की भाजपा की कोई चाल कामयाब नहीं होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि विधान सभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी 6 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और एक सीट बुलन्दशहर पर राष्ट्रीय लोक दल के प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। अब तक जनता का जो रूझान मिला है उसमें सभी सीटों पर भाजपा की करारी हार और समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय लोक दल की भारी मतों से जीत सुनिश्चित है। जनता समाजवादी सरकार के काम और भाजपा की नाकामी दोनों से भलीभांति परिचित है। अब जनता को भ्रमित करने की उसकी कोई चाल कामयाब नहीं होगी।

जनता इन उपचुनावों में अपना जो मत व्यक्त करेगी उसमें सन् 2022 में होने वाले आम चुनावों के भी सम्भावित परिणामों का संकेत मिलेगा। समाजवादी पार्टी की ओर से विधानसभा उपचुनाव में नौगवां सादात से सैयद जावेद आब्दी, टूण्डला से महाराज सिंह धनगर, घाटमपुर से इन्द्रजीत कोरी, मल्हनी से लकी यादव, देवरिया से ब्रह्माशंकर त्रिपाठी तथा बांगरमऊ से राकेश कुमार पाल प्रत्याशी हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा को अभी से अपनी हार का अंदेशा हो चला है इसलिए सत्ता का दुरुपयोग करते हुए वह मतदाताओं को धमकाने और साजिशें करने पर उतारु हो गई है। स्थानीय प्रशासन मतदाताओं को लाल कार्ड जारी कर उन्हें अर्दब में ले रहा है कि वे सत्ता दल के खिलाफ न जाएं।

यह लोकतंत्र के विरुद्ध आचरण है। प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग कर प्रधानों और कोटेदारों पर दबाव बनाया जा रहा है। पुलिस के बल पर लोगों को धमकाया जा रहा है। कई मंत्रियों ने विभिन्न क्षेत्रों में डेरा डाल रखा है। इस सम्बंध में चुनाव आयोग को चुनाव प्रभावित करने की सरकारी साजिशों के प्रति तुरन्त संज्ञान लेकर हस्तक्षेप करना चाहिए।

# बसपा के रामजी गौतम ने भरा राज्यसभा का पर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सभा की दस सीटों पर हो रहे उप चुनाव में बसपा के कूदने से चुनाव अब और दिलचस्प हो गया है। बसपा के प्रत्याशी रामजी गौतम ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा और व विधानमंडल दल नेता लालजी वर्मा समेत बीएसपी के सभी 18 विधायक मौजूद रहे। रामजी गौतम के नामांकन के साथ ही अब राज्यसभा की खाली सीटों के लिए मतदान होना तय हो गया है। बीएसपी के पास विधायक संख्या कम होने के बाद भी नामांकन कराए जाने से अब वोटरों को अपने पाले में करने की हर जी तोड़ कोशिश होगी। बसपा के प्रत्याशी के चुनाव मैदान में आने से अब राज्यसभा चुनाव में निर्विरोध निर्वाचन की संभावना खत्म हो गई है। मायावती के इस दांव से भाजपा के नौ सदस्यों के जीतने की राह जहां कठिन हो गई है वहीं सपा व कांग्रेस के सामने भी दुविधा की स्थिति खड़ी हो गई है। दरअसल दलीय आधार पर विधायकों की संख्याबल के हिसाब से बीजेपी के आठ व सपा के एक सदस्य की जीत तय है। इस चुनाव में 36 विधायकों को एक माना जाता है।

### विरोधियों के हथकंडों से सावधान रहें मतदाता: मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं से विरोधियों के हथकंडों और षड्यंत्रों से सावधान रहने को कहा है। मायावती ने सोमवार को ट्वीट करते हुए लिखा कि बिहार विधानसभा आमचुनाव के पहले चरण के मतदान की तैयारी आज चुनाव प्रचार की समाप्ति के साथ ही शुरू। अत: सभी से अपील है कि वे विरोधियों के सभी प्रकार के हथकण्डों व षडयंत्रों से सावधानी बरतते हुए बीएसपी व आरएलएसपी आदि गठबंधन को ही अपना वोट देकर सफल बनायें।

# सिख धर्म के पुलिस कर्मियों को छोड़कर सभी के लिए दाढ़ी बनवाना अनिवार्य

● दरोगा की दाढ़ी को लेकर मचे बवाल के बीच डीजीपी ने जारी किए सख्त दिशा निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बागपत** में रामाला थाने में तैनात लंबी दाढ़ी रखने वाले दरोगा इंसार अली को एसपी द्वारा निलंबित किए जाने के बाद मचे बवाल के बीच डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने पुलिस कर्मियों की वर्दी, बाल और दाढ़ी को लेकर सख्त दिशा निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देशों में डीजीपी ने कहा है कि राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए वर्दी का स्केल-पैटर्न निश्चित है, जिसका पूरी तरह से पालन आवश्यक है। पुलिस अधिकारी व कर्मचारी की वर्दी, टर्न-आउट तथा चुस्त-दुरूस्त दिखने के उद्देश्य से डीजीपी ने जिन निर्देशों का पालन करने को कहा है उनमें पुलिस अधिकारी व कर्मचारी द्वारा निर्धारित स्वच्छ वर्दी एवं हेड गियर धारण किया जायेगा। वर्दी के पैटर्न शू के अतिरिक्त कोई अन्य जूता, चप्पल, सैण्डिल आदि धारण नहीं किए जायेंगे। अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्यालय एवं कर्तव्यस्थल परनिर्धारित वर्दी ही धारण करेंगे। पुलिस विभाग के कतिपय अधिकारी व कर्मचारी , जो पुलिस विभाग में सेवा में आने से पहले दाढ़ी नहीं रख रहे थे ,अब अपने धार्मिक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए दाढ़ी रखने की इच्छा प्रकट कर रहें हैं । इस सम्बन्ध में डीजीपी ने निर्देशित किया है कि सिख धर्म के पुलिस कर्मियों को छोड़कर अन्य सभी पुलिस बल के कर्मियों के लिए दाढ़ी क्लीन शेव किया जाना अनिवार्य है। यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति प्रदान की जाती है तो भी दाढ़ी के बाल छोटे और सही तरीके से कटिंग होनी चाहिए । मूंछें अपनी व्यक्तिगत इच्छा के अनुसार धारण कर सकते हैं लेकिन वह भी ट्रिम्ड और रख-रखाव अच्छा होना चाहिए । धार्मिक आधार पर अस्थायी अवधि के लिए दाढ़ी रखने और लंबे बाल उगाने की अनुमति कार्यालय के प्रमुख द्वारा दी जा सकती है। सभी अनुमति एक निश्चित समय के लिए दी जायेगी, जिसकी अनुमति देते समय आदेश में स्पष्टरूप से उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा। लम्बे बाल बढ़ाने के लिए एवं कलम के लिए कोई अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।

## पीलीभीत के जेल अधीक्षक का हार्ट अटैक से निधन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● डीजी जेल ने जताया शोक

**जिला** जेल पीलीभीत के जेल अधीक्षक अनूप कुमार का हृदय आघात से दुखद निधन हो गया। डीजी जेल आनन्द कुमार ने इस दुखद घटना पर हार्दिक शोक व्यक्त करते हुए अनूप कुमार को बेहद कर्तव्यनिष्ठ प्रतिभावान और होनहार युवा अधिकारी बताया। उन्होंने उपमहानिरिक्षक वीपी त्रिपाठी को शोक संतप्त परिवार के साथ अपनी और विभाग की संवेदना ज्ञापित करने और अन्य सहयोग के लिए तत्काल उनके गृह स्थान इटावा भेजा है।

कारागार मुख्यालय के प्रवक्ता संतोष वर्मा ने बताया कि अनूप कुमार बीती शाम नगर के एक होटल में आयोजित बर्थडे पार्टी में सपरिवार गए हुए थे, जहां उन्हें हृदयाघात होने पर तत्काल उन्हें उनके सुरक्षाकर्मियों और पत्नी शिवानी वर्मा के साथ एस के अग्रवाल हॉस्पिटल पीलीभीत ले जाया गया। गम्भीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचारोपरांत उन्हें रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज बरेली रेफर किया गया। जहां पर 26 अक्टूबर की मध्य रात्रि उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि लगभग 37 वर्षीय अनूप कुमार ने जेल अधीक्षक पद पर चयनोपरांत 15 सितंबर 2012 से प्रशिक्षु जेल अधीक्षक के रूप में संपूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण उपरांत 10 जुलाई 2013 को जेल अधीक्षक ललितपुर के पद पर प्रथम तैनाती प्राप्त की। उनकी दूसरी तैनाती जिला जेल एटा में हुई, जहां से स्थान्तरित होकर जिला जेल पीलीभीत में 22 जून 2016 को जॉइन किया और अंतिम समय तक तैनात रहे।

# घरेलू हिंसा की 5994 व छेड़खानी की 938 शिकायतों पर कार्रवाई

● 1524 पर हुई गुंडा एक्ट में कार्रवाई 36595 लोगों ने दिया शपथपत्र

मिशन शक्ति अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करने एवं उनके प्रति होने वाले अपराधों पर सख्त कार्रवाई के लिए चलाए जा रहे प्रदेश व्यापी विशेष अभियान मिशन शक्ति के तहत वीमेन पावर लाइन 1090, यूपी-112 तथा एण्टी रोमियो स्कवायड द्वारा भी कार्रवाई में तेजी लायी गयी है। जिसके उत्साहवर्धक एवं सार्थक नतीजे सामने आ रहे हैं।

वीमेन पावर लाइन 1090 पर विगत 25 अक्टूबर को कुल प्राप्त टेलीफोन काल्स में से 933 पर कार्रवाई की जा रही है। इनमें से 543 काल्स पर कार्रवाई 1090 द्वारा तथा 468 काल्स दूसरे विभागों से सम्बन्धित होने के कारण सम्बन्धित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजी गई है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि वीमेन पावर लाइन द्वारा जिन 933 कॉल्स पर कार्रवाई की जा रही है, उनमें 335 टेलीफोन, 108 इन्टरनेट, 2 स्टाकिंग, 9 हाट स्पाट, 4 अन्य व 7 प्रैंक काल से सम्बन्धित काल्स हैं। इसके अलावा 468 शिकायतों में से 303 शिकायतें डायल 112 को त्वरित कार्रवाई के लिए भेजी गयीं तथा 165 शिकायतें कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग को भेजी गयी है। उन्होंने यह भी बताया कि 1090 द्वारा 6 शिकायतें एफएफआर हेतु भी ली गयी हैं।

अवस्थी ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान से महिलाओं में जागरूकता आ रही है और उनके द्वारा 112-यूपी के माध्यम से पुलिस की सेवायें लगातार ली जा रही है। अभियान के दौरान 17 से 25 अक्टूबर के मध्य 112-यूपी द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित 6932 शिकायतों पर कार्यवाही की गयी है जिनमें से 5994 शिकायतें घरेलू हिंसा तथा 938 छेड़खानी से सम्बन्धित है। अपर मुख्य सचिव गृह ने यह भी बताया कि पूरे प्रदेश में 1574 एण्टी रोमियो दल सक्रिय रूप से कार्रवाई कर रहे हैं। इनके द्वारा अभियान की अवधि में विगत 25 अक्टूबर तक 59,277 स्थानों पर 233880 व्यक्तियों की चेंकिग की गयी है। उन्होंने बताया कि चेक किये गये व्यक्तियों में से 36,595 लोगों से शपथ पत्र लेकर छोड़ा गया, जिनमें से 12,204 अभिभावक हैं। मिशन शक्ति विशेष अभियान के दौरान 9166 व्यक्तियों के विरुद्ध 107-116 दप्रसं के अन्तर्गत 4653 व्यक्तियों के विरुद्ध 151 भादसं के तहत, 3178 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 110 जी दप्रसं के तहत, 492 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 294 दप्रसं के तहत कार्रवाई तथा 23078 व्यक्तियों के विरुद्ध अन्य कार्रवाई की गयी है। इसके अलावा 1524 व्यक्तियों पर गुण्डा एक्ट में भी कार्रवाई की गयी है।

### पहले चरण में तकरीबन 3 करोड़ हुए जागरूक

**लखनऊ।** मिशन शक्ति अभियान के पहले चरण में 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर के बीच 9,01,304 गतिविधियां संचालित की गई। अभियान के दौरान कुल 2 करोड़ 95 लाख 41 हजार 889 लोग जागरूक हुए हैं। सोमवार को यह जानकारी निदेशक महिला कल्याण मनोज राय ने दी है। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण तथा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसके माध्यम से महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों और उनके लिए प्रदेश सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

**सन्शोधित सूचना**

दिनांक 22.10.2020 को पायनियर में प्रकाशित सावर्जनिक सूचना के सम्बन्ध में यह सूचित करना है कि मेसर्स ए0 एस0 इन्टरप्राइजेज, पता - 47, चाणक्यपुरी, श्याम नगर, कानपुर के पूर्व भागीदार महेश नारायण अवस्थी का स्वर्गवास दि. 11.09.2020 को हो गया है।
अतः फर्म में अब आकाश अवस्थी एवं श्रीमती सोनू अवस्थी ही दो भागीदार हैं।
For A.S.Enterprises, Partner (आकाश अवस्थी) 47, चाणक्यपुरी, श्याम नगर, कानपुर

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में मेरा नाम राजमणि देवी दर्ज है। तथा मेरी जन्मतिथि 01/01/1994 है। जो सत्य है। जबकि मेरे पति के एनटीपीसी सेवा अभिलेखों में मेरा नाम राजमणि दर्ज है। और जन्मतिथि 01/01/1966 दर्ज है , जो असत्य व अपूर्ण है। अतः मुझे राजमणि देवी के नाम से जाना व समझा जाए। राजमणि देवी पत्नी भरत शर्मा, निवासी - टाईप 2-491, एनटीपीसी कालोनी, ऊंचाहार-रायबरेली ।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लघु डाल नहर खण्ड 435-विश्वास खण्ड-3 गोमती नगर लखनऊ।**

पत्रांक : - 1820 / ल0डा0न0ख0ल0 / अधि0अभि0 / ई0-निविदा दिनांक : 19.10.2020

अल्पकालीन ई0-निविदा सूचना संख्या-04 / आ0अभि0 / 2020-21

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित विवरण अनुसार जनपद बाराबंकी तहसील हैदरगढ़ की दिबियापुर पम्प नहर क्षमता 10क्यूसेक की पुनस्थापना / सुद्धणीकरण के कार्यों हेतु सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जो **दिनांक 07.11.2020 को अपरान्ह 03.00 बजे अपोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष इच्छुक ठेकेदारों / उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ऑनलाइन खोली जायेगी कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह ई-निविदा अगले कार्य दिवस मे उसी समय खोली जायेगी।** निविदा दिनॉक 29.10.2020 को प्रात 11.00 बजे से अपलोड की जायेगी एवं 29.10.2020 को प्रातः 12 बजे से दि0-06.11.2020 अपराह्न 03.00 बजे तक वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड / अपलोड की जा सकती है।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि (रु0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य + स्टेशनरी (रु0 में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Earth Work by power transport for a lead upto 1 km including excavation of earth, loading unloading manual compaction and dressing including all lifts and works invalved in strengthing of main canal, bank. dula and service road of Bibiyapur pump cainaal from change 1.5 km to 4.0 km. | 7352 $M^3$ | 15.29 | 31,000.00 | 45 दिवस | 800.00 +12% G.S.T. | 'बी' या उच्च श्रेणी |

नियम एवं शर्तें :-
सामान्य शर्तें : 1. यह निविदा / बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की बेवसाईट http://etender.up.nic.in तथा सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in एवं सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है। 2. कोविड-19-के नियम एवं शर्तों का पालन करना होगा।
अधिशासी अभियन्ता लघु डाल नहर खण्ड, लखनऊ
उ0प्र0 156337 दिनांक 24.10.2020 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

**उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज**

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

**क्रमांक-उप मु.वि.अ./नि./कानपुर/20-212/निविदा-114** **दिनांक: 20.10.2020**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/नि./कानपुर के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है। (एक प्रति ई मेंल tenderncr2020@gmail.com द्वारा, आपके पास भेजी जा रही है)।

| ई-निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित मूल्य रु | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/नि./कानपुर/20.21/निविदा-114 | भेगांव (जिला मैनपुरी) में एक 220 के. वी./132 के. वी. के ग्रिड सबस्टेशन के डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य, जो डिप्टी चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/ कंस्ट्रक्शन/कानपुर उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के अंतर्गत आता है। | ₹40,30,99,781.31 | ₹21,65,500.00 |

**निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य **निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय:** 18.11.2020, 12:00 बजे **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 18 माह **वैलिडिटि पीरियड:** 60 दिन • निविदा दिनांक 18.11.2020 को 12.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें।
1121/20(AN)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582




# महिला की गला रेत कर हत्या, झाड़ियों में मिला शव

## काफी प्रयास के बावजूद नहीं हो सकी पहचान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**काकोरी** में सोमवार को एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। महिला का शव बेहटा-बंथरा रोड के नारायणपुर गांव में सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला था। महिला के शरीर पर गहरी चोट के निशान हैं। ग्रामीण रेप के बाद हत्या किए जाने का अंदेशा जता रहे हैं।

डीसीपी साउथ रईस अख्तर के मुताबिक शव की पहचान नहीं हो पा रही है। महिला के गले पर दुपट्टा कसा था। स्थानीय लोगों ने सोमवार सुबह सड़क किनारे महिला का लहूलुहान शव देखकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम के साथ पुलिस अधिकारी वहां पहुँचे। काफी प्रयास के बावजूद शव की पहचान नहीं हो सकी। एडीसीपी सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि प्रारंभिक छानबीन में सामने आया है कि महिला की हत्या के बाद शव को किसी गाड़ी से हत्यारे यहां लेकर आए थे। शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से सड़क किनारे फेंककर भाग निकले। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला के गले मे दुपट्टा कसा था और गले पर चोट के गंभीर निशान थे। यही नहीं जिस स्थान पर शव पड़ा था वहां चारों तरफ खून फैला था। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महिला की गला कसने के बाद किसी हथियार से उसका गला रेता गया है। महिला ने हत्यारों से संघर्ष भी किया था। पुलिस राजधानी से लापता महिलाओं के बारे में जानकारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसीपी काकोरी कासिम अहमद आब्दी ने बताया कि बेहटा स्थित राधा कृष्ण मंदिर के पास मिले शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है। महिला के शरीर पर लाल रंग का कुर्ता और काली लैगिंग मौजूद है। हाथ में कलावा बंधा हुआ है। इसके अलावा पहचान का कोई चिह्न मौजूद नहीं है। शिनाख्त के लिए आस-पास के जिलों में सम्पर्क कर गुमशुदा महिलाओं के बारे में जानकारी मांगी गई है। साथ ही बेहटा, नरायनपुर सहित आसपास के गांवों में जाकर महिला के बारे में पता किया जा रहा है। सोमवार तड़के शव मिलने के बाद जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया था। डॉग स्कवाड भी मौके पर आया था। ग्रामीणों के मुताबिक डॉग शव के आस पास ही काफी देर तक घूमता रहा। एसीपी काकोरी के मुताबिक शव को 72 घंटे के लिए पोस्टमार्टम हाउस में रखा जाएगा। इस बीच शिनाख्त कराने के प्रयास पुलिस करेगी।

## कंप्यूटर ऑपरेटर ने खाया जहर, युवती ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** राजधानी के सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र स्थित जानवी इंक्लेव निवासी पुलिस हेड क्वार्टर में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर सचिन सिंह ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों द्वारा उनके जाने के बाद फोन ना उठाने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। वहीं सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र स्थित अंबेडकर पुरम तेलीबाग निवासी महिला ने फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सुशांत गोल्फ सिटी सचिन कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को पुलिस हेडक्वार्टर लखनऊ में तकनीकी शाखा में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर सचिन सिंह यादव पुत्र मंनहवाल यादव निवासी घाटमपुर थाना पवई आजमगढ़ उम्र 28 वर्ष जो कि जान्हवी इंक्लेव अवधविहार में रहते थे, ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों द्वारा सचिन के फोन न उठाये जाने पर मौके पर आने पर दरवाजा अंदर से बंद मिला । दरवाजा तोड़कर देखा गया तो मृत पाये गये। प्रथम दृष्टया जहरीला पदार्थ खाने से मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है । उधर सचिन कुमार सिंह ने बताया कि 20 वर्षीय कोमल ने जो कि नीलमथा क्षेत्र में ब्यूटी पार्लर का संचालन कर रही थी बीते रविवार की दोपहर ब्यूटी पार्लर में लगे पंखे में दुपट्टे के सहारे लटक कर फांसी लगा ली जिसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सूबे में घटी कोरोना संक्रमण की रफ्तार, 1814 नए मरीज

## लखनऊ में 257 नए मामले सामने आए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तरप्रदेश** में कोरोना वायरस के संक्रमण की रफ्तार दिन.प्रतिदिन घट रही है। सोमवार को सूबे में 1814 कोरोना के नए केस सामने आए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 257 केस सामने आए हैं। जबकि सूबे में एक्टिव मरीजों की संख्या 30 हजार के नीचे आ गई है। वही राजधानी में यह आंकड़ा 4 हजार के नीचे है। अभी तक प्रदेश में 6902 व राजधानी में 862 मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक अभी तक सूबे में 465,175 संक्रमित मरीज सामने आ चुके हैं। जबकि वर्तमान में 26,654 एक्टिव केस है। आज 2450 मरीज डिस्चार्ज किये गए हैं। अब तक 438,521 मरीज डिस्चार्ज हो चुके हैं। वही राजधानी के आंकड़ों पर गौर करे तो राजधानी में अभी तक 61,198 कोरोना संक्रमण के मामले सामने आ चुके हैं। आज 269 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अभी तक 57,783 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में 3415 केस एक्टिव हैं। अभी तक इलाज के दौरान 862 लोगों की मौत हो चुकी है। आज जनपद लखनऊ में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 4308 लोगो के सैम्पल लिये गये है। जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 19, गोमती नगर 22, रायबरेली रोड 26, मडियांव 15, हजरतगंज 12, तालकटोरा 20, आलमबाग 12, गुडंबा 10, चौक 18, जानकीपुरम 15, अलीगंज 19, विकास नगर 11, आशियाना 15 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये।

## कोरोना को हराकर लखनऊ लौटे मुलायम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कोरोना** संक्रमण से मुक्त होने के बाद प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव लखनऊ लौट आये हैं। इसकी जानकारी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट के जरिये दी है। कोरोना पॉजिटिव की रिपोर्ट आने के बाद समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव को गुरूग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को ठीक होने के बाद डॉक्टरों ने मेदांता से उन्हें डिस्चार्ज कर दिया। ट्वीटर पर डिस्चार्ज होने की जानकारी देते हुए अखिलेश यादव ने लिखा कि माननीय नेताजी स्वस्थ होकर घर आ गए हैं और कुछ दिन घर पर ही रहकर स्वास्थ्य लाभ करेंगे।

# विश्वविद्यालय की सीटें फुल कालेजों में 50 फीसदी खाली

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को स्नातक स्तर पर पहले चरण के एडमिशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विवि की तरफसे रिक्त सीटों का विवरण जारी कर दिया गया है। पहले चरण में विवि के 10 कोर्सेस की सीटें भर गई है, मगर कालेजों में अभी भी इन कोर्सेस की 50 फीसदी के करीब सीटें खाली हैं।फिलहाल मंगलवार से दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होगी। विवि स्तर पर जारी आंकड़ों के अनुसार एलयू में संचालित बीसीए, बीएससी, बीए ऑनर्स पॉलिटीकल साइंस और बीकॉम जैसे प्रमुख कोर्सेज की सीटें फुल हो गई हैं। एलयू के ओर से जारी डाटा के अनुसार यूजी के पहने फेस की काउंसिलिंग में निजी डिग्री कॉलेजों की सीटों पर स्टूडेंट्स ने ज्यादा च्वाइस नहीं दिया हैं। जिसके कारण सेंट्रलाइल्ड एडमिशन की प्रक्रिया से जुड़े कॉलेजों में अपेक्षा से अभी तक कम सीटें भरी हैं। यूजी काउंसिलिंग के पहले चरण में एलयू में एडमिशन लेने के लिए बीए व बीएससी कोर्सेज में मौजूद कॉम्बिनेशन पर ज्यादा भरोसा दिखाया हैं। पहले चरण में स्टूडेंट्स ने ज्यादा से ज्यादा च्वाइस लॉक एलयू में मिलने वाले ऑप्शन को ही दिया हैं।

## अब इनोवेशन के आधार पर एकेटीयू करेगा कालेजों की रैंकिंग का निर्धारण

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अब कालेजों की रैंकिंग का निर्धारण शिक्षकों व छात्रों के इनोवेशन व एकेडमिक गतिविधियों के आधार पर तय करेगा। अभी तक रैंकिंग के निर्धारण में इंफ्रास्ट्रकचर को खास तवज्जो दी जाती थी। जिन संस्थानों का इंफ्रास्ट्रकचर बेहतर होता था। वहीं संस्थान टॉप में जगह बना पाते थे। पिछले कई बार से प्रदेश के 20 संस्थान ही रैंकिंग में टॉप में जगह बनाते आ रहे थे। इन संस्थानों का दबदबा कम करने के लिए एकेटीयू ने रैंकिंग में इंफ्रास्ट्रकचर के साथ शिक्षकों व छात्रों की गतिविधियों को भी शामिल कर दिया है। इससे प्रदेश के अन्य संस्थानों को टॉप रैंकिंग में जगह बनाने का मौका मिल पाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक केईएल तीमाही रैंकिंग में कॉलेजों के इंफ्रास्ट्रकचर के साथ इनोवेशन, छात्रों का कौशल विकास, शिक्षकों की गतिविधियां, छात्रों प्रतिस्पर्धाएं आदि के अंक भी दिए जाएंगे। रैंकिंग में इन सभी के करीब 250 अंक होंगे।

## बस से डीजल चुराने वाले दो ड्राइवर बर्खास्त

**लखनऊ।** बस से डीजल चोरी को लेकर जारी किए गए वीडियो की जांच के बाद दो ड्राइवरों को परिवहन निगम ने बर्खास्त कर दिया है। मामला लखनऊ परिक्षेत्र के उपनगरीय डिपो के अंतर्गत हैदरगढ़ डिपो की बस में डीजल चोरी करने का है। इस मामले में दो संविदा ड्राइवर और संविदा बस कंडक्टर को आरोपित किया गया था। जांच रिपोर्ट में वीडियो वायरल करने वाले बस कंडक्टर को छोड़ दिया गया है। अन्य दोनों ड्राइवरों को 30 लीटर डीजल चोरी के आरोप में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। बताते चले कि बीते दो अक्टूबर को रोडवेज बस से डीजल चोरी होने का वीडियो सामने आया। इस मामले की जांच अवध बस स्टेशन के एआरएम प्रशांत दीक्षित को दी गई। जिस बस से डीजल चोरी किया गया वह दो अक्टूबर को दिल्ली से लखनऊ के लिए आ रही थी। बरेली में एक ढाबे पर डीजल चोरी की कोशिश की गई। उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट में डीजल चोरी करने वालों का वीडियो बनाने वाले बस कंडक्टर मनोज कुमार यादव को निर्दोष माना। मनोज ने रोडवेज हित में कदम उठाया। वहीं रोडवेज को नुकसान पहुंचाने वाले संविदा के ड्राइवर सरोज कुमार और राजेश कुमार को दोषी मानते हुए उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। एआरएम काशी प्रसाद के अनुसार जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई है।

## कटिया कनेक्शन पकड़ने पर उपकेंद्र संचालक पर जानलेवा हमला

**लखनऊ।** चिनहट लौलाई विद्युत उपकेंद्र के माधव ग्रीन सिटी में रविवार को कटिया कनेक्शन पकड़ने से नाराज लोगों ने विद्युत टीम पर हमला बोल दिया। इस दौरान उपकेंद्र परिचालक का सिर फट गया। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने अवर अभियंता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं जूनियर इंजीनियर संगठन ने भी पत्र लिखकर सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने की मांग की है।लौलाई विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता एसएन पटेल ने बताया कि रविवार दोपहर उपकेंद्र संचालक अमित कुमार पांडेय के नेतृत्व में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान माधव ग्रीन सिटी इलाके में अशोक कुमार पांडेय के मकान में कटिया कनेक्शन चल रहा था। इसके बाद टीम ने लाइन काट दी। आरोप है कि अशोक कुमार और उनके बेटे सत्यम ने गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते हाथापाई के बाद मारपीट की नौबत आ गई। आरोप है कि इस दौरान अशोक कुमार, सत्यम व दो अज्ञात लोगों ने विद्युत टीम पर हमला बोल दिया। जिसमें उपकेंद्र संचालक अमित कुमार पांडेय का सिर फट गया। साथ ही टीम में भगदड़ मच गई। आनन-फानन में विद्युत कर्मियों ने उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद खून से लथपथ अमित कुमार को लेकर दर्जनों विद्युत कर्मी थाने पहुंच गए। साथ ही हमले का विरोध जताया है। इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि अवर अभियंता एसएन पटेल की तहरीर पर दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। साथ ही पीड़ित परिचालक का मेडिकल करवाया गया है।




राजधानी में जहां धूमधाम से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ वहीं दशहरे पर ऐशबाग रामलीला मैदान में रावण दहन किया गया।

## एलडीए में तीन घंटे रोज होगी जनता बैठक

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण एलडी, वीसी का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने सोमवार को निर्देश दिया कि प्राधिकरण के अलग-अलग अधिकारी रोज आम लोगों की परेशानियां मंगलवार से सुनेंगे। इसमें प्रशासनिक और अभियंत्रण संबंधित समस्याओं को सुना जाएगा। अभिषेक प्रकाश ने प्राधिकरण के आय संसाधनों की समीक्षा कर आय वृद्धि करके, उसे नागरिक सुविधाओं में उपयोग कर सेवाओं को और सुविधाजनक बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। प्राधिकरण परिसर में गंदगी पाए जाने पर उपाध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। अधिशासी अभियंता मेंटीनेंस से जवाब तलब करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बैठक के दौरान प्राधिकरण के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता और समय पर निवारण सुनिश्चित किया जाए।

## आज से वीआईपी नंबरों की बोली

**लखनऊ।** नवरात्रि के दौरान खरीदे गए दो व चार पहिया नए वाहनों पर वीआईपी नंबर लेने के लिए गाड़ी मालिक मंगलवार से नीलामी बोली में हिस्सा लेंगे। ये बोली 29 अक्तूबर तक लगाई जाएगी। इस बार वीआईपी नंबरों की सीरीज यूपी 32 एलएस में शुरू होगी। इस बार 343 वीआईपी नंबरों में 50 से ज्यादा नंबरों के लिए रजिस्ट्रेशन हुए है। जिन नंबरों के लिए तीन.तीन गाड़ी मालिकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। वे गाड़ी मालिक 27 अक्तूबर से ऑनलाइन नीलामी बोली में हिस्सा लेंगे।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में लगी आग

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सरकारी कार्यालयों में आग लगने का सिलसिला लगातार जारी है। ताजा मामला अलीगंज थाना क्षेत्र का है यहां स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रविवार की दोपहर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। धुएं का गुबार उठता देख लोगों ने शोर मचाना शुरू किया। आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाड़ियों ने घण्टों तक मशक्कत कर आग पर काबू पाया। तब तक कौशल विकास केंद्र में रखी फाइलें जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन के अधिकारी ऑक्सीजन सिलेंडर बांधकर बिल्डिंग में दाखिल हुए और बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे अग्निशमन के अधिकारी और थाने की पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इंस्पेक्टर अलीगंज फरीद अहमद का कहना है कि आग लगने की वजह प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। हालांकि रविवार को छुट्टी होती है इससे आग लगने से सवाल खड़े होने लगे हैं।

# पीजीआई में कोरोना का इलाज 56 फीसदी मरीजों ने कहा, बहुत बेहतर

## मरीजों से भरवाए गए फीडबैक फार्म के विश्लेषण के आधार पर सामने आई बात

**लखनऊ।** पीजीआई के कोविड हॉस्पिटल में कोरोना का इलाज करा चुके 56 फीसदी मरीजों ने इलाज के सिस्टम को बेहतर बताया है। जबकि 0.8 फीसदी मरीज इलाज से संतुष्ट नहीं हैं। यह जानकारी मरीजों से भरवाए गए फीडबैक फार्म के विश्लेषण के आधार पीजीआई प्रबंधन ने जारी की है।पीजीआई की जनसम्पर्क अधिकारी कुसुम यादव के मुताबिक कोरोना अस्पताल के निरंतर सुधार की आशा में यहां भर्ती मरीजों के सुझाव लिए जाते हैं । सुझाव पत्र में कुल 13 प्रश्न है। यह प्रश्न भर्ती संबंधी प्रक्रिया,भर्ती के उपरांत की गई जांच-पड़ताल, भर्ती होने के पश्चात किया गया उपचार, रोगी के भोजन, चिकित्सक और अन्य स्टाफ के व्यवहार और स्वच्छता की स्थिति पर आधारित है। यह सुझाव पिछले माह में प्राप्त किए गए थे। अभी तक कुल 88 सुझाव पत्र प्राप्त हुए जिसमें 56 फीसदी मरीजों ने राजधानी कोरोना अस्पताल की सेवाओं को श्रेष्ठ बताया है। 32 फीसदी मरीजों ने कहा कि उन को दी गई सेवाएं उत्तम थी। 11.2 फीसदी मरीजों ने अपना अनुभव संतोषजनक बताया है। सिर्फ 0.8 फीसदी लोगों ने कहा कि उनको दी गई सेवाएं असंतोषजनक थीं । सभी सुझाव पत्रों से प्राप्त अंकों का औसत 3.5-4 है जो कि उत्तम और उत्कृष्ट के बीच में है।

# यूपी के पांच शहरों में 33 सीएनजी स्टेशन इसी साल

## अयोध्या में पांच हजार घरों में जल्द पहुंचेगी पीएनजी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राम** मंदिर के साथ ही स्मार्ट सिटी अयोध्या में विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर लिए भी सरकारी योजनाओं को तेजी से दौड़ाने की कवायद शुरू हो गयी है। अयोध्या में सीएनजी स्टेशन के अलावा मार्च तक पांच हजार घरों में पाइप्ड नेचुरल गैस पहुंचाने की योजना है। ग्रीन गैस के निदेशक और गेल इंडिया लिमिटेड के वित्त निदेशक एके तिवारी ग्रीन कॉरीडोर को तेजी के साथ जमीन पर उतारने के लिए सोमवार को लखनऊ में थे। पत्रकारों से बात करते हुए निदेशक ने बताया कि भारत सरकार ने अयोध्या को स्मार्ट सिटी में शामिल किया है जिसके फलस्वरूप मार्च तक वहां पर पीएनजी पाइन लाइन डालने का काम पूरा हो जाएगा। शुरुआत तीन हजार पीएनजी कनेक्शन का लक्ष्य था लेकिन अब पांच हजार कनेक्शन की तैयारी लेकर चल रहे हैं। गेल के वित्त निदेशक का कहना है कि दिसंबर तक अयोध्या में सीएनजी स्टेशन से इसका आगाज होगा। भारत सरकार की कंपनी गेल और आईओसीएल के उपक्रम ग्रीन गैस लिमिटेड लखनऊ, आगरा, उन्नाव, सुल्तानपुर और अयोध्या में आगामी पांच साल में 1600 करोड़ रुपए सीएनजी और पीएनजी विस्तार पर खर्च करने जा रही है। इसके तहत ही इसी साल के अंत तक 33 सीएनजी पंप स्टेशन शुरू कर दिए जाएंगे। ग्रीन गैस के एमडी संजीव मेंधी के मुताबिक पांचों शहरों में सीएनजी और पीएनजी के विस्तार के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गयी है।

# लाइसेंस व्यवस्था को सुविधाजनक बनाने के लिए टोकन व्यवस्था शुरू

## पहले दिन दिखी अफरातफरी, टोकनों को सेनेटाइज करने की व्यवस्था भी रही नदारद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लाइसेंस** व्यवस्था को सरल और सुविधा जनक बनाने के लिए सोमवार को आरटीओ और एआरटीओ ऑफिस में टोकन व्यवस्था शुरू की गई। लेकिन पहले दिन लागू हुई इस टोकन व्यवस्था के चलते जहां आवेदकों को परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं विभागीय अधिकारियों को भी इस व्यवस्था को लागू करने में पसीने छूट गए। सबसे खास बात यह है कि आवेदकों को दिए जाने वाले इन टोकनों को सेनेटाइज किए जाने की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में कोरोना संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार आज पहले दिन होने के कारण थोड़ा बहुत उथल पुथल हुई। जल्द ही सभी व्यवस्थाओं को ठीक कर लिया जाएगा।

आरटीओ ऑफिस में लाइसेंस बनवाने वालों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आज से यहां पर टोकन व्यवस्था शुरू की गई। टोकन पाने के लिए आवेदक एक दूसरे पर ही टूट पड़े। आलम यह रहा कि तीन अलग टाइम स्लॉट वाले सुबह के समय ही आरटीओ ऑफिस पहुंच गए और टोकन ले लिया। टोकन लेने के कारण सुबह के समय ही आरटीओ और एआरटीओ ऑफिस में तैनात कर्मचारियों को दूसरा और तीसरा टाइम स्लॉट लेने वालों का भी काम करना पड़ा। तीन से पांच बजे वाले टाइम स्लॉट में सन्नाटा हो गया। कर्मचारियों ने बताया कि टोकन के चलते कोरोना संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है। आवदेकों को दिए जाने वाले टोकन को सेनेटाइज किए जाने की व्यवस्था नहीं है।

# श्रमिकों के पंजीयन व नवीनीकरण पर कोई शुल्क नहीं: स्वामी प्रसाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** सरकार श्रमिकों तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए उनसे लिए जाने वाले पंजीयन एवं नवीनीकरण शुल्क को माफ कर दिया है। इससे अधिक से अधिक श्रमिक अपना पंजीयन एवं नवीनीकरण करा सकेंगे। प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने यह जानकारी सोमवार को देते हुए बताया कि 30 नवंबर 2020 तक श्रमिकों द्वारा पंजीयन एवं नवीनीकरण कराने पर कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा। इस अवधि में कराए गए पंजीयन एवं नवीनीकरण का लाभ आगामी 01 वर्ष तक मिलता रहेगा। साथ ही इस अवधि में नवीनीकरण के दौरान अंशदान हेतु लिए जाने वाले विलंब शुल्क में भी पूर्ण रूप से छूट मिलेगी, चाहे वह विलंब कितने वर्ष का ही क्यों न हो। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में श्रमिकों से 100रुपए पंजीयन एवं नवीनीकरण शुल्क लिया जाता था, जिसे वर्तमान सरकार ने घटाकर 20 रुपए कर दिया था, अब इसे नि:शुल्क कर दिया गया है। श्रम मंत्री ने बताया कि श्रम विभाग में कुल 62 लाख 42 हजार निर्माण श्रमिक पंजीकृत हैं, तथा 22,08,000 श्रमिकों का नवीनीकरण किया जा चुका है। वर्तमान समय में अभी तक 10,13,000 श्रमिकों का पंजीकरण किया गया। श्रम मंत्री ने बताया कि श्रमिकों को अब अपना पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए श्रम कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा।

# भविष्य में हेल्थ केयर सिस्टम का एक महत्वपूर्ण अंग होंगे फार्मासिस्ट

● राजभवन से राज्यपाल ने किया फार्मेसी कालेज के नवनिर्मित भवन का आनलाइन लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को राजभवन से धर्म समाज कालेज आफ फार्मेसी अलीगढ़ के नवनिर्मित भवन का आनलाइन लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भवन में आधुनिक पुस्तकालय, कम्प्यूटर कक्ष तथा अत्याधुनिक कान्फ्रेंस हाल सहित सुसज्जित प्रयोगशालाएं शोध करने वाले विद्यार्थियों के लिये महत्वपूर्ण हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में फार्मासिस्टों की जिस प्रकार से मांग बढ़ रही है,



उससे आने वाले समय में फार्मासिस्ट हेल्थ केयर सिस्टम का एक महत्वपूर्ण अंग होंगे।

उन्होंने कहा कि फार्मेसी के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की औषधियों का ज्ञान, उनकी क्रिया विधि, साइड इफेक्ट्स, अंतर क्रिया के साथ उपचार तथा रोग विज्ञान की जानकारी भी आती है। एक अच्छे फार्मासिस्ट के लिए इन गुणों का होना बहुत जरूरी ह, क्योंकि फार्मासिस्ट को ही चिकित्सकों द्वारा बताई गई दवा को कैसे खाना है, की जानकारी मरीजों को देनी होती है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे चिकित्सा संस्थान कौशल तकनीक संवर्द्धन, स्थानीय संसाधनों, श्रम शक्ति को सशक्त करते हुए आत्मनिर्भर भारत के अभियान में सहयोग करें ताकि हमारा समाज और राष्ट्र स्वस्थ, सतर्क और सशक्त बना रहे। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के रूप में शिक्षण संस्थाओं को अवसर मिला है कि समाज की वर्तमान चुनौतियों के समाधान और भविष्य की जरूरतों के अनुसार शिक्षण व्यवस्था में परिवर्तन कर ऐसा पाठ्यक्रम तैयार करें, जिसमें युवाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जा सके। पटेल ने कहा कि सरकार की जन औषधि योजना में जनसाधारण को सस्ती औषधि उपलब्ध कराने में फार्मेसी संस्थानों का प्रमुख योगदान है।

## दो लाख का इनामी बदमाश मथुरा में ढेर

**लखनऊ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आतंक का पर्याय बने दो लाख के इनामी अमित बावरिया को एसटीएफ ने मथुरा जिले में हुई मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि यूपी एसटीफ की नोएडा यूनिट की थाना नौझील मथुरा पुलिस के साथ हाइवे पर लूट डकैती और दुष्कर्म करने वाले आपराधिक घुमंतू जनजातियों के सक्रिय गैंग से नौझील क्षेत्र में मुठभेड़ हुई। जिसमें एक बदमाश गम्भीर रूप से घायल हुआ। जिसे उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृत बदमाश की पहचान अनिल बावरिया उर्फ अमित निवासी बनपोई थाना मोहम्मदाबाद फरुखाबाद के रूप में हुई है। एडीजी के अनुसार यह ज्ञात हुआ है कि अनिल हाइवे पर लूट डकैती के साथ दुष्कर्म के कई मामलों में मथुरा, अलीगढ़ और पलवल हरियाणा से वांछित था। अनिल पर दो लाख रुपए का ईनाम घोषित था।

# पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए यूपी में अभियन्ताओं को दी जा रही तैनाती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जलशक्ति** मंत्री डा महेन्द्र सिंह ने लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से चयनित अवर अभियन्ता सेवा में अपने बैच के टॉपर सीतापुर निवासी आशुतोष सिंह को उनकी पसन्द के जनपद बुलन्दशहर के मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड में तैनाती देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां अभियन्ताओं को पूरी पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए तैनाती प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्य प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में ही सम्भव है। उन्होंने चयनित अवर अभियन्ताओं से अपील किया कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं लगन से करते हुए विभाग में अपनी अलग पहचान बनाने का प्रयास करें।

जलशक्ति मंत्री सोमवार को लोक सेवा आयोग से नवचयनित



अवर अभियन्ताओं को सिंचाई विभाग में उनकी पसन्द के खण्डों में तैनाती प्रदान करने के अवसर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग में 4685 स्वीकृत पदों के सापेक्ष लगभग 2360 पद विगत कुछ वर्षों से नयी भर्ती न होने से रिक्त चल रहे थे। राज्य सरकार द्वारा तेजी से कार्यवाही करते हुए लोक सेवा आयोग से 1438 अवर अभियन्ताओं को चयन कराकर एक रिकार्ड कायम किया है। इन्ही 1438 नवचयनित अवर अभियन्ताओं को पारदर्शी तरीके से उनकी पसंद के स्थानों पर मेरिट के आधार पर पोस्टिंग दिये जाने की प्रक्रिया आज शुरू की गयी है। डा. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रतिदिन 200 अवर अभियन्ताओं को पारदर्शी व्यवस्था के तहत पदस्थापना दी जायेगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर देवमन वि.ख. सिरसिया, जनपद श्रावस्ती

पत्रांक–मेमो / आर.जी.एस.ए. / पंचम वित्त / 15वॉं वित्त / मनरेगा / सामग्री आपूर्ति / ग्रा0पं0 निविदा

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा / पंचम वित्त / 15वॉं वित्त / आर.जी.एस.ए. अन्तर्गत वर्ष 2020–21 मे स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य हेतु आवश्यकतानुसार निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री इण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खंजड़ ईट, सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, सरिया, पेन्ट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, शौचालय सीट साइफन, पाइप, लोहे का गेट, प्लाई दरवाजा एवं लोहे की खिड़की, पेन्ट, पुट्टी एंव अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है, जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनॉक 27.10.2020 से 02.11.2020 तक सामग्री हेतु आप निविदा फार्म रुपया सौ तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में दिनॉक 02.11.2020 को 12.00 बजे तक सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय मे रखे निविदा बाक्स में डाला जायेगा, तथा निविदा उसी दिन 03.00 बजे निविदादाओं के समक्ष खोली जायेगी।

**नियम व शर्ते :**

1. अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।
2. जो दर प्रस्तुत किया जाए वे जी0एस0टी0 तथा कार्टेज चार्ज जोड़ कर किया जाए।
3. आपूर्तिकर्ता को 2.26% आय टी0डी0एस0 देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
5. धरोहर की धनराशि 100 रु0 है।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव के आदेश देने पर होगी।
7. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता / तकनीकी सहायक के मापन के बाद होगा।
8. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस मे पंचायत सचिव से प्राप्त किया जा सकता है।
9. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
10. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत के द्वारा आदेश देने के उपरान्त ही सामग्री की आपूर्ति की जायेगी।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत–रामपुरदेवमन**
**विकासखण्ड–सिरसिया**
**जनपद–श्रावस्ती**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत–रामपुरदेवमन**
**विकासखण्ड–सिरसिया**
**जनपद–श्रावस्ती**


## डिप्रेशन के चलते युवक ने खुद को लाइसेंसी पिस्टल से उड़ाया, मौत

**लखनऊ।** राजधानी के चौक इलाके में डिप्रेशन के चलते एक युवक ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है की बड़ी कालीजी मंदिर के पास दो मंजिला मकान में रहने वाले जलकल विभाग के ठेकेदार 40 वर्षीय विक्रान्त खन्ना ने सोमवार को लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। दूसरी मंजिल पर रहने वाले भाई को भनक लगी तो उसने पुलिस को बताया। वो मौके पर पहुंची। जहां विक्रान्त का शव बेड पर पड़ा था। बगल में पिस्टल थी। गोली दाहिनी कनपटी से सटाकर चलायी गयी थी। वो बांयी तरफपार हो गयी थी। पुलिस को सुसाइड नोट मिला। पुलिस ने सोसाइड नोट कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद चर्चा थी कि बकाया पेमेन्ट न मिलने से विक्रान्त डिप्रेशन में आ गये थे। जिसके चलते उन्होंने ये कदम उठा लिया। बताया जाता है कि 2018 में उनकी शादी हुई थी। बाद में तलाक हो गया था। सुबह चालक भोलू ने विक्रान्त को फोन किया। कॉल रिसीव नहीं हुई तब उसने नितिन को बताया था। बाद में नितिन पत्नी के साथ कमरे में पहुंचे तब मामले की जानकारी हुई।

# पोषण अभियान के तहत जनपद व ब्लॉक हेल्प डेस्क के पदों पर होगी भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पोषण** अभियान के अंतर्गत जनपद एवं ब्लॉक हेल्प डेस्क के पदों पर भर्ती होगी। इस बावत महानिदेशक राज्य पोषण मिशन एस राधा चौहान ने आदेश जारी कर दिया है। शासनादेश के मुताबिक पोषण अभियान का प्रदेश में क्रियान्वयन हेतु जनपद व ब्लॉक हेल्प डेस्क स्थापित करने हेतु पदों का सृजन एवं चयन की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। पोषण अभियान के अंतर्गत स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट एवं जनपद तथा ब्लॉक स्तर पर परियोजना के क्रियान्वयन हेतु पदों का सृजन तथा टीओआर निर्धारित किया गया है। चौहान ने बताया कि जनपद स्तर पर हेल्प डेस्क स्थापित करने हेतु पदों की स्वीकृति दी गई है। जनपद स्तर पर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर तथा डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट एसोसिएट के एक.एक पद आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर के लिए 30 हजार रुपए प्रतिमाह तथा परफॉर्मेंस के आधार पर 3 प्रतिशत की दर से प्रतिवर्ष वृद्धि निर्धारित की गई है। इसी तरह डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट एसोसिएट के लिए 18 हजार प्रतिमाह तथा परफॉर्मेंस के आधार पर 3 प्रतिशत की दर से प्रतिवर्ष वृद्धि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर तथा ब्लॉक प्रोजेक्ट एसोसिएट के एक–एक पद आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्वीकृत किए गए हैं। ब्लॉक कोआर्डिनेटर के लिए 20 हजार रुपए प्रतिमाह तथा परफॉर्मेंस के आधार पर 3 प्रतिशत की दर से प्रतिवर्ष वृद्धि निर्धारित की गई है।

# एसडीएम ने किया धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण, लक्ष्य से कम मिली खरीद

संवाददाता। सरोजनीनगर

**सरोजनीनगर** एसडीएम सूर्यकांत त्रिपाठी ने सोमवार को इलाके के गौरी, कुरौनी और सोहावा आदि धान क्रय केंद्रों का मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्रों पर उन्हें कुछ खामियां भी मिली। निरीक्षण के समय उन्होंने क्रय केंद्रों में किसानों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

इस मौके पर उन्होंने क्रय केंद्रों पर मौजूद किसानों से उनकी समस्याएं भी जानी। एसडीएम ने निरीक्षण के समय क्रय केंद्रों पर धान की तौल करने वाले कांटा बाट को भी देखा। कई क्रय केंद्रों पर कांटा सही काम करते नहीं मिला। जिस पर उन्होंने केंद्र प्रभारी को फटकार लगाते हुए उसे सही कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम को अधिकतर क्रय केंद्रों पर धान खरीद का काम लक्ष्य से काफी कम मिला। इस पर उन्होंने क्रय केंद्र के प्रभारियों को लक्ष्य के सापेक्ष धान की खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## चार लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर थाना परिसर स्थित मंदिर के निकट तीन दिन पहले पुलिस द्वारा बनाए जा रहे महिला हेल्पडेस्क निर्माण कार्य को स्थानीय लोगों द्वारा रुकवा दिया गया। पुलिस का आरोप है कि उसने विरोध किया तो लोगों ने उनके ऊपर अवैध रूप से जमीन में कब्जा करने का आरोप लगाकर न्यायालय तक घसीटने की धमकी दी। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने व गाली गलौज करने का मामला दर्ज किया है।

## भाषा यूनिवर्सिटी के कार्यवाहक कुलपति नियुक्त

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय आनंदीबेन पटेल ने ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति पद के दायित्व निर्वहन हेतु विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मसऊद आलम, अरबी विभाग को एक माह अथवा नए कुलपति की नियुक्ति अथवा अग्रिम आदेशों तक जो भी पहले हो, तक की अवधि के लिए कुलपति नियुक्त किया है। बता दें कि ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर माहरुख मिर्ज़ा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद यह नियुक्ति की गई है।

## एमएलसी चुनाव में देरी के लिए शासन व निर्वाचन आयोग जिम्मेदार: तिवारी

**लखनऊ।** आगरा खण्ड स्नातक से एमएलसी पद के प्रत्याशी और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष इं हरिकिशोर तिवारी ने यूपी की 11 रिक्त विधानपरिषद की सीटों पर होने वाले चुनाव में देरी के लिए शासन और निर्वाचन आयोग को जिम्मेदार ठहराया है। तिवारी ने कहा कि एक तरफ निर्वाचन आयोग 25 सितम्बर को बिहार की 243 विधानसभा और 29 सितम्बर को देश की 56 विधानसभा और एक लोकसभा सीट के उप चुनाव की तिथि घोषित करने में देर नही करता है। वहीं दूसरी तरफ उप्र के उच्चधिकारियों द्वारा कोरोना का भय दिखा व्यवस्था न करने के पत्र मिलते ही 5 मई 2020 को अपना कार्यकाल खत्म कर चुकी 11 विधानपरिषद की सीटों के चुनाव की तिथि लगातार आगे बढ़ा रहा है। इस सम्बंध में औचित्य का प्रश्न उठाते हुए एवं निर्वाचन आयोग की संदिग्ध भूमिका के मद्देनजर आगरा स्नातक खण्ड एमएलसी चुनाव के प्रत्याशी इं हरिकिशोर तिवारी, शिक्षक महेन्द्र नाथ और आकाश अग्रवाल ने याचिका दाखिल कर दी है। इसके लिए 2 नवम्बर को सुनवाई होनी है।

## वन्डरकिड प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र को गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-3 के मेधावी छात्र ईशू ने शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वाधान में आयोजित नेशनल लेविल इण्टर-स्कूल ऑनलाइन कम्पटीशन 'ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड-2020' में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में देश के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें सीएमएस के इस मेधावी छात्र ने विभिन्न विषयों में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल अर्जित किया। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस मेधावी छात्र को आशीर्वाद देते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## मॉर्निंग वॉक पर निकली युवती से चेन लूट

**लखनऊ।** गोमती नगर थाना क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकली युवती से बाइक सवार बदमाश चेन छीन कर फरार हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस पीड़िता के पिता की तहरीर पर लूट का मुकदमा दर्ज कर बदमाशों को तलाश रही है। प्रभारी निरीक्षक गोमती नगर धीरज कुमार सिंह ने बताया कि विराम खंड निवासी शांतनु कुमार सिंह ने बताया था कि उनकी पुत्री स्पर्शी सिंह सुबह मॉर्निंग वॉक पर घर से निकली थी। तभी घर के सामने दो बाइक सवार बदमाश आए और झपट्टा मारकर गले से चेन छीन कर फरार हो गए। जब तक उनकी बेटी कुछ समझ पाती तब तक वह निकल चुके थे। इसके बाद पीड़िता के पिता ने पुलिस को सूचना दी। मौके पहुंची पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया लेकिन बदमाश नहीं मिले। उसके बाद पीड़िता के पिता की तहरीर पर लूट का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** विभूतिखंड पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। सोमवार को पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर संजय शुक्ला ने बताया कि गत 19 सितंबर को एक युवती की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफधोखाधड़ी और छेड़छाड़ सहित संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसके बाद से पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। रविवार को अतिरिक्त निरीक्षक राम गोविंद मिश्रा की अगुवाई वाली टीम को आरोपी की लोकेशन स्थानीय थाना इलाके में मिली तो पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दी। इसके बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। युवक की शिनाख्त शाहजहांपुर के राम चंद्र मिशन थाना इलाके के अहमदपुर निवासी विवेक चंद्र के रूप में हुई है।

## महिला स्पेशल पिंक बस का विस्तार

**लखनऊ।** कौशांबी बस अड्डे से आलमबाग बस टर्मिनल के बीच चलने वाली महिला स्पेशल पिंक बस का विस्तार कर दिया गया है। अब ये बस हैदरगढ़ होते हुए सुलतानपुर तक जाएगी। गाजियाबाद डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक एके सिंह ने तत्काल प्रभाव से इस बस सेवा का विस्तार करने के निर्देश दिए है। ये बस कौशांबी बस अड्डे से रोजाना शाम साढ़े छह बजे रवाना होकर सुबह साढ़े चार बजे आलमबाग होते हुए साढ़े ग्यारह बजे सुलतानपुर पहुंचेगी।

## अत्याचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें महिलाएं



**लखनऊ।** नगर पंचायत महोना लखनऊ कार्यालय सभागार में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिला अधिकारों की जानकारी हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वाणिज्य कर अधिकारी समिता केसरवानी ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारो को समझना चाहिए आज के युग मे महिला किसी भी मामलो में पुरुषों से कम नही है उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओ पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध महिलाओं को अपने आवाज़ को बुलंद करना चाहिए और छोटी सी भी छोटी घटना को दबाना नही चाहिए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष एन इशरत बेग ने कहा कि नारी एक है परंतु उसके रूप अनेक है महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा बालिकाओ को स्वावलंबी बनाने के लिए महिलाओं को आगे आकर प्रोत्साहित करना चाहिए।

## 16 माह बाद भी हत्या में शामिल मुख्य आरोपी पकड़ से दूर

**निगोहां।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत शेरपुर लवल के यतीश तिवारी हत्याकांड को हुये 16 महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है लेकिन अभी तक निगोहां पुलिस हत्याकांड को अजांम देकर फरार हुये मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में नाकाम साबित हुयी है। जब कि पीड़ित पिता ने मुख्यमंत्री, डीजीपी को शिकायती पत्र भेजकर बेटे के हत्यारोपी की गिरफ्तारी की माँग कर चुके है। ज्ञात हो निगोहाँ के शेरपुर लवल गाँव में रहने वाले युवक यतीश तिवारी की हरकतो से अजीज होकर उसकी प्रेमिका के पिता शिव प्रसाद ने अपने बेटे शिवशंकर व साथी हनुमान रावत के साथ 23 जून 2019 की रात चापड़ से गला रेत कर बेरहमी से हत्या कर शव को सरेराह नग्न अवस्था में फेंककर फरार हो गये थे जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हनुमान प्रसाद व शिवशंकर को घटना के तीसरे दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जब कि फरार चल रहे मुख्य हत्यारोपी शिव प्रसाद को आज तक नही पकड़ सकी। वही फरार मुख्य हत्यारोपी को 16 महीने बाद भी गिरफ्तार ना किये जाने से परिजनो में आक्रोश व्याप्त है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी महोली, सीतापुर

पत्रांक– 891 / चतुर्थ रा०वि० / नि0सू० / 20–21 दिनांक – 26 अक्टूबर, 2020

### अल्पकालीन निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत महोली, सीतापुर के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि पन्द्रवां / केन्द्रीय वित्त योजना में प्राप्त टाइड एवं अनटाइड धनराशि एवं स्वीकृत कार्यो का निर्माण कार्य करवाने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म दिनांक 10 नवंबर, 2020 को विक्रय किये जायेंगे। टेन्डर फार्म का मूल्य 500/– रू0 प्रति फार्म होगा तथा दिनांक 17.11.2020 को पूर्वान्ह 12 बजे तक विक्रित निविदायें निविदा बाक्स में डाली जायेंगी। तदोपरान्त उसी दिन खण्ड विकास अधिकारी कक्ष में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अपरान्ह 03 बजे गठित समिति की उपस्थिति में खोली जायेंगी। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। सामान्य घरोहर के रूप में कार्य की लागत का 02 प्रतिशत की धनराशि को जमा करना होगा, जो नकद के रूप में अथवा अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत एफ0डी0आर० अथवा डाकघर से निर्गत बचत पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जो खण्ड विकास अधिकारी महोली के पक्ष में बन्धक होगा। ठेकेदार के द्वारा प्रस्तुत बिल से 2 प्रतिशत आय कर व सरजार्च, निर्धारित जीएसटी कर 2 प्रतिशत, अवशेष 10 प्रतिशत जमानत राशि की एफ0डी0 बन्धक करनी होगी। 02 प्रतिशत जमानत निविदा के साथ एफ0डी0 बन्धक होगी। खण्ड विकास अधिकारी को यह अधिकार होगा कि किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त कर दे। अन्य शर्तों की जानकारी किसी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | निर्माण कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख रू0 में) | धरोहर राशि 02 प्रतिशत लाख में | कार्य पूर्ण होने की अवधि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पीरपुर पेन्टेड रोड के दोनों तरफ नाला निर्माण कार्य, | 9.866 | 0.197 | 3 माह | 15वां वित्त |
| 2. | बृम्हावली के मजरा मूड़ा में शिव मन्दिर से तालाब तक नाला निर्माण | 7.008 | 0.14 | 3 माह | 15वां वित्त |
| 3. | महोली बड़ागांव मार्ग से मूड़ा गांव तक नाली निर्माण कार्य | 5.707 | 0.114 | 3 माह | 15वां वित्त |
| 4. | दुर्गापुर गांव के पश्चिम नरवा पर बड़ी पुलिया निर्माण कार्य | 6.685 | 0.134 | 3 माह | 15वां वित्त |
| 5. | बन्जरिया गांव से पिरई नदी तक नाला निर्माण कार्य | 7.94 | 0.159 | 3 माह | 15वां वित्त |
| 6. | शील्हापुर ककरहिया रोड से लालपुर महमूदपुर रोड पर इण्टरलांकिंग कार्य | 6.074 | 0.12 | 3 माह | 15वां वित्त |
| 7. | दातारपुर से बेहटी गांव तक खड़जा कार्य | 9.824 | 0.196 | 3 माह | 15वां वित्त |
| 8. | गणेशपुर से मुरई तक खड़जा कार्य | 7.87 | 0.157 | 3 माह | 15वां वित्त |
| 9. | शील्हापुर गांव से भगवानपुरग्रण्ट सपंर्क मार्ग खड़ंजा तक अवशेष खड़ण्जा | 4.951 | 0.099 | 3 माह | 15वां वित्त |
| 10. | मसन्दापुर में चमारबाग मितौली पेन्टेड रोड से पैलाकीशा रोड पर इण्टरलाकिंग कार्य | 5.833 | 0.116 | 3 माह | 15वां वित्त |
| 11. | बसवै हनुमान मन्दिर से बेहटी मार्ग पर इण्टरलाकिंग कार्य | 6.315 | 0.126 | 3 माह | 15वां वित्त |
| 12. | इन्दौली पेंटेंड रोड से रमुवापुर गांव तक इण्टरलाकिंग कार्य | 7.277 | 0.145 | 3 माह | च0रा0वि0 |
| 13. | पीरपुर में राजू के मकान से सुरेश के मकान तक इण्टरलाकिंग | 7.277 | 0.145 | 3 माह | च0रा0वि0 |

**(डा0 सुशान्त सिंह)**
**खण्ड विकास अधिकारी,**
**महोली, सीतापुर।**


# औषधियों की खरीद के लिए टेंडर जारी करने में सामंजस्य रखें विभाग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह ने अधिकारियों से कहा कि औषधियों की खरीद के लिए निविदा जारी करते समय दोहराव से बचने के लिए सम्बंधित विभाग आपसी चर्चा करके समन्वय रखें, जिससे दोहरे टेन्डर जारी न हों। उन्होंने कहा आपसी सामंजस्य अथवा को.आर्डिनेशन के अभाव में विभागीय स्तर पर निर्णय लम्बित न रहें। सोमवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन के सभाकक्ष में मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कोविड.19 संक्रमण टेस्ट किट हेतु पर्याप्त बजट व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा चिकित्सा के जिन मदों में अप्रयुक्त बजट है उसे री.एडजेस्टमेंट के आधार पर कोरोना टेस्ट किट परचेस हेतु निर्धारित मद में लेने का प्रस्ताव बना लिया जाय। राज्यमंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अतुल गर्ग ने दवा खरीद के लिए ई.पासबुक सिस्टम को एक बेहतर व्यवस्था बताया। उन्होंने वेयर हाउस की मण्डलीय स्तर पर नियंत्रण की व्यवस्था पर भी जोर दिया। बैठक में अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने दवा की खरीद से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया को सुगम करने का निर्देश दिया।

# अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी खनकेंगे एटा के घुंघरू

● 100 करोड़ के पार पहुंचा घुंघरू के व्यापार का सालाना औसत

## योगी सरकार ने ओडीओपी योजना से फूंकी नई जान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एटा** के घुंघरू देश ही नहीं, अब दुनिया भर के कलाकारों के पैरों में बजेंगे। घुंघरू अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर छमकेंगे। दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण पूर्व एशिया और मध्य पूर्व के देशों में भारतीय कलाकारों के हुनर और मेहनत की कहानी कहेंगे। दक्षिण अफ्रीका, सिंगापुर, मलेशिया, कंबोडिया और साउदी अरब के कलाकारों ने एटा के घुंघरू की मांग की है। जार्डन, यूएई सरीखे मध्य पूर्व के देशों में भी एटा के घुंघरू को बड़ा बाजार मिल गया है।

दो साल पहले तक गुमनामी और बेजारी से जूझ रहे एटा के घुंघरू उद्योग में योगी सरकार ने नई जान फूंक दी है। एक जनपद एक उत्पाद ओडीओपी योजना में शामिल एटा के घुंघरू देश ही नहीं दुनिया को भी अपनी छम–छम से आकर्षित कर रहे



है। राज्य सरकार भी एटा के कलाकारों के हुनर और मेहनत को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पूरी मजबूती के साथ पेश करने में जुट गई है। एमएसएमई विभाग के अनुसार दक्षिण अफ्रीकी देशों के साथ सिंगापुर, मलेशिया, कंबोडिया, साउदी अरब, जार्डन, यूएई और ईराक जैसे देशों में कलाकारों के बीच एटा के घुंघरू की मांग ने सरकार की योजना को पंख लगा दिए हैं। दुनिया के मंच पर मिल रहे इस मौके को हाथों हाथ लेते हुए योगी सरकार ने भारत सरकार के माध्यम से इन देशों को सप्लाई शुरू कर दी है। देश और दुनिया में मिल रहे बाजार और मांग को देखते हुए राज्य सरकार ने घुंघरू उत्पादन बढ़ाने के प्रयास भी तेज कर दिए हैं। एमएसएमई विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले कुछ महीनों में ही एटा के घुंघरू और घंटी व्यापार 15 से 20 फीसदी बढ़ा है। ओडीओपी के तहत नए कलाकारों को प्रशिक्षण देकर इंडस्ट्री का विस्तार किया जा रहा है। ताकि देश और विदेश में बढ़ती मांग को पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सके। गौरतलब है कि देश में कोलकाता, आगरा, मथुरा, वाराणसी, मुरादाबाद, कानपुर और दिल्ली के साथ दक्षिण भारत में भी एटा के घुंघरू अपना जलवा खूब बिखेर रहे हैं। देश और विदेश में घुंघरुओं की सालाना औसत व्यापार 100 करोड़ को पार कर गया है। मौजूदा दौर में 10000 से ज्यादा लोग घुंघरू और घंटी उद्योग से सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। ओडीओपी योजना के तहत राज्य सरकार उद्योग को बढ़ाने के लिए कलाकारों को 350 करोड़ रुपये के लोन के साथ ही मुफ्त प्रशिक्षण और जरूरी साजो सामान उपलब्ध करा रही है।

# कोविड-19 से जंग जीतने के लिए करें राम की मर्यादा का पालन: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर



**विजयादशमी** के अवसर पर परंपरागत विजय शोभायात्रा की अगुवाई कर मानसरोवर रामलीला मैदान पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का राजतिलक करने के बाद उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने श्रीराम के मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप का स्मरण कराया। कहा कि हजारों वर्ष पहले स्थापित रामराज्य आज भी हम सब को प्रेरणा देता है। उसी मर्यादा का पालन करके हम कोविड-19 की जंग भी जीत सकते हैं। अपने सामान्य जन-जीवन को आगे बढ़ा सकते हैं। सीएम ने श्रद्धालुओं को शारदीय नवरात्र और विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि कोविड-19 पर विजय पाने के लिए हमें 'दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी' का पालन करना ही होगा। हमें जान भी बचानी है और जहान भी। मानसरोवर रामलीला मैदान में रामलीला के मंचन की 100 वर्ष से चली आ रही परम्परा की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस माध्यम से हम अपनी समृद्ध, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को सुरक्षित रखने में सफल हो सके हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे रामलीला के मंच को केवल वर्ष में एक बार होने वाली रामलीला तक न सिमटने दें। राष्ट्रीय पर्वों और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भी इन मंचों से आयोजन का सिलसिला जारी रखें। मुख्यमंत्री ने रामलीला मैदान जैसे स्थलों को सुरक्षित और संरक्षित करने पर जोर दिया। कहा कि आध्यात्मिक विरासतों को सुरक्षित करने का काम निरंतर चल रहा है। ऐसे में अब किसी धार्मिक स्थल पर कब्जा या अतिक्रमण करना संभव नहीं होगा। आध्यात्मिक विरासतें बुरी नजरों से बची रहेंगी।

### अयोध्या से विश्व में फैली देश की कीर्ति

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में जन्मभूमि पर हो रहे भव्य राममंदिर निर्माण की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि 492 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद भव्य मंदिर का निर्माण शुरू हो गया है। अयोध्या के जरिए देश की यश और कीर्ति पूरे विश्व में फैली है। उन्होंने राम मंदिर के लिए पीढ़ियों के संघर्ष को भी याद किया। कहा कि ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए लम्बी लड़ाई लड़ी। उनका सपना अब पूरा हो रहा है।

# गोरखनाथ मंदिर से निकाली गई विजय शोभायात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**विजयादशमी** पर दिन भर चले आयोजनों के बीच शाम साढ़े चार बजे गोरखनाथ मंदिर से भव्य विजय शोभायात्रा निकली। इसकी अगुवाई सीएम और गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने पारंपरिक परिधान में की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गोरक्षपीठाधीश्वर की पारम्परिक पोशाक में योगी, पुजारियों, पुरोहितों और साधु संतों के साथ ढोल नगाड़ों की मंगल ध्वनियों के बीच श्री गुरु गोरखनाथ के गर्भ गृह में पहुंचे।

गर्भ गृह के फर्श पर बैठ कर उन्होंने गुरु गोरखनाथ की विशेष पूजा और आरती की। उनका आशीर्वाद लेकर शोभायात्रा मानसरोवर मंदिर के लिए निकली। गोरखनाथ मंदिर से भव्य विजय शोभा यात्रा हर्षोल्लास और पूरी आन-बान-शान से निकली। हर बार सीएम एक खुली जीप में शोभायात्रा में शामिल होते थे लेकिन इस वह बुलेट प्रुफ गाड़ी में निकले।



### श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा पर बरसाए फूल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देखने के लिए सड़क के दोनों किनारों और छतों पर भारी भीड़ जुटी थी। गोरखनाथ मंदिर से मानसरोवर मंदिर और फिर रामलीला मैदान तक सड़कों और छतों पर खड़े लोग शोभा यात्रा का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही शोभायात्रा उधर से गुजरी लोगों ने जयकारे लगाने शुरू कर दिए। श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के प्रतीक के तौर पर शोभा यात्रा पर जमकर फूल बरसाए। शोभायात्रा, जिधर से गुजरी उधर सड़क किनारे खड़े श्रद्धालुओं ने उसका जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गाड़ी जिसके भी सामने से गुजरी, उसके चेहरे खिल गए। हर कोई उन्हें अभिभावदन कर इस मांगलिक अवसर पर आशीर्वाद पा लेने की कोशिश में था। योगी भी सभी के प्रणाम का जवाब देने की कोशिश करते दिखे।

### मुस्लिम समाज ने किया स्वागत

गोरक्षपीठाधीश्वर की विजयादशमी पर निकलने वाली विजय शोभायात्रा का चौधरी कैफुल वरा की अगुवाई में मुस्लिम समाज और बुनकर समाज की ओर से स्वागत किया गया। चौधरी परिवार के काफी लोग शोभायात्रा के स्वागत में शामिल रहे।

### हनुमान अखाड़े के युवाओं ने दिखाया कौशल

शोभायात्रा में सबसे आगे हनुमान अखाड़े के लड़ाके शारीरिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। उनके पीछे श्रद्धालुओं का समूह जय श्रीराम और नाथ संप्रदाय का जयकारा लगाते हुए चल रहा था। हनुमान जी की प्रतिमा भी शोभा यात्रा में शामिल थी जिसे प्रणाम कर श्रद्धालु मन ही मन में प्रार्थना करते दिखे। शोभायात्रा में लाठी खेलते बच्चे आकर्षण के केंद्र बने हुए थे। यात्रा में श्रद्धालुओं, विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं के हाथों में नाद, ध्वज, दण्ड और परम्परागत अस्त्र-शस्त्र थे। शोभायात्रा में हाथों में तलवार, फरसा, भाला समेत अन्य पारम्परिक शस्त्र से सुसज्जित युवाओं की सेना भी शामिल थी। लोग कौतुहल के साथ उन्हें देख रहे थे। शोभायात्रा के दौरान युवाओं ने शस्त्र संचालन के अपने कौशल और शौर्य को भी प्रदर्शित किया। विजय शोभायात्रा के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली। सीआरपीएफ, रैपिड एक्सन फोर्स, पुलिस, एनएसजी के सुरक्षाकर्मी पूरे रास्ते तैनात थे। जगह-जगह छतों पर पुलिस बल तैनात किया गया था।

### मानसरोवर मंदिर में भगवान शिव का किया अभिषेक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शोभायात्रा मानसरोवर मंदिर पहुंची। उन्होंने वहां स्थापित देव विग्रहों का पूजन करने के बाद भगवान शंकर का अभिषेक किया। पूजन करने के बाद वह मानसरोवर रामलीला के मंच पहुंचे।

## क्विक न्यूज

### टिकटों की कालाबाजारी का खुलासा

**गोरखपुर।** रेलवे की विजिलेंस टीम ने रविवार को गोरखपुर के एक प्रतिष्ठान पर छापा मारकर टिकटों की कालाबाजारी का खुलासा किया। चिलुआताल थाना क्षेत्र के डोहरिया बाजार में चलाए जा रहे इस प्रतिष्ठान से विजिलेंस टीम ने कई अवैध टिकट और कागजात बरामद किए। छापामारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में हुई। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर विजिलेंस टीम ने डोहरिया बाजार स्थित एक काम्पलेक्स पर छापा मारा। वहां एक इंफॉर्मेशन सेंटर पर छापा मार कर 18 एटीएम कार्ड और कई रेल टिकट मिले। उन्होंने बताया कि उक्त सेंटर पर फर्जी आईडी पर टिकट बनाया जाता था। विजिलेंस टीम ने मौके पर मौजूद आजाद पुत्र मैनुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया।

### कन्याओं का पूजन कर कराया भोजन

**गोरखपुर।** सीएम और गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने विजयदशमी के मौके पर रविवार को गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में विधि-विधान के साथ नवदुर्गा की उपासना की। इस मौके पर सीएम ने यहां नौ कन्याओं का पूजन कर उन्हें अपने हाथ से भोजन भी कराया। नवरात्र में नौ दिन का व्रत रखने वाले सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में नव दुर्गा स्वरूपा एक से पांच वर्ष की नौ कन्याओं को आमंत्रित किया और पूरे विधि-विधान के साथ उनका पूजन किया। सीएम ने अपने हाथों से उनके पैर धोये और भोजन परोसा। इसमें 35 से ज्यादा कन्याएं और 20 बटुक भैरव शामिल रहे। सीएम ने कन्या पूजन के बाद कन्याओं और बटुकों को भोजन परोसा। इसके बाद दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया।

### रोजगार मेले का आयोजन कल

**अयोध्या।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अयोध्या के तत्वाधान में 28 अक्टूबर, 2020 को पूर्वान्ह 10 बजे से राजकीय आईटीआई,,परिसर बेनीगंज अयोध्या में एक रोजगार मेलें का आयोजन किया जा रहा हैए जिसमें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनी सैमसंग डिस्प्ले प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा प्रतिभाग करेगी। कम्पनी का विवरण सेवायोजन पोर्टल पर उपलब्ध है।

### ऐन वक्त पर टल गया महिला हेल्प डेस्क का शुभारम्भ

**अंबेडकर नगर।** मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत अकबरपुर तहसील परिसर में सोमवार को महिला हेल्प डेस्क का शुभारम्भ नही हो सका। तहसील प्रशासन द्वारा दो दिनों से तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जा रहा था। तहसील परिसर में सभी प्रकार की व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली गयीं थीं लेकिन अचानक पूरी तैयारियों पर पानी फिर गया। बताया जाता है कि महिला हेल्प डेस्क का शुभारम्भ जिलाधिकारी द्वारा किया जाना था लेकिन अन्तिम समय में उन्होंने अपने कार्यक्रम को बदल दिया जिसके कारण सारी तैयारियां धरी की धरी रह गयीं। सूत्रों के अनुसार थानों की तरह तहसीलों में भी महिला हेल्प डेस्क का शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा किया जा सकता है जिसके चलते जिलाधिकारी द्वारा सोमवार के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया।

### ऐतिहासिक भरत मिलाप का कार्यक्रम स्थगित

**अम्बेडकरनगर।** कोविड-19 का असर क्षेत्र में होने वाले रामलीला के मंचन पर भी पड़ रहा है। बसखारी में होने वाले रामलीला मंचन व ऐतिहासिक भरत मिलाप का कार्यक्रम भी कोविड-19 वायरस के चलते इस बार स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय श्री रामलीला समिति बसखारी की एक अति आवश्यक बैठक डिहवारे बाबा रामलीला मैदान के प्रांगण में समाज सेवी एवं समिति के अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक मे लिया गया। बैठक समाप्ति के बाद समिति के अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ने बताया कि बसखारी मे श्री रामलीला कार्यक्रम के शुभारंभ होने से यहा पर रामलीला देखने आने वाले लोगो को रोक पाना मुश्किल होगा और केंद्र सरकार के गाइडलाइन को देखते हुए श्री रामलीला कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है।बैठक में लल्लन सोनी, प्रदीप कुमार ,लाल जी सोनकर ,विनोद कुमार, जयशंकर त्रिपाठी ,चंद्र प्रकाश यादव, रवि कनौजिया, दूधनाथ, रावत, शुभम सिंघल ,बृजेश सोनी, राधेश्याम साहू , कृष्ण कुमार गुप्ता, अमित कनौजिया, संदीप मद्धेशिया, भागीरथी गौड, हनुमान साहू, सहित श्री रामलीला समिति के कई अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एक की मौत, 68 नये मरीज मिले

**गोरखपुर।** बाबा राघव दास (बीआरडी) मेडिकल कॉलेज में रविवार को एक संक्रमित की मौत हो गई। हालांकि पोर्टल पर अपलोड न होने से स्वास्थ्य विभाग ने मौतों की संख्या शून्य जारी की है। कोरोना संक्रमण के नमूनों की जांच में 1223 निगेटिव व 68 में संक्रमण की पुष्टि हुई। इसमें शहर के 34 व कैंट थाना क्षेत्र के सर्वाधिक 9 लोग हैं। जिले में अब संक्रमितों की कुल संख्या 18620 हो गई है। 304 की मौत हो चुकी है। 17199 स्वस्थ हो चुके हैं। 1117 सक्रिय मरीज हैं। सीएमओ डॉ. श्रीकांत तिवारी ने इसकी पुष्टि की। गुलरिहा के करमहा बुजुर्ग के सपहिया टोला निवासी 35 वर्षीय व्यक्ति मेडिकल कॉलेज के कोरोना वार्ड में भर्ती थे। रविवार को उन्होंने अंतिम सांस ली।

### परंपरागत तरीके से किया गया शस्त्र पूजन

**गोरखपुर।** पिपराइच उपनगर के विष्णुपुरी परिसर में विजयदशमी के अवसर पर सोमवार को राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ द्वारा परंपरागत तरीके से शस्त्र पूजन किया गया। कार्यकम की शुरुआत मां जगदम्बा, प्रभु श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कोरोना काल के चलते पहली बार ऐसा हुआ कि शोभायात्रा नहीं निकाला जा सका। पूजन में संघ के अलावा भाजपा, हियुवा व क्षेत्र के युवा भी शामिल रहे। बतौर मुख्य वक्ता अखिल भारतीय शैक्षिक संघ के प्रदेश महामंत्री आशीष मणि ने कहा कि मनुष्यता और धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों की आवश्यकता होती है। अधर्म तभी बलशाली होगा जब शस्त्र और शास्त्र दोनों कमजोर पड़ेंगे। वक्ताओं ने कहा कि देश हित में राष्ट्र के रक्षा की जिम्मेदारी संगठन से जुड़े स्वयं सेवियों को लेनी चाहिए। अधर्म पर धर्म की विजय के कारण ही हमें विजयदशमी पर्व मनाने का अवसर प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राधेश्याम गुप्ता ने की। इस दौरान नगर संघ चालक ओम रामरायका, रुद्रनारायण, राजकुमार, राजेश, हेमन्त, अशोक, धीरज, गुड्डू, अभिरंजन, आकाश, राजन, दीपक, अभिषेक, शिवाजी आदि उपस्थित रहें।

### दुकान में नकब लगाकर लाखों की नकदी व सामान चोरी

**अम्बेडकरनगर।** बीती रात चोरो ने व्यवसायी को दुकान मे नकब लगाकर लाखो रुपये नगदी समेत जेवरात व अन्य सामान पार कर दिया। पुलिस मामले की जॉच मे जुट गयी है । मामला मालीपुर बाजार की है। बाजार निवासी बर्तन व्यवसायी हरिराम के दुकान में बगल की दुकान से नकब लगाकर लाखों रुपए की नगदी,सोने चांदी के आभूषण के साथ ही दुकान में रखा कीमती बर्तन व सामान रविवार की रात अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गए।जब दुकानदार की पत्नी ने साफ सफाई के लिए सोमवार सुबह अंदर का नजारा देखकर आवाक होकर गिर पड़ी।सूचना पर पहुंचे 112 डायल पुलिसकर्मियों ने जांच पड़ताल किया और तहरीर देने की बात कहकर चले गए। हरिराम स्थानीय बाजार में पोस्टऑफिस के सामने किराए के कमरे में बर्तन आदि की दुकान चलाता है। रविवार रात को बगल की सब्जी की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर कमरे में घुसे और दीवाल में नकब लगाकर बर्तन की दुकान में घुस गए।बर्तन की दुकान में रखा आलमारी तोड़कर उसमें रखा एक लाख पच्चीस हजार की नगदी,लाखो रुपये के सोने चांदी के आभूषण व कीमती बर्तन लेकर फरार हो गए।लगातार हो रही चोरियों से दुकानदारों में भय का माहौल है।थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

## 157 मां दुर्गा की प्रतिमाएं निर्मली कुंड में पूरे सम्मान के साथ हुईं विसर्जित

**अयोध्या।** कोविड.19 प्रोटोकॉल एवं गाइडलाइन को ध्यान में रखकर शांति, सुरक्षा एवं पूरे धार्मिक रीति रिवाज के साथ विसर्जित हुई मां दुर्गा जी की प्रतिमाएं। लगभग 157 मां दुर्गा जी की प्रतिमाएं निर्मली कुंड में पूरे सम्मान के साथ हुईं विसर्जित। इस दौरान कोविड.19 से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का रखा गया पूरा ख्याल। सुरक्षा व्यवस्था में विसर्जन स्थल पर मजिस्ट्रेट व पुलिस के अधिकारी थे उपस्थित। उक्त जानकारी देते हुए जिला मजिस्ट्रेट अनुज कुमार झा ने बताया कि शहर में लगभग 157 मां दुर्गा की छोटी.छोटी प्रतिमाएं स्थापित थी। इन सभी प्रतिमाओं को बड़े आदर व सम्मान के साथ विभिन्न समिति के सीमित पदाधिकारी द्वारा जिला प्रशासन का पूरा सहयोग करते हुए कोविड.19 प्रोटोकॉल के साथ निर्धारित स्थल निर्मली कुंड पर जाकर मूर्ति को विसर्जित किया गया। जिला मजिस्ट्रेट ने केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के सभी पदाधिकारियों सहित जिलों के सभी समितियों के पदाधिकारियों को उनके अमूल्य सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया है। मूर्ति विसर्जन के समय जिला प्रशासन के अपर जिला अधिकारी नगर वैभव शर्मा, नगर आयुक्त विशाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सत्य प्रकाश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विजय पाल सिंहए तहसीलदार सदर विजय कुमार सिंहए के साथ केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समिति के अध्यक्ष मनोज जयसवाल, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता एगगन जायसवाल, सुप्रीत कपूर, केशव बिगुलर, राजेश गौड़, अखिलेश पाठक, अतुल सिंह, बजरंगी साहू, अंकुर गुप्ता, अजय विश्वकर्मा, पवन निषाद आदि शामिल थे।

## जय माता के जयकारों के बीच मां भगवती को दी गई विदाई

**अयोध्या।** नगर मे स्थापित लगभग सभी माँ दुर्गा की मनमोहक एवं आकर्षक प्रतिमाए फूलमालाओ से सुसज्जित रथ पर सवार होकर अपने अपने वैकल्पिक पूजा स्थलो से निकलकर सहादतगंज हनुमानगढ़ी होते हुये श्रीभगवान जायसवाल घाट निर्मलीकुण्ड पहुँची जहां श्रद्धा के चरमोत्कर्ष के साथ माँ भक्तो ने उल्लासपूर्वक ष्जय माता दीष् के गगनभेदी जयकारों के बीच नम आंखों से माँ भगवती की विदाई करते हुये यह प्रार्थना की कि अगले वर्ष माँ भगवती की कृपा से पूरा विश्व कोरोना महामारी की काली छाया से मुक्त हो जाये और हम भक्तजन दुर्गापूजा महोत्सव विगत वर्षो की भाँति पूरी भव्यता के साथ मनाते हुये ढोल नगाड़ो की धुन पर नाचते गाते भक्तो के अपार जनसमूह के साथ विसर्जन कर सके। दिन मे 11 बजे से केन्द्रीय दुर्गापूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल एवं प्रमुख संरक्षक विजय गुप्ताए रामलीला प्रमुख प्रेमनाथ रायए सहसंयोजक गगन जायसवाल, वरिष्ठ पदाधिकारी केशव बिगुलर एवं विद्युत विभाग प्रमुख सुप्रीत कपूर आदि पदाधिकारियों की अगुवाई मे कोविड 19 की गाइडलाइन के अनुसार माँ की प्रतिमाओ को विसर्जित करने का कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। विसर्जन स्थल निर्मलीकुण्ड पर प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम सकुशल निर्विघ्नता एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, नगर आयुक्त विशाल सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर डा0 वैभव शर्मा, पुलिस अधीक्षक नगर विजयपाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सत्य प्रकाश सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी निपुण अग्रवाल एवं तहसीलदार तथा सिचाई विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

केन्द्रीय समिति के प्रवक्ता डा0 शैलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि भले ही इस वर्ष कोरोना महामारी के चलते दुर्गापूजा महोत्सव तमाम पाबंदियों एवं विभिन्न बंदिशों के चलते धूम धाम एवं भव्यता से वंचित रहा परन्तु माँ भक्तो के भावपूर्ण उत्साह एवं उल्लास से आयोजन मे कोई कमी नहीं महसूस हुई। सायं लगभग 6 बजे तक चले प्रतिमा विसर्जन के कार्यक्रम की व्यवस्था मे केन्द्रीय समिति के शिवजी गौड़ए शक्तिवाहिनी प्रमुख प्रमोद जायसवाल, ज़ोनल प्रमुखगण अतुल सिंह, राजेश गौड़, आलोक शंकर, दीपक गौतम, राजू जायसवाल, पवन निषाद, अखिलेश पाठक, चन्दन गुप्ता एवं अमित कनौजिया आदि तन मन से लगे रहे। सेक्टर प्रमुखगण बजरंगी साहू, रंजीत शर्मा, राजेश श्रीवास्तव एवं अर्जुन सोनी तथा रोहिताश्व चंद राजू, रोहित अग्रवाल, विवेक साहू, अंकुश गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, राधेश्याम यादव, अवधेश तिवारी, अजय विश्वकर्मा, दिलीप यादव, अमित तिवारी, विशाल गुप्ता, अभिषेक गुप्ता एवं मोहित गुप्ता आदि के पदाधिकारीगण विसर्जन कार्यक्रम को गतिमान बनाए रखने मे लगे रहे। रामलीला प्रभारी प्रेमनाथ राय ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम राजा रामचन्द्र के गगनभेदी जयकारों के साथ विजय दशमी के पावन पर्व पर लल्ली देवी रामलीला स्थल पर कन्हैया अग्रवाल, घनश्याम अग्रवालए विष्णु भज्जा एवं अखिलेश अग्रवाल के संयोजन मे तथा साहबगंज रामलीला स्थल पर अशोक कुमार सिंहए अमित गुप्ताए अवध किशोर मिश्रा एवं राजकुमार पाण्डेय के संयोजन मे रामलीला मंचन करके रावण वध किया गया तत्पश्चात रावण के पुतले का दहन हुआ तथा फतेहगंज, हैदरगंज एवं सिविल लाइन करम अली का पुरवा रामलीला समितियों द्वारा रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया

### कमिश्नर ने दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन पर अधिकारियों को दिया धन्यवाद

मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल ने मझडल के सभी जनपदो में मॉ दुर्गा जी की प्रतिमाओ के विर्सजन में कोविड.19 के प्रोटोकाल एवं गाइड लाइन के पूर्णतः पालन कराये जाने पर मण्डल के सभी जिलाधिकारियोए सहित उनके अधीनस्त अधिकारियो कर्मचारियो, पुलिस के अधिकारियोए जवानो तथा जनमानस को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि कोविड.19 का खतरा अभी पूर्णरूप से समाप्त नही हुआ है न ही टला है ऐस मे महामारी पुनः अपना प्रसार न करने पाये इसके लिए आवश्यक है कि आने वाले त्यौहारो तथा समय में हम सभी घर से बाहर निकलते समय मास्क अवश्य पहने तथा 02 गज की सोशल डिस्टेसिंग का पूर्ण रूप से पालन करेए अत्यधिक भीड़ वाले इलाको में अनावश्यक न जाये तथा अपने हाथो के थोड़ी-थोड़ी देर पर साबुन पानी से धोते रहे अथवा सेनेटाइज करते रहे। सावधानी एवं सुरक्षा कोविड.19 से बचाव के सबसे अच्छी दवा है।

## श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मां की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

● क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर रहा उत्सव सा माहौल

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**पुलिस** प्रशासन की निगरानी में क्षेत्रीय दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन चांडीपुर, कम्हरिया, सहित विभिन्न घाटों पर किया गया जिससे प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना एवं अलर्ट रहा । मालूम हो तहसील अंतर्गत विभिन्न स्थानों से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन आज बड़े धूमधाम से श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ जिसके लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह क्षेत्राधिकारी आलापुर जगदीश लाल टमटा के नेतृत्व में अलर्ट रहा ।

क्षेत्र के बिडहर घाट, चांडीपुर, कम्हरिया घाट चहोड़ा घाट पर क्षेत्र की विभिन्न स्थानों पर स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कोविड-19 को देखते हुए पुलिस प्रशासन की निगरानी में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए कराया गया। जहां-जहां मूर्तियां स्थापित हुई हैं वहां पर प्रशासन के लोग निरंतर संपर्क में रहकर जायजा ले रहे हैं। कल्यानपुर में स्थापित मूर्ति का विसर्जन ग्रामीणों ने बड़े ही श्रद्धा के साथ नाचते गाते एवं मां के जयकारों के बीच चांडीपुर घाट पर किया । इस मौके पर आत्मप्रकाश उपाध्याय, बजरंगी तिवारी,पंकज शर्मा, विनोद त्रिपाठी, शशांकमणि गोंड़,बजरंगी यादव , आशुतोष तिवारी, मुकेश मौर्य, रवि शर्मा, अनूप गोंड़ , शुभम, सन्दीप उपाध्याय आदि लोग सम्मिलित हुए जो लोग उपस्थित रहें सभी को मास्क लगाना अनिवार्य था तथा गाड़ियों में सैनिटाइजर रखकर लोगों से सेनिटाइजर के प्रयोग करने के लिए कहा गया ।



### सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

**अम्बेडकरनगर।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मां दुर्गा का विसर्जन किया गया जिसमें सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए लोगों ने भाग लिया। 9 दिन तक चलने वाली नवरात्र के बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी है। जलालपुर कोतवाल मनीष कुमार सिंह भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का कार्य करवा रहे हैं। इसमें किसी प्रकार की कहीं से बाधा ना पैदा हो इसके लिए प्रशासन द्वारा काफी सुरक्षा की व्यवस्था की गई है ।दुर्गा विसर्जन में प्रभारी निरीक्षक स्वयं स्थिति पर नजर रखे हुए है ताकि किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो । सोमवार को जलालपुर में कई मूर्तियों का विसर्जन गाजे-बाजे के साथ किया गया जिसमें नगर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस विसर्जन कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र ,नगर अध्यक्ष संजीव मिश्रा, दीपक गोयल हिमांशु मिश्रा आदि समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## जनपद के पांच कृषकों के विरूद्ध पराली जाने के संबंध में एफआईआर दर्ज

**अयोध्या।** जनपद में पराली धान का पुआल व अन्य कृषि अपशिष्ट के जलाये जाने के कारण होने वाले पर्यावरण को रोकने हेतु जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के आदेश पर जनपद के सभी ग्रामो में जागरूकता एवं पराली न जलाये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित लेखपाल का निर्देशित किया गया साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर कृषि विभाग के कर्मचारियोए विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी एवं तहसील स्तर पर तहसीलदार तथा सम्बन्धित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है उक्त के पश्चात भी जनपद के कुछ कृषको द्वारा अनाधिकृत रूप से पराली धान का पुआल व अन्य कृषि अपशिष्टो को जलाया जा रहा है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि उक्त स्थिति को रोकने हेतु जनपद के 5 कृषको यथा.श्रीधर पुत्र छोटे लाल ग्राम सारंगापुर, सोहावल, राधेश्याम पुत्र सरजू यादव, मंगलसी उपरहार, सोहावल, लियाकत अली पुत्र बाबू शाह, मंगलसी उपरहार, सोहावल, विजय कुमार पुत्र किशुन एव शान्ति देवी पत्नी किशुन, मुस्तफाबाद, सोहावलए अयोध्या के विरूद्ध पराली जलाये जाने के सम्बन्ध में एफआईआर दर्ज कराकर सम्बन्धित लेखपाल द्वारा उनके खतौनी में दर्ज किया गया। साथ ही उक्त कृषको से दण्डात्मक कार्यवाही के क्रम में एनजीटी 1981 के प्राविधानो के तहत फसल अवशेष जलाने पर 2 एकड़ के कृषको से 2500 रुपयेए 2 से 5 एकड़ के कृषको से 5000 रुपये एवं 5 एकड़ से अधिक के कृषको से 15000 रुपये अर्थ दण्ड लगाते हुये उसकी वसूली की कार्यवाही की जा रही है।

जिलाधिकारी अनुज कुमार झा व मुख्य विकास अधिकारी प्रथमेश कुमार ने जनपद के सभी कृषको बन्धुओ से अपील की है कि वे पराली (धान का पुआल) व अन्य कृषि अपशिष्टो के जलाये जाने से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को रोकने हेतु अपने खेतो में धान का पुआल व अन्य कृषि अपशिष्टो को न जलाये। कृषक बन्धु अपने फसल अवशेषो को जैविक खाद बनाने में उपयोग करे जिससे उनके खेतो की उर्वरा शक्ति बढ़ने के साथ ही फसल अवशेष को जलाने से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को कम किया जा सके।

## संदिग्ध शिक्षकों की नियुक्तियों की जांच करेगी एसटीएफ

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**मानव** संपदा पोर्टल पर ब्योरा अपलोड नहीं करने वाले शिक्षकों पर बेसिक शिक्षा परिषद ने नकेल कसने का फैसला किया है। ऐसे शिक्षक संदिग्ध माने जाएंगे और इनकी नियुक्तियों की जांच एसटीएफ करेगी। ऐसे शिक्षकों की सूची परिषद एसटीएफ को उपलब्ध करा कराएगा। बार-बार निर्देश व समय बढ़ाने के बाद भी शिक्षकों द्वारा लापरवाही बरतने पर बेसिक शिक्षा परिषद ने यह कदम उठाया है। जनपद में अभी तक 248 शिक्षकों ने पोर्टल पर ब्योरा अपलोड नहीं किया है।

वर्तमान में जनपद में 12727 शिक्षक, तीन हजार शिक्षामित्र व साढ़े पांच सौ अनुदेशक हैं। इनके अलावा ढ़ाई से तीन सौ कर्मचारी हैं। इनमें से लगभग 97 फीसद शिक्षकों-कर्मचारियों का विवरण अपलोड हो चुका है। जबकि 248 का ब्योरा अपलोड होना शेष है। फिलहाल ब्योरा अपलोड करने के लिए बेसिक शिक्षा परिषद ने दस नवंबर आखिरी समय सीमा तय की है।

### जिले में अब तक पकड़े जा चुके हैं आधा दर्जन मामले

मानव संपदा पोर्टल पर ब्योरा अपलोड करने के दौरान अब तक आधा दर्जन से अधिक फर्जी शिक्षकों की पोल खोल चुकी है। एक ही नाम के दो शिक्षक अलग-अलग जनपदों में नौकरी करते पाए गए हैं, जिनके खिलाफ विभाग द्वारा जांच की जा रही है। जिला बेसिक अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह का कहना है कि जनपद में अब तक 97 फीसद शिक्षकों-कर्मचारियों का विवरण पोर्टल पर अपलोड हो चुका है। जिन 248 शिक्षकों ने अब तक ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है उनकी ब्लाकवार जानकारी संबंधित ब्लाकों के बीईओ से मांगी गई है। यह सूची एसटीएफ को जांच के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

## आत्म निर्भरता के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा पर हुई कार्यशाला

**अम्बेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग के निर्देशन में भारतीय जनता पार्टी खजुरी मंडल के संयोजकत्व में फूलादेवी चन्द्रधर मिश्र महाविद्यालय बथुआ चन्दौका के परिसर में आयोजित खजुरी मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ नेता अवधेश द्विवेदी ने 'आत्मनिर्भरता के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा' पर विषय रखा। कार्यशाला की अध्यक्षता दिलीप तिवारी (मंडल अध्यक्ष खजुरी) ने की।कार्यशाला में पूर्व राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रमाशंकर सिंह, गजराज सिंह (पूर्व मंडल अध्यक्ष), दीपक मिश्र (संस्थापक फूलादेवी चन्द्रधर महाविद्यालय बथुआ चन्दौका) राजमणि सिंह (कार्यक्रम संयोजक), डॉ अयोध्या प्रसाद (मंडल महामंत्री), रानेश पाण्डेय (मंडल महामंत्री), कृष्ण कुमार पाण्डेय, अवधेश श्रीवास्तव, अजय सिंह, इन्द्र प्रताप पाण्डेय, देवन्ती कन्नौजिया, जालिम सिंह, संजू वर्मा, शैलेन्द्र सिंह सहित मंडल कार्यसमिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य भगिनी एवं बन्धुओं की उपस्थित रही।

## एसपी ने अभियान मिशन शक्ति का लिया जायजा



**अम्बेडकरनगर।** महिलाओं/बच्चियों के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों एवं उनके उत्पीड़न की रोकथाम हेतू चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के थाना को0 टाण्डा थाना बसखारी, थाना हंसवर में महिला हेल्प डेस्क का पुलिस अधीक्षक द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा नारी सम्मान में महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सशक्तीकरण व विश्वास का वातावरण बनाने व अपनी समस्याओं को निर्भीक होकर बताने तथा उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित गति से गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के सम्बंध में महिला हेल्प डेस्क के शुभारम्भ के बाद 26 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक ने औचक निरीक्षण कर गुवत्तापूर्ण सुनवाई करने के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के सभी थानो पर एंटीरोमियों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान महिलाओं/बच्चियों को मिशन शक्ति के विषय में जागरुक किया गया। साथ ही हेल्प लाईन 1090 (वूमेन पावर लाइन),181 (महिला हेल्प लाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1076 (मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा) के सम्बंध में जानकारी दी गई।

## बसपा नेता ने मृतकों के परिजनों को बंधाया ढांढस

**अम्बेडकरनगर।** विधान सभा क्षेत्र आलापुर अंतर्गत विकास खण्ड रामनगर के ग्राम सभा मसेना मिर्जापुर में रोशनलाल गौतम के माताजी के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद त्रिभुवनदत्त पहुँचे और मृतक के परिजनों को ढाँढस बंधाया। इस मौके पर राम प्यारे निषाद,रामचन्द्र वर्मा,अजय गौतम एडवोकेट,कन्तराज चौरसिया, रमेशचन्द्र, डा0 रामहित चौहान, अनिल कुमार, कृष्ण कुमार पाण्डेय, रोशनलालगौतम,मन्तराम यादव, रवि कुमार, सभाजीत पाल, अफजल,अंगद कुमार,मुन्ना भाई, अमीन, पुल्लीयादव, बाकेलाल गौतम, अन्नू कन्नौजिया, रामनाथ गौतम, हरिशंकर विश्वकर्मा, रामराज गौतम, प्रेमप्रकाश गौतम, राम प्रवेश, दयाराम आजाद, रामनाथ गौतम, रामचरन गौतम, रामानंद गौतम, डा0 राम अनुज, शेषमणि गौतम, मोहित गौतम आदि मौजूद रहे हैं। मृतक के परिजनों से मिलकर सभी लोगो ने शोकसम्वेदना व्यक्त किया और हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिया।

## वैक्सीन पर राजनीति

### विपक्ष द्वारा भाजपा की आलोचना

**विपक्ष** ने भाजपा द्वारा बिहार में सबको मुफ्त वायरस टीके का वादा चुनाव घोषणापत्र में शामिल करने की आलोचना की है। उसके दृष्टिकोण से कुछ मुद्दों का राजनीतीकरण नहीं होना चाहिए। ऐसा खासकर कोरोनावायरस वैक्सीन के बारे में सही है जिसकी प्रतीक्षा पूरा देश कर रहा है क्योंकि वह दुनिया का एक अत्यधिक प्रभावित देश है। अभी वैक्सीन के परीक्षण चल रहे हैं और इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि वह व्यापक रूप से प्रभावी होगी। यदि उसकी प्रभावशीलता मान भी ली जाए तो वैक्सीन देने के मामले में श्रेणीबद्ध प्राथमिकता अन्य बीमारियों से ग्रस्त रोगियों को देनी चाहिए। हालांकि, सरकार द्वारा सभी नागरिकों को मुफ्त वैक्सीन देने का लक्ष्य कल्याणकारी उद्देश्य से सराहनीय है। लेकिन इसका उद्देश्य राजनीतिक लाभ पाना नहीं होना चाहिए। विपक्ष की नजर में भाजपा द्वारा बिहार चुनाव में ऐसी घोषणा चुनावी लोकरंजकता का एक उदाहरण तथा सर्वाधिक घातक महामारी के प्रति जनता में व्याप्त बेचैनी का लाभ उठाने का प्रयास है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा इसकी घोषणा करना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। अगले वर्ष चुनाव होने वाले राज्य तमिलनाडु ने भी ऐसी ही घोषणा की है। अन्नाद्रमुक नेता व मुख्यमंत्री ई. पलानीस्वामी ने सबको मुफ्त वैक्सीन का वादा किया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा आम आदमी पार्टी–आप के नेता अरविंद केजरीवाल ने मौके का फायदा उठाते हुए सवाल किया है कि क्या गैर–भाजपा शासित राज्यों की जनता की पीड़ा पर ध्यान नहीं दिया जाना चाहिए। नेशनल कान्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने इसे 'घोर लोकरंजकता' तथा 'कोविड से भय का बेशर्मी से लाभ उठाने' का प्रयास बताया है। उन्होंने पूछा है कि क्या भाजपा



वैक्सीन के लिए खर्च पार्टी के खजाने से करेगी। हालांकि, केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने स्थिति स्पष्ट करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा है कि केन्द्र ने वैक्सीन के वितरण की व्यापक योजना बनाई है तथा उन लोगों की पहचान की है जिनको वैक्सीन देने में 'प्राथमिकता' दी जाएगी। उन्होंने यह आश्वासन भी दिया है कि सभी राज्यों के लोगों को मुफ्त वैक्सीन दी जाएगी। भाजपा आईटी प्रकोष्ठ के अमित मालवीय ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य राज्य का विषय है और बिहार की भाजपा इकाई ने चुनाव जीतने पर राज्य की जनता को इसे मुफ्त देने का वादा किया जिसमें कोई गलती नहीं है। दूसरी राज्य सरकारें भी ऐसा कर सकती हैं। लेकिन विपक्ष भाजपा नेताओं के इन स्पष्टीकरणों से संतुष्ट नहीं है। राष्ट्रीय जनता दल–राजद ने निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया है कि वह भाजपा को 'चुनाव के मामले में वैक्सीन का वादा करने से रोके।'

आशंका है कि दिसंबर के पहले कोरोना वैक्सीन के चिकित्सकीय परीक्षण के परिणाम सामने नहीं आएंगे और ऐसे में अगले वर्ष के प्रारम्भ में ही वैक्सीन का वितरण शुरू होना संभव हो सकेगा। ऐसे में सरकार को वैक्सीन वितरण प्रक्रिया पर ध्यान देते हुए कोल्ड चेन ढांचा मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि यह भी अपने आप में बड़ी चुनौती है। यदि सुरक्षा मानकों का पालन न हो तो बड़ी मात्रा में वैक्सीन के वायल खराब हो सकते हैं, अत: उनकी सुरक्षा के लिए तापमान पर नियंत्रण जरूरी होगा। अन्य वैक्सीनों की तुलना में कोविड वैक्सीन को और कम तापमान पर रखा जाता है। इसके अलावा इस पर बहुत अधिक पैसा खर्च करना होगा। सीरम इंस्टीट्यूट ने 80,000 रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया है। ऐसे में सवाल है कि क्या सरकार यह बोझ वहन करने में निजी क्षेत्र से सहयोग लेगी। इसके साथ ही अन्य बीमारियों से ग्रस्त लोगों की पहचान करना भी अपने आप में बड़ा काम है। वैक्सीन वितरण की चुनौतियां बहुत व्यापक होंगी और इनसे निपटने के लिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों को परस्पर सहयोग करना होगा। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों को सहयोगी भावना से कोविड वैक्सीन वितरण में एकजुटता का प्रदर्शन करना होगा।

# क्या बिहार में चलेगा मोदी का जादू?

### यद्यपि नरेंद्र मोदी का प्रभाव एवं लोकप्रियता दमदार है, क्या यह इस धारणा को दूर कर पाएगी कि नीतीश अपना स्वर्णिम काल पीछे छोड़ चुके हैं?

**स्वपन दासगुप्ता**
(लेखक राज्यसभा के सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार हैं)





**यहां** पर रिकार्ड मिश्रित प्रकृति का है। मोदी झारखंड में रघुबर दास के विरुद्ध व्याप्त सत्ता विरोधी भावना को परास्त नहीं कर पाए, वो और अमित शाह दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जीत होने से रोक नहीं पाए थे क्योंकि नेतृत्व के मामले में केजरीवाल की छवि स्थानीय भाजपाई चेहरों से बेहतर थी। लेकिन चुनावी गणित की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

भारत में मत सर्वेक्षण भले ही संकेत देते हैं लेकिन वे शायद ही कभी सटीक होते हैं, एक्जिट पोल के विपरीत जो वास्तविकता के काफी हद तक निकट साबित होते हैं। सटीक न होने के कारण का अंश चुनावों के दोषपूर्ण पद्धतिशास्त्र में निहित है। यदृच्छया निदर्शन में काफी पैसा खर्च होता है, निदर्शन की खामियों की बात तो अलग है, और मीडिया संगठनों के पास सीमित बजट प्राय: सांख्यिकीय रूप से सशक्त सर्वेक्षण नहीं होने देता है। उसके शीर्ष पर विचित्र किंतु सत्य झुकाव मतदान सर्वेक्षकों का ऐसे परिणाम दर्शाने के प्रति होता है जो उनके ग्राहकों को अच्छे समाचार प्रतीत होते हैं। सटीक पूर्वानुमानों का महत्व विश्वास दिलाने वाले अच्छे समाचार की तुलना में मीडिया संगठनों एवं राजनीतिक दलों का रास नहीं आता है।

भारतीय चुनावों में मत सर्वेक्षणों का वास्तविक दोष चुनावों के प्रकाशन पर निर्वाचन आयोग द्वारा थोपे गए प्रतिबंधों में स्थित हो सकता है। चूंकि यह मान लिया गया है कि प्रचार किसी भी प्रकार उन निर्वाचनों से प्रभावित नहीं होना चाहिए जो विजेताओं एव पराजितों की भविष्यवाणी करते हैं, चुनाव क्षेत्रों में समय रेखाओं से पूर्व संचालित किए जाते हैं तो वे स्पष्ट होते हैं। अभी तक प्रकाशित निर्वाचनों में महत्वपूर्ण रूप से बड़ी संख्या में अनिर्णय की स्थिति से गुजरने वाले मतदाता शामिल हैं, अथवा वे मतदाता जो अपने मतदान के इरादों का संकेत देने से इनकार करते हैं। इसका अर्थ है कि मामूली बदलाव परिणामों को बदल सकते हैं। सटीक मत सर्वेक्षणों के लिए जनता की मनोदशा को भांपना पड़ता है जैसे–जैसे प्रचार जोर पकड़ता है। चूंकि चुनाव आयोग द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण यह संभव नहीं होता, अनुमान प्रचुर मात्रा में राजनीतिकों एवं मीडिया पेशेवरों द्वारा दिए गए उपाख्यानात्मक प्रमाणों पर आधारित होते हैं। इन स्वाभाविक सीमाओं के बावजूद, बिहार विधानसभा चुनावों की स्थिति पर कुछ टिप्पणियां करना संभव है।

सर्वप्रथम, महामारी के दौरान अंतत: मत प्रतिशत को लेकर एक बड़ा सवालिया निशान लगा हुआ है। हो सकता है रैलियों में आने वाली भीड़ प्रभावशाली एवं पसंद को लेकर रोमांचित नजर आती हो। हालांकि, रैलियों का माहौल संक्रमणकारी साबित हो सकता है, मस्तिष्क में इस तथ्य को रखना समीचीन होगा कि रैलियों में शामिल होने वाले लोगों में मतदान करने वालों का प्रतिशत बहुत कम होता है। अधिकतर मतदाता कई वर्षों के दौरान प्राप्त अनुभवों की सामर्थ्य, परम्परागत संबद्धताओं एवं, अंतत:, सामुदायिक पसंद के आधार पर विचार बनाते हैं। रैलियां तथा छोटे प्रचार अभियान संदेश को फैलाने में मददगार होते हैं, लेकिन वे अंतिम समय में मतदान करने के लिए कभी महत्वपूर्ण नहीं होते।

मतदान के दिन भीड़ का हिस्सा बनने संबंधी अंतरनिहित भय के कारण यह चुनाव आगे और भी जटिल हो सकता है। यद्यपि कोविड–19 का भय नगरीय इलाकों में अधिक व्याप्त है, लेकिन ग्रामीण मतदाताओं का भी एक बड़ा हिस्सा सुरक्षा घेरे से निकलकर निर्वाचन केंद्रों में जाने से परहेज करता है। मैं व्यक्तिगत तौर पर महसूस करता हूं कि बिहार चुनाव में 50 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के प्रतिशत में गिरावट आ सकती है। यदि ऐसा होता है, तो यह माना जा सकता है कि इसका कुछ लाभ अपने शासन के रिकार्ड के चलते नीतीश कुमार को मिला है तथा जंगल राज वापस लौटने संबंधी भय कुछ क्षीण हो गया है।

दूसरे, एक नेता तथा प्रशासक के तौर पर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कम करके बताया जा रहा है। वो एक शांत होकर काम करने वाले व्यक्ति हैं तथा अपनी शैली में प्रदर्शन नहीं करते। मार्च के बाद से सामान्य जीवन में आने वाले लंबे व्यवधान का अर्थ है कि जमीनी स्तर पर उनकी मौजूदगी और अधिक अस्थायी बन गई है। उनके एकांतवासी दौर ने राज्य सरकार की प्रशासनिक पहुंच को प्रभावित नहीं किया है व राज्यों से हुए प्रवासी श्रमिकों के पलायन उनका काम अनुकरणीय रहा है। हालांकि, शांत होकर काम करना प्राय: ऊंची आवाज के विमर्शों के परिधीय होता है जो कठिनाइयों को बढ़ा–चढ़ाकर तथा प्रशासनिक गहराई को कम करके पेश करते हैं। ये जानना कठिन है कि यदि यह अंतिम परिणाम को आकार दे पाएगा। पिछला रिकार्ड मिश्रित प्रकृति का है। उदाहरण के लिए, ओडिसा में, नवीन पटनायक का दृष्टिकोण चुनाव में उनकी पार्टी के परिणामों को प्रभावित नहीं करपाया है। उसी प्रकार, पड़ोसी पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चा माकपा के भारी–भरकम संजाल की ताकत के बदौलत तीन दशकों तक सत्तासीन रहा था, यह इस तथ्य के बावजूद कि निर्वाचन के दिन के तीन सप्ताह पूर्व, विपक्ष ज्यादा नजर आता था।

बिहार में, निस्संदेह पिछले सप्ताह तेजस्वी यादव ने आक्रामण चुनाव प्रचार तथा 10 लाख लोगों को नौकरी देने के वादे की क्षमता के आधार पर काफी उत्तेजना पैदा की है। भाजपा ने इसका जवाब 19 लाख अतिरिक्त नौकरियां देने के वादे के साथ किया, एक ऐसा वादा जो दोनों वादों को क्षीण करने के प्रभाव रखता है। हालांकि, तथ्य यह है कि जनता दल यूनाइटेड व भाजपा का गठबंधन पूरी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रभावीयता पर निर्भर हो गया है। यद्यपि नरेंद्र मोदी का प्रभाव एवं लोकप्रियता दमदार है, क्या यह इस धारणा को दूर कर पाएगी कि नीतीश अपना स्वर्णिम काल पीछे छोड़ चुके हैं?

अंतत:, चुनावी गणित को ध्यान में रखना होगा। बिहार में विपक्ष भयंकर रूप से खंडित एवं विभाजित है तथा नीतीश विरोधी मत विभाजित हो सकते हैं। इसके चलते फर्स्ट पास्ट दि पोस्ट प्रणाली में सत्ताधारी गठबंधन को लाभ मिल सकता है। लेकिन जदयू की संगठनात्मक कमजोरी तथा जिस चुनाव क्षेत्रों में वह लड़ रहा है उनमें मतों को अपनी झोली में डालने की क्षमता को लेकर अनिश्चितता व्याप्त है। ऐसे में परिणाम क्या होंगे यदि भाजपा की सफलता दर जदयू से अधिक हो जाती है? इस संभावना ने बहुत सी अटकलों एवं साजिश के सिद्धांतों के लिए द्वारा खोल दिए हैं।

भारत में प्रत्येक चुनाव भीषण रूप से लड़ा जाता है व मतगणना के समय तक अनिश्चितता के बादलों से घिरा रहता है। हालांकि, जब मतगणना होती है तो परिणाम प्राय: स्पष्ट पैटर्न को सामने ला देते हैं। बिहार भी कुछ अलग नहीं है।

# लागोस में बर्बरतापूर्ण दमन

**गुइन डायर**
(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)





**हाल** में लागोस के लेक्की टोल प्लाज़ा पर विरोध प्रदर्शन करने वाले युवा नाइजीरियन अफ्रीका आने वाले पर्यटक नहीं थे। लेक्की लागोस का सबसे पोश उपनगर है, अधिकांश प्रदर्शनकारी शिक्षित थे तथा मीडिया के प्रति जागरूक लगभग सभी प्रदर्शनकारी शहरी अमीर वर्ग से थे। लेकिन इसके बावजूद सेना ने उनकी हत्या की। सेना ने जानबूझ कर उन पर निशाना लगाया। उन्होंने ट्वीट किया, 'उन्होंने दो घंटे पहले कैमरे हटा दिए थे, सड़कों पर लाइटें बंद कर दी थीं, एलएईडी बिलबोर्ड बंद कर दिए थे तथा सैनिकों को भीड़ पर गोलीबारी के लिए तैनात किया जो राष्ट्रगान गा रही थी। वे अपने साथ टैंक भी लाए। इस गोलीबारी में 78 से अधिक लोग मारे गए। इसके बाद नाइजीरिया की सेना लाशों को अपने ट्रकों में लाद ले गई।' हो सकता है कि मृतकों की संख्या बढ़ा–चढ़ा कर बताई गई हो। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बीबीसी को बताया कि उसने सैनिकों द्वारा गोली चलाने के बाद कम से कम बीस लाशों व पचास घायलों की गिनती की। आधिकारिक स्रोतों ने इनकार किया कि गोलीबारी में कोई मारा गया या वहां पर सेना तैनात थी। लेकिन चैनल टेलीवीजनों के पास वीडियो उपलब्ध हैं जिनमें नाइजीरियाई सेना की वर्दी पहने लोग आराम से बाधाओं को फ्लांग कर गुस्सा, लेकिन अहिंसक भीड़ पर गोलियां चला रहे हैं। यह नरसंहार मुख्यत: दक्षिणी नाइजीरिया में जारी विरोध प्रदर्शनों के दो सप्ताह बाद हुआ जिसके निशाने पर शुरुआत में पुलिस का स्पेशल एंटी राबरी स्क्वैड–सार्स था।

नाइजीरिया के लगभग सभी पुलिस बल भ्रष्ट व निर्मम हैं, पर सार्स खासतौर से डकैती डालने, उत्पीड़न करने तथा कभी कभी संदिग्ध लोगों व नौजवानों की हत्या करने के मामले में कुख्यात है। यदि आप नौजवान हैं, अलग रंग के बाल रखते या टैटू बनाए हैं, एक अच्छी चमकदार कार में सवार हैं तो सार्स के निशाने पर दुखद रूप से आ सकते हैं। दो सप्ताह पहले हुए प्रदर्शन सोशल मीडिया पर जारी उन तस्वीरों के बाद आए थे जिनमें एक नौजवान को सार्स द्वारा पीट कर मार डालते दिखाया गया था। 35 साल पहले सैनिक तानाशाह रहे मुहम्मदू बुहारी अब 77 साल के हैं और हाल ही में वे फिर से नाइजीरिया के राष्ट्रपति चुने गए हैं। उन्होंने खतरा पहचाना और तेजी से कार्रवाई की। दो दिन के भीतर उन्होंने सार्स को भंग कर दिया तथा उसके स्थान पर सभ्य व सौम्य बल बनाने का वादा किया, लेकिन प्रदर्शनकारी ऐसी बातें पहले भी सुन चुके हैं और अब उनका निशाना ज्यादा व्यापक है। नाइजीरिया जैसे बारूद के ढेर पर बैठा है तथा लंबे लाकडाउन के कारण बदहाली चरम पर है। प्रदर्शन पूरी दक्षिण नाइजीरिया में फैल गए थे और वे सभी अहिंसक नहीं थे। 19 अक्टूबर को एक भीड़ ने याबा में पुलिस थाने में आग लगा दी थी जो लागोस का एक और अमीर उपनगर है। बेनिन शहर के 120 किलोमीटर पूरब में हथियारों से लैस एक भीड़ ने दो जेलों पर हमला कर हजारों कैदियों को आजाद कर दिया था। सरकार का दावा है कि प्रदर्शनकारियों में अपराधियों ने घुसपैठ कर ली थी, हालांकि यह भी सच है कि कुछ स्थानों पर उनमें शिक्षित लोग भी शामिल थे। इन घटनाओं से सत्तारूढ़ राजनेता वर्ग में घबराहट फैल गई है। लेक्की में सुशिक्षित व फैशनेबल, लेकिन कानून मानने वाले नौजवानों के नरसंहार से जनता में गुस्सा और भड़क गया है। सत्तारूढ़ वर्ग नौजवानों के विद्रोह से भयभीत है क्योंकि वे न केवल देश को बदल सकते हैं, बल्कि उसे दो टुकड़ों में बांट भी सकते हैं।

अफ्रीका में सर्वाधिक 200 मिलियन की जनसंख्या वाला देश नाइजीरिया वास्तव में दो देश हैं। दक्षिणी व अधिकांशत: ईसाई जनसंख्या वाले नाइजीरिया में अधिकांश तेल, बंदरगाह और उद्योग हैं तथा यहां 95 प्रतिशत जनसंख्या शिक्षित है। लेकिन उत्तर के मुस्लिम बहुल हिस्से में 19 राज्यों में से केवल एक में साक्षरता 50 प्रतिशत से अधिक है। उत्तरी क्षेत्र की आधी युवा महिलाओं को कोई औपचारिक शिक्षा नहीं मिली है। स्वाभाविक रूप से तुलनात्मक समृद्धि ने समान रूप से असमानता को जन्म दिया है। दक्षिण के केवल 27 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं, जबकि उत्तर में इनकी संख्या 72 प्रतिशत है। इसके बावजूद विद्रोह करने वाले नौजवानों में दक्षिण के युवा हैं क्योंकि उत्तर के राजनीतिक प्रभुत्व ने एक विशिष्ट राजनेता वर्ग को सत्ता में बनाए रखा है।

औपनिवेशिक काल से सेना के अधिकारियों में उत्तर के मुस्लिमों का वर्चस्व है। इसी कारण पिछले 60 वर्ष में 38 साल तक मुस्लिम सैनिक तानाशाहों व निर्वाचित राष्ट्रपतियों ने नाइजीरिया पर शासन किया, यहां तक कि दक्षिण के ईसाई राष्ट्रपति उम्मीदवारों को भी उत्तर के हितों के सामने झुकना पड़ा। उत्तर के परंपरागत शासकों व धार्मिक नेताओं का बड़ा वोटबैंक है जिसे वे सबसे ज्यादा बोली बोलने वाले को बेच देते हैं तथा उनके हित में काम करते हैं, जबकि आम मतदाता अज्ञानी व आज्ञाकारी हैं। वोटबैंक के खरीदार दक्षिण के अमीरों का भी हित वर्तमान व्यवस्था बनाए रखने में है ताकि उनका भ्रष्टाचार जारी रहे। पिछले पचास साल में नाइजीरिया के तेल राजस्व की एक तिहाई रकम विदेशी बैंक खातों में पहुंच चुकी है।

लागोस की सड़कों पर उतरे पुरुष व महिलायें भले ही यह न समझ सकें कि उनके विद्रोह से पूरी भ्रष्ट व्यवस्था खतरे में पड़ सकती है, पर इससे लाभ उठाने वाले यह अच्छी तरह जानते हैं। इसी कारण उनकी प्रतिक्रिया बहुत तीखी है। अब से 25 साल बाद जनसंख्या में नाइजीरिया अमेरिका से आगे निकल जाएगा और दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन जाएगा। अच्छा होगा कि उस समय यह स्थिर व सुशिक्षित लोकतंत्र बने जहां समृद्धि का विस्तार दक्षिण से आगे भी हो।

## आप की बात

### झूठे वादे न करें

**राजनीति** में सेवा नहीं सत्ता महत्वपूर्ण हो गई है इसी वजह से आज चुनावी मौसम में वादों की झड़ी लगी हुई है। राजनीतिक दल सत्ता के लिए मतदाताओं को लुभाने हेतु सब्जबाग दिखा रहे हैं। कोई नौकरियां देने की बात कर रहा है तो कोई कोरोना की फ्री वैक्सीन देने का पासा फेंक रहा है। जनता भी अब तो राजनीतिक दलों का चरित्र जान चुकी है और वह कथनी करनी के अंतर को समझने के बावजूद मतदान के लिए मजबूर है। अब देखना यही है कि कौन कितना जनता को बेवकूफ बना पाता है? राजनीति में वादे और उन पर बहुत कम अमल की परंपरा रही है। चुनाव के समय प्रतिस्पर्धा के चलते कभी राजनीतिक दल ऐसे वादे कर बैठते हैं जिस पर तात्कालिक पर अमल संभव ही नहीं होता मगर सत्ता प्राप्ति के लिए राजनीति में सब कुछ जायज हो जाता है। इस समय मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में उपचुनावों के साथ ही बिहार में चुनावी घमासान है। महागठबंधन ने सत्ता में आने पर 10 लाख नौकरियां देने का दांव चला है। वाकई बिहार अपेक्षाकृत पिछड़ा राज्य है जहां लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार की जरूरत है। सत्ता में वहां कोई भी आए इस पर प्राथमिकता के साथ अमल किया जाना चाहिए।

– **अमृतलाल मारू,** धार, मप्र

### कब सुधरेगा पाकिस्तान

**विश्व** के देशों में आतंकवाद की जड़ फैलाने वाले पाकिस्तान को एस टी एफ की पेरिस में हुई ऑनलाइन बैठक में मुह की खाना पड़ी। और चारों खाने चित कर दिया। पाकिस्तान ग्रे लिस्ट से निकलने के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर आजमाइश करने का काम नाकाम साबित हुआ। आतंकियों को पनाह देनाओर शांति प्रिय देशों की शांति भाईचारे में खलल पटकना पाकिस्तान की पुरानी फ़ितरत ओर परम्परा है। एस टी एफ ने फिर पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में रखने का एलान किया। बिल्कुल नसीहत जरूरी है पाकिस्तान को इतना होने के बाद भी भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले इस देश की विषभरी फन को कुचलने का टाइम आ गया। अभी भी इसकी नाकाम हरकतें औऱ कोशिशे जारी है। समाचार पत्र से ज्ञात समाचार के आधार पर भारत के खिलाफ हमलों की फिराक में पाकिस्तान है। आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान को ढाई साल में 25 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। एस टी एफ का झटका इस कोरोना काल मे निश्चित ही पाकिस्तान की आर्थिक मुसीबतों को बढ़ाएगा। परन्तु इतनी ठोकरें खाने के बाद भी पाकिस्तान में कुछ भी सुधार या संसोधन सकारात्मक तौर पर नजर ही नही आता।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

### बढ़ रही सीखने की प्रवृत्ति

**पीएम** मोदी अपने दूसरे कार्यकाल की 17वीं मन की बात में देशवासियों को त्योहारों की शुभकामनाएं दी। साथ ही लॉक डाउन और महामारी से बचाव के लिए दो गज दूरी और मास्क को लगाए रखने की अपील की प्रधानमंत्री ने आगामी में 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती का जिक्र करते हुए उनके सेंस ऑफ ह्यूमर को सीखने की बात कही और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि पर प्रणाम किया। प्रधानमंत्री ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि हमें निरंतर कुछ न कुछ सीखते रहना चाहिए।भारत में कई युवा, डिजिटल तकनीक की मदद से नए स्टार्टअप शुरू कर रहे, उन्होंने पुलवामा के पेंसिल विलेज का भी उदहारण देते हुए, लोगों में आत्मविश्वास जगाया। महर्षि वाल्मीकि के वक्तव्य का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जब तक दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास है, तो कुछ भी करना संभव है।अंतत: प्रधानमंत्री ने बताया कि एकदेश सर्वश्रेष्ठ देश वेबसाइट पर प्रतीदिन एक वाक्य देश के हर भाषा ने लिखा होता है, जिसे पढ़कर हम अपने देश के अलग अलग भाषाओं का लुत्फ उठा सकेंगे।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**सभी** जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि त्योहारों में कोविड प्रोटोकाल का उल्लंघन न होने पाए।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

**किसानों** की आय दोगुनी करने एवं उत्पादन लागत घटाने व परेशानियां कम करने के लिए बदलते समय के साथ हमें अपने प्रयासों को बढ़ाना होगा।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री





**मैंने** ट्रंप नाम के व्यक्ति को अपना वोट दिया है। मैं आपको बता सकता हूं कि यह बहुत सुरक्षित वोट है।

– **डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति

# सामूहिक चेतना से समाज विरोधी शक्तियां होंगी परास्तः संघ

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया विजयादशमी उत्सव
- संघ के स्वयंसेवकों ने किया शस्त्र पूजन

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ प्रयाग दक्षिण की ओर से रविवार को विजयादशमी उत्सव और शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन हुआ। हनुमान नगर की ओर से यह कार्यक्रम सिविल लाइन्स स्थित ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में हुआ। जिसमें बौद्धिक प्रान्त प्रचारक प्रमुख काशी प्रान्त जय प्रकाश जी का रहा। अध्यक्षता हनुमान नगर के नगर संघचालक उदय शंकर तिवारी ने की। जय प्रकाश जी ने संघ के स्थापना दिवस पर्व को लेकर विजयादशमी उत्सव के महत्व को बताया। कहा कि बुराई में अच्छाई के प्रतीक का यह पर्व संघ शक्ति कलियुगे को सहितार्थ कर रहा है। वास्तव में जिस प्रकार छोटी सी वानर सेना संगठित होकर रावण की चतुरंगणि से सेना को परास्त कर दिया। यह उनकी विजय एकता का प्रतीक थी।

इसी प्रकार संघ के स्वयंसेवक को एकता के सूत्र में बांधकर आदर्श राष्ट्र के उत्तरोत्तर प्रगति के लिये कटिबद्ध रहना चाहिए। इस मौके पर अमृत वचन, सुभाषित, एकल गीत, गणगीत, शारीरिक और प्रार्थना आदि हुई। इस मौके पर शस्त्र पूजन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र, प्रधानाचार्य सुमंत कुमार पांडेय, सह नगर कार्यवाह अजय, संपर्क प्रमुख अभिषेक श्रीवास्तव आदि रहे।

इसी प्रकार कालिंदी नगर की ओर से तीन शाखाओं में उत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मना। राष्ट्रहित और राष्ट्र धर्म सर्वोपरि के संदेश के साथ ही कालिंदी नगर के देवरस शाखा स्थित देवरस पार्क में विजयादशमी उत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। काशी प्रांत के प्रांत प्रचार प्रमुख मोरार जी त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रहित और राष्ट्रधर्म ही सर्वोपरि है तथा आंतरिक और बाहरी ऐसी ताकतों को जो राष्ट्र उन्नति में बाधक है। उसे पराभूत किए जाने का भी आह्वान किया। विजयादशमी के दिन ही



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना परमपूज्य डॉक्टर हेडगेवार ने किया था। हिंदू एकता व हिंदुओं के संगठन में ही भारत के जीवित रहने की कल्पना किया। भारत उदय एवं भारत विजय की कल्पना के साथ शाखा के माध्यम से सामाजिक उन्नत की योजना का कार्य प्रारम्भ किया। कहा कि भगवान श्रीराम ने अन्याय पर न्याय की विजय प्राप्त की थी। तब से विजयादशमी का उत्सव मनाया जा रहा है। आज समाज विरोधी शक्तियों को सामूहिक जन चेतना के बल पर ही परास्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देवी दुर्गा ने आसुरी शक्तियों को इसी दिन पराजित किया था। मुस्लिम आक्रमण कारियों का मराठा शासकों ने जबरदस्त सामना किया। डॉक्टर हेडगेवार ने विजयादशमी के दिन ही 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना नागपुर में की थी। क्योंकि उन्हें आभास था कि अंग्रेजों के देश से जाने के बाद विषय परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। आज उनका अनुमान सही निकला। देशभर में बढ़ रही धर्मान्तरण और लवजिहाद की घटनाएं पूर्वोत्तर भारत में हिंदुओं का अल्पसंख्यक होते जाना दुनिया भर में हिंदुओं पर बढ़ रही उत्पीड़न की घटनाएं ताजा उदाहरण हैं। उन्होंने आगाह किया कि यदि हिंदू समाज संगठित नहीं हुआ तो जम्मू कश्मीर जैसे हालात हो जायेंगे। जैसे वहाँ एक समय हिन्दू बाहुल्य थे अब वहाँ हिन्दू अल्पसंख्यक हो गये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत्त वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह ने की। इसके पूर्व कालिन्दी नगर के नगर संघचालक रवि प्रकाश नगर कार्यवाह मनोज सह नगर कार्यवाह भूपेंद्र सहित तमाम लोगों ने शस्त्र पूजन किया। कार्यक्रम में भाग धर्म जागरण प्रमुख राजेश्वर सिंह, कालिन्दी नगर के नगर कार्यवाह मनोज, पार्षद अखिलेश सिंह उपस्थित रहे।

वहीं कालिंदी नगर की कौटिल्य शाखा में शाखा स्थल श्याम लाल इंटर कालेज कसारी मसारी चकिया में विजयादशमी उत्सव मनाया गया। राष्ट्रीय चरित्र एवं व्यक्तिगत चरित्र दोनों में सामंजस्य एवं संतुलन के संदेश के साथ काशी प्रांत के सेवा प्रमुख सत्य विजय ने बौद्धिक में यह संदेश दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाखा के माध्यम से व्यक्ति निर्माण का कार्य करती है तथा साथ ही राष्ट्रीय हित स्थापित किए जाने के लिए व्यक्ति में राष्ट्रीय चरित्र एवं व्यक्तिगत चरित्र दोनों में सामंजस्य संतुलन होना चाहिए। अध्यक्षता राकेश पांडेय ने की। इस मौके पर मुख्य शिक्षक अम्बरीष, प्रमोद, विजय, दिनेश, मनोज सिंह, रामानुज, महेंद्र, मनीष आदि रहे।

वहीं चंद्रशेखर आजाद शाखा में सहदेई कुमारी देवी सब्जी मंडी चौराहा में कार्यक्रम हुआ। बौद्धिक राज बिहारी सह विभाग कार्यवाह प्रयागराज विभाग का रहा। इस मौके पर मनोज नगर कार्यवाह कालिंदी नगरए धीरज सर्व व्यवस्था प्रमुख जगजीत मुख्य शिक्षक आदि रहे। प्रयाग दक्षिण भाग के माधव नगर अप्पया शाखा में कार्यक्रम संपन्न हुआ। विभाग संघचालक प्रोफेसर कृष्ण पाल सिंह का उद्बोधन हुआ। उन्होंने बुराई पर अच्छाई की जीत तथा समाज में चली आ रही कुरीतियों पर विजय पाने के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विगत 96 वर्षो के प्रयास तथा 60 देशों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाएं निरंतर रूप से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में भाग के संपर्क प्रमुख विजय तथा दक्षिण भाग के भाग प्रचार प्रमुख नरेंद्र तथा नगर संघचालक विद्या शंकर नगर कार्यकारिणी के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## मालगाड़ी की बोगी का पहिया पटरी से उतरा, हड़कंप

**उन्नाव।** अजगैन रेलवे स्टेशन के समीप कानपुर से लखनऊ जा रही मालगाड़ी की बोगी का एक पहिया रविवार की दोपहर पटरी से उतर गया। जानकारी होते ही अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर रेलवे अधिकारी और मेंटिनेंस विभाग मौके पर पहुंचा। रेलवे कर्मियों डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बेपटरी हुए पहिए को पटरी पर लाकर लखनऊ के लिए रवाना कर दिया। अजगैन रेलवे स्टेशन के समीप मौजूदा समय में डाउन ट्रैक की मरम्मत का कार्य चल रहा है। रविवार की दोपहर कानपुर से लखनऊ जाने वाली मालगाड़ी मरम्मत कार्य के चलते काशन लेकर खासी धीमी गति से जा रही थी। तभी मालगाड़ी के इंजन से तीसरी बोगी का एक पहिया पटरी से उतर गया। इंजन चालक ने धड़धड़ाहट की आवाज होने पर सूझबूझ दिखाते हुए मालगाड़ी को रोक दिया। चालक ने ट्रेन से उतर कर देखा बोगी का एक पहिया पटरी से उतर गया था। किसी भी चालक ने उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत करवाया। जानकारी होते ही आरपीएफव जीआरपी कर्मियों के अलावा लखनऊ से अधिकारी व रेलवे मेंटिनेंस कर्मी भी मौके पर पहुंच गए थे। कर्मियों ने मरम्मत के बाद पहिए को पटरी पर लाकर ट्रेन को लखनऊ के लिए रवाना कर दिया। ट्रेन के रवाना होने के बाद अधिकारियों से लेकर कर्मियों ने राहत की सांस ली।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की महत्वाकांक्षा बढ़े मां भारती का यशः गणेश

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

- भाजपा वेणी माधव मंडल का प्रशिक्षण अभियान का हुआ शुभारंभ

**भारतीय** जनता पार्टी वेणी माधव मंडल के द्वारा प्रशिक्षण महा अभियान का शुभारंभ वेणी माधव मंदिर परिसर दारागंज में शुभारंभ किया गया। इस अवसर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी के सचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आज भाजपा के द्वारा बनाए गए पंच निष्ठाओं के आधार पर संचालित हो रही है।

महात्मा गांधी के सर्वोदय एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय की विचारधारा पर कार्य कर रही है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से राष्ट्र की प्रगति के लिए कार्य कर रहे हैं। जबकि अन्य दलों में उनके कार्यकर्ता अपने स्वार्थ एवं निजी महत्वाकांक्षाओं की सिद्धि के लिए कार्य करते हैं। परंतु भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की महत्वकांक्षा सिर्फ और सिर्फ यही है कि मां भारती का यश पूरे विश्व में बढे इसके लिए कार्य करते हैं। इस अवसर पर विधायक हर्षवर्धन बाजपेई रामानुज शुक्ला प्रभा शंकर पांडेय अवधेश चंद्र गुप्ता ने विचार प्रकट किए। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता भरत निषाद एवं संचालन राजेश पाठक ने किया। प्रशिक्षण अभियान में कुंज बिहारी मिश्रा राजेश केसरवानी राजू पाठक राघवेंद्र कुशवाहा सचिन जायसवाल राजन शुक्ला राजेश निषाद सुनीता सुभाष वैश्य पप्पू तिवारी मिंटू गुप्ता कमलेश गुप्ता अभिषेक सोनकर उपस्थित रहे।

# बाजे-गाजे के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा कंपनी गार्डेन व लक्ष्मीकुंड में विसर्जित



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

- जहां मां दुर्गा की प्रतिमाएं नहीं बैठाई गई थी वहां कलश-पूजन का हुआ विर्सजन

**भारी सुरक्षा** के बीच सोमवार को दर्जनों से ज्यादा पूजा पंडालों की प्रतिमाएं गाजे-बाजे के साथ भारतेन्दु पार्क(कम्पनी गार्डेन) व लक्ष्मीकुंड स्थित तालाब में प्रतिमाएं विसर्जित हुई। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गये थे। इसके अलावा सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति, सर्वोदय दुर्गोत्सव समिति के कार्यकर्ताओं ने इस बार मॉ की प्रतिमा की जगह कलश स्थापना किया था जो आज विधि-विधान से विसर्जित किया गया। आज ज्यादातर बाबा मच्छोदरा नाथ दुर्गोत्सव समिति, कज्जाकपुरा दुर्गोत्सव समिति, बाल स्पोंटिंग क्लब, सर्वोदय क्लब सुड़िया सहित एक दर्जन से ज्यादा पंडालों की मॉ दुर्गा की मूर्तियों का विर्सजन किया गया। पूजा पंडाल के कार्यकर्ताओं ने 'दुर्गा मईया की जय, मॉ जगदम्बे की जयकारा लगाते हुए छोटे डीसीएम में मॉ दुर्गा जी की प्रतिमाओं को ले जाकर गाजे-बाजे के साथ विसर्जन किया गया। इसके साथ ही एक दर्जन से ज्यादा मॉ दुर्गा की प्रतिमा लक्ष्मीकुंड स्थित कुंड में विसर्जित की गई।

## किनाराम आश्रम में बाल स्वरूप भैरव व कन्या पूजन



**वाराणसी।** बाबा कीनाराम आश्रम में कन्या पुजन और बाल स्वरूप भैरव पुजन किया गया। शारदीय नवरात्र में यहां कन्या पूजन के साथ बाल स्वरूप भैरव पुजन किया जाता है। शारदीय नवरात्र में कन्या व भैरव पूजन का विशेष महत्व होता है। इस बार कोविड-19 के संक्रमण के चलते कोरोना नियमों का पालन करते हुए भैरव व कन्या पूजन किया गया। अघोरपीठ अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान के पीठाधीश्वर, सर्वेश्वरी समूह एवं अघोर सेवा मंडल के अध्यक्ष परम् पूज्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम के निर्देशन एवं आशीर्वाद से कीनाराम आश्रम में नव कुमारी कन्याओं एवं भैरव का पूजन सामाजिक दूरी का पालन करते हुए उत्साह पूर्वक आयोजित किया गया। इस दौरान कीनाराम स्थली में सीमित संख्या में सम्मिलित भक्तों को अनुमति दी गई थी। भक्त दो गज की दूरी का अनुपालन करते हुए कतारबद्ध होकर नव कुमारी एवं भैरव के बाल स्वरूप का दर्शन पूजन किया। कीनाराम स्थल इस दौरान देवी भक्ति के साथ-साथ हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा। इसके पूर्व नन्हीं-नन्हीं कुमारी कन्याओं का पाँव पखारे व शुभता के लिए महावर से रंगे गए, नए वस्त्र बिंदी कुमकुम आदि से श्रृंगार के उपरांत सजीली चमकदार चुनरियाँ ओढाई गयीं, विधिवत पूजन कर सात्विक भोजन पूड़ी सब्जी खीर पकवानों समेत दही, मिष्ठान और ऋतु फल से तृप्त किया गया। कन्याओं को नौ देवी स्वरूप एवं भैरव का पूजन आचार्य प्रकाश जी एवं संगीता सिंह ने किया। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए संस्थान के व्यवस्थापक अरुण सिंह तथा सदस्यों में गुंजन, नाना, वीरेंद्र, कांता, नवीन, गोलू, अंशू, डब्बू, जसवंत, गोवर्धन, मिंटू, फागू एवं अभिषेक ने सराहनीय योगदान दिया।

## बंगिय समाज की महिलाओं ने मां दुर्गा पूजन अर्चन कर निभाई रस्म

**वाराणसी।** काशी में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन से पूर्व मां दुर्गा की मूर्ति को सिंदूर अर्पण करने की रस्म अदायगी बंगीय समाज की महिलाएं करती हैं। इस वर्ष भी बंगीय समाज की महिलाओं ने सिंदूर खेला की रस्म निभायी। इस मौके पर दुर्गा पंडालों में बंगीय समाज के लोग नाचते गाते कार्यक्रम में शामिल हुए। दुर्गा मां विदाई के मौके पर बंगीय समाज की महिलाएं सिंदूर खेला की रस्म अदा करतीं हैं। यहां बंगीय समाज में नवरात्र समारोह का आयोजन धुमधाम से किया जाता है। इस वर्ष वैश्विक कोरोना संक्रमण की वजह से आस्थावानों के लिए आयोजन चुनौतीपूर्ण रहा। हालांकि, पर्याप्त सुरक्षा और सतर्कता के साथ ही दुर्गा पंडालों में देवी प्रतिमा की विदायी से पूर्व देवी दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर महिलाओं ने एक दूसरे पर सिंदूर फेंक कर सिंदूर खेला की परंपरा निभायी।

## वेबिनॉर में स्वस्थ संतुलित जीवन पर प्रकाश डाला गया

**वाराणसी।** चीनी, अतिरिक्त चीनी, वैकल्पिक मिठास, यह समझना कि इनमें अंतर क्या हैं, भ्रामक हो सकते हैं और यहां तक कि थोड़ी निराशा भी हो सकती है, खासकर जब इन शब्दों का उपयोग किया जाता है तो बहुत सारी विसंगतियां सामने आती हैं। स्पष्ट करने के लिए, इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन इस वेबिनार के माध्यम से इस विषय पर एक नज़र डालती है कि वास्तव में हमारे स्वस्थ संतुलित जीवन जीने का क्या मतलब है। इस महत्वपूर्ण वेबिनार को इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) के महानिदेशक अविनाश वर्मा ने संबोधित किया और लोगों को स्वाभाविक रूप से संतुलित जीवन और आहार ग्रहण करने की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया। संतुलित जीवन और आहार की दिशा में (स्मार्ट पारी) का आह्वान करते हुए, वेबिनार वक्ताओं ने चीनी वाले उत्पादों सहित सभी प्रकार के खाद्य पदार्थों के उपभोग की दिशा में जनता को प्रेरित करने के लिए आह्वान किए और इस दौरान संयम से भी काम लेने की सलाह दी गई।

# मनरेगा में घोटाले को लेकर ग्राम प्रधान की बर्खास्तगी आदेश रद्द

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने मनरेगा की दो लाख रुपये से अधिक राशि हजम करने वाले ग्राम प्रधान को कार्यवाही की तकनीकी खामियों के कारण राहत दे दी है। कोर्ट ने ग्राम प्रधान की बर्खास्तगी से पहले सुनवाई का मौका देने की कानूनी बाध्यता का उल्लंघन करने के कारण जिलाधिकारी एटा के आदेश को रद्द कर दिया है। साथ ही ग्राम प्रधान को तत्काल बहाल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सुनवाई का मौका देते हुए याची के विरुद्ध नए सिरे से कार्यवाही की भी छूट दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र ने लोहचा नाहरपुर गांव की प्रधान पुष्पा देवी की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है।

याची के अधिवक्ता का कहना था कि जिलाधिकारी एटा ने पंचायतराज अधिनियम के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया है। याची के खिलाफलगाए गए अधिकतर आरोपों को निराधार पाया गया है। उसे केवल मनरेगा योजना के दो लाख दो हजार 553 रुपये की अनियमितता का दोषी करार दिया गया है। इसके अलावा याची को पद से हटाने से पहले कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया गया है। जो कानून के तहत अनिवार्य है। सरकारी वकील का कहना था कि याची को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और उसकी तरफसे दिए गए स्पष्टीकरण को संतोषजनक नहीं पाया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर बर्खास्त किया गया है। याची का कहना था कि बर्खास्तगी से पहले नोटिस नहीं दिया गया है। जो धारा 95 की 1 जी के परन्तुक का खुला उल्लंघन है। इस पर कोर्ट ने ग्राम प्रधान की बर्खास्तगी रद्द कर नए सिरे से नियमानुसार कार्यवाही की छूट दी है।

# बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में सीएम की जनसभा आज, तैयारियां पूरी

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

**मंगलवार** को नगर में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक अमले के साथ ही पार्टी के जनप्रतिनधियों व प्रशासन के जिम्मेदारों द्वारा मौके पर पहुँचकर स्थिततियो का जायजा लिया गया। तैयारियों को लेकर दिनभर जिम्मेदारों का आवागमन जारी रहा।

गौरतलब हो बांगरमऊ विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में नगर के मुख्य हरदोई उन्नाव मार्ग के किनारे शांति मिल मैदान में मुख्यमंत्री की जनसभा का कार्यक्रम तंय हुआ है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष को भी आना है। कार्यक्रम को लेकर जनसभा स्थल का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार व



पुलिस अधीक्षक आनंद कुलकर्णी भी मौके पर पहुंचे और हेलीपैड मंच तथा कार्यकर्ताओं को बैठाने की व्यवस्था का जायजा लिया। सभा स्थल पर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री व चुनाव प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह, राज्यमंत्री सुरेश पासी व राज्य मंत्री अजीत पाल, साँसद साक्षी महाराज, जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत, विधायक पंकज गुप्ता, विधायक अनिल सिंह आदि सहित कई भाजपा के कद्दावर नेताओ द्वारा मौके पर पहुचकर तैयारियों का जायजा लिया गया तथा कार्य को तेजी के साथ समय पर निपटाए जाने की नशीहत दी गयी। देर शाम तक कार्यक्रम स्थल पर कार्य को युद्धस्तर पर होता हुआ देखा गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह मंगलवार की दोपहर दो बजकर पांच मिनट पर बांगरमऊ स्थित शांति मिल मैदान में जनसभा करेंगे। करीब एक घंटे जनसभा में रूकने के बाद सीएम व प्रदेश अध्यक्ष वापस लखनऊ जाएगें।

# बजरंग दल के सदस्यों ने किया शस्त्र पूजन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**विजयादशमी** के त्यौहार पर सस्त्र पुजन किया जाता है। इस मौके पर आदि शक्ति की आराधना की जाती है। विजयादशमी को हर व्यक्ति अपने जीवन में विजय प्राप्ति के लिए शस्त्रों की पूजा करता है। इस दिन मां दुर्गा, देवी अपराजिता, मां काली की आराधना के साथ शस्त्र पूजा की जाती है।

काशी में बजरंगदल के सदस्यों ने सस्त्र पूजन, सुंदरकांड पाठ व पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद् महानगर अध्यक्ष कन्हैया ने कहा कि कालांतर में हम अपने रीति रिवाज और परंपराओं को भूल गए थे, जिसकी वजह से ही विदेशी आक्रांता और अंग्रेजो ने हमारे देश पर हुकूमत किया था, लेकिन अब हम फिर अपनी परंपराओं का निर्वहन कर रहे हैं। बजरंग दल पुरे देश में अस्त्र-सस्त्र पूजन कार्यक्रम करता है। वर्ष 1954 से चली आ रही परंपरा को स्वर्णकार क्षत्रिय कमेटी के सदस्यों ने हर्षोल्लास के साथ शस्त्र पूजन किया। पंडित मिथिलेश शुक्ला बिहारी के आचार्यत्व में मां दुर्गा की विशाल तस्वीर के समक्ष दुर्गा सप्तशती का संपुट पाठ हुआ। शस्त्र पूजन के अवसर पर पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र ढाल तलवार आदि शस्त्रों का विधिवत पूजन अर्चन हुआ। अभ्यागतों का स्वागत महामंत्री श्याम कुमार सर्राफ तथा धन्यवाद प्रकाश कोषाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद वर्मा ने किया।

# राजकीय अस्थान की जमीन से अवैध कब्जा खाली कराने के खिलाफ याचिका खारिज

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**एसएसपी** कार्यालय के सामने स्थित राजकीय अस्थान की जमीन से अवैध कब्जा खाली कराने के खिलाफ दाखिल याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। याची ललित मोहन गुप्ता की याचिका पर दशहरे के अवकाश के दिन बैठी न्यायमूर्ति एम सी त्रिपाठी की विशेष पीठ ने कहा कि इस मामले में प्रशासन ने जानबूझकर अदालत के आदेश की अवहेलना नहीं की है इसलिए जिलाधिकारी प्रयागराज के खिलाफ अवमानना की प्रक्रिया शुरू करने का कोई औचित्य नहीं है। याचिका में कहा गया था कि हाईकोर्ट द्वारा याची के प्रत्यावेदन पर विचार कर निर्णय लेने का आदेश देने के बावजूद प्रशासन और प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने 24 अक्तूबर को उनका निर्माण ढहा दिया। जबकि कोर्ट ने 20 सितंबर 2019 को आदेश दिया था कि याची के प्रत्यावेदन पर सुनवाई के बाद दो माह में उपयुक्त आदेश पारित किया जाए तब तक ध्वस्तीकरण की प्रस्तावित कार्रवाई निलंबित रहेगी। याची का कहना था कि उसने पीडीए द्वारा भेजे गए ध्वस्तीकरण नोटिस पर आपत्ति और प्रत्यावेदन छह जुलाई 2019 को दिया था मगर कोर्ट के आदेश के अनुसार उसका निस्तारण न करके प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर दी जो अदालत के आदेश की अवमानना है। इसलिए जिलाधिकारी प्रयागराज के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही की जाए। याचिका का विरोध कर रहे सरकारी वकीलों ने कहा कि अधिकारियों ने याची के प्रत्यावेदन पर हाईकोर्ट के निर्देशानुसार 18 सितंबर 2020 को ही निस्तारण कर दिया था। इसके बाद ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई गई है। वकीलों ने इससे संबंधित आदेश की प्रति भी अदालत में पेश की। कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों द्वारा आदेश की अवहेलना नहीं की गई है। याची चाहे तो ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को उचित अदालत या फोरम में चुनौती दे सकता है।

## एचटी लाइन की चपेट में आने से सेवानिवृत्त दरोगा की मौत

**पुरवा,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के छत्ताखेड़ा गांव निवासी राजपाल वर्मा का दो साल पहले ही सिविल पुलिस लखनऊ मोहनलालगंज कनकहा चौकी से सेवानिवृत्त हुए थे। जिसके बाद वह गांव के बाहर सड़क पर घर बनवा कर रहने लगे थे। सुबह घर की छत पर पड़ी सरिया को नीचे उतारवा कर सीधी करवा रहे थे। जिससे घर के बाहर से गुजरी एचटी लाइन में सरिया छू गई और करंट की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक दरोगा के तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा मनोज बहराइच में अध्यापक है। दूसरा बेटा राकेश उत्तर प्रदेश पुलिस में खैराबाद सीतापुर में सिपाही है तथा छोटा बेटा रिंकू उर्फहर्षित अभी पढ़ाई कर रहा था। मौत को लेकर पत्नी कमला देवी व विवाहित बेटियां पूनम व सीमा रो-रोकर बेहाल है।

## फोटो वायरल मामले में युवक गिरफ्तार

**उन्नाव।** फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो वायरल मामले में बांगरमऊ पुलिस ने एक युवक को सोमवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। बांगरमऊ कोतवाल आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर युवती की अश्लील फोटो फेसबुक पर अपलोड करने पर बदलीपुरवा मजरा भिखारीपुर पतसिया निवासी राम सिंह पुत्र डेल्हा के विरूद्ध केस दर्ज किया था। सोमवार को आरोपित को फायर स्टेशन तिराहे के पास गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

# उन्नाव-लालगंज राजमार्गः निर्माण के नाम पर उदासीनता, उड़ती धूल बन रही मुसीबत

- चौपहिया वाहनों के गुजरने से हर समय दिखता धूल का गुब्बार, एक पखवाड़े में दर्जनों वाहन हो चुके दुर्घटनाग्रस्त

वीरेन्द्र विक्रम। बीघापुर (उन्नाव)



**बीघापुर, उन्नाव।** बढ़ते वायु प्रदूषण को रोंकने के प्रयास में जहां सरकार के निद्रेशों के बाद महानगरों में वाटर गन से पेड़ों व सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है, वहीं इसके उलट उन्नाव-लालगंज राजमार्ग पर उड़ रही धूल राहगीरों को बीमारी के साथ ही मार्ग दुर्घटनाओं की वजह बनती जा रही है। ठेकेदार की मनमानी के चलते मार्ग निर्माण का कार्य कच्छप गति से चल रहा है। मार्ग पर हो गए बड़े-बड़े गड्ढों की पैचिंग के नाम पर सड़क को जेसीबी से खोदकर समतलीकरण कर गड्ढों में डस्ट युक्त बोल्डर डालकर पाट दिया गया। परिणाम स्वरूप चौपहिया वाहनों के गुजरने से मार्ग में धूल का गुब्बार जमा हो जाता है। जिसके चलते लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को राहत देने के लिए शासन व प्रशासन भी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। मार्ग की हालत इतनी बदत्तर हो गई है कि अब यह लोगों के लिये मुसीबत बन गया है। उड़ने वाली धूल की वजह से दिन में ही विजिबिलिटी काफी कम हो जाती है, वही रात में समस्या और बढ़ जाती है। ऐसे में अक्सर बड़े वाहनों के चालकों को पास से गुजरने वाले वाहन दिखाई न देने के कारण दुर्घटनाएं बढ रही हैं। मार्ग पर उड़ने वाली धूल की वजह से एक पखवाड़े के अंदर दर्जनों वाहन दुर्घनाग्रस्त हो चुके हैं। जिसमें कई लोग तो अपंग हो गए तो कई की जान चली गई। अभी हाल ही में उन्नाव बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष कचेहरी से बीघापुर के हिन्दपालखेड़ा अपने घर लौट रहे थे। तभी हरवंश राय महाविद्यालय महाविद्यालय के पास हुए सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई थी। वहीं बीघापुर थाना क्षेत्र के बहुराजमऊ में हुए सड़क हादसे में ट्रैक्टर के हल की चपेट में आकर एक बालक का पैर ही कट गया। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि एक पखवाड़ा पूर्व जब से ठेकेदार ने सड़क की खुदाई कराई है तब से मार्ग पर दुर्घटनाओं में इजाफा हो गया है।

### धूल उड़ने से लोग हो रहे बीमार

चौपहिया वाहनों के गुजरने से उड़ने वाली धूल मार्ग पर चलने वाले दो पहिया वाहन सवारों व मार्ग के किनारे रिहायशी बस्ती व दुकानों के लोगो की बीमारी की वजह बन गई है। बीघापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद के डॉ पंकज पांडेय बताते हैं कि आंख, नाक, कान से धूल शरीर में भर जाती है। अगर कई दिनों तक ऐसा हो तो आंखों में नमी कम हो जाती है और सांस भारी सी लगती है। जिससे वह ब्यक्ति गंभीर बीमारी की चपेट में आ सकता है।

### होटलों व ढाबों का व्यापार हो रहा प्रभावित

उन्नाव-लालगंज राजमार्ग के किनारे बिहार, पाटन, इंदामऊ, अकवाबाद, ओसियां, कैचीमोड, बीघापुर, लालकुंआ, सिकंदरपुर अचलगंज आदि कई गांव व कस्बों में चाय नाश्ता व खाने पीने के ढाबे व होटल है। धूल के कारण लोग की भीड़ अब राजमार्ग के किनारे की दुकानों से काफी कम हो गई है। बीघापुर बस स्टॉप में चाट का ठेला लगाने वाले मनोज कहते हैं कि मार्ग न बनने से व्यापार प्रभावित हो रहा है। ढाबा संचालक प्रकाश अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताते हैं कि इस मार्ग का निर्माण न होने से पिछले कुछ अर्से से उन्हें इस ढ़ाबे से घाटा उठाना पड़ रहा है।

# कुछ लोग राजग में सेंध लगाना चाहते हैं : नड्डा ने चिराग पर साधा निशाना

**भाषा।** औरंगाबाद

**भाजपा** अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को लोजपा नेता चिराग पासवान पर परोक्ष निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव के वक्त कुछ लोग षड्यंत्र करके राजग में सेंध लगाना चाहते हैं लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंध एकजुट है लेकिन हमें सेंध लगाने वालों से भी सावधान रहना है। नड्डा ने औरंगाबाद में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, कुछ लोग चुनाव में षड्यंत्र करते हैं, वो चाहते हैं कि हमारे बीच सेंध लगे। वे एक तरफ तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भला बुरा कहते हैं और दूसरी तरफ मोदी की तारीफ करते हैं। उन्होंने कहा, हमें याद रखना कि एनडीए एक है। भाजपा, जदयू, वीआईपी और हम पार्टी ... यही राजग है। ऐसे में हमें सेंध लगाने वालों से भी सावधान रहना है। बिहार चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से अलग होने के बाद भी चिराग, भाजपा के प्रति नरम रुख अख्तियार किए हुए हैं, लेकिन नीतीश कुमार पर निशाना साधने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे। हाल ही में चिराग ने स्वयं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हनुमान बताया था। चिराग ने कहा था कि अगर नीतीश कुमार पुनः मुख्यमंत्री बन सकते हैं तो प्रधानमंत्री मोदी के छह साल के काम को गिनाकर कर ही बन सकते हैं क्योंकि पिछले पांच साल में उन्होंने खुद कोई काम नहीं किया। लोजपा नेता ने नीतीश कुमार के शासन में भ्रष्टाचार बढ़ने का भी आरोप लगाया था।

विपक्षी राजद पर निशाना साधते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ए वही लोग हैं जिन्होंने बिहार में अराजकता फैलाई थी। गुंडागर्दी चरम पर थी, अपरहण एक उद्योग बन गया था। बिहार पलायन कर रहा था और आज ए लोग नौकरी देने की बात कर रहे हैं। तेजस्वी यादव की पार्टी पर प्रहार जारी रखते हुए नड्डा ने कहा कि जिन्होंने बिहार में अराजकता फैलाई, प्रदेश में अपहरण उद्योग चलाया, लोगों को पलायन के लिए मजबूर किया.....वे क्या बिहार का विकास करेंगे ? उन्होंने कहा, लालू जी के वक्त में गरीब, समृद्ध, शिक्षित सभी ने मजबूरी में बिहार से दूरी बना ली। राजद का चरित्र अभी तक नहीं बदला है।

नड्डा ने कहा, जब से राजग के साथ नीतीश कुमार का गठबंधन हुआ है तब से बिहार ने विकास की तीव्र गति पकड़ी है। मैं व्यक्तिगत रूप ने बिहार की मिट्टी को पहचानता हूं और इसीलिए कह सकता हूं कि डबल इंजन की सरकार बिहार के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा , जो (माले) देश को खंडित करना चाहते हैं, जो देश के टुकड़े-टुकड़े करने की बात करते हैं, उनके साथ सीटों का बंटवारा कर लिया। माले ने राजद को हाइजेक कर लिया। राजद की पूर्ववर्ती सरकार के दौरान कानून व्यवस्था की खराब स्थिति का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि शाम के बाद लोग घर से नहीं निकलते थे। उन्होंने इस संदर्भ में बाहुबली शहाबुद्दीन का भी जिक्र किया और कहा कि नीतीश के आने के बाद अपराध पर लगाम लगी। नड्डा ने राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेताओं पर पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान संयुक्त राष्ट्र में अपनी बात रखने के लिए राहुल गांधी के बयानों का जिक्र करते है।



औरंगाबाद में बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में रैली करते हुए।

## कैलाश विजयवर्गीय ने कमलनाथ को मानसिक रूप से दरिद्र बताया

**इंदौर।** भाजपा नेता इमरती देवी पर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की विवादास्पद टिप्पणी की पृष्ठभूमि में भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने 73 वर्षीय कांग्रेस नेता को सोमवार को मानसिक रूप से दरिद्र बताया और दावा किया कि उनकी शब्दों की दरिद्रता से सूबे की सियासी साख खराब हुई है। विजयवर्गीय ने कहा, कमलनाथ के पास बहुत सारी संपत्ति है, करोड़ों रुपए हैं, पर वह मानसिक रूप से दरिद्र हैं। जब कोई व्यक्ति मानसिक रूप से दरिद्र होता है, तो उसकी शब्दों की दरिद्रता सामने आती है। इमरती देवी पर कमलनाथ की विवादास्पद टिप्पणी को लेकर कहा, कमलनाथ ने जिस तरह शब्दों की दरिद्रता दिखाई है, उससे मध्यप्रदेश की राजनीतिक प्रतिष्ठा खराब हुई है।

सूबे के कांग्रेस विधायकों का इस पार्टी से नाता तोड़कर भाजपा में शामिल होने का सिलसिला जारी रहने पर विजयवर्गीय ने दावा किया कि कांग्रेस का राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेतृत्व अपने कार्यकर्ताओं का विश्वास खो चुका है। अब भी बहुत सारे लोग, खासकर युवा नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आना चाहते हैं क्योंकि वे अपने सियासी भविष्य के मद्देनजर खुद को कांग्रेस में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

विधायकों की खरीद-फरोख्त को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा भाजपा पर लगाए जा रहे आरोपों को खारिज करते हुए विजयवर्गीय ने कहा, वे (कांग्रेस नेता) अपने विधायकों को खुद संभाल नहीं पा रहे हैं। ऐसे में उन्हें दूसरों पर आरोप नहीं लगाने चाहिए। अगर कांग्रेस नेता बोल रहे हैं कि उनके कार्यकर्ता बिक रहे हैं, तो ऐसा कहकर वे अपने कार्यकर्ताओं का ही अपमान कर रहे हैं। भाजपा महासचिव ने यह आरोप भी लगाया कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर गैर जिम्मेदाराना बयान देकर भारत के उन वीर सैनिकों का अपमान कर रहे हैं जो देश की सरहदों की हिफाजत के लिए अपने प्राणों की आहुति दे रहे हैं।

## केएसयू अध्यक्ष के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी वापस लें असम बीजेवायएम नेताः विधायक

**शिलांग।** मेघालय के एक भाजपा विधायक ने असम में पार्टी के एक नेता से खासी छात्र संघ (केएसयू) के प्रमुख लामबोकस्टार मारंगर के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी को वापस लेने के लिए कहा है। असम बीजेवाईएम अध्यक्ष अमितेश चक्रवर्ती ने पिछले सप्ताह केएसयू अध्यक्ष लामबोकस्टार मारंगर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उनके संगठन ने राज्य में विभिन्न स्थानों पर बैनर लगाए थे, जिसमें सभी बंगालियों को बांग्लादेशी बताया गया था। प्राथमिकी सिलचल पुलिस थाने में दर्ज की गई थी। दक्षिणी शिलांग से भाजपा के विधायक सनबोर शुल्लाई ने रविवार को कहा, यह केएसयू के सदस्य लुरशई हयनिवता की हत्या के बाद इचमाती में हुई घटना के संबंध में है। इन जैसी घटनाओं को किसी भी कीमत पर रोका जाना चाहिए। इससे शिलांग में शांति भंग हो सकती है। यह राज्य का मामला है और बाहर से किसी भी तरह के हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है।

## कुछ लोगों की भ्रमित व ठगने की आदत होती हैः नीतीश

**सकरा, महुआ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को राजद सहित विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों को चुनाव के समय तरह-तरह के वादे करने और ठगने की आदत होती है, लेकिन उन्हें काम से कोई मतलब नहीं होता है, जबकि उन्होंने जो कहा, वह करके दिखाया है और वह आगे भी काम करेंगे। नीतीशने यह बयान वैशाली के महुआ क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दिया। साल 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में राजद प्रमुख लालू प्रसाद के बड़े पुत्र तेज प्रताप यादव ने महुआ सीट से चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। इस बार तेज प्रताप यादव अपनी पुरानी महुआ सीट छोड़कर समस्तीपुर की हसनपुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। महुआ सीट से राज्य के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन की बेटी आसमां परवीन जद (यू) उम्मीदवार हैं।

नीतीश ने महुआ में रैली को संबोधित करते हुए तेज प्रताप यादव का नाम लिए बगैर कहा कि कुछ लोगों की आदत कुछ न कुछ बोलते रहने, लोगों को ठगने और भ्रमित करने की होती है। ऐसे लोग चुनाव के समय भ्रम फैलाने और समाज में विवाद पैदा करने का काम करते हैं। लेकिन हमने सभी क्षेत्र और समाज के हर तबके के लोगों के विकास के लिए काम किया है। कोई ऐसा नहीं कह सकता कि मेरे समाज के लोगों का खयाल नहीं रखा गया। हमने जो कहा, वह कर के दिखाया है तथा आगे और भी काम करेंगे।

नीतीश ने बताया कि वैशाली में 315 करोड़ रुपए की लागत से बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय की स्थापना हो रही है। उन्होंने कहा, हमारी रुचि सिर्फ काम करने में है, लोग देख लें कि पहले क्या हुआ और आज क्या स्थिति है। हम सिर्फ चुनाव के समय ही नहीं आते बल्कि लगातार क्षेत्र में आते रहे हैं, चारों तरफ आते रहे हैं। हम इस बात पर ध्यान देते हैं कि क्या काम हुआ है और क्या दिक्कत है।

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे जीवन में काम के अलावा और कुछ नहीं है। लालू प्रसाद पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के लिए पति, पत्नी, बेटा-बेटी ही परिवार है जबकि उनके लिए पूरा बिहार परिवार है। राजद के शासनकाल का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले न पढ़ाई की व्यवस्था थी, न इलाज का इंतजाम था और न लोगों के आने-जाने की सुविधा थी और शाम के बाद लोगों की घर से निकलने की हिम्मत नहीं होती थी। पहले कितनी अपराध की घटनाएं होती थीं, कितने नरसंहार, हत्या की घटनाएं होती थीं, डाक्टरों एवं व्यापारियों को भागना पड़ा था। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा, हमने अपराध की घटनाओं को नियंत्रित करने का काम किया है। हमने कानून का राज कायम किया। नीतीश ने अपनी सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार आने पर स्कूलों की स्थापना की गई, महिलाओं को पंचायतों एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया। नीतीश ने कहा कि उन्होंने न्याय के साथ विकास सुनिश्चित किया और अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े, अति पिछड़े, महादलितों समेत सभी को आगे बढ़ाने का काम किया, जिन्हें पहले कोई पूछता नहीं था।

## क्विक न्यूज

### उपचुनाव के बाद कांग्रेस के कई और नेता पार्टी छोड़ देंगे : रुपाणी

**अहमदबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस एक डूबता जहाज है और राज्य मे आठ सीटो के लिए तीन नवंबर को उपचुनाव के बाद विपक्षी दल के कई नेता पार्टी छोड़ देंगे। वलसाड जिले के कपराडा नगर मे भाजपा उम्मीदवार जीतू चौधरी के समर्थन मे एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए रुपाणी ने कहा कि कांग्रेस के आठ विधायको के इस्तीफे के कारण इन सीटो पर उपचुनाव हो रहा है। देश भर मे कांग्रेस को झटका लग रहा है। यह एक डूबता जहाज है। ताबूत मे आखिरी कील ठोकने का समय आ गया है। उन्होने दावा किया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओ को अपनी पार्टी के नेतृत्व में जरा भी भरोसा नही है। मुख्यमंत्री ने दावा किया, राहुल गांधी की नेतृत्व क्षमता पर भी सवाल उठे है। पार्टी (कांग्रेस) के कार्यकर्ता वंशवादी नेतृत्व से आजादी का प्रयास कर रहे है। पार्टी के कार्यकर्ता अब भी नाखुश है और इस उपचनुाव के बाद कई नेता पार्टी छोड़ देंगे। विधायको को एहसास हो चुका है कि कांग्रेस में रहते हुए लोगो के कार्य करना कठिन है क्योकि पार्टी केवल एक परिवार को खुश रखने में भरोसा रखती है। जीतूभाई (चौधरी) अपने निर्वाचन क्षेत्र की बेहतरी के लिए भाजपा मे शामिल हुए। रुपाणी ने कहा कि पूर्व मे भी कांग्रेस के कई विधायक पार्टी छोड़ चुके है। उन्होंने कहा कि 2017 मे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शंकरसिंह वाघेला ने 13 अन्य विधायको के साथ पार्टी छोड़ दी थी। अगले साल छह और विधायको तथा अब आठ विधायको ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। जीतू चौधरी कपराडा सीट से भाजपा के उम्मीदवार है। जून मे राज्यसभा चुनाव के पहले कांग्रेस के आठ विधायको ने पार्टी छोड़ दी थी, जिसके बाद इन सीटों पर उपचुनाव हो रहा है।

### शिवसेना का भाजपा पर वार, पूछा अब तक वी डी सावरकर को भारत रत्न क्यों नहीं मिला

**मुंबई।** कांग्रेस द्वारा वी डी सावरकर की आलोचना पर चुप्पी के लिए भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर निशाना साधे जाने के एक दिन बाद शिवसेना ने पलटवार करते हुए सोमवार को पूछा कि भाजपा ने पूर्व हिंदुत्व विचारक को अब तक भारत रत्न क्यों नही दिया? कांग्रेस राज्या में महा विकास आघाड़ी सरकार मे शिवसेना की सहयोगी है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी इस गठबंधन मे तीसरा सहयोगी दल है। संवाददाताओ से शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न महान और हिंदुत्ववादी नेता सावरकर को दिया जाना चाहिए। शिवसेना की वार्षिक दशहरा रैली के दौरान रविवार को पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कोविड-19 की स्थिति की वजह से विशाल शिवाजी पार्क की जगह यहां दादर इलाके मे सावरकर हॉल में अपना संबोधन दिया था। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता केशव उपाधए ने बाद मे सत्ताधारी दल पर सत्ता के लिए हिंदुत्व से समझौते का आरोप लगाया। उपाधए ने कहा, उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस द्वारा सावरकर की आलोचना पर एक शब्द नही कहा और अब उन्हें सावरकर प्रेक्षागृह से दशहरा रैली को संबोधित करना पड़ा। उनकी टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए राउत ने सोमवार को कहा कि शिवसेना कभी सावरकर से जुड़े मुद्दो पर चुप नही रही और कभी ऐसा करेगी भी नही। भाजपा का नाम लिए बगैर राउत ने कहा कि पार्टी को सावरकर पर शिवसेना के रुख को लेकर इतिहास खंगालना चाहिए। राज्यसभा सदस्य ने कहा, वीर सावरकर हमेशा से शिवसेना और हिंदुत्व के प्रेरक रहे है। जो लोग हम पर सवाल उठा रहे है [8230] वे वीर सावरकर को भारत रत्न क्यों नही देते? राउत ने जानना चाहा, आपने अपने पिछले छह साल से शासन मे कई लोगो को यह पुरस्कार दिया। वीर सावरकर को भारत रत्न देने मे आपको क्या परेशानी थी? महाराष्ट्र मे विधानसभा चुनावो के बाद पिछले साल शिवसेना ने राज्य मे लंबे समय से उसकी सहयोगी रही भाजपा का दामन छोड़ दिया था। शिवसेना ने सत्ता मे साझेदारी और बारी-बारी से मुख्यमंत्री पद संभालने के मुद्दे पर एक राय न होने के बाद यह कदम उठाया था।

### महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार कोरोना से संक्रमित

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि वह कोविड-19 से संक्रमित पाए गए है और डॉक्टरो की सलाह पर यहां एक अस्पताल मे भर्ती हो गए है। एक संदेश मे पवार ने कहा कि उनकी स्वास्थ्य स्थिति ठीक है। पवार के पास वित्त मंत्रालय का जिम्मा है। राकांपा के नेता ने कहा, मै कोरोना वायरस से संक्रमित हो गया हूं। एहतियात बरते हुए डॉक्टरो की सलाह पर मै ब्रीच कैंडी अस्पताल मे भर्ती हो गया हूं। उन्होने यह भी कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओ और नागरिको को उनकी सेहत के प्रति चिंतित होने की जरूरत नही है और वह थोड़े समय आराम करने के बाद फिर लोगो के बीच लौटेंगे। पवार ने बृहस्पतिवार को भी जांच कराई थी, जिसमे उनके संक्रमित होने की पुष्टि नही हुई थी, इसके बावजदू एहतियात बरतते हुए वह अपने सरकारी आवास देवगिरी मे पृथक-वास मे चले गए थे। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने कहा कि पवार की सेहत सामान्य है और वह आराम करने के मकसद से अस्पताल मे भर्ती हुए है, क्योकि घर पर उन्हे लगातार फोन आ रहे है और उन्हे आराम नही मिल रहा है। एक टीवी चैनल से टोपे ने कहा कि पवार के परिवार के सदस्यो की भी जांच कराई गई है और उनकी रिपोर्ट निगेटिव आई है। उन्होने लोगो से अपील की कि वह अपनी सेहत का ध्यान रखे और अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करें।


भागलपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते आरजेडी नेता तेजस्वी यादव

## दिशा सालियान की मौत की सीबीआई जांच की मांग करने वाले बंबई उच्च न्यायालय जाएं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बालीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले की सीबीआई जांच का अनुरोध करने वाले याचिकाकर्ता से सोमवार को कहा कि वह बंबई उच्च न्यायालय जाएं। दिशा सालियान की आठ जून को पश्चिम मुंबई के मलाड में एक रिहायशी इमारत की 14वीं मंजिल से गिर जाने की वजह से मृत्यु हो गई थी। इसके छह दिन बाद 14 जून को 34 वर्षीय अभिनेता सुशांत राजपूत भी अपने अपार्टमेन्ट की छत से लटके मिले थे।

प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने याचिकाकर्ता अधिवक्ता पुनीत ढांडा के वकील विनीत ढांडा से कहा, आप बंबई उच्च न्यायालय क्यों नहीं जाते ? उन्हें मामले की जानकारी है और वे सुविचारित निर्णय लेंगे। इसके बाद अगर कोई दिक्कत हो तो आप यहां आ जाएं। याचिकाकर्ता का कहना था कि दिशा सालियान और राजपूत की मौत की घटनाएं परस्पर जुड़ी हैं क्योंकि दोनों की ही संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हुई है।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि शीर्ष अदालत इस तरह के मामले में पहले सीबीआई जांच का आदेश दे चुकी है। इस पर पीठ ने कहा, आपका मामला हो भी सकता है और नहीं। लेकिन आप उच्च न्यायालय क्यों नहीं जा रहे। बंबई उच्च न्यायालय के साथ क्या समस्या है। वे सारे अधिकारियों को जानते हैं और उनके पास साक्ष्य भी हैं। इसके बाद अगर कोई समस्या हो तो आप यहां आएं। पीठ ने इसके साथ ही याचिकाकर्ता को अपनी याचिका वापस लेकर उच्च न्यायालय जाने की अनुमति प्रदान कर दी। याचिका के अनुसार, दिशा सालियान और सुशांत सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु होने की वजह से इन घटनाओं को लेकर तरह तरह की साजिश की बातें की जा रही हैं।

## अभिनेत्री पायल घोष रामदास आठवले की पार्टी में शामिल

**मुंबई।** प्रसिद्ध फिल्मकार अनुराग कश्यप के खिलाफ बलात्कार का आरोप लगाने वाली अभिनेत्री पायल घोष सोमवार को केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले की अगुवाई वाली रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (आठवले) में शामिल हो गईं। पायल को पार्टी की महिला इकाई का उपाध्यक्ष बनाया गया है। पायल कुछ अन्य लोगों के साथ आरपीआई अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुईं। पायल को पार्टी की महिला शाखा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आठवले ने कहा कि पायल एवं अन्य लोगों के पार्टी में शामिल होने से संगठन और मजबूत होगा। आठवले ने यह भी कहा कि कश्यप जल्दी ही गिरफ्तार किए जाएंगे। हालांकि, कश्यप ने पायल के आरोपों का लगातार खंडन किया है। मैंने उन्हें बताया कि आरपीआई (ए) बाबा साहेब आम्बेडकर की पार्टी है। यह समाज के सभी वर्गों के लोगों की मदद करती है चाहे वे दलित, आदिवासी, अन्य पिछड़ा वर्ग, ग्रामीण या झुग्गी में रहने वाले लोग हों।

## कमलनाथ, दिग्विजय बड़े गद्दार, भाजपा जीतेगी अधिकांश सीटेंः सिंधिया

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को मध्य प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों कमलनाथ और दिग्विजय सिंह को राज्य के सबसे बड़े गद्दार करार दिया और कहा कि उन्होंने भ्रष्ट सरकार चलाकर मतदाताओं के साथ विश्वासघात किया। सिंधिया ने कहा कि जब लोगों की आवाज उन्होंने पार्टी के हर स्तर पर उठाई और उसका समाधान नहीं निकाला गया तो वे कांग्रेस छोड़ने को मजबूर हो गए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तीन नवम्बर को राज्य की 28 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा पूरी नहीं तो अधिकांश सीटें जरूर जीतेगी। जिन 28 सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं उनमें से 27 सीटों पर कांग्रेस का कब्जा था। भाजपा का हर हाल में फायदा ही होगा, नुकसान सिर्फ कांग्रेस का होना है। इन 28 सीटों पर उपचुनाव इसलिए हो रहे हैं क्योंकि सिंधिया समर्थक 22 कांग्रेस विधायकों ने इसी साल मार्च महीने में पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। कमलनाथ की 15 महीने पुरानी सरकार अल्पमत में आ गई थी और बाद में सत्ता से उसकी विदाई हो गई। तीन और कांग्रेस विधायकों ने बाद में पार्टी से इस्तीफा दे दिया था जबकि तीन सीटें मौजूदा विधायकों के निधन से खाली हुई हैं।

सिंधिया ने कहा, कांग्रेस यदि सरकार बनाने की कल्पना भी करती है तो उसे सभी 28 की 28 सीटों पर उपचुनाव जीतना होगा। अभी हाल ही में उन्होंने अपना एक और विधायक गंवाया है। उसके विधायक राहुल लोधी भाजपा में शामिल हो गए हैं। स्पष्ट है कि लोगों को कांग्रेस में कोई विश्वास नहीं रह गया है। न सिर्फ जमीनी स्तर पर बल्कि इसके मौजूदा विधायकों का भी अब कांग्रेस से भरोसा उठ गया है। भाजपा में शामिल होने के बाद राज्यसभा के निर्वाचित हुए सिंधिया ने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी राज्य में एक साथ इतनी बड़ी संख्या में, लगभग 30 प्रतिशत, एक साथ पार्टी छोड़ गए हों। यह राज्य के नेतृत्व, जिसकी कमान कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के हाथों में है, के प्रति विश्वास व आस्था के अभाव को दर्शाता है।

उपचुनाव में प्रचार के दौरान कांग्रेस नेताओं द्वारा उन्हें गद्दार कहे जाने को लेकर पूछे जाने पर सिंधिया ने कहा कि वह राजनीति में ऐसे शब्दों के इस्तेमाल से अमूमन परहेज करते है क्योंकि उनका मानना है कि राजनीति में एक सीमा होनी चाहिए और उसका अनुपालन होना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर वे वास्तव में ऐसे शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं तो मध्य प्रदेश में सबसे बड़े गद्दार कमलनाथ और दिग्विजय सिंह हैं। वे मध्य प्रदेश की साढ़े सात करोड़ जनता के गद्दार हैं क्योंकि कोई भी चुनावी वादा पूरा नहीं किया गया। निजी फायदे की गतिविधियों में वे संलिप्त रहें और उन्होंने लोगों की सेवा करने की बजाय सत्ता और कुर्सी को ज्यादा तरजीह दी।

कमलनाथ द्वारा भाजपा उम्मीदवार इमरती देवी को आइटम कहे जाने पर सिंधिया ने उन्हें आड़े हाथों लिया और कहा कि सार्वजनिक जीवन में काम कर रहे लोगों को मूल्यों और मयार्दाओं का पालन करना चाहिए और समाज में उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या वह महाभारत के अर्जुन की तरह दुविधा में नहीं हैं क्योंकि जिनके साथ उन्होंने काम किया और लड़ाइयां लड़ी आज वह उन्हीं के खिलाफ बोल रहे है, इसके जवाब में सिंधिया ने कहा कि वह मध्य प्रदेश की जनता के हित में यह लड़ाई लड़ रहे हैं।

सिंधिया ने कहा कि उनके पिता माधवराव सिंधिया, दादी विजयाराजे सिंधिया और खुद उन्होंने लोगों के कल्याण के लिए राजनीति की राह पकड़ी। मेरे लिए राजनीतिक दल जन कल्याण के उस लक्ष्य तक पहुंचने का एक माध्यम है। इसलिए मेरे लिए राजनीति महत्वपूर्ण नहीं है। महत्वपूर्ण जन सेवा का लक्ष्य है। लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए जो भी जरूरत होगी, वह करेंगे। चाहे जिनके साथ 20 से ज्यादा साल तक काम किया, उनसे लड़ना अपरिहार्य है तो वह भी सही। सिंधिया ने कहा कि कमलनाथ की सरकार जिस तरीके से काम कर रही थी, उसे बदलने की उन्होंने कोशिशें की। मैंने हरसंभव प्रयास किया, जब स्थितियां नहीं बदली तो मेरे पास और कोई विकल्प नहीं था। जब कांग्रेस मध्य प्रदेश की सत्ता में आई तो लोगों की बहुत सारी आकांक्षाएं थी और उन्हें पूरी करने की जिम्मेदारी कमलनाथ के कंधों पर थी लेकिन उन्होंने 15 महीने एक भ्रष्ट सरकार चलाई।


मैसूर में दशहरा पर्व के अवसर पर कलाकारों द्वारा मनाया गया उत्सव।

# दलों को आभासी तरीके से प्रचार के उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक

भाषा। नई दिल्ली

**शीर्ष अदालत** ने सोमवार को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें राजनीतिक दलों से कहा गया था कि कोविड-19 के मद्देनजर वे तीन नवंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्यक्ष रैलियां करने के बजाय चुनाव प्रचार के लिए आभासी तरीके अपनाएं। न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने भारत निर्वाचन आयोग से कहा कि कोविड-19 के दिशा-निर्देशों और कानून को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक रैलियों के संबंध में उचित निर्णय लिया जाए। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय को निश्चित ही ऐसा महसूस हुआ होगा कि जमीनी हालात में बदलाव नहीं हो रहा है। निर्वाचन आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि वह कोविड-19 महामारी के बीच चुनाव कराने के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सभी निर्देशों और मानकों का पालन कर रहा है। इस पर पीठ ने द्विवेदी से कहा कि निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चुनाव कानून के अनुसार ही संपन्न हों और वह उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा देगी, लेकिन निर्वाचन आयोग को कानून के अनुसार काम करना होगा ताकि जमीनी हालात में बदलाव हो। पीठ ने टिप्पणी की, हम उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा देंगे और यह निर्वाचन आयोग पर छोड़ देंगे कि वह सुनिश्चित करे कि सबकुछ कानून के अनुसार हो। शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश की वजह से चुनाव प्रचार के लिए बर्बाद हुए समय के बारे में निर्वाचन आयोग को प्रतिवेदन दें। रोहतगी ने कहा कि अब सिर्फ सात दिन का समय बचा है और ऐसी स्थिति में चुनाव प्रचार के लिए रोजाना दो से तीन घंटे का समय और दिया जाए। पीठ ने कहा, हम स्पष्ट कर देंगे कि निर्वाचन आयोग के समक्ष जो भी मुद्दे उठाए जाएंगे, आयोग उन पर ध्यान देगा। शीर्ष अदालत निर्वाचन आयोग तथा मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी जिनमें उच्च न्यायालय के 20 अक्टूबर के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने इस मामले को छह सप्ताह बाद के लिए सूचीबद्ध करते हुए निर्वाचन आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए कानून के अनुसार निर्णय लेने की अनुमति प्रदान कर दी। पीठ ने कहा कि राजनीतिक नेता उच्च न्यायालय के आदेश की वजह से चुनाव प्रचार के लिए नष्ट हुए समय के बारे में निर्वाचन आयोग को अपने प्रतिवेदन दे सकते हैं।मध्य प्रदेश विधान सभा की 28 सीटों के लिए उपचुनाव हो रहे हैं जो शिवराज सिंह चौहान के भाग्य का फैसला करेंगे।शीर्ष अदालत ने तोमर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा कि वह ईसीआई को बताएं कि उच्च न्यायालय के आदेश के चलते चुनाव प्रचार का कितना वक्त बरबाद हुआ। राज्य विधान सभा में 25 सीटें रिक्त थीं। इनमे से 22 सीटें कांग्रेस के विधायकों के दलबदल करने और तीन सीटें सदस्यों के निधन की वजह से रिक्त हुई थीं। कांग्रेस के इन विधायकों में से 19 ने ज्योतिरादित्य सिन्धिया का समर्थन किया था और तीन सदस्य बाद में उनके साथ आ गए थे।निवाचन आयोग ने उच्च न्यायालय के आदेश की पृष्ठभूमि में कहा कि संविधान के तहत चुनावों के आयोजन और प्रबंधन की देखरेख का जिम्मा उसका है और संविधान के अनुच्छेद 329 के तहत चुनावी प्रक्रिया के मध्य में न्यायिक दखल पर रोक है। याचिका में कहा गया कि चुनाव आयोग ने अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए 25 सितंबर को चुनावी रैली या सभाओं के बारे में कोविड-19 संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए थे। इसमें कहा गया कि उनके दिशा-निर्देशों तथा राज्य सरकार की मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के मुताबिक सुरक्षा उपायों के साथ राजनीतिक सभाओं में 100 से अधिक लोगों के एकत्रित होने की अनुमति दी जा सकती है।



कुल्लू में दशहरे के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते लोग

## अर्णब प्राथमिकी: न्यायालय ने कहा, कुछ लोगों को अधिक संरक्षण की जरूरत

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने कथित रूप से भड़काने वाली टिप्पणियां करने के मामले में रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्णब गोस्वामी के खिलाफ दर्ज दो प्राथमिकियों की जांच पर रोक लगाने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश का महाराष्ट्र सरकार द्वारा विरोध करने पर सोमवार को कहा कि कुछ व्यक्तियों को अधिक गंभीरता से निशाना बनाया जाता है और उन्हें अधिक संरक्षा की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति धनन्जय वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव की पीठ ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब महाराष्ट्र सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने उच्च न्यायालय के 30 जून के आदेश पर सवाल उठाया और कहा कि यह संकेत नहीं दिया जाना चाहिए कि कुछ लोग कानून से ऊपर है। पीठ ने कहा, कोई भी कानून से ऊपर नहीं है, कुछ व्यक्तियों को अधिक गंभीरता से निशाना बनाया जाता है। आजकल इस तरह की संस्कृति हो गई है जिसमें कुछ व्यक्तियों को अधिक संरक्षण की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी पर रोक लगाने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार की अपील पर सुनवाई कर रही थी।ए प्राथमिकी कोविड-19 महामारी के कारण लॉकडाउन के दौरान पालघर में साधुओं की पीट-पीट कर हत्या और मुंबई के बांद्रा इलाके में बड़ी संख्या में प्रवासी कामगारों के जमावड़े के बारे में टीवी कार्यक्रमों में अर्णब गोस्वामी की टिप्पणियों के संबंध में दर्ज की गई थीं।वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान अर्णब गोस्वामी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा कि ये प्राथमिकी सही नहीं है और एक राजनीतिक दल ने कई राज्यों में मामले दर्ज कराए हैं। सिंघवी ने कहा कि उच्च न्यायालय ने प्राथमिकी पर रोक लगा दी है। और जांच भी निलंबित कर दी है जो नहीं किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, एक आपराधिक मामले में राज्य को जांच नहीं करने के लिए कैसे कहा जा सकता है? आपको भी देखना चाहिए कि यह संदेश नहीं जाए कि कुछ लोग कानून से ऊपर हैं। हालांकि, इस पर पीठ ने टिप्पणी की, यह विशुद्ध रूप से मौखिक मामले से जुड़ा बौद्धिक मसला है। यह कोई हथियार आदि की बरामदगी से संबंधित नहीं है। आप को जांच का अधिकार है लेकिन आप किसी को परेशान नहीं कर सकते। यह इस तरह से नहीं किया जा सकता जैसा किया गया है। पीठ ने सिंघवी से सवाल किया कि वह बताएं कि सरकार क्या नहीं करेगी। इस पर सिंघवी ने कहा कि गिरफ्तारी नहीं होगी और पुलिस के सामने पेश होने के लिए अर्णब को 48 घंटे पहले सम्मन जारी किए जाएंगे।महाराष्ट्र सरकार की इस दलील का साल्वे ने विरोध किया कि जांच रोकी नहीं जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस अर्णब से करीब 17 घंटे पूछताछ कर चुकी है और और समाचार चैनल के संपादकीय कर्मचारियों से करीब 160 घंटे पूछताछ की गई है। उन्होंने कहा, यह किसी तरह का मजाक हो रहा है। चैनल के सीईओ, सीएफओ ओर पूरे संपादकीय स्टाफ से पूछताछ की जा चुकी है।

## पीडीपी के तीन वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दिया

**श्रीनगर।** जम्मू क्षेत्र से पीडीपी के तीन नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को लेकर बयान दिए जाने के बाद पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। यह जानकारी पीडीपी सूत्रों ने यहां सोमवार को दी। सूत्रों ने बताया कि वरिष्ठ नेताओं टी एस बाजवा, हसन अली वफा और बेद महाजन ने पीडीपी से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने बताया कि तीनों नेता महबूबा मुफ्ती के जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल होने तक तिरंगा झंडा नहीं उठाने संबंधी उनके बयान से नाखुश थे। भाजपा नेताओं ने महबूबा मुफ्ती पर उनकी टिप्पणी को लेकर निशाना साधा था और कहा था कि उनके देशद्रोही बयान को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को कहा था कि उन्हें तब तक चुनाव लड़ने या राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा उठाने में कोई दिलचस्पी नहीं है जब तक पिछले साल पांच अगस्त को लागू किए गए संवैधानिक बदलाव वापस नहीं लिए जाते।उल्लेखनीय है कि केंद्र ने गत वर्ष पांच अगस्त को तत्कालीन राज्य का विशेष दर्जा समाप्त करने के साथ ही उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों, जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया था।

## जम्मू कश्मीर भाजपा ने विलय दिवस पर तिरंगा रैली निकाली

भाषा। श्रीनगर

**भाजपा की** कश्मीर इकाई ने विलय दिवस मनाने के लिए सोमवार को यहां तिरंगा रैली निकाली और पार्टी ने कहा कि इसमें लोगों की भागीदारी घाटी में देशद्रोही बयान देने वालों पर करारा तमाचा है।जम्मू कश्मीर सरकार ने विलय दिवस पर अवकाश की घोषणा की थी। 26 अक्टूबर, 1947 को जम्मू कश्मीर रियासत का भारत में विलय हुआ था। भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता यहां टैगोर हॉल में एकत्र हुए जहां इस अवसर पर एक समारोह आयोजित किया गया। पार्टी के एक प्रवक्ता ने कहा कि इसकी शुरुआत महाराजा हरि सिंह, भारत माता और मकबूल शेरवानी की तस्वीरों पर माल्यार्पण से हुई। मक़बूल शेरवानी ने पाकिस्तान समर्थित कबाइलियों को आगे नहीं बढ़ने दिया था।उन्होंने कहा कि इसके बाद तिरंगा रैली निकाली गई जिसका नेतृत्व भाजपा महासचिव और कश्मीर प्रभारी विबोध गुप्ता ने किया। रैली टैगोर हॉल से शुरू होकर डल झील के किनारे संपन्न हुई। रैली में दर्जनों वाहन शामिल थे जिनपर तिरंगा फहर रहा था। यह रैली गुपकार रोड से होकर गुजरी और कार्यकर्ताओं ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला तथा पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती के घरों के बाहर नारे लगाए। इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि रैली में लोगों की बड़े पैमाने पर भागीदारी कश्मीर के उन तथाकथित नेताओं पर एक करारा तमाचा है जिन्होंने पिछले कुछ दिनों में देशद्रोही बयान दिए हैं। सोमवार की रैली के दौरान एक गाड़ी पर गलती से तिरंगा झंडा उलटा लगा हुआ था। इसमें हरा रंग ऊपर और केसरिया नीचे की ओर था। यह झंडा जिस गाड़ी के आगे लगा हुआ था, उसमें भाजपा नेता अल्ताफ ठाकुर सवार थे। झंडे से संबंधित यह गलती सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

## गठिया की दवा के दुष्प्रभाव कम करने के लिए भारतीय वैज्ञानिकों ने दवा देने का नया तरीका खोजा

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय वैज्ञानिकों** ने गठिया की दवा सल्फापायरीडाइन के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए रोगियों को दवा देने का नया तरीका खोजा है। पंजाब स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार सल्फापायरीडाइन गठिया (रूमटॉइड आर्थराइटिस) की तीसरी सबसे पुरानी दवा है जो अब भी इस्तेमाल होती है।उन्होंने कहा कि लंबे समय तक इस दवा के सेवन से जी मिचलाना, उल्टी आना, त्वचा पर चकत्ते पड़ना, चक्कर आना, बेचैनी और पेट में दर्द जैसे दुष्प्रभाव सामने आते हैं। एलपीयू में स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के एसोसिएट प्रोफेसर भूपिंदर कपूर ने पीटीआई-भाषा से कहा, अत्यधिक खुराक की वजह से दवा के अणु के दुष्प्रभाव होते हैं, इसलिए हमने एक ऐसा तरीका निकाला है जिससे सीधे शरीर के प्रभावित हिस्से तक पहुंचाया जा सकता है और यह सुरक्षित है। मैटेरियल्स साइंस एंड इंजीनियरिंग सी नामक पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में अनुसंधानकर्ताओं ने सल्फापायरीडाइन का एक प्रोड्रग विकसित करने और इसे दवा देने के नए तरीके में शामिल करने की जानकारी दी है। प्रोड्रग को रोगी के शरीर के प्रभावित हिस्से में सीधे इंजेक्ट किया जाता है। इसका दवा के रूप में सेवन नहीं किया जाता।

## मोदी ने गुजरात दंगों को लेकर एसआईटी पूछताछ में नौ घटों तक एक कप चाय भी नहीं ली थी : राघवन

भाषा। नई दिल्ली

**वर्ष 2002** के गुजरात दंगों की जांच करने वाली एसआईटी के प्रमुख आर के राघवन ने एक नई किताब में कहा है कि उस समय राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी नौ घंटे लंबी पूछताछ के दौरान लगातार शांत व संयत बने रहे और पूछे गए करीब 100 सवालों में से हर एक का उन्होंने जवाब दिया था। इस दौरान उन्होंने जांचकर्ताओं की एक कप चाय तक नहीं ली थी। राघवन ने अपनी आत्मकथा ए रोड वेल ट्रैवल्ड में लिखा है कि मोदी पूछताछ के लिए गांधीनगर में एसआईटी कार्यालय आने के लिए आसानी से तैयार हो गए थे और वह पानी की बोतल स्वयं लेकर आए थे। गुजरात दंगों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित एसआईटी (विशेष जांच दल) का प्रमुख बनने से पहले राघवन प्रमुख जांच एजेंसी सीबीआई के प्रमुख भी रह चुके थे। वह बोफोर्स घोटाला, वर्ष के 2000 दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट-मैच फिक्सिंग मामला और चारा घोटाला से संबंधित मामलों की जांच से भी जुड़े रहे थे। राघवन ने अपनी किताब में उस समय का जिक्र किया है जब एसआईटी ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में मोदी को पूछताछ के लिए बुलाया था। राघवन ने लिखा है कि हमने उनके स्टाफ को यह कहा था कि उन्हें (मोदी को) इस उद्देश्य के लिए खुद एसआईटी कार्यालय में आना होगा और कहीं और मिलने को पक्षपात के तौर पर देखा जाएगा। राघवन ने कहाकि उन्होंने (मोदी) हमारे रुख की भावना को समझा और गांधीनगर में सरकारी परिसर के अंदर एसआईटी कार्यालय में आने के लिए आसानी से तैयार हो गए। पूर्व पुलिस अधिकार ने कहा कि उन्होंने एक असामान्य कदमै उठाते हुए एसआईटी सदस्य अशोक मल्होत्रा को पूछताछ करने के लिए कहा ताकि बाद में उनके और मोदी के बीच कोई करार होने का शरारतपूर्ण आरोप नहीं लग सके। राघवन ने कहा, इस कदम का महीनों बाद और किसी ने नहीं बल्कि न्याय मित्र हरीश साल्वे ने समर्थन किया। उन्होंने मुझसे कहा था कि मेरी उपस्थिति से विश्वसनीयता प्रभावित होती। तमिलनाडु कैडर के अवकाशप्राप्त आईपीएस अधिकारी ने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत निर्णय था, जो अंतर्मन से था। उन्हें 2017 में साइप्रस में उच्चायुक्त भी नियुक्त किया गया था। राघवन ने कहा, मोदी से पूछताछ एसआईटी कार्यालय में मेरे कक्ष में नौ घंटे तक चली। मल्होत्रा ने बाद में मुझे बताया कि देर रात समाप्त हुई पूछताछ के दौरान मोदी शांत और संयत बने रहे। राघवन ने कहा, उन्होंने (मोदी) किसी सवाल के जवाब में टालमटोल नहीं की...। जब मल्होत्रा ने उनसे पूछा कि क्या वह दोपहर के भोजन के लिए ब्रेक लेना चाहेंगे, तो उन्होंने शुरु में इसे ठुकरा दिया। वह पानी की बोतल खुद लेकर आए थे और लंबी पूछताछ के दौरान उन्होंने एसआईटी की एक कप चाय भी स्वीकार नहीं की। राघवन ने कहा कि मोदी को छोटे ब्रेक के लिए सहमत कराने में काफी अनुनय करना पड़ा। राघवन ने मोदी के ऊर्जा स्तर की तारीफ करते हुए कहा कि वह छोटे ब्रेक के लिए तैयार हुए लेकिन वह खुद के बदले मल्होत्रा को राहत की जरूरत को देखते हुए तैयार हुए। एसआईटी ने फरवरी 2012 में एक क्लोजर रिपोर्ट दायर की जिसमें मोदी और 63 अन्य लोगों को क्लीन चिट दी गई थी। उनमें कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ कोई कानूनी सबूत नहीं था। पूर्व सीबीआई निदेशक ने अपनी पुस्तक में यह भी कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश पर गठित एसआईटी द्वारा गुजरात दंगों की जांच पेशेवर थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की भूमिका पर एसआईटी का स्पष्ट रुखै था जो राज्य और दिल्ली में उनके (मोदी के विरोधी) के लिए अरुचिकर था।राघवन ने कहाकि उन्होंने मेरे खिलाफ याचिकाएं दायर कीं, मुझ पर मुख्यमंत्री का पक्ष लेने का आरोप लगाया। ऐसी अटकलें थीं कि उन्होंने टेलीफोन पर होने वाली मेरी बातचीत की निगरानी के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग भी किया। हालांकि कुछ भी नहीं मिलने से वे निराश थे। उन्होंने कहा कि शुरू में उनके खिलाफ झूठे आरोपों को हवा दी गई और बाद में खुले तौर पर आरोप लगाए गए। राघवन ने जोर दिया, सौभाग्य से उन्हें उच्चतम अदालत का साथ मिला...मेरे लिए यह तर्क स्वीकार करना असुविधाजनक था कि राज्य प्रशासन उन दंगाइयों के साथ जुड़ा हुआ था जो मुस्लिम समुदाय को निशाना बना रहे थे। हमारी जांच पेशेवर थी। राघवन ने मल्होत्रा की तारीफ करते हुए कहाकि अगर मैंने पेशेवर कुशल और निष्पक्ष मापदंड दिखाया तो यह अशोक कुमार मल्होत्रा के कारण भी था जिन्हें मैंने 2009 में एसआईटी में शामिल किया था। उच्चतम न्यायालय ने जब 2017 में राघवन को ड्यूटी से हटने की अनुमति दी थी तो टीम का जिम्मा मल्होत्रा को ही सौंपा गया था। राघवन ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह उन लोगों के निशाने पर थे, जिन्हें दिल्ली में उच्च पदों पर आसीन लोगों द्वारा उकसाया गया था। एहसान जाफरी मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह साबित करने के लिए कोई रिकॉर्ड नहीं था कि कांग्रेस सांसद ने फोन से मुख्यमंत्री से संपर्क करने की कोशिश की थी। राघवन ने कहा, संजीव भट्ट सहित कई अन्य लोगों ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री ने 28 फरवरी 2002 को देर रात आधिकारिक बैठक में मौजूद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया जाए कि यदि हिंदू भावनाएं उमड़ती हों तो वे हस्तक्षेप नहीं करें। एक बार फिर इस आरोप की पुष्टि के लिए कोई तथ्य नहीं था।

## पेज 1 का शेष...

### रक्षा सहयोग में...

मार्क टी एस्पर के साथ व्यापक मुद्दों पर हुई चर्चा के बाद अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बातचीत के दौरान सिंह और एस्पर ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को और विस्तारित करने तथा दोनों देशों की सेनाओं के बीच संबंधों को मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की एवं भारत के पड़ोस सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों से संबंधित मुद्दों की समीक्षा की। सूत्रों ने बताया कि क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा करते हुए दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी भारत के विवाद पर भी संक्षिप्त चर्चा की। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों मंत्रियों ने इस बात पर संतोष जताया कि अमेरिकी मंत्री की यात्रा के दौरान बीईसीए समझौते (बुनियादी आदान-प्रदान और सहयोग समझौता) पर हस्ताक्षर होंगे। इसके अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ के साथ अलग से बात की और पारस्परिक हित के विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। एस्पर और पोम्पिओ तीसरी मंत्रिस्तरीय टू प्लस टू वार्ता के लिए सोमवार को दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। वार्ता मंगलवार को होगी। टू प्लस टू वार्ता में भारतीय पक्ष का नेतृत्व जयशंकर और सिंह करेंगे।

रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि सिंह और एस्पर ने सेना से सेना के बीच सहयोग, सुरक्षित संचार प्रणाली और सूचना साझा करने तथा रक्षा व्यापार सहित समूचे द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की। इसने कहा, दोनों मंत्रियों ने संबंधित सशस्त्र बलों के बीच करीबी चर्चाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने सहयोग के संभावित नए क्षेत्रों पर चर्चा की, सेवा से सेवा के स्तर पर तथा संयुक्त स्तर पर। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने महामारी के दौरान भी मौजूदा रक्षा वार्ता तंत्र को सभी स्तरों, खासकर सैन्य सहयोग समूह के स्तर पर जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने एक-दूसरे के प्रतिष्ठानों में संपर्क अधिकारियों की तैनाती को विस्तारित करने की आवश्यकता पर भी चर्चा की। मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी रक्षा मंत्री ने आगामी मालाबार नौसैन्य अभ्यास में ऑस्ट्रेलिया की भागीदारी का स्वागत किया। सिंह ने रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में हालिया सुधारों को भी रेखांकित किया और अमेरिकी कंपनियों को देश की उदार नीतियों तथा रक्षा उद्योग के बेहतर माहौल का इष्टतम इस्तेमाल करने के लिए आमंत्रित किया। वार्ता में सैन्य सहयोग को मजबूत करने के अतिरिक्त हिन्द प्रशांत क्षेत्र में भागीदारी मजबूत करने तथा जो करार हो चुके हैं, उनके तहत हथियारों की जल्द आपूर्ति जैसे मुद्दे भी उठे। इस वार्ता के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत, थलसेना अध्यक्ष जनरल एम एम नरवणे, नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह और वायुसेना प्रमुख एअर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया, रक्षा सचिव अजय कुमार और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अध्यक्ष जी सतीश रेड्डी भी शामिल थे। वहीं, विदेश सचिव हर्षवर्धन शृंगला ने भी अमेरिका के उप विदेश मंत्री ब्रियान बुलाटाओ से अलग से बात की जो प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। सूत्रों ने संकेत दिया कि मंगलवार को होने वाली वार्ता में भारत-चीन के बीच जारी गतिरोध पर प्रमुखता से चर्चा हो सकती है।

### शांतिकालीन...

अंगों से अनुरोध किया कि वे तड़क-भड़क और त्योहारी सीजन के दौरान गोल्फ जैसी शांतिकालीन गतिविधियों से बचें। लद्दाख में हालात की समीक्षा करने के लिए सेना कमांडरों की बैठक के दिन ये रिपोर्टें आईं हैं। चार दिवसीय कांफ्रेंस में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे, नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह तथा वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया के अलावा रावत मंगलवार को उनको संबोधित करेंगे।

बैठक में कमांडर मई की शुरुआत से चले आ रहे इस गतिरोध के मद्देनजर पश्चिम में लद्दाख से लेकर पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तक फैली 4000 किमी लंबी एलएसी पर सुरक्षा में कोई कमी न रह जाए, इस पर भी गंभीरता से चर्चा करेंगे। हाड़ जमा देने वाली ठंड में जवान प्रभावी ढंग से अपनी ड्यूटी निभा सके इसके लिए ऑपरेशनल तैयारियों और जमीनी मदद के मसले पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। जाड़े का सामना करने के लिए सेना के पास पर्याप्त मात्रा में जाड़े के कपड़े, भोजन और बने बनाए हट उपलब्ध हैं तथा कांफ्रेंस में जवानों को लगातार रसद आपूर्ति की भी समीक्षा की जाएगी। भारत और चीन ने गतिरोध शुरू होने के बाद एलएसी पर एक लाख सैनिक तैनात कर रखे हैं। इसके अलावा दोनों पक्ष यह तैनाती अगले कुछ महीनों तक जारी रखने की तैयारी कर रहे हैं क्योंकि सैन्य और राजनयिक स्तर पर लगातार कई दौर की बातचीत के बाद भी गतिरोध खत्म नहीं हो सका है।

सूत्रों ने यहां सोमवार को बताया कि पहले दिन की बैठक में मानव संसाधन प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। द्विवर्षीय कांफ्रेंस में वाइस आर्मी चीफ, सात आर्मी कमांडरों, सेना मुख्यालयों के प्रिंसिपल स्टाफ आफिसर्स (पीएसओ) समेत सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बुधवार को अंडमान और निकोबार कमान के कमांडर इन चीफ सेना के कमांडरों को ताजा जानकारी देंगे। एकमात्र यही कमान तीनों सेना की कमान है। संयुक्त हवाई रक्षा कमान के साथ तीन अंगों की समग्र कमान के गठन के लिए वर्तमान में कई अध्ययन चल रहे हैं। कांफ्रेंस के अंतिम दिन सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के महानिदेशक बीआरओ के तहत चल रहे विभिन्न बुनियादी विकास परियोजनाओं के बारे में जानकारी देंगे। सेना में विभिन्न स्तरों पर मानवश्रम के अधिकतम उपयोग के बारे में भी पहल की जाएगी।

### भारत में कोविड-19...

गहन चिकित्सा कक्षों (आईसीयू) में कार्यरत डॉक्टरों के लिए सप्ताह में दो बार मंगलवार और शुक्रवार को विशेषज्ञों द्वारा टेलीवीडियो सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इन सत्रों की शुरुआत आठ जुलाई से हुई और आज की तारीख तक 25 टेली सत्र आयोजित हो चुके हैं जिनमें 34 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 393 संस्थान शामिल हुए हैं। इसके अतिरिक्त कई राज्यों ने बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से किसी न किसी बीमारी से पीड़ित लोगों जैसी संवेदनशील आबादी की पहचान के लिए आबादी सर्वेक्षण कराए हैं। इसके चलते मोबाइल ऐप जैसे प्रौद्योगिकी समाधानों की मदद से अधिक जोखिम वाली आबादी पर लगातार निगरानी रखना सुनिश्चित हुआ है जिससे मामलों की शुरू में ही पहचान करने, समय पर उपचार उपलब्ध कराने और मृत्युदर में कमी सुनिश्चित करने में मदद मिली है। मंत्रालय ने कहा कि जमीनी स्तर पर आशा और एएनएम जैसे अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्यकर्मियों ने प्रवासी आबादी के प्रबंधन और सामुदायिक स्तर पर जागरूकता फैलाने में सराहनीय कार्य किया है। इसने रेखांकित किया कि परिणामस्वरूप 14 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में महामारी संबंधी मृत्युदर एक प्रतिशत से कम है।

### पूर्व डीजीपी ...

जौनपुर से मुंगराबादशाहपुर सीट से तीन बार विधायक रह चुकी है। 2017 के विधान सभा चुनाव में सीमा को बसपा की सुषमा पटेल ने हरा दिया था। बदांयू से आने वाले बीएल वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर रह चुके हैं और इस समय योगी सरकार में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री भी है। वर्मा बृजक्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष भी हैं। हरिद्वार दुबे बीजेपी के काफी पुराने कार्यकर्ता हैं और प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर भी रह चुके हैं। गीता शाक्य औरैया जिले से आती है। इनको भी पार्टी ने कई जिम्मेदारियां दी थीं।

### नीतीश के आधा ...

के प्रति अपनी निष्ठा को दोहरा रहे हैं और नीतीश कुमार की हार सुनिश्चित करने, यहां तक कि जीत के बाद उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाने तक का ऐलान कर रहे हैं। चिराग के इस दावे पर कि चुनाव बाद बिहार में भाजपा और लोजपा की सरकार बनेगी, लोजपा को भाजपा की बी टीम बताने की अटकलें तेज हो गईं। बात इतनी बढ़ी कि केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री जावडेकर, भाजपा के चुनाव प्रभारी देवेंद्र फडणवीस से लेकर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा तक को कहना पड़ा कि लोजपा का राजग से कोई लेना देना नही है। चिराग अपने राजनीतिक फायदे के लिए वोटरों को गुमराह कर रहे हैं।

पहले चरण के तीन विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को संबोधित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजग उम्मीदवारों के लिए वोट मांगा और जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने समेत केंद्र सरकार की अन्य उपलब्धियों के हवाले से विपक्षी महागठबंधन पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है अनुच्छेद 370 वापस लागू कराने का बीड़ा उठाने वाली विपक्षी पार्टियां बिहार की जनता से वोट मांगने का दुस्साहस कर रही हैं। पीएम की रैलियों के बाद भाजपा ने अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें वादा किया गया है कि जीतने के बाद बिहार के लोगों को मुफ्त कोरोना वैक्सीन मुहैया कराई जाएगी। हालांकि, कोरोना संक्रमण से बचाव के टीके को चुनावी हथियार बनाने का उसका दांव थोड़ा उल्टा पड़ गया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत तमाम विपक्षी नेताओं ने सवाल दागा कि देश के अन्य राज्यों का क्या होगा? तूल पकड़ते मुद्दे को देख डैमेज कंट्रोल करती वित्त मंत्री सीतारमण को सफाई देनी पड़ी कि इस वादे में कुछ भी गलत नहीं है। राजग के बाद राजग ने घोषणापत्र जारी कर 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का वादा किया जिस पर नीतीश कुमार ने तीखा कटाक्ष किया। चुनाव मैदान में राहुल गांधी ने भाजपा शासित उत्तर प्रदेश के हाथरस सामूहिक दुष्कर्म का मुद्दा उठाकर सत्ताधारी दल पर वार किया। पलटवार करती भाजपा ने कांग्रेस शासित राजस्थान व पंजाब की ऐसी ही घटनाओं का जिक्र कर राहुल पर पक्षपाती होने का आरोप मढ़ा।

### मेडिकल सीटों में ...

की अनुमति दे दी थी और केन्द्र को इसके प्रतिशत के बारे में निर्णय के लिए तीन महीने का समय दिया था। राज्य सरकार और सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक ने सिर्फ इसी बिंदु पर राहत का अनुरोध करते हुए कहा था कि उच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि ओबीसी कोटा इसी सत्र में लागू किया जाना चाहिए। इस मामले में केन्द्र ने दलील दी कि चालू शैक्षणिक सत्र में 50 प्रतिशत कोटा लागू करना व्यावहारिक नहीं होगा। उच्च न्यायालय ने कहा था कि मेडिकल, पीजी और डेन्टल पाठ्क्रमों में अखिल भारतीय कोटे में छोड़ी गई सीटों में से आरक्षण का लाभ तमिलनाडु के भीतर ही ओबीसी को देने में सैद्धांतिक और संवैधानिक दृष्टि से कोई बाधा नहीं है, बशर्ते इसमें शीर्ष अदालत की कोई अन्य शर्त नहीं हो।

## आर्सनल व एवर्टन हारे

**लंदन।** जेमी वार्डी ने आर्सनल के खिलाफ गोल करने का अपना शानदार रिकार्ड बरकरार रखते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को यहां लीसेस्टर का 1-0 से जीत दिलाई। पिडली की चोट से उबरने वाले वार्डी ने खेल के 80वें मिनट में यह निर्णायक गोल किया। उनका आर्सनल के खिलाफ लीग में यह कुल 11वां गोल है। यह किसी भी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ वार्डी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह गोल भी शानदार था। यचूरी टीलमैन्स ने सेंगिज अंडर को पास दिया जिनका क्रास वार्डी तक पहुंचा और उन्होंने हेडर से उसे बड़ी खूबसूरती से गोल में बदल दिया।

## मेंडोंका हंगरी में जीते

**चेन्नई।** भारत के युवा अंतरराष्ट्रीय मास्टर लियोन ल्यूक मेंडोका ने हंगरी में रिगो शतरंज अंतरराष्ट्रीय महोत्सव का खिताब जीतकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम नार्म हासिल किया। चौदह वर्षीय मेंडोका ने छह बाजियां जीती, दो ड्रा खेली तथा एक बाजी में उन्हें हार मिली। वह दस खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे और विजेता बने।

## सीएसए के पूरे बोर्ड ने इस्तीफा दिया

**जोहानिसबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के 10-सदस्ईय निदेशक मंडल ने इस्तीफा दे दिया है जिससे देश की ओलंपिक समिति की मांग के मुताबिक इस संकटग्रस्त निकाय के अंतरिम प्रशासनिक ढांचा में बदलाव हो सकेगा। पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष ब्रेसफोर्ड विलियम्स सहित छह निदेशकों ने रविवार को एक बैठक के बाद इस्तीफा दे दिया जबकि बाकी चार ने सोमवार को पद छोड़ दिया। बोर्ड सदस्यों की परिषद ने विचार-विमर्श कर यह संकल्प लिया कि दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट के हित को पूरा करने के लिए सभी को इस्तीफा दे देना चाहिए, जैसा कि उन्होंने किया।

## जेवरेव को एक और खिताब

**कोलोन (जर्मनी)।** अलेक्सांद्र जेवरेव ने कोलोन टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में डिएगो श्वार्टजमैन को 6-2, 6-1 से हराकर अपना लगातार दूसरा एटीपी टूर खिताब जीता। जेवरेव ने नौ ऐस जमाए और एक ब्रेक प्वाइंट बचाया। उन्होंने फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले श्वार्टजमैन की पांच बार सर्विस तोड़ी। पहला सेट 38 मिनट जबकि दूसरा सेट केवल 33 मिनट तक चला। यह जेवरेव का कुल मिलाकर 13वां खिताब है। उन्होंने पिछले सप्ताह एटीपी इंडोर खिताब जीता था। यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले इस खिलाड़ी ने तीसरी बार लगातार दो एटीपी खिताब जीते है।

## शास्त्री समेत भारतीय कोचिंग स्टाफ यूएई पहुंचा

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री और उनका सहयोगी स्टाफ दो महीने के आस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी के लिए दुबई पहुंच गया और बायो बबल में प्रवेश कर लिया है। शास्त्री , बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ , गेंदबाजी कोच भरत अरूण और फील्डिंग कोच आर श्रीधर अपने अपने शहरों से रविवार को यहां पहुंच गए।

# मनदीप की दिलेरी से जीता पंजाब

- केकेआर को 8 विकेट से रौंदा
- गेल और शमी ने उम्दा खेला

**भाषा।** शारजाह



मनदीप

तीन रोज पहले अपने पिता को खोने के बावजूद साहसिक पारी खेलने वाले मनदीप सिंह और क्रिस गेल के अर्धशतकों और मोहम्मद शमी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से किंग्स इलेवन पंजाब ने इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ विकेट से हराकर प्लेआफ की उम्मीदें प्रबल कर ली। पंजाब के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केकेआर को नौ विकेट पर 149 रन पर रोक दिया। जवाब में गेल की आक्रामक और मनदीप की धीरज से भरी पारी के चलते ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मनदीप के पिता का शुक्रवार को ही देहांत हुआ है लेकिन उन्होंने अपने पिता का सपना पूरा करने के लिए खेलने का फैसला किया। उन्होंने अर्धशतक पूरा होने के बाद नम आंखों से आसमान की ओर देखते हुए चुंबन का इशारा किया। वह 56 गेंद में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 66 रन बनाकर नाबाद रहे। गेल ने 29 गेंद में दो चौकों और पांच छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। वह 19वें ओवर की पहली गेंद पर आउट हुए जब टीम को जीत के लिए सिर्फ तीन रन चाहिए थे। केकेआर का कोई गेंदबाज गेल और मनदीप पर दबाव नहीं बना सका। पंजाब ने पहला विकेट कप्तान केएल राहुल के रूप में गंवाया जो 25 गेंद में चार चौकों की मदद से 28 रन बनाकर स्पिनर वरूण चक्रवर्ती का शिकार हुए। आईपीएल के मौजूदा सत्र में एक मैच में पांच विकेट लेने वाले एकमात्र गेंदबाज वरूण को आज ही आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की टी20 टीम में शामिल किया गया। इस जीत के बाद पंजाब 12 मैचों में 12 अंक लेकर चौथे स्थान पर आ गया है। केकेआर के भी समान मैचों में समान अंक हैं लेकिन रनरेट के आधार पर वह पांचवें स्थान पर है।दोनों को अभी दो दो मैच और खेलने हैं। पंजाब के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया जिसे उनके गेंदबाजों ने सही साबित कर दिखाया। केकेआर के तीन विकेट दूसरे ओवर में महज 10 रन के भीतर गिर गए थे। पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल ने नीतिश राणा (0) को आउट किया। दूसरे ओवर में शमी ने केकेआर को दो झटके दिए जिससे टीम उबर नहीं सकी। राहुल त्रिपाठी चौथी गेंद पर विकेट के पीछे राहुल को कैच देकर लौटे। इस ओवर की आखिरी गेंद पर दिनेश कार्तिक (0) भी उसी अंदाज में आउट हुए। इसके बाद कप्तान इयोन मोर्गन और शुभमन गिल ने चौथे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को रवि बिश्नोई ने दसवें ओवर में तोड़ा जब मोर्गन बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में अश्विन को कैच दे बैठे।

### स्कोर

**केकेआर पारीः** गिल का पूरन बो शमी 57, राणा का गेल बो मैक्सवेल 00, त्रिपाठी का लोकेश राहुल बो शमी 07,कार्तिक का लोकेश राहुल बो शमी 00,मोर्गन का एम. अश्विन बो बिश्नोई 40,नारायण बो जोर्डन 06, नागरकोटी बो एम. अश्विन, कमिंस पगबाधा बिश्नोई 01,फर्ग्यूसन नाबाद 24, चक्रवर्ती बो जोर्डन 02, कृष्णा नाबाद 00, **अतिरिक्त :** 06 **कुल योगः** 20 ओवर मे नौ विकेट परः 149, **विकेट पतन** :1-1, 2-10, 3-10, 4-91, 5-101, 6-113, 7-114, 8-136, 9-149, **गेंदबाजीः** मैक्सवेल 2-0-21-1, शमी 4-0-35-3, अर्शदीप 2-0-18-0,अश्विन , 4-0-27-1, जोर्डन 4-0-25-2, बिश्नोई 4-1-20-2

**किंग्स इलेवन पंजाब पारी :** राहुल पगबाधा बो वरूण 28, मनदीप नाबाद 66,गेल का कृष्णा बो फर्ग्युसन 51, पूरन नाबाद 2, **अतिरिक्त :** तीन रन, **कुल योग :** 18 . 5 ओवर मे दो विकेट पर 150 रन, **विकेट पतन :** 1-47, 2-147, **गेंदबाजी :** कमिंस 4 -0 -31 -0, कृष्णा 3-0 -24 -0, वरूण 4 -0-34-1, नारायण 4-0 -27-0, फर्ग्युसन 3.5- 0-32-1

### चेन्नई आईपीएल से बाहर होने वाली पहली टीम बनी

**दुबई।** राजस्थान रॉयल्स की मुंबई इंडियन्स पर आठ विकेट की जीत से तीन बार का चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स पिछले 13 वर्षो में पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की दौड़ से बाहर हो गया। महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली टीम ने 2008 के बाद जिन 10 आईपीएल मे भाग लिया था उनमे वह प्लेऑफ मे जरूर पहुंची थी लेकिन इस बार टूर्नामेंट में उसका प्रदर्शन अच्छा नही रहा। चेन्नई ने रविवार को आरसीबी पर जीत दर्ज की थी लेकिन बाद में दूसरे मैच मे रॉयल्स ने मुंबई को हराकर धोनी की टीम की प्लेऑफ मे पहुंचने की धुंधली उम्मीद भी समाप्त कर दी। आरसीबी पर जीत से चेन्नई के 12 मैचो मे आठ अंक हो गए है लेकिन अपने आखिरी दो मैच जीतने पर भी वह अधिकतम 12 अंक ही हासिल कर सकता है और यह प्लेऑफ मे पहुंचने के लिए पर्याप्त नही होगे। अंक्तालिका मे मुंबई, दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी के समान 14 अंक है जबकि कोलकाता नाइटराइडर्स के 12 अंक है और उसे तीन मैच खेलने है।

# प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगा दिल्ली कैपिटल्स

- सनराइजर्स के खिलाफ मुकाबला आज

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स पिछले दो मैचों की हार को भुलाकर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के महत्वपूर्ण मैच में जीत दर्ज करके प्लेऑफ में जगह पक्की करने की कोशिश करेगा। कोलकाता नाइटराइडर्स और किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ हार के बाद दिल्ली को अब अपने अंकों की संख्या 16 पर पहुंचाने के लिए दो अंक की दरकार है। इससे वह अंकतालिका में भी शीर्ष पर पहुंच जाएगा। दूसरी तरफ से सनराइजर्स की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अगर मगर पर टिकी हैं। डेविड वार्नर की अगुवाई वाली टीम के 11 मैचों में आठ अंक हैं और वह अंकतालिका में सातवें स्थान पर है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे न सिर्फ अपने सभी मैच जीतने होंगे बल्कि बाकी मैचों में भी अनुकूल परिणाम की उम्मीद करनी होगी। दिल्ली के पास आक्रामक बल्लेबाजी ओर मजबूत गेंदबाजी है। वे किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं हैं क्योंकि अलग अलग समय पर उसके किसी खिलाड़ी ने बेहतर खेल दिखाकर टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाया है। लेकिन पिछले तीन मैचों में शिखर धवन को छोड़कर दिल्ली के बाकी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। चेन्नई के खिलाफ शतक जड़कर टीम को जीत दिलाने वाले धवन ने किंग्स इलेवन के खिलाफ भी सैकड़ा जड़ा लेकिन अन्य बल्लेबाजों की नाकामी से टीम को हार झेलनी पड़ी। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी सॉव खराब दौर से गुजर रहे हैं। उनकी जगह अंजिक्य रहाणे को लिया गया लेकिन यह सीनियर बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाया। ऋषभ पंत और शिमरोन हेटमायर भी अंतिम एकादश में वापसी करने के बाद रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। गेंदबाजी में दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा (23 विकेट) ओर एनरिच नोर्जे (14 विकेट) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। तुषार देशपांडे और रविचंद्रन अश्विन ने हाल के मैचों में गलतियां की लेकिन अक्षर पटेल ने किफायती गेंदबाजी की है। सनराइजर्स इस मैच में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मनोबल तोड़ने वाली हार के साथ उतरेगा।

## गावस्कर ने राहुल की कप्तानी की प्रशंसा की



**दुबई।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने किंग्स इलेवन पंजाब के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले कुछ मैचों में अच्छे प्रदर्शन का श्रेय केएल राहुल की कप्तानी और मुख्य कोच अनिल कुंबले के जज्बे को दिया। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव में कहा, उन्होंने जीत का तरीका ढूंढ लिया है। टूर्नामेंट के शुरू में लगता है कि वे इसे हासिल नहीं कर पाए थे। हर बार वे जीत के करीब पहुंचकर आखिरी ओवरों में हार रहे थे। इसके बाद उन्होंने वह कुंजी ढूंढ ली जिससे वे मैच जीतने लगे। पंजाब ने पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 126 रन का सफलतापूर्वक बचाव किया। केएल राहुल ने उनकी बहुत अच्छी तरह से अगुवाई की। राहुल कप्तानी की भूमिका में परिपक्व हुआ है। अनिल कुंबले की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं करेंगे।

## स्टोक्स और सैमसन के सामने हमारे गेंदबाजों के पास ज्यादा विकल्प नहीं थे : पंड्या

**अबुधाबी।** मुंबई इंडियन्स के आलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स के बेन स्टोक्स और संजू सैमसन की आक्रामक बल्लेबाजी के सामने उनके गेंदबाजो के सामने ज्यादा विकल्प नही थे। संवाददाता सम्मेलन में कहा, कई बार आपको विरोधी टीम को भी श्रेय देना चाहिए और मुझे लगता है कि उन्होंने वास्तव में बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। हमारे गेंदबाजो के पास करने के लिए कुछ खास नही था। उनका कौशल और उसका अच्छी तरह से उपयोग करना उनके (राजस्थान के बल्लेबाजों) पक्ष मे गया। बल्लेबाजी मे वे आज हमसे बेहतर थे।

## बीएलएम के समर्थन में घुटने के बल बैठे हार्दिक

**अबुधाबी।** मुंबई इंडियन्स के आलराउंडर हार्दिक पंड्या घुटने के बल बैठकर वर्तमान आईपीएल में ब्लैक लाइव्स मैटर यानि बीएलएम (अश्वेतो की जिंदगी मायने रखती है) का समर्थन करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। पंड्या ने रविवार को राजस्थान के खिलाफ मैच के दौरान ऐसा किया। उन्होंने 19वें ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया और वह एक घुटने के बल पर बैठे और उन्होंने अपना दायां हाथ उठाकर नस्लवाद के खिलाफ चल रहे अभियान के प्रति अपना समर्थन जताया।

## नवदीप के अंगूठे पर पांच टांके आगामी मैचों के खेलने पर संशय



**भाषा।** दुबई


आरसीबी के तेज गेंदबाज नवदीप सैनी का आईपीएल में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ खेलना संदिग्ध है क्योंकि चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ रविवार को खेले गए मैच में उनका दाहिने हाथ का अंगूठा चोटिल हो गया। यह भी गौर करने वाली बात है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुनी जाने वाली टीम में सैनी का चयन लगभग तय है। उनके खेलने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम (बीसीसीआई) की चिकित्सा टीम की मंजूरी की जरूरत होगी। यह चिकित्सा टीम सभी अंतरराष्ट्रीय खिलाडि़यों पर नजर रखती है। चेन्नई के खिलाफ मैच के 18वें ओवर में उनके दाहिने हाथ के अंगूठे में चोट लगी थी।

# रोहित ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर

- चोट के चलते नहीं जाएंगे
- सिराज टेस्ट व वरूण टी20 में
- सीमित ओवरों में राहुल उप्कप्तान, पंत को जगह नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली



भारत के सीमित ओवरों के उप-कप्तान और अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सोमवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुनी गई तीनों प्रारूपों की टीम से बाहर हो गए। चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाकी बचे मैचों में भी वह नहीं खेल सकेंगे। रोहित की गैरमौजूदगी में लोकेश राहुल उप-कप्तान की भूमिका में होंगे। विराट कोहली की अगुवाई वाली टेस्ट टीम में भी राहुल की वापसी हुई है। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को सीमित ओवरों की टीम में जगह नहीं मिली। वह हालांकि टेस्ट टीम में अपनी जगह बचाने में सफल रहे। बीसीसीआई चिकित्सा दल चोटिल तेज गेंदबाज इशांत शर्मा और रोहित की निगरानी कर रहा है। टीम घोषणा से जुड़ी विज्ञप्ति में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, बीसीसीआई चिकित्सा दल इशांत और रोहित की निगरानी करना जारी रखेगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के अलावा इतने ही मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलनी है। यह दौरा 27 नवंबर से शुरू होगा। यह पता चला है कि रोहित को चोट से उबरने में छह से आठ सप्ताह का समय लगेगा। रोहित को यह चोट आईपीएल के दौरान लगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई-भाषा को बताया, इस बात की संभावना कम है कि रोहित इस साल के इंडियन प्रीमियर लीग में आगे भाग लेंगे। उन्हें रिहैबिलिटेशन के लिए भारत वापस जाकर राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रहना होगा। सोमवार के चयन की सबसे बड़ी खबर राहुल रहे जो टी20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे दोनों में भारत के विकेटकीपर के तौर पर पहली पसंद बन गए है क्योंकि पंत को लेकर चयनकर्ताओं का धैर्य जवाब दे गया। सूत्र ने कहा, राहुल को 2021 टी20 विश्व कप और उसके आगे भी सीमित ओवरों में मुख्य विकेटकीपर के तौर पर देखा जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने अपने नेतृत्व कौशल से सभी को प्रभावित किया है और यही कारण है कि उन्हें उप-कप्तान बनाया गया है। संजू सैमसन टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में दूसरे विकेटकीपर होंगे, जिसमें कोलकाता नाइट राइडर्स के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को लगातार बेहतर प्रदर्शन करने के कारण टेस्ट टीम में मौका दिया है।

**टीमेंः टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम :** विराट कोहली (कप्तान), शिखर धवन, मयंक अग्रवाल, लोकेश राहुल (उप-कप्तान और विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, हार्दिक पांड्या, संजू सैमसन (विकेट-कीपर), रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी, दीपक चाहर, वरुण चक्रवर्ती।

**एकदिवसीय टीम :**विराट कोहली (कप्तान), शिखर धवन, शुभमन गिल, लोकेश राहुल (उप-कप्तान और विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, हार्दिक पंड्या, मयंक अग्रवाल, रवींद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी, शारदुल ठाकुर।

**टेस्ट टीमः**विराट कोहली (कप्तान), मयंक अग्रवाल, पृथ्वी साव, लोकेश राहुल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे (उप-कप्तान), हनुमा विहारी, शुभमन गिल, रिद्धिमान साहा (विकेट कीपर), ऋषभ पंत (विकेट कीपर), जसप्रीत बुमराह , मोहम्मद शमी, उमेश यादव, नवदीप सैनी, कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज।

## ब्याज-पर-ब्याज से छूट से 75 प्रतिशत कर्जदार होंगे लाभान्वितः रिपोर्ट

**मुंबई।** बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लिए गए 40 प्रतिशत से अधिक कर्ज तथा 75 प्रतिशत कर्जदार संचई ब्याज यानी ब्याज-पर-ब्याज से राहत देने के निर्णय से लाभान्वित होंगे। वहीं इससे सरकारी खजाने पर करीब 7,500 करोड़ रुपए का बोझ आएगा। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। सरकार ने पिछले शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय के समक्ष कहा कि वह 2 करोड़ रुपए तक के कर्ज पर संचई ब्याज से छूट देगी। इसके तहत बैंकों को संचई ब्याज और साधारण ब्याज के बीच अंतर की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा सभी कर्जदारों को मिलेगी। भले ही उसने किस्त भुगतान को लेकर दी गई मोहलत का लाभ उठाया हो या नहीं। लेकिन इसके लिए शर्त है कि कर्ज की किस्त का भुगतान फरवरी के अंत तक होता रहा हो यानी संबंधित ऋण गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) नहीं हो। क्रिसिल ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा, इस प्रकार के कर्ज संस्थागत व्यवस्था (बैंक, वित्तीय संस्थान) द्वारा दिए गए कर्ज का 40 प्रतिशत है। इससे 75 प्रतिशत कर्जदारों को लाभ होगा। जबकि सरकार के खजाने पर करीब 7,500 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा।

## एनएचएआई के अक्षम अधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाने का समय : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) में काम की सुस्त रफ्तार से काफी नाराज हैं। गडकरी ने एनएचएआई में देरी की कार्य संस्कृति पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि अब समय आ गया है जबकि गैर-निष्पादित आस्तियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाए। ऐसे लोग परियोजनाओं में देरी कर रहे हैं और अड़चनें पैदा कर रहे हैं। एनएचएआई अक्षम अधिकारियों का स्थल बना हुआ है, जो अड़चनें पैदा कर रहे हैं। ए अधिकारी प्रत्एक मामले को समिति के पास भेज देते हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जबकि ऐसे अधिकारियों को निलंबित और बर्खास्त किया जाना चाहिए और कामकाज में सुधार लाया जाना चाहिए।

## देश का कच्चा इस्पात उत्पादन सितंबर में तीन प्रतिशत गिरकर 85 लाख टन : वर्ल्ड स्टील

**नई दिल्ली।** देश का कच्चा इस्पात उत्पादन सितंबर में 2.9 प्रतिशत गिरकर 85.20 लाख टन रहा। इस्पात उद्योग के वैश्विक संगठन वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन (वर्ल्डस्टील) ने अपनी नवीनतम रपट में यह जानकारी दी। पिछले साल इसी माह में देश का इस्पात उत्पादन 87.72 लाख टन था। वर्ल्डस्टील ने कहा कि वैश्विक उत्पादन का स्तर बेहतर हुआ है। रपट के मुताबिक, सितंबर 2020 में 64 देशों का कच्चा इस्पात उत्पादन 15.63 करोड़ टन रहा। यह सितंबर 2019 के 15.19 करोड़ टन से 2.9 प्रतिशत अधिक उत्पादन है। वर्ल्डस्टील 64 प्रमुख इस्पात उत्पादक देशों की वैश्विक प्रतिनिधि संस्था है। रपट में कहा गया है, कोविड-19 महामारी से उपजी परिस्थितियों के चलते इस महीने के अधिकतर आंकड़े अनुमानि हैं और अगले महीने की रपट में इनके संशोधित आंकड़े पेश किए जाएंगे। वर्ल्डस्टील के आंकड़ों के अनुसार समीक्षावधि में चीन का इस्पात उत्पादन सालाना आधार पर 10.09 प्रतिशत बढ़कर 9.25 करोड़ टन रहा। पिछले साल सितंबर में यह 8.34 करोड़ टन था।

# सेंसेक्स 540 अंक लुढ़का

- अमेजन-रिलायंस के बीच विवाद प्रभाव

**भाषा।** मुंबई







वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 540 अंक लुढ़क गया। सूचकांक में मजबूत स्थिति रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज में नुकसान के साथ बाजार में गिरावट आई। मुकेश अंबानी के अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज के फ्यूचर ग्रुप के खुदरा कारोबार के अधिग्रहण को लेकर अमेजन के पक्ष में अंतरिम मध्यस्थता आदेश आने के बाद कंपनी का शेयर नीचे आया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में तीव्र गिरावट का भी निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स एक समय 737 अंक नीचे चला गया था। बाद में इसमें कुछ सुधार आया और अंत में 540 अंक यानी 1.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 40,145.50 अंक पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 162.60 अंक यानी 1.36 प्रतिशत टूटकर 11,767.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान में बजाज ऑटो रही। इसमें 6.10 प्रतिशत की गिरावट आई। जिन अन्य प्रमुख शेयरों में गिरावट रही, उनमें महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं। आरआईएल का शेयर 3.97 प्रतिशत नीचे आ गया। इसका कारण फ्यूचर ग्रुप के रिलायंस इंडस्ट्रीज को खुदरा कारोबार 24,713 करोड़ रुपए में बेचने के मामले में अमेजन डॉट कॉम के पक्ष में अंतरिम मध्स्थता आदेश का आना है। अमेजन पिछले साल खुदरा और फैशन समूह में अल्पांश हिस्सेदारी हासिल की थी। उसका कहना है कि फ्यूचर का अपना खुदरा, थोक, लॉजिस्टिक और गोदाम कारोबार रिलायंस को बेचना उसके साथ किए गए गए अनुबंध का उल्लंघन है। अनुबंध में यह प्रावधान शामिल था कि इस प्रकार की पेशकश सबसे पहले उसे की जानी थी।

## सोने में 59 और चांदी में 753 रुपए की गिरावट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सर्राफा बाजार मे सोमवार को सोना 59 रुपए गिरकर 51,034 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले कारोबारी सत्र मे सोना 51,093 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 753 रुपए की गिरावट के साथ 62,008 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र मे इसका बंद भाव 62,761 रुपए प्रति किलो रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार मे, सोना और चांदी दोनो के भाव अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले मामूली गिरावट दर्शाते क्रमशः1,901.30 रुपए प्रति औस और चांदी 24.26 डॉलर प्रति औस पर बंद हुए।

## रुपया अमेरिकी डालर के समक्ष 23 पैसे गिर कर 73.84 पर बंद

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में नरमी के बीच अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपए में सोमवार को 23 पैसे की नरमी रही। प्रमुख मुद्राओं के समक्ष डालर की मजबूती का भी बाजार पर असर था।

बाजार बंद होने के समय रुपए की विनिमय दर प्रति डालर 73.84 (अनंतिम)थी जो रुपए की दर में शुक्रवार के मुकाबले 23 पैसे की नरमी दर्शाती है। सोमवार को अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में रुपए की शुरुआत नरमी के साथ 73.77 पर हुई। कारोबार के दौरान भारतीय मुद्रा और भी नरम हो गई। बाजार बंद होने के समय विनिमय दर 73.84 रुपए प्रति डालर :अनंतिम: थी। यह पिछले बंद से रुपए में 23 पैसे की गिरावट दिखाता है। शुक्रवार को डालर 73.61 रुपए पर बंद हुआ था।

## स्पाइस जेट भारत-बांग्लादेश के बीच आठ नई उड़ानें शुरू करेगी

**मुंबई।** निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी स्पाइसजेट पांच नवंबर से भारत और बांग्लादेश के बीच आठ नई उड़ाने शुरू करेगी। कंपनी इनकी शुरुआत दोनों देशों के बीच विशेष द्विपक्षीय उड़ान समझौते (एयर बबल पैक्ट) के तहत करेगी। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि वह सप्ताह में चार दिन कोलकाता से चटगांव के बीच सीधी उड़ान सेवा का परिचालन करेगी। चटगांव उसके सेवा नेटवर्क में 11वां अंतरराष्ट्रीय स्थान होगा।

## इथेनाल उत्पादन के लिए सस्ता ऋण देने की योजना

**नई दिल्ली।** देश में इथेनॉल के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए, सरकार अपनी चालू योजना के तहत अनाज आधारित डिस्टिलरी इकाइयों को भी ब्याज सब्सिडी वाले ऋण की सुविधा प्रदान करने का विचार कर रही है। सूत्रों ने कहा कि पेट्रोलियम और खाद्य मंत्रालय दोनों का विचार है कि 2030 तक पेट्रोल के साथ 20 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इथेनॉल का उत्पादन केवल एक स्रोत (गन्ना) पर निर्भर नही होना चाहिए। इसके लिए चावल, मक्का, ज्वार और जौ जैसे स्रोतो की ओर ध्यान देने की जरूरत है।

## सेबी ने बिड़ला पैसेफिक, यशोवर्धन बिड़ला को बाजार में प्रतिबंधित किया

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से जुटाई गई राशि के दुरुपयोग को लेकर बिड़ला पैसेफिक मेडस्पा लि, यशोवर्धन बिड़ला और आठ अन्य को प्रतिभूति बाजार में किसी प्रकार की खरीद-बिक्री को लेकर दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। बिड़ला पैसेफिक मेडस्पा लि. (बीपीएमएलए) मार्च 2011 में सार्वजनिक निर्गम को लेकर पेशकश दस्तावेज लाई थी। कंपनी का 65 करोड़ रुपए का आईपीओ जून 2011 में आया था। नियामक ने पाया कि कंपनी ने आईपीओ से जुटाई जाने वाली राशि के उपयोग के उद्देश्य के संदर्भ में विवरण पुस्तिका में गलत जानकारी दी थी।

## जीएसटी दर में किसी भी तरह की कटौती यात्री वाहन उद्योग को समर्थन देने वाली होगी : टाटा मोटर्स

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यात्री वाहनों पर माल एवं सेवाकर (जीएसटी) की दर में कमी का समर्थन किया है। अधिकारी का मानना है किकटौती बीएस-6 उत्सर्जन मानकों को अपनाने से वाहनों की बढ़ी कीमत के असर को खत्म करने में सहायक होगी। टाटा मोटर्स के यात्री वाहन कारोबार इकाई के अध्यक्ष शैलेष चंद्र ने पीटीआई-भाषा से एक साक्षात्कार में कहा, वाहन की कीमत में कमी का लाभ अंतिम उपभोक्ता को भी होगा जो अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति की वजह से पहले ही कई तरह के दबाव झेल रहा है।

## बीपी की भारत के ईंधन बाजार पर नजर, गैस को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग

**नई दिल्ली।** ऊ र्जा क्षेत्र की वैश्विक कंपनी बीपी पीएलसी ने भारत को अविश्वसनीय स्तर पर वृद्धि कर रहा असाधारण देश बताया है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि वह भारत में ईंधन के खुदरा कारोबार तथा आवागमन के साधनों में अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती है। हालांकि कंपनी ने प्राकृतिक गैस को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने की भी मांग की। बीपी समूह के मुख्य कार्यकारी बर्नार्ड लूनी ने सेरावीक के भारतीय ऊर्जा मंच (आईईएफ) में कहा कि उनकी कंपनी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत अगले 4-5 वर्षों में 5,500 खुदरा आउटलेट की शुरुआत की जाएगी।

## रिलायंस के साथ सौदा स्थगित रखने के मध्यस्थता फोरम के आदेश को चुनौती दे सकता है फ्यूचर

**भाषा।** नई दिल्ली




किशोर बियानी के नेतृत्व वाले फ्यूचर समूह ने सोमवार को संकेत दिया कि वह रिलायंस इंडस्ट्रीज को कारोबार बेचने के सौदे पर अंतरिम रोक लगाने की सिंगापुर की मध्यस्थता अदालत के निर्णय को भारत के न्यायिक मंच पर चुनौती दे सकता है। मध्यस्थता अदालत ने वैश्विक स्तर पर खुदरा कारोबार करने वाली कंपनी अमेजन की याचिका पर 24,713 करोड़ रुपए के इस सौदे के खिलाफ अंतरिम रोक लगाई है।अमेजन ने फ्यूचर के साथ अपने पहले के शेयरधारककरार के आधार पर समूह के कारोबार को रिलायंस समूह की खुदरा कंपनी को बेचने का विरोध किया है। फ्यूचर समूह ने संकेत दिया कि वह इसे भारत में चुनौती दे सकता है ताकि रिलायंस के साथ उसके सौदे में देरी न हो और उसे नक्की किया जा सके। फ्यूचर रिटेल ने सोमवार को एक बयान में कहा कि वह सिंगापुर अंतराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र के अंतरिम ओदश का अध्ययन कर रहा है। बिग बाजार और ईजी डे स्टोर जैसे खुदरा स्टोर आदि का परिचालन करने वाली फ्यूचर रिटेल लि. ने कहा है कि वह उस करार में शामिल नहीं है जिसके आधार पर अमेजन ने मध्यस्थ निर्णय के लिए मामला दायर किया है।

# अमेरिका में अब तक पांच करोड़ 87 लाख लोगों ने किया मतदान

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका में** 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में अब तक पांच करोड़ 87 लाख से ज्यादा लोग मतदान कर चुके हैं और यह संख्या 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के शुरुआती मतदान से ज्यादा है। लेकिन मेल के जरिए मतदान की अप्रत्याशित संख्या ने परिणाम जारी होने में विलंब की संभावनाएं बढ़ा दी हैं क्योंकि मतों की गिनती तीन नवंबर से ज्यादा समय तक खिंच सकती हैं।सीएनएन ने अपनी एक रिपोर्ट में अमेरिका के एडिसन रिसर्च और कैटलिस्ट के सर्वेक्षणों के आंकड़ों के हवाले से बताया है कि सर्वेक्षण का हिस्सा रहे 50 राज्यों और वाशिंगटन डीसी में अब तक 5 करोड़ 87 लाख लोगों ने मतदान किया है और मतदान के लिए अभी नौ दिन बाकी है। आंकड़े में बताया गया है कि 2016 में इस अवधि में पांच करोड़ 83 लाख लोगों ने मतदान किया था। उस साल राष्ट्रपति चुनाव के लिए जो कुल मतदान हुआ था उसमें से 42 फीसदी शुरुआती मतदान था।वहीं सीएनएन की एक अन्य रिपोर्ट में बताया गया है कि मेल के जरिए अप्रत्याशित संख्या में मतदान के बाद भी ऐसी संभावना है कि चुनाव परिणाम की अंतिम घोषणा तीन नवंबर रात तक भी न हो पाए। सीएनएन ने मीडिया विशेषज्ञों के हवाले से बताया है कि वोटों की गिनती तीन नवंबर रात से भी ज्यादा समय अगली सुबह या फिर अगले दोपहर तक या उससे भी ज्यादा समय तक खिंच सकती है।

वहीं टेक्सास में 13 अक्टूबर से अब तक बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान किया है और विशेषज्ञों का अनुमान है कि मतों की संख्या के मामले में राज्य में इस शताब्दी में यहां हुआ मतदान अब तक के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ सकता है। ऐसा कहा जा रहा है कि अब तक जो पांच करोड़ 87 लाख लोगों ने मतदान किया है, इनमें से 54 फीसद मतदान बेहद कड़े मुकाबले वाले राज्यों में हुआ है।

## बोस्टन में एक बैलेट बॉक्स में लगी आग एफबीआई कर सकती है मामले की जांच

**बोस्टन ( अमेरिका )।** अमेरिका के बोस्टन के एक बैलेट बॉक्स में रविवार को आग लग गई। मैसाचुसेट्स के चुनाव संबंधी अधिकारियों का मानना है कि आग जानबूझकर लगाई गई। उस बैलेट बॉक्स में 120 से अधिक मत डाले गए थे। राज्य ने एफबीआई से इस मामले की जांच करने का अनुरोध किया है।मैसाचुसेट्स के चुनाव विभाग से जुड़े कॉमनवेल्थ मंत्री विलियम गालविन के कार्यालय ने बताया कि बोस्टन पब्लिक लाइब्रेरी के बाहर लगे बैलेट बॉक्स में तड़के करीब चार बजे आग लगी।बोस्टन के मेयर मार्टी व्लॉश और गालविन ने एक संयुक्त बयान में कहा कि यह लोकतंत्र के लिए शर्मनाक बात है, अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन कर रहे मतदाताओं का अपमान है और एक अपराध है। उन्होंने कहा, हम मतदाताओं से अनुरोध करते हैं कि वे ऐसी हरकतों से घबराएं नहीं और इस चुनाव तथा हर चुनाव में अपनी बात मजबूती से रखने के लिए प्रतिबद्ध रहें।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने चुनावी दौरे के बाद आर्चर्ड परिवार को आटोग्राफ देते हुए

# आपातकाल प्रस्ताव खारिज होने संबंधी फैसले पर फिर से विचार करेंगे : प्रधानमंत्री

**एपी।** कुआलालंपुर



**मलेशिया नरेश** द्वारा देश में कोरोना वायरस के फिर से फैल रहे प्रकोप के मद्देनजर आपातकाल घोषित करने के प्रधानमंत्री के प्रस्ताव को खारिज करने के बाद प्रधानमंत्री मुहियिद्दीन यासीन ने कहा कि उनकी सरकार कोविड-19 से लोगों को बचाने की कोशिश कर रही थी।कोरोना वायरस के मद्देनजर मुहियिद्दीन ने संसद को निलंबित करने समेत आपातकाल लगाने की योजना बनाई थी, जिस पर देश भर में आक्रोश है और आलोचकों ने इस कदम को अलोकतांत्रिक बताया है।मलेशिया पैलेस की ओर से जारी बयान में कहा गया था कि सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह की राय है कि फिलहाल उन्हें इस देश में या मलेशिया के किसी हिस्से में आपातकाल घोषित करने की आवश्यकता नहीं लगती।इसके कुछ घंटे बाद मुहियिद्दीन ने कहा था कि मंत्रिमंडल ने नरेश के फैसले का संज्ञान लिया है और इस निर्णय पर आगे और चर्चा करेंगे। स्थानीय मीडिया के अनुसार मंत्रिमंडल सोमवार दोपहर में इस मुद्दे पर बैठक कर सकता है। उन्होंने एक संक्षिप्त बयान में कहा, अभी मंत्रिमंडल और सरकार की प्राथमिकता नागरिकों को कोविड-19 से बचाना है। मुहियिद्दीन ने अपनी सरकार की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए नरेश की सलाह का भी स्वागत किया। मलेशिया में कोरोना वायरस के मामले केवल तीन सप्ताह में दो गुना बढ़कर 26,000 से अधिक हो गए हैं। आखिरी बार 1969 में घातक नस्ली दंगों के दौरान देश में आपातकाल घोषित किया गया था।

## ईरान में कोरोना वायरस संक्रमण चरम पर पहुंचा, स्वास्थ्य मंत्री ने जताई चिंता

**दुबई।** ईरान में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले इस महीने चरम पर पहुंच चुके हैं, अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है और इस संकट के बीच ही देश के स्वास्थ्य मंत्री ने बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अपनी ही सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया है।स्वास्थ्य मंत्री सईद नमाकी ने राजधानी तेहरान के लिए सरकार के नए निर्देशों का जिक्र करते हुए पिछले सप्ताह कहा था, हमने कहा था कि जो भी मास्क नहीं पहने, उससे जुर्माना वसूला जाए। उन्होंने कहा, लेकिन पता लगाइए कि कितने लोगों पर जुर्माना लगाया गया। हमने कहा था कि रास्ते बंद कर दीजिए और लेकिन उन्होंने कितने मार्ग बंद किए? नमाकी के भाषण में रोगियों से अस्पतालों के भरे होने का जिक्र करते हुए वायरस संक्रमण का प्रकोप फिर से फैलने के लिए सरकार पर उंगली उठाई गई है। उनका भाषण सरकारी अधिकारियों के सामान्य भाषण से बिल्कुल उलट है जो प्रतिबंधों के उल्लंघन के लिए जनता को दोषी ठहराते हैं।हालांकि एक दिन बाद नमाकी ने अलग ही संदेश दिया।अर्द्ध-सरकारी आईएसएनए समाचार एजेंसी ने नमाकी के भाषण के हवाले से कहा, हमें लोगों में बेवजह घबराहट पैदा नहीं करनी चाहिए। हमें कभी भी यह घोषणा नहीं करनी चाहिए कि अस्पतालों में खाली बेड नहीं हैं। हमारे यहां रिक्त बेड हैं। पश्चिम एशिया में कोरोना वायरस के कारण अब तक कथित तौर पर 32,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। एक शीर्ष स्वास्थ्य अधिकारी ने हाल में कहा था कि यह संख्या वास्तव में ढाई गुना अधिक हो सकती है।

# ताइवान में हांगकांग के प्रदर्शनकारियों की रिहाई की मांग को लेकर सैकड़ों लोगों ने निकाला मार्च

**एपी।** ताइपे (ताइवान)

**ताइवान की** राजधानी में रविवार को सैकड़ों लोगों ने हांगकांग के 12 प्रदर्शनकारियों की रिहाई की मांग करते हुए मार्च निकाला। इन प्रदर्शनकारियों को चीनी प्रशासन ने अगस्त में गिरफ्तार किया था।

ए 12 प्रदर्शनकारी कथित तौर पर अवैध रूप से नाव के जरिए ताइवान जा रहे थे, उसी दौरान चीनी अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। ए सभी चीन के दक्षिणी शहर शेनजेन में अवैध तरीके से सीमा पार करने के औपचारिक आरोप का सामना कर रहे हैं। यह क्षेत्र हांगकांग की सीमा से लगता है। शुक्रवार, शनिवार और रविवार को कई शहरों में इन प्रदर्शनकारियों की रिहाई के लिए प्रदर्शन हुए। न्यूयॉर्क, वेंकूवर से लेकर ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड तक प्रदर्शनकारियों के समर्थन में हैशटैग 12हांगकांगयूथ नाम के अभियान तले लोगों ने प्रदर्शन किए।हांगकांग के विख्यात कार्यकर्ता जोशुआ वांग और नाथन लॉ ने सोशल मीडिया पर इस मुहिम को आगे बढ़ाने में मदद दी। रविवार को ताइपे में इस प्रदर्शन में ताइवान के कई संगठनों के सदस्य शामिल हुए हैं जिनमें कई प्रदर्शनकारी हांगकांग से भी थे।ताइवान और चीन 1949 में गृहयुद्ध के बाद अलग हो गए थे और बीजिंग ने ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन की सरकार से संबंध खत्म कर लिए क्योंकि उन्होंने ताइवान को चीन के हिस्से के रूप में मान्यता देने से इनकार कर दिया। चीन का मानना है कि यह क्षेत्र भी चीन की एक देश, दो तंत्र की नीति के साथ चीन की मुख्य भूमि में शामिल हो जाएगा।

## उत्तर पश्चिम सीरिया में हवाई हमले में 50 से अधिक विद्रोही लड़ाके मारे गए

**बेरूत।** सीरिया में विपक्षी प्रवक्ता एवं युद्ध की निगरानी करने वाले एक संगठन ने कहा है कि उत्तर पश्चिम सीरिया में स्थित विद्रोहियों के एक प्रशिक्षण शिविर पर किए गए हवाई हमले में 50 से अधिक लड़ाके मारे गए हैं। तुर्की समर्थित सीरिया के विपक्षी समूह के प्रवक्ता युसूफ हमूद ने कहा कि सोमवार को हुए इस हवाई हमले के बारे में माना जाता है कि यह रूस ने किया है। हमूद ने कहा कि हवाई हमले में इदलिब प्रांत के फैलाक अल शाम द्वारा संचालित प्रशिक्षण शिविर को निशाना बनाया गया है। फैलाक अल शाम विद्रोहियों के बड़े संगठनों में से एक है।सीरिया में लड़ाई की निगरानी करने वाले ब्रिटेन स्थित सीरियन आब्जर्वेट्री फार ह्यूमन राइट्स ने कहा हे कि इस हमले में 56 लड़ाके मारे गए हैं और करीब 50 घायल हुए हैं। राहत एवं बचाव अभियान अब भी जारी है।



चिली सेन्टीयागो में चालीस साल पुराने कानून संशोधन के दौरान बोलते राष्ट्रपति सेबस्टीयन पीनारा

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 10,000 के पार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के खतरे के बीच देश में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 10,000 के पार हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 77 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोविड-19 के कुल मामलों की संख्या 3,26,602 पहुंच गई। मंत्रालय ने बताया कि अब तक 3,11,075 लोग ठीक हुए है, जबकि 6,739 लोगों की मौत हुई है। पिछले एक दिन में तीन मरीजों की मौत हुई है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या 10,788 है। सितंबर में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 6,000 से नीचे चले जाने के बाद पिछले कुछ हफ्तों में संक्रमण के मामलों में इजाफा हुआ है। 31 अगस्त को संक्रमित होने की दर भी घटकर 1.28 हो गई थी, लेकिन अब यह 2.78 हो गई है। सिंध में कुल 1,43,836 मामले आ चुके हैं, जबकि पंजाब में 1,02,875, खैबर-पख्तूनख्वा में 39,043, इस्लामाबाद में 19,012, बलूचिस्तान में 15,819, गिलगित-बाल्टिस्तान में 4,180 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 3,846 मामले सामने आए हैं।

### कोविड-19 के टीके के लिए एक नवम्बर से इज़राइल में शुरू होगा मानव परीक्षण

**यरूशलम।** इजराइल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोलॉजिकल रिसर्च (आईआईबीआर) द्वारा कोविड-19 के लिए विकसित किए गए टीके ब्रिलाइफ का मानव पर परीक्षण स्वास्थ्य मंत्रालय और हेलसिंकी समिति से सभी आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद एक नवम्बर से शुरू किया जाएगा।इज़राइल के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। हेलसिंकी समिति अनुसंधान अनुमोदन और मानव प्रयोगों से संबंधित है। मानव पर परीक्षण की प्रक्रिया के तीन चरण है, जिनमें 30,000 से अधिक स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे और इसके 2021 मध्य तक चलने का अनुमान है। इसके बाद ही लोगों के लिए यह टीका उपलब्ध हो पाएगा।परीक्षण एक नवम्बर से दो प्रतिभागियो के साथ शुरू होगा। उनकी प्रतिक्रियाओं के आधार पर, टीके को धीरे-धीरे कुल 80 स्वयंसेवकों, प्रत्एक चिकित्सा केन्द्र में 40 को यह टीका दिया जाएगा। रक्षा मंत्री बेनी गैट्ज ने कहा, आईआईबीआर के शोधकर्ताओं की वजह से इज़राइल के नागरिकों के लिए यह उम्मीद का दिन है। दो महीने पहले टीके की पहली बोतल मिली थी। आज हमारे पास 25,000 खुराक है और परीक्षण का अगला चरण शुरू किया जा रहा है।

### एर्दोआन ने अमेरिका और फ्रांस पर साधा निशाना

**अंकारा (तुर्की) एपी)।** तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने रविवार को अमेरिका को चुनौती देते हुए कहा कि वह जो आर्थिक प्रतिबंध लगाना चाहता है, लगा कर देख ले। उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों पर भी एक बार फिर निशाना साधा। एर्दोओन ने मैक्रो के इस्लाम और कट्टरपंथी मुसलमानों पर व्यक्त किए विचारों को लेकर कहा कि उन्हें मानसिक उपचार की जरूरत है। अमेरिका की चेतावनियों के जवाब में उन्होंने कहा, आप जो भी प्रतिबंध लगाना चाहते है, देर ना करें। अमेरिका ने तुर्की को चेतावनी दी थी कि वह नागोर्नो-काराबाख में सीधे संघर्ष में शामिल नही हो। दरअसल अंकारा जातीय आर्मेनियाई बलों के खिलाफ अजरबैजान का समर्थन करता है।तुर्की के नेता ने रूस निर्मित एस-400 वायु रक्षा प्रणाली के परीक्षण के बाद अमेरिका द्वारा दी गई प्रतिबंध लगाने की धमकी का जिक्र भी किया। इस खरीद के बाद तुर्की के एफ-35 कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। एर्दोआन ने कहा, जब हमने एफ-35 की शुरुआत की तब भी आपने हमें धमकी दी। आपने कहा था, एस-400 रूस वापस भेज दो। लेकिन हम कोई कबायली देश नही है। हम तुर्की है ।

### ताइवान को हथियारों की आपूर्ति करने वाली अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाएगा चीन : प्रवक्ता

**बीजिंग।** चीन बोइंग और लॉकहीड मार्टिन समेत अमेरिकी कंपनियों पर विरोधी ताइवान को हथियारो की आपूर्ति करने को लेकर प्रतिबंध लगाएगा। विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा कि रेथियॉन भी प्रभावित होगी। उन्होंने यह विवरण नही दिया कि क्या पाबंदियां लगाई जा सकती है और कब। चीन और ताइवान 1949 के गृहयुद्ध मे विभाजित हो गए थे और उनमे कोई कूटनीतिक रिश्ता नही है। चीन दावा करता है कि लोकतांत्रिक नेतृत्व वाला द्वीप उसके मुख्य भू-भाग का हिस्सा है और उस पर आक्रमण की धमकी देता है। झाओ ने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, राष्ट्रीय हितो की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चीन ने अमेरिका की उन कंपनियो पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है, जो ताइवान को हथियारो की आपूर्ति मे संलिप्त थी।

# आर्मीनिया, आजरबैजान ने एक-दूसरे पर संघर्षविराम उल्लंघन के आरोप लगाए

**एपी।** एरेवान

**आर्मीनिया और** आजरबैजान ने सोमवार को एकदूसरे पर एक दिन पहले घोषित नए संघर्षविराम के उल्लंघन करने के आरोप लगाए। इस संघर्षविराम का उद्देश्य नागोर्नो-काराबाख को लेकर जारी लड़ाई को रोकना है जिसमें सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है।

संघर्षविराम सोमवार सुबह लागू हुआ और इस पर अमेरिका के सहयोग से हुई वार्ता के बाद रविवार को सहमति बनी थी। यह इस संघर्ष को रोकने की दिशा में दीर्घकालिक संघर्षविराम का एक तीसरा प्रयास है। इससे पहले रूस की मध्यस्थता से दो बार लागू संघर्षविराम तब टूट गया था जब दोनों ओर के बलों ने एकदूसरे पर समझौते के उल्लंघन के आरोप लगाए थे।आजरबैजान के रक्षा मंत्रालय ने आरोप लगाया कि आर्मीनियाई बलों ने आजरबैजान की बस्तियों और पूरे मोर्चे पर आजरबैजान की सेना के साथ ही आर्मीनियाई-आजरबैजान सीमा पर छोटे हथियारों, मोर्टार और तोपों का इस्तेमाल करते हुए गोलाबारी की।आर्मीनियाई सैन्य अधिकारियों ने आरोपों को खारिज किया और उलटे आजरबैजानी बलों पर नागोर्नो-काराबाख के उत्तरपूर्वी क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों पर गोलाबारी करने का आरोप लगाया।नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र आजरबैजान में स्थित है, लेकिन इस पर 1994 से आर्मीनिया समर्थित आर्मीनियाई जातीय समूहों का नियंत्रण है। हाल की लड़ाई 27 सितंबर से शुरू हुई थह जिसमें भारी तोपखाने, रॉकेट और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। इसमें सैकड़ों लोग मारे गए हैं।नागोर्नो-काराबाख अधिकारियों के अनुसार, अब तक की झड़पों में उनके 974 सैनिक और 37 नागरिक मारे गए हैं। अरजरबैजान के प्राधिकारियों ने अपने सैन्य नुकसान का खुलासा नहीं किया है, लेकिन कहा है कि लड़ाई में 65 नागरिकों की मौत हो गई है और 300 घायल हुए हैं।

## क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति के रूप में उभरते भारत का स्वागत करते हैंः अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति के रूप में उभरते भारत का स्वागत करता है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली में 2़2 मंत्रीस्तरीय बैठक से पहले यह कहा गया।उसने यह भी कहा कि भारत के एक जनवरी 2021 से शुरू हो रहे यूएनएससी के कार्यकाल के दौरान अमेरिका उसके साथ काम करने को लेकर भी उत्सुक है।भारत और अमेरिका के बीच नई दिल्ली में होने जा रही तीसरी 2़2 मंत्रीस्तरीय बैठक से पहले विदेश मंत्रालय की ओर से एक फैक्ट शीट में कहा गया, भारत के एक क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति बनकर उभरने का अमेरिका स्वागत करता है। अमेरिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के आगामी कार्यकाल के दौरान उसके साथ निकटता से काम करने को भी उत्सुक है।

# शरीफ ने पाक सेना व आईएसआई प्रमुख पर निशाना साधा

**भाषा।** कराची

● बलोचिस्तान नेशनल पार्टी के अध्यक्ष सरदार अख्तर मेंगल ने लापता लोगों के मुद्दे पर खान की सरकार और मौजूदा व्यवस्था को आड़े हाथों लिया



**पाकिस्तान के** अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने देश की मौजूदा राजनीतिक हालत के लिए सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा और आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद को जिम्मेदार ठहराया वहीं विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अपनी तीसरी विशाल संयुक्त रैली आयोजित की।

देश में 11 विपक्षी दलों के गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) का गठन 20 सितंबर को खान को सत्ता से बाहर करने के लिए किया गया है। गठबंधन ने इस महीने गुजरांवाला और कराची में एक के बाद एक दो विशाल सभाएं कीं। तीसरी रैली का आयोजन अशांत बलोचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में रविवार को किया गया।

लंदन से वीडियो लिंक के जरिए सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ ने एक बार फिर सेना प्रमुख बाजवा और आईएसआई निदेशक जनरल हमीद को पाकिस्तान के मौजूदा हालात के लिए दोषी ठहराया।

शरीफ ने कहा, जनरल बाजवा आपको 2018 के चुनावों में गड़बड़ी, संसद में सांसदों की खरीद-फरोख्त, लोगों की इच्छा के विरुद्ध तथा संविधान व कानून की धज्जियां उड़ाकर इमरान नियाजी को प्रधानमंत्री बनाने, लोगों को गरीबी और भूख की तरफ धकेलने का जवाब देना होगा।

भ्रष्टाचार के कई मामलों में उलझे शरीफ पिछले साल नवंबर से लंदन में हैं जब लाहौर उच्च न्यायालय ने दिल की बीमारी और प्रतिरक्षा तंत्र संबंधी विकार के इलाज के वास्ते चार हफ्तों के लिए विदेश जाने की इजाजत दी थी। उन्होंने आईएसआई प्रमुख पर शपथ का उल्लंघन कर कुछ वर्षों से राजनीति में हस्तक्षेप करने का भी आरोप लगाया। शरीफ ने कहा कि वह व्यक्तियों का नाम ले रहे हैं क्योंकि वह नहीं चाहते कि हमारी सेना बदनाम हो।

पाकिस्तान में शक्तिशाली सेना ने राजनीति में दखल से इनकार किया है। खान भी इस बात से इनकार कर चुके हैं कि सेना ने 2018 का चुनाव जीतने में उनकी मदद की। शरीफ ने एक स्टेडियम में उमड़ी विशाल भीड़ के समक्ष कहा, लोगों के उत्साह को देखिए, मुझे विश्वास है कि अब कोई भी मतदाताओं के जनादेश का उल्लंघन नहीं कर पाएगा। मैंने गुजरांवाला और कराची में यही उत्साह देखा था और अब मैं क्वेटा में भी इसे देख रहा हूं। सैकड़ों बलोच लोगों को जबरन गायब किए जाने के संभावित संदर्भ में कहा, मैं बलोच लोगों की समस्याओं से वाकिफ हूं, नवाज शरीफ जानता है कि लापता लोगों की समस्या अब भी यहां है।

मैं जब पीड़ितों को देखता हूं तो दर्द महसूस कर सकता हूं। उन्होंने कहा कि पीडीएम उन असंवैधानिक ताकतों के खिलाफ खड़ा हुआ है जिसने पाकिस्तान को अंदर और बाहर से खोखला कर दिया है। शरीफ ने इससे पहले गुजरांवाला की रैली में भी शीर्ष सैन्य अफसरों पर ऐसे ही आरोप लगाए थे जिसके बाद नाराज प्रधानमंत्री खान ने ऐलान किया था कि वह विपक्ष पर सख्त रुख अपनाएंगे।शरीफ की बेटी और पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने अपने भाषण में कहा कि पाकिस्तान और बलोचिस्तान की किस्मत बदलने का वक्त आ गया है।उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, अब आपके पति और भाई, बलोचिस्तान के लोग गायब नहीं होंगे। मरियम ने कहा कि मौजूदा तानाशाही सरकार का सूरज अस्त होने वाला है और कठपुतली का खेल जल्द ही समाप्त हो जाएग।

वीडियो लिंक के जरिए रैली को संबोधित करते हुए पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा, यह कैसा लोकतंत्र है जहां न मीडिया स्वतंत्र है ना न्यायपालिका।

बलोचिस्तान नेशनल पार्टी के अध्यक्ष सरदार अख्तर मेंगल ने लापता लोगों के मुद्दे पर खान की सरकार और मौजूदा व्यवस्था को आड़े हाथों लिया।इस बीच सरकार के बड़े आलोचक मोहसिन दावर को शनिवार को क्वेटा हवाईअड्डे पर सुरक्षा अधिकारियों ने उव वक्त हिरासत में ले लिया जब वह रैली के लिए यहां पुहंचे थे। गृहमंत्री जियाउल्ला लैंगोव ने कहा कि डावर के प्रांत में प्रवेश पर प्रतिबंध है। यह प्रतिबंध 29 अक्टूबर को खत्म होगा।

# 'फिल्म की कॉमर्शियल रिलीज़ तो धन और संसाधनों का ही खेल है'



## टॉक टाइम

राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त निर्देशक **सुमन मुखोपाध्याय** की फिल्म 'नजरबंद 25वें बूसान अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित की जा रही है। पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने फिल्म, वर्तमान में आए परिवर्तनों से संतुलन बैठाने और कश्मीर पर आधारित अपने आने वाले प्रोजेक्ट 'आइज़ एंड फीट' के बारे में विस्तार से बताया। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-

**■ आपका 'नज़रबंद' प्रोजेक्ट किस बारे में है?**

ये मूलत: एक प्रेम कहानी है। मैं प्रसिद्ध लेखक आशापूर्णादेव लिखित लघु कहानियां पढ़ रहा था। उनकी कहानियां प्राय: घरों के भीतर की होती हैं और मध्यम वर्ग से जुड़ी होती हैं। लेकिन ये कहानी छुटि नाकोच बाहरी दुनिया के बारे में है। कहानी ने मुझे प्रभावित किया और फिर मैंने तुरंत कहानी के अधिकार सुरक्षित कराके एक पटकथा विकसित करने लगा। ये मानसिकता आधारित कहानी है। इसमें दो भिन्न प्रवृत्ति वाले दो जेलबंदी ही मुख्य चरित्र हैं जो रोचक उद्देश्य हेतु कोलकाता की ओर प्रस्थान करते हैं। फिल्म में उनके स्वभाव का लचीलापन दिखाया गया है कि किस प्रकार वे दोनों हर प्रकार का उत्पीड़न झेलते हुए अपनी राह पर बने रहते हैं। इसमें दिखाया गया है कि इंकार और स्वीकार्यता किसी मित्रता में कितने महत्वपूर्ण मानदंड होते हैं।

**■ बूसान अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लिए आपने इसे ऑनलाइन कर दिया है। ये कितना कठिन निर्णय था?**

बूसान वैसे भौतिक महोत्सव होता है आभासी (वर्चुअल)नहीं। फिल्म को सामान्य रूप से थियेटरों में ही रिलीज़ किया जाएगा। कोरिया में लोग इसे बड़े परदे पर ही देखेंगे। लेकिन बूसान इस बार विदेशी अतिथियों को कड़े क्वारंटीन नियमों के कारण नहीं बुला पा रहा है। लेकिन फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद निर्देशक दर्शकों से ऑनलाइन वार्ता कर सकेंगे। ये अच्छा निर्णय है। लेकिन वैश्विक प्रीमियर के लिए इसे थियेटरों में न ला पाना दुखद है। मैंने इस फिल्म नज़रबंद को कुछ चयनित फिल्म महोत्सवों के लिए ही प्रस्तुत किया है और आपको पता ही है कि बूसान विश्व का एक प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव तो है ही। फिल्म को जिस प्रकार आधिकारिक रूप से चुनकर वहां भेजा गया है इससे अच्छा संदेश जाता है।

**■ पश्चिम बंगाल में आप सिविल सोसायटी का एक महत्वपूर्ण चेहरा हैं आपकी फिल्मों में इस बात का कितना प्रभाव पड़ता है?**

मैं सामान्यत: सामाजिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय व्यक्ति हूं। मुझे सामाजिक राजनीतिक आंदोलनों के बारे में भी पता है। एक कलाकार के रूप में अपनी फिल्मों और नाटकों में सामाजिक रूप से प्रासंगिक विमर्श को स्थान देता आया हूं। मैं मुझे प्रेरित करने वाले ऐसे चरित्रों के कथानक में इन संदेशो को समाहित कर देता हूं। मैं किसी भी सामाजिक राजनीतिक समस्या की अनदेखी करके नहीं रह सकता। मुझे लगता है कि एक कलाकार के रूप में अपने समय के सामाजिक राजनीतिक मुद्दों में सक्रिय हिस्सेदारी करना मेरा कर्तव्य है। लेकिन मुझे कहना ही होगा कि ऐसी समस्याएं सदैव तो आती नहीं हैं कई बार ये अप्रत्यक्ष रूप से भी आती हैं जैसे हर्बट एंड कंगल मल्सत, में जिसमें सशक्त राजनीतिक झलक मिलती है।

**■ आपने हाल ही में 'ज़ी5' पर एक मौलिक फीचर फिल्म' पोशम पा' दी थी। क्या बता सकते हैं कि ये फिल्म किस बारे में थी?**

ये वास्तव में एक मनौवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म थी। इसकी पटकथा निमिशा मिश्रा ने लिखी है। इसमें माहीं गिल, सायामी गुप्ता और रागिनी खन्ना, इमाद शाह तथा शिवानी रघुवंशी भी थीं। इसमें अंजना नाम की एक सीरियल किलर और उसकी दो बेटियों-सीमा गेविट और रेणुका शिंदे नाम की दो पुत्रियों की कहानी है जिन्होंने कम से कम 40 बच्चों का अपहरण किया और उनमें से 12 बच्चों की हत्या भी कर दी थी। सीमा और रेणुका को 2014 में 14 बच्चों की हत्या के अपराध में मृत्युदंड मिला जबकि उनकी मां जेल काटते हुए 1997 में मृत्यु को प्राप्त हुई।

**■ क्या आप बता सकते हैं कि ऐसी फिल्में जो फिल्म सर्किट में स्थान पा जाती हैं लेकिन कॉमर्शियल स्तर पर वो उतनी सफल नहीं साबित होतीं?**

कॉमर्शियल रिलीज़ तो धन और संसाधनों का खेल है। छोटे निर्माता और आत्मनिर्भर फिल्मों के लिए ऐसा संभव नहीं है। हमारा वितरण तंत्र धन से नियंत्रित होता है और सरकार की नीतियों में भी हमारे जैसी फिल्मों का समर्थन नहीं किया जाता। इंडस्ट्री के मानदंडों को दरकिनार करके फिल्म का वितरण करने की कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं है। यही कारण है कि बिना स्टार वाली या संवेदनशील फिल्में प्राय: दर्शकों की नजर में नहीं आ पातीं।

**■ जब फिल्म धन नहीं कमा सकती है तो उसे बनाने की ही क्या आवश्यकता है?**

दुर्भाग्य से हमारा विश्व धन से ही शासित होता है। यही कारण है कि किसी भी फिल्म की सफलता या असफलता उसके द्वारा कमाए गए धन से ही निर्धारित होती है। लेकिन यदि हम सिनेमा के इतिहास को देखतें हैं तो प्रतीत होता है कि वैश्विक स्तर पर फिल्मों को केवल उनके द्वारा कमाए गए धन के आधार पर ही नहीं आंका जाता। ये तो आपके देखने पर निर्भर है कि आप फिल्म को किस दृष्टिकोण से देखते हैं।

**■ आपने कई बंगाली नाटकों सहित यूरोपियन ड्रामा पर भी काफी काम किया है। क्या आप इस बात से सहमत हैं कि रूपांतरण करने से किसी भी कृति का तत्व समाप्त हो जाता है?**

मैं इससे सहमत नहीं हूं। मेरा मानना है कि इस प्रश्न में ही विरोधाभास है। जब किसी साहित्यक कृति से थियेटर या फिल्म के लिए रूपांतरण होता है तो ये एक प्रकार से उसकी उत्कृष्टता का ही द्योतक है। इसमें आप सामान्य तुलना नहीं कर सकते। क्या इसका ये अर्थ निकाला जाए कि शेक्सपियर या ब्रेक्ट के नाटकों का मंचन किया ही न जाए? हमनें दिग्गज निर्देशकों द्वारा साहित्यिक कृतियों के उत्कृष्ट व्याख्यायें भी देखी हैं।

**■ क्या बंगाली सिनेमा में परिवर्तन आ रहा है?**

जी हां, इसमें व्यापक बदलाव हुए हैं। लेकिन मुझे ये पता नहीं है कि ये परिवर्तन अच्छे के लिए हैं या बुरे के लिए। क्योंकि इस परिवर्तन के बाद जो फिल्में आईं वे कुछ को छोड़कर अधिक प्रभावित नहीं कर सकीं।

**■ आगे की क्या योजना है?**

मैं अभी 'आइज़ एंड फीट' जिसका पूर्वनाम 'पैराडाइज़ इन लेम्स' था, और जो कश्मीर पर आधारित थी, पर काम कर रहा हूं। इसकी पटकथा लिखी जा चुकी है। मैं अब निवेश की तलाश में हूं ताकि सहनिर्माण किया जा सके। ये निर्माण की दृष्टि से एक कठिन फिल्म है। मैं माणिक बंदोपाध्याय के नाटक पुतुलनाचेर इतिकथा, अर्थात गुड़ियों के नृत्य की कहानी, पर भी एक फिल्म बनाना चाहता हूं। इस पर भी काम चल रहा है।

# पोलैंड ने एक चौक का नाम हरिवंश राय बच्चन के नाम पर रखा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कहा कि पोलैंड के व्रोकला शहर के एक चौक का नाम उनके दिवंगत पिता एवं कवि हरिवंश राय बच्चन के नाम पर रखा गया है और यह उनके परिवार और भारतीय समूदाय के लिए गर्व का पल है। 78 साल के अभिनेता ने रविवार को इंस्टाग्राम पर एक साइनबोर्ड की तस्वीर पोस्ट की जिस पर हरिवंश राय बच्चन का नाम लिखा हुआ था। बच्चन ने कहा," पोलैंड के व्रोकला शहर की नगर परिषद ने एक चौक का नाम मेरे पिता के नाम पर रखने का फैसला किया। दशहरे पर इससे बड़ा आशीर्वाद कुछ और हो नहीं सकता था।" उन्होंने तस्वीर के साथ लिखा, परिवार, व्रोकला में भारतीय समुदाय और भारत के लिए गर्व का पल है।

**हरिवंश राय बच्चन को 1976 में हिंदी के प्रति उनकी सेवा के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। 2003 में उनका निधन हो गया था।**

इस साल जुलाई में व्रोकला विश्वविद्यालय के छात्रों ने हिंदी के दिवंगत कवि को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी थी और उनकी लोकप्रिय कविता "मधुशाला का सस्वर पाठ किया था। साल 2019 में अमिताभ बच्चन पोलैंड गए थे, जहां उनके पिता को देश के सबसे पुराने चर्चों में से एक में सम्मानित किया गया था। हरिवंश राय बच्चन को 1976 में हिंदी के प्रति उनकी सेवा के लिए पद्म भूषण से नवाजा गया था। 2003 में उनका निधन हो गया था।

# मंदिरा बेदी ने बच्ची को गोद लिया




**मुंबई।** अभिनेत्री मंदिरा बेदी और उनके निर्देशक पति राज कौशल ने चार साल की बच्ची को गोद लिया है और उसका नाम तारा बेदी कौशल रखा है। बेदी ने रविवार को इंस्टाग्राम पर अपने परिवार की तस्वीर साझा की जिसमें उनका नौ साल का बेटा वीर भी दिखाई दे रहा है।बेदी ने लिखा, वह हमारे पास आई है। ऊपर वाले के आशीर्वाद की तरह। हमारी नन्हीं सी बिटिया तारा। उसकी आंखें तारों की तरह चमकती हैं। अपने वीर की बहन। आभारी और आनंदित हूं। बेदी ने बताया कि बच्ची इस साल 28 जुलाई को उनके परिवार का हिस्सा बनी थी। राज कौशल ने भी इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, अंतत: परिवार पूरा हुआ। मंदिरा और कौशल की शादी 14 फरवरी, 1999 को हुई थी।

# और अधिक हिंदी फिल्मों में अभिनय नहीं करने से मायूस नहीं हूं: श्रुति हासन



**चेन्नई।** लोकप्रिय अभिनेत्री श्रुति हासन ने कहा है कि वह बॉलीवुड की और अधिक फिल्मों में अभिनय नहीं करने से परेशान और मायूस नहीं हैं। उन्होंने 2009 में हिंदी फिल्म लक से बॉलीवुड में पदार्पण किया था।उनकी आखिरी हिंदी फिल्म बहन होगी तेरी साल 2017 में रिलीज हुई थी। बहुमुखी अभिनेता कमल हासन की बेटी श्रुति हासन ने दक्षिण भारतीय फिल्मों में अपना मुकाम स्थापित किया है और तमिल तथा तेलुगु भाषा में कई कामयाब फिल्में दीं हैं। उनसे पूछा गया कि क्या और अधिक हिंदी फिल्मों में अभिनय नहीं कर पाने के कारण वह निराश हैं तो अभिनेत्री ने कहा," मैं निराश नहीं हूं। मैं उन सभी फिल्मों के लिए खुश हूं जो मैंने सभी भाषाओं में की हैं।"वह लॉकडाउन की पाबंदियों में ढील के बाद सेट पर वापस आ गई हैं लेकिन उन्हें यह सब अब अजीब सा लग रहा है। श्रुति हासन ने पीटीआई-भाषा से कहा,"यह निश्चित तौर पर अजीब सा अनुभव है। करीब छह महीने तक अकेले रहने के बाद पहले मैंने एक लघु फिल्म के लिए शूटिंग की।"उन्होंने कहा ,"कुल मिलाकर मेरा मानना है कि हम सुरक्षा की व्यवस्था में सुधार कर सकते हैं, खासकर फिल्म के सेट पर जहां बड़ी संख्या में लोग होते हैं।"अभिनेत्री हैदराबाद में तेलुगु फिल्म क्रैक की शूटिंग कर रही हैं। गोपीचंद मलिनेनी निर्देशित फिल्म में रवि तेजा मुख्य किरदार में हैं।

# महेश और मुकेश भट्ट ने महिला के खिलाफ मानहानि वाद दायर किया



**मुंबई।** फिल्म निर्माता महेश भट्ट और उनके भाई मुकेश भट्ट ने अभिनेत्री लवीना लोध के खिलाफ मानहानिकारक और झूठे आरोप लगाने के लिए सोमवार को बम्बई उच्च न्यायालय में एक मानहानि वाद दायर किया। भट्ट भाइयों ने लोध से एक करोड़ रुपए का हर्जाना भी मांगा है और भविष्य में उन्हें इसक तरह के झूठे दावे करने से रोकने को लेकर आदेश दिए जाने का अनुरोध किया है। अर्जी शीध्र सुनवाई के लिए सोमवार को न्यायमूर्ति ए के मेनन की एकल पीठ के समक्ष सुचीबद्ध हुई। पीठ ने इस पर सुनवाई की और लोध से इस पर एक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

एकल पीठ ने मामले की सुनवाई तीन सप्ताह बाद करना तय किया। लोध के वकील ने अदालत को भरोसा दिया कि वह वादी (महेश और मुकेश भट्ट) के खिलाफ ऐसा कोई बयान प्रकाशित नहीं करेंगी या नहीं देंगी। लोध ने गत सप्ताह एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था जिसमें उन्होंने दावा किया था कि उनका विवाह महेश भट्ट के भांजे सुमित सभरवाल से हुई है। लोध ने वीडियो में आरोप लगाया कि सभरवाल मादक पदार्थ और मानव तस्करी के अवैध व्यापार में लिप्त हैं। लोध ने यह भी आरोप लगाया कि यह व्यापार महेश भट्ट संचालित करते हैं। वीडियो पोस्ट किए जाने के बाद, महेश भट्ट ने अपने वकील अमीत नाइक के माध्यम से लोध को एक कानूनी नोटिस भेजा और उन्हें इस तरह के झूठे बयान देना बंद करने के लिए कहा। सोमवार को, भट्ट भाइयों ने बम्बई उच्च न्यायालय में एक वाद दायर किया जिसमें लोध को उनके खिलाफ कोई भी मानहानिकारक और अपमानजनक टिप्पणी करने, प्रकाशित करने और प्रसारित करने से रोकने का अनुरोध किया गया।


वाद में कहा गया है, विभिन्न प्रकार के अपमानजनक, गलत और झूठे आरोपों और बयानों के लिए वाद में प्रतिवादी (लोध) से एक करोड़ रुपए का हर्जाना भी मांगा गया है। इसमें लोध को यह निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है वह अपना वीडियो हटा लें। वाद में दावा किया गया है कि सभरवाल का भट्ट भाइयों से कोई सीधा संबंध नहीं और वह अर्जीकर्ताओं की बहन के पति के भाई के पुत्र हैं। वाद में यह भी कहा गया है कि लोध ने अपने पति से तलाक के मामले में मनमाफिक समझौते के इरादे से महेश और मुकेश भट्ट के खिलाफ झूठे आरोप लगाए हैं, जो प्रसिद्ध व्यक्ति हैं।

# कुणाल कोहली की फिल्म लाहौर कॉन्फिडेंशियल की शूटिंग पूरी

**हर तरह के काम के बाद सेट को सेनेटाइज किया जाता था। फिल्म लाहौर कॉन्फिडेंशियल का निर्माण जार पिक्चर्स ने किया है।**

मुंबई। फिल्मकार कुणाल कोहली ने सोमवार को बताया कि कोरोना वायरस से जुड़े सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए जासूसी फिल्म लाहौर कॉन्फिडेंशियल की शूटिंग पूरी कर ली गई है। जी5 की इस फिल्म में ऋचा चड्डा औरअरुणोदय सिंह मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह दो जासूसों की समकालीन, सुरुचिपूर्ण और रोमांचक प्रेम कहानी है, जिनके बीच कुछ कारणों के चलते दरार आ जाती है। कोहली ने ट्विटर पर फिल्म सेट की कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें सभी लोगों ने मास्क पहने और एक दूसरे से दूरी बनाए नजर आ रहे थे। कोहली ने तस्वीर साझा करते हुए लिखा, फिल्म लोकेशन तक तक बिना चालक के खुद गाड़ी चलाकर जाता था। मेरी कार के अंदर किसी को आने की अनुमति नहीं थी... वहीं सेट पर सिर्फ मेरे लिए एक कुर्सी थी। उन्होंने लिखा कि हर तरह के काम के बाद सेट को सेनेटाइज किया जाता था। फिल्म लाहौर कॉन्फिडेंशियल का निर्माण जार पिक्चर्स ने किया है।

# प्रबल भावनाओं को व्यक्त करने के लिए मुझे एक और सुपरहीरो फिल्म बनानी चाहिए: अनुभव सिन्हा



**मुंबई।** फिल्मकार अनुभव सिन्हा ने सोमवार को कहा कि शाहरुख खान अभिनीत उनकी महत्वाकांक्षी फिल्म रा-वन एक उपलब्धि और निराशा, दोनों ही थी तथा उनका मानना है कि उन्हें प्रबल भावनाओं को व्यक्त करने के लिए एक और सुपरहीरो फिल्म बनानी चाहिए।

26 अक्टूबर 2011 को रिलीज हुई फिल्म रा.वन में शाहरुख खान ने एक सुपरहीरो की भूमिका निभाई थी जो कि इस तरह की भूमिका वाली उनकी पहली फिल्म थी। इस फिल्म को उस वर्ष की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक माना गया था। हालांकि फिल्म रा.वन की प्रतिकूल समीक्षा आई थी और यह फिल्म बॉक्स आफिस पर प्रभाव डालने में असफल रही।

फिल्म के रिलीज होने की नौवीं वर्षगांठ पर सिन्हा ने कहा कि फिल्म की रिलीज ने उन्हें खट्टा मीठा अनुभव दिया। उन्होंने ट्वीट किया, नौ वर्ष पहले इस दिन हमने रा.वन रिलीज की थी। संभवत: यह मेरे जीवन का खट्टा मीठा अनुभव रहा। यह कई मायने में उपलब्धि और निराशा वाला था। उन्होंने कहा, मुझे अपनी प्रबल भावनाओं को व्यक्त करने के लिए एक और सुपरहीरो फिल्म बनानी चाहिए। धन्यवाद टीम और माफी चाहता हूं। आप सभी को प्यार। फिल्म में करीना कपूर और अर्जुन रामपाल ने भी भूमिका निभाई थी और इस फिल्म की उसके स्पेशल इफेक्ट्स के लिए प्रशंसा की गई थी, हालांकि कमजोर पटकथा के लिए इसकी आलोचना भी हुई थी।

## ट्रेंड बाजार

### अजय देवगन को याद आए बचपन के दिन



**अभिनेता** अजय देवगन ने राजकुमार राव की फिल्म 'छलांग' के समय अपने बचपन की यादों को साझा किया। अजय ने बताया, 'जब हम स्कूल जाते थे तो हमारे पास ये सब उपकरण नहीं हुआ करते थे हमारे लिए मनोरंजन पूरी तरह से शारीरिक होता था। लेकिन आज के बच्चों के साथ ऐसा नहीं है, ये देखकर दुख होता है। लेकिन मैं उन्हे पीएस पर खेलने की बजाय प्रयासपूर्वक बाहर जाने और खेलने के लिए प्रेरित करता रहता हूं क्योंकि मेरे विचार से वो अत्यंत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने आगे बताया, 'शारीरिक गतिविधियां उस समय हमारा एकमात्र मनोरजन हुआ करता था और हमे इसमें पूरा आनंद आता था।'

### मिर्ज़ापुर-2 में अभिनेता विजय वर्मा को मिली भूमिका



अभिनेता विजय वर्मा का कहना है कि 'मुझे गली ब्वॉय के बाद मिर्ज़ापुर में भूमिका मिली। उन्होंने जैसे ही मुझे मेरी भूमिका के बारे में बताया, मैं इसका प्रशंसक हो गया। मुझे इसमें एक रोचक रोल मिला यही कारण था कि मुझे इसे स्वीकार करने में जरा भी संकोच नहीं हुआ। मेरा चरित्र एक नए परिवार का है जो इसमें जोड़ा गया है। ये अत्यंत जोशीला, साहसी और मानवीय चरित्र लिये है।

### रित्विक 'खिड़की' संगीत वीडियो में करेंगे रोमांस



अभिनेता रित्विक भौमिक पापोन द्वारा बनाए गए एक संगीत आधारित वीडियो में दिखाई देंगे। बंदिश नामक वेब सीरीज़ 'बंदिश बैंडिट्स' में अच्छा अभिनय के कारण मिली सफलता के बाद ही उन्हें ये काम मिला है। इसका शीर्षक खिड़की है। इसका गाने में पुराने जमाने का स्कूल रोमांस दिखाया गया है जिसमें नए जमाने का तड़का भी है। इसमें आपको अश्नूर कौर भी देखने को मिलेंगी। गाने को लिखा और संगीतबद्ध किया है अमारभा बनर्जी ने। उन्होंने बताया, 'कला जिज्ञासुओं के परिवार में जन्म लेने और बड़े होने के कारण संगीत के वातावरण में रहने का अवसर प्राप्त हुआ है। ये अवसर मिलना मेरा सौभाग्य है। ये ऐसा गाना है जिसमें पुराने स्कूल रोमांस को दिखाया गया है और साथ ही रोचक मोड़ भी है।'

### अभिनेता मैथ्यू का किशोरावस्था में हुआ था यौन उत्पीड़न



अभिनेता मैथ्यू मैकोनॉघरी ने बताया है कि उन्हें भी किशोरावस्था में कई बार यौन उत्पीड़न का शिकार बनना पड़ा था। अपने स्मृतिका 'ग्रीन लाइट्स' में उन्होंने इस बात का उल्लेख किया।

पुस्तक के प्रारंभ में मैकोनॉघरी ने अपने बारे में कई तथ्यों का उल्लेख किया है। इसी में उन्होंने अपने यौन उत्पीड़न का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पहली बार यौनसंसर्ग उनकी सहमति से नहीं हुआ था। उन्हें इसके लिए ब्लैकमेल किया गया था।

उन्होंने पुस्तक में लिखा, 'मुझे पहली बार ब्लैकमेल किया गया उस समय मेरी आयु 15 वर्ष की थी। मुझे पता था कि विवाहपूर्व यौन संसर्ग नर्क में जाने जैसा होता है। लेकिन आज मुझे विश्वास है कि उस समय ऐसा नहीं था।'

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 27 अक्टूबर 2020



साहब! तो ऐसे कैसे बनेंगे आत्मनिर्भर, दीपक, मूर्ति बनाने वालों का हाल खराब

# 'कोरोनाकाल' में टिमटिमा रहा कुम्हारों के रोजगार का 'दीया'






## ● दीपावली में भी कुम्हारों की नहीं लौट रही रौनक

विपिन राजवंशी। सीतापुर



**एक तरफ** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आत्मनिर्भर बनने को लेकर संदेश दे रहे वहीं सीतापुर के मोहल्ला कजियारा में दीया व मूर्ति बनाने वाले कुम्हारों का हाल बहुत बुरा है। यहां कुम्हार समाज का दुखड़ा आपको सुनाई दे जाएगा। इनका पुस्तैनी धंधा कोरोनाकाल ने जितना चौपट किया उससे कहीं ज्यादा इनको अपने काम के लिए जरूरत का सामान न मिलने से नुकसान हुआ है। कुम्हार समाज के यह लोग मिट्टी से दिया और मूर्तियां बनाने का काम करते है। दीपावली में इनकी बिक्री होती है, जिससे इनका पेट पलता है। कोरोना काल में मिट्टी से बनी वस्तुओं की मांग कम हुई है और जब दीपावली में मूर्तियों को रंगने के लिए कलर नहीं मिला जो मिला भी वह काफी महंगा मिला, अब दुकान लगाने की कहीं जगह नहीं मिल रही है ऐसे में यह आत्मनिर्भर बने तो कैसे बने। यह हाल तब है जब केन्द्र की मोदी सरकार ने चीन से निर्मित वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी अपनाने की बात कही जाती हो। 'पायनियर' ने जब कुम्हारो से बात की तो उनका दर्द कुछ इस तरह छलका।



**कोरोनाकाल** में पहले से बहुत बुरा हाल है, मूर्तियों की न कोई डिमांड है और ही बिक्री हो रही है, नुकसान ज्यादा हो रहा है।

**महेश प्रजापति।**



**इस बार** मूर्तियों के आर्डर कम हुए है, बिक्री हो नहीं रही है, रोजगार इस समय खराब चल रहा है, मजदूरी भी नहीं निकल पा रही है।

**सुशील प्रजापति।**

जिलाधिकारी ने सभी को दिलायी शपथ

# शक्ति योद्धाओं को किया सम्मानित

## ● मिशन शक्ति अभियान के प्रथम चरण का हुआ समापन

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश** सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे विशेष 'मिशन शक्ति अभियान' के 9 दिवसीय प्रथम चरण का रविवार को समापन समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समारोह के दौरान शक्ति योद्धाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शक्ति योद्धाओं में अंजना सिंह, मधू सिंह, साक्षी शुक्ला, दीपिका नाग, अंजुम परवीन, रामानन्द गुप्ता, संजय कुमार द्विवेदी, अनूप कुमार सिंह, खलीलुल्लाह, शबीना फात्मा, रेनू कौशल, रीता प्रभाकर, विजय लक्ष्मी दुबे, सुमित्रा सिंह, कंचनलता रस्तोगी, सुमनलता, सुनीता, उर्मिला देवी, निम्मी देवी, डिम्पल साहनी, नीलम कुमारी, नीलम यादव, रिचा तिवारी, रेनू अवस्थी, निर्मला भार्गव, रुचि अवस्थी, संकेत वर्मा, रचना रस्तोगी, अंजू गुप्ता, सुचिता शर्मा, सपना शर्मा, सुनीता भार्गव, साधना दीक्षित एवं ममता देवी आदि शामिल रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुये महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्मान, सुरक्षा एवं स्वावलंबन प्रदान कराना है।अभी तक सभी विभागों के सम्मिलित प्रयासों से अभियान अपने उद्देश्यो को पूर्ण करने में सफल हुआ है। अभी तक सभी विभागों के सम्मिलित प्रयासों से अभियान अपने उद्देश्यो को पूर्ण करने में सफल हुआ है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने सभी को शपथ दिलाते हुये कहा कि वह अपने बेटे और बेटी में किसी भी प्रकार का भेदभाव न करें तथा बच्चों को बचपन से ही जीवन के नैतिक मूल्य सिखाएं। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर, जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्विनी कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के शक्ति योद्धा उपस्थित रहे।



सीतापुर-शिक्षिका निर्मला भार्गव व अन्य शिक्षिकाओं को सम्मानित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

# कोरोना से सभासद की मौत जनपद में पॉजिटिव मिले 21

## ● आरएमपी कॉलेज में चार कोरोना संक्रमित, कुल मरीज हुए 41,82

संवाददाता। सीतापुर



**कोरोना से** जनपद में 61वीं मौत हो गई है। गोविन्द नगर सिधौली के सभासद 60 वर्षीय राज किशोर मिश्रा की लखनऊ के एक अस्पाल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। सांस लेने में तकलीफहोने पर उन्हें 17 अक्टूबर को लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके निधन पर चेयरमैन प्रतिनिधि गंगाराम राजपूत, अधिशाषी अधिकारी सर्वेश शुक्ल, बीनू भास्कर आदि ने शोक व्यक्त किया है। कोरोना आरएमपी डिग्री कॉलेज के पीछे पड़ गया है। यहां सोमवार को फिर 4 मरीज मिलने से दहशत का माहौल बन गया है। इसी के साथ जिले में कुल 21 नए मरीजों की पहचान की गई है। आर्य नगर में 3 और आलमनगर, रोटी गोदाम, लोहार बाग व हुसैनगंज में 1-1 मरीज मिला है। खैराबाद व महमूदाबाद में 3-3 और कसमंडा व सिधौली में 1-1 मरीज मिला है। अब जनपद में कुल कोरोना के मरीज 4,182 हो गए हैं।

विद्यार्थियों ने जिलाधिकारी से की हस्तक्षेप की मांग

# निर्धारित फीस से 45 हजार ज्यादा की हो रही मांग

## ● पैसा न देने पर प्रबंधन बना रहा अनुचित दबाव

**सीतापुर।** सीतापुर शिक्षण संस्थान एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। संस्थान के स्कूल ऑफ फार्मेसी एण्ड रिसर्च के विद्यार्थियों ने प्रबंधन पर धनउगाही का आरोप लगया है। रजनीश कुमार, नरेंद्र कुमार, रजत शुक्ल, आदित्य, जयकरन राजवंशी आदि ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर समस्या का समाधान करने की मांग की है। जिलाधिकारी को पीड़ा सुनाते हुए विद्यार्थियों ने बताया कि उनसे निर्धारित फीस से 45 हजार रूपए ज्यादा मांगे जा रहे हैं, जो कि सरासर गलत है।



सीतापुर-ज्ञापन देने आए परीक्षार्थी

### छात्रवृत्ति के लिए लगा शिविर

**लहरपुर सीतापुर।** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले अल्पसंख्यक छात्रों को भारत सरकार की छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र लहरपुर में अल्पसंख्यक विभाग की ओर से केवाईसी फार्म भरवा गया। बीईओ रणजीत कुमार ने ज्यादा से ज्यादा छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने का निर्देष दिया। अनवर अली, शिवकुमार वर्मा, मोहम्मद रफीक, अल्पसंख्यक विभाग के रोहित वर्मा, अनूप पांडे, बीआरसी के सौरव शुक्ला, पंकज कुमार, विनय दीक्षित आदि ने फार्म भवाने में सहायोग किया।

## क्विक न्यूज

### क्षत्रिय महासभा ने किया शस्त्र पूजन

**सीतापुर।** महाराणा प्रताप पार्क में दशहरा के दिन एक से एक नायब शस्त्र देखने को मिले। मौका था अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम का। इस दौरान क्षत्रिय समाज के वीरों को याद भी किया गया। इस मौके पर महासभा के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह गौर, महामंत्री कुवर वरुण सिंह तोमर, ठाकुर वीरेन्द्र सिंह चौहान, ठाकुर अवनेंद्र, डा. हरिपाल सिंह चौहान, ठाकुर प्रह्लाद सिंह गौर, चेयरमेन सन्तोष सिंह चौहान, रविराज सिह, विक्रम सिंह, इंदू सिंह चौहान, जया सिंह, दीपक सिंह, आशीष सिंह गौर, स्वामी सिंह तोमर, प्रियंम सिंह, गर्विक सिंह, राम चंद्र सिंह सोमवंशी, रिपुदमन सिंह आदि मौजूद रहे।

### युवक ने पीया स्प्रिट, मौत

**सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र के सुमरावां निवासी 40 वर्षीय प्रताप ने शराब न मिलने पर स्प्रिट पी ली और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया प्रकरण उनकी जानकारी में नहीं है।

### आज व कल आवंटित होंगे विद्यालय

**सीतापुर।** नवनियुक्त शिक्षकों को 27 व 28 अक्टूबर को विद्यालय आंवटित किए जाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया पहले दिन उनके कार्यालय में समस्त दिव्यांगों और षिक्षिकाओं को सुबह साढ़े 10 बजे से विद्यालयों का आवंटन किया जाएगा, दूसरे दिन षिक्षकों को विद्यालय एलॉट किए जाएंगे।

### एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन

**सीतापुर।** एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में जीआईसी के एनएनसीसी शिक्षक खान शादाब जमीर के संरक्षण में कैडेट आकांक्षा पाण्डे ,सैजेल सिंह, निकिता उपाध्याय, अंडर ऑफिसर ईशान शुक्ला, अंडर ऑफिसर ओम दीक्षित ,अंकुर श्रीवास्तव और अंशुल वर्मा ने हिस्सा लिया। कैडेट उत्तर प्रदेश राज्य के भूगोल, इतिहास, इकोनामी, कल्चरल हेरिटेज, त्यौहार आदि सभी विषयों पर आनलाइन विचार व्यक्त किए। कैडेट के विचारों को खूब सराहा गया।

### पराली जलाने को लेकर किसान पर मुकदमा दर्ज

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली के गांव खजुरिया के सियाराम को पराली जलाना महंगा पड़ गया है। लेखपाल सतेंद्र पाल ने कोतवाली में सियाराम पर मुकदमा दर्ज करा दिया है। एसडीएम संतोष कुमार राय ने बताया जागरूक करने के बावजूद लोग हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं, ऐसे में मजबूरन कार्यवाही करनी पड़ रही है।

### तनय मिश्रा ने बीट की नीट की परीक्षा

**रेउसा सीतापुर।** प्रतिभाओं के धनी गांजरी क्षेत्र से दिल खुश करने वाली खबर हैं। रेउसा क्षेत्र के कोड़री गांव निवासी तनय मिश्र ने नीट परीक्षा बीट कर ली है। उनके पिता रमारमन मिश्र भी चिकित्सक हैं। क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



तनय का मुंह मीठा करते उनके पिता

### बाल संध्या कार्यक्रम पर बच्चों ने बांधी समां

**रेउसा सीतापुर।** रेउसा हनुमान मंदिर पर आयोजित बाल संध्या कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने समा बांध दी। बच्चों की झांकी और नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। शारदीय नवरात्र के समापन पर आयोजित इस कार्याक्रम में मुकुल पोरवाल, विभु बाजपेई, लक्ष्य शुक्ला, आस्था व आंशिका ने मंचन में हिस्सा लिया। संचालन डॉ संदीप बाजपेई ने किया। आलोक यादव, कंचन बाजपेई, सुमन यादव, रीना रस्तोगी आदि का सहयोग रहा।

### शिवसेना के नए कार्यालय का हुआ उद्घाटन




सीतापुर-कार्यालय पर मौजूद जिलाध्यक्ष गोविंद संहाय व अन्य

**सीतापुर।** अब शहर में शिव सेना के दो कार्यालय हो गए है। लल्लू सेठ धर्मशाला में नया क्षेत्रीय कार्यालय खुल गया है। उद्घाटन जिला प्रमुख गोविंद सहाय गुप्त के पिता सेठ मुनुवा सर्राफने फीता काट कर किया। अमित अवस्थी को जिला संगठन सचिव, भूपेन्द्र कुमार प्रचार सचिव युवा नगर सेना, शिवम जायसवाल को मीडिया प्रभारी, पीयूष श्रीवास्तव को महामंत्री नगर युवा सेना और रितेश राय को महामंत्री नगर युवा सेना की जिम्मेदारी दी गई।

# अलंकरण समारोह में छात्र हुए सम्मानित



सीतापुर-अलंकरण समारोह में सम्मानित होने के बाद मौजूद छात्र

## ● अन्नपूर्णा सेवा संस्थान ने किया आयोजन

**सीतापुर।** अन्नपूर्णा सेवा संस्थान ने जेल रोड स्थित संगीत महाविद्यालय में स्व. आशा शंभू स्मृति छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के मेधावियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीकृष्णा कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी, ऑटो सेल्स के जनरल मैनेजर हंसराज, एसआरग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में डिप्टी एच.ओ.डी. रहे सचिन द्विवेदी व अनिल द्विवेदी ने कुमारी स्नेहा कश्यप, अभिषेक भारती, श्वेता वर्मा, हर्षित वर्मा, असरा इस्लाम, सिद्धा अंसारी, .तिका, लाइबा खान, नमरा, अल्फिया कायनात, मो. जैद वकील, कु. जीनत आफरीन, केशव सिंह कुशवाहा, प्रखर अवस्थी, रितेश पटेल, प्रफुल्ल तिवारी, विकास बाजपेयी, शिवम वर्मा, विनीत कुमार सिंह, अभय रावत, नवनीत वर्मा, प्रशांत भारती, लक्ष्य महावर, अभिनव श्रीवास्तव, इशिता जैन, अविचल मिश्रा, शैलवी गुप्ता, शिवमंगल शुक्ला, विदुषी, संतोष दीक्षित, अभय यादव, अनन्या गुप्ता, सौरभ सिंह आदि को सम्मानित किया।

# भव्य शोभायात्रा के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**सीतापुर।** अब आंख अस्पताल परिसर में ढोल की थाप अगले नवरात्र में सुनाई देगी। श्री श्री सर्वजनिन दुर्गोत्सव समिति ने विजय दशमी की पूजा के बाद मां की प्रतिमा का विसर्जन कर दिया है। विसर्जन के पहले सुहागन औरतों ने कोविड नियमों का पालन करते हुए लाल वस्त्र धारण कर एक दूसरे को सिंदूर लगाकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में आकाश राय, रंजीत दास, संजीव दास, एनएन चटर्जी, विश्वजीत पोले, एसके दत्ता, बीसी मजूमदार, पंकज मुखर्जी, आदि उपस्थित रहे। थानगांव इलाके के चन्दौली घाट पर मूर्तियों का विसर्जन किया गया। कोरोना के चलते भीड़ नहीं उमड़ी। फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करके श्रद्धालुओं ने मां को विदाई दी। सीओ महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद व एसओ थानगांव संजीव कुशवाहा खुद घाट पर मुस्तैद रहकर निगहबानी की। अटरिया कस्बे के पाण्डाल सोमवार को सूने हो गए। विराजमान मां को श्रद्धालुओं ने भावुक होकर विदाई दी। फिजिकल डिस्टेंसिं के साथ शोभायात्रा निकालकर भटपुर घाट पर मूर्ति विसर्जन किया गया। कार्यक्रम में पंडित अभिषेक शुक्ला, वायुनायक कश्यप, भूपेंद्र सिंह, राहुल पटेल, सचिन यादव, तेज प्रताप सिंह, मयंक शुक्ला अंकित गिरी, हर्षित बाजपेयी, सुधांशू बाजपेयी, उत्तम कश्यप, सत्यम कुशवाहा आदि ने हिस्सा लिया।



# तेंदुए के हमले से मवेशी की गई जान

## ● घटना से क्षेत्र में मचा हड़कंप कॉम्बिंग कर रही टीम

**सीतापुर।** सीतापुर के संदना इलाके में तेंदुआ फिर हमलावर हो गया है। धरौली गांव में तेंदुए ने हमला करके मवेशी को मार डाला है। घटना से क्षेत्र में हड़कम्प मचा है। ग्रामीण खेल खलिहान जाने से बच रहे हैं और रात में पहरेदारी कर रहे हैं। करीब एक महीने से संदना इलाके में तेंदुआ आतंक का पर्याय बना है। इसे पकड़ने के लिए डिवीजन, रेंज व डब्लूडब्लू एफ की टीम प्रभावित क्षेत्र में काम्बिंग कर रही हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। पगचिन्ह भी 3 दिन पुराने मिल रहे हैं। ऐसे में टीम के सदस्य भी परेषान हैं। रेंजर प्रदीप अवस्थी का कहना है तीन जगह पिंजरे लगाकर तेंदुए की तलाश की जा रही है।



सीतापुर-तेंदुए को पकड़ने के लिए लगा पिंजड़ा-फाइल फोटो

# धू-धूकर जला दशानन, श्रीराम के लगे जयकारे

## ● कोविड के नियमों का पालन करते हुए हुआ कार्यक्रम

संवाददाता। महमूदाबाद, कसमंडा, नैमिष सीतापुर

**दशहरे के** अवसर पर आजाद हिन्द भगत संगठन ने कोविड के नियमों का पालन करके षहर में विजय रथयात्रा निकाली। कार्यकर्ताओं ने रामलीला मौदान तरीनपुर में हवन पूजन भी किया और प्रसाद बांटा। कार्यक्रम में शरद, सत्यम, पीयूष, राकेश, दीपांशु, प्रभात, संकल्प, प्रतीक, मनीष, आकाश, रजत, दीपक हिंदू आदि मौजूद थे। सकंटा देवी मंदिर में आयोजित रामलीला सम्पन्न हो गई है। इस उपलक्ष्य पर शाम करीब 5 बजे रावण दहन किया गया। परिसर मर्यादा पुरूषोत्म राम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष आरके बाजपेई के साथ अन्य मौजूद थे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम पीएल मौर्य, सीओ रविशंकर प्रसाद, कोतवाल अनिल पाण्डेय, क्राइम इंस्पेक्टर अरूण अस्थाना आदि सजग रहे। उधर विजयदशमी पर्व पर अर्धनारीश्वर मंदिर नैमिष तीर्थ पर पुजारी सत्यनारायण दीक्षित के सानिध्य में हलवा का प्रसाद बांटा गया। देर शाम तक कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका। उधर कसमंडा में कसमण्डा के नेवादा में मां दुर्गा मंदिर के महन्त विजय पुरी के स्थान पर नेवादा के सत्यप्रकाश सिहं ने रामचरित मानस का पाठ कराया। समापन कन्या भेज व भण्डारा का आयोजन किया गया, सैकड़ो लोगों ने प्रसाद छका।



मछरेहटा-धू-धूकर जलता रावण

### 200 वर्ष पुराने दहषरा मेले में धू-धूकर जला रावण

**मछरेहटा सीतापुर।** मछरेहटा कस्बे मैं 200 वर्ष से हो रहा मेला रामलीला दशहरा का आयोजन प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोरोना कॉविड 19 प्रोटोकॉल के पालन करते हुए मनाया गया वृंदावन से आई रामलीला पार्टी के कलाकारों के द्वारा मंचन किया गया सोमवार को बुराई का प्रतीक रावण का दशरथ नंदन श्री राम के द्वारा वध किया गया जिसमें बना रावण का पुतला धू-धू करके धू धू करके जल उठा जिसे देखने के लिए ग्रामीण लोग काफी संख्या में बढ़-चढ़कर मेले का लुफ्त उठाया। कोवि-19 प्रोटोकोल का पूर्ण रुप से पालन करें और कराया भी गया रात्रि कालीन बेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी संपन्न हो रहे हैं वहीं मंगलवार को भरत मिलाप राम राज्य अभिषेक कराकर मेला राम लीला का समापन किया जायेगा।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 27 अक्टूबर 2020



# परिजनों को बंधक बना घर में लूटपाट

- संदूक और लाइसेंसी बंदूक खेत में छोड़कर भागे चोर
- सीओ व क्षेत्रीय पुलिस ने किया मौका मुआयना
- खुलासे के लिए कई टीमें गठित

संवाददाता। बेहजम-खीरी



**थाना नीमगांव** क्षेत्र के स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी अपराध पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। इसके चलते एक गांव में लुटेरों ने परिवार को बंधक बनाकर एक लाख की नगदी समेत करीब दस लाख के बेशकीमती जेवर व लाइसेंसी बंदूक कारतूस लेकर फरार हो गए। हालांकि लुटेरे गांव के बाहर बंदूक को खेत में डालकर भाग निकले। सूचना पर इंस्पेक्टर नीमगांव, सीओ मितौली व डाग स्क्वायड टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना की बारीकी से जांच पड़ताल की। घटना के अनावरण में कई टीमें लगाई गई हैं। कुछ संदिधों को हिरासत में भी लिया गया।

जानकारी के अनुसार थाना नीमगांव क्षेत्र के बेहजम पुलिस चौकी के गांव दौदापुर गांव के रामवीर सिंह अपने परिवार के साथ शनिवार/रविवार की रात सो रहे। कुछ चोर घर के पिछले हिस्से से मकान के ऊपर चढ़ गए और जीने से मकान में प्रवेश किया। चोरों ने कमरों को बाहर से बंद कर अलग कमरे में रखे अलमारी व बक्सों में रखे जेवर, बड़े बक्से में रखी लायसेंसी बंदूक, 25 कारतूस धान बेंच कर लाए गए करीब एक लाख रुपए आदि लेकर फरार हो गए। रामवीर सिंह की लाइसेंसी बंदूक गांव के बाहर खेत में डाल कर फरार हो गए। रात करीब तीन बजे जब गृह स्वामी का एक बेटा लघुशंका के लिए उठा तो बाहर से दरवाजा बंद देख कर वह अपने अन्य भाइयों को आवाज लगाई। जिस पर अन्य भाई उठे तो उन्होंने भी अपने-अपने कमरों के दरवाजे बंद पाए। तब सभी ने अपने पिता रामवीर सिंह को आवाज लगाई। जिस पर रामवीर सिंह की आंख खुली तो देखा कि उनका भी एक तरफ का दरवाजा बंद तो वह दूसरे दरवाजे से निकाल कर घर के अंदर पहुंचे तो देखा कि सबके दरवाजे बंद है और दूसरे कमरे के दरवाजे खुले हुए हैं। तब उन्हें चोरी का पता चला। उन्होंने सभी को बाहर निकाला। जानकारी होने पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने 112 डायल और बेहजम पुलिस को सूचना दिया। 112 डायल के पहुंचने के 2 घंटे बाद बेहजम पुलिस मौके पर पहुंची। गांव के बाहर खेतों में तलाशी के दौरान बक्से व लाइसेंसी बंदूक बरामद हुई। कारतूस लेकर साथ ले गए थे।

पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडे अपनी लचर कानून व्यवस्था के चलते क्षेत्र में चोरी व लूट की घटनाओं को रोकने में नाकाम दिखाई दे रहे हैं। घटना की तहरीर देने के लिए भी उन्होंने पीड़ित रामवीर सिंह को 12 बजे तक थाने पहुंचकर तहरीर देने को कहा। इससे पीड़ित परिवार व ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। घटना की सूचना पर नीमगांव इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। खुलासे के लिए कई टीमें लगाई हैं। घटना की सूचना पर सीओ मितौली शीतांशु कुमार भी मौके पर पहुंचे। घटना के जल्द से जल्द अनावरण के इंस्पेक्टर नीमगांव को निर्देश दिए। एसपी के निर्देश पर डॉग स्क्वायड टीम भी पहुंची। पुलिस ने कई संदिग्ध लोगों को हिरासत में भी लिया है।

## महिला हेल्प डेस्क का हुआ उद्घाटन

**निघासन-खीरी।** मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए तहसील में महिला हेल्प डेस्क कार्यालय का उद्घाटन डेस्क प्रभारी ने फीता काटकर किया है। सोमवार को मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा के लिए तहसील के ही कमरा नम्बर बारह में महिला हेल्प डेस्क बनाया गया। इसका उद्घाटन महिला हेल्प डेस्क प्रभारी सुचि चौहान ने फीता काटकर किया है।

एसडीएम ओपी गुप्ता ने बताया कि तहसील में ही महिला हेल्प डेस्क बना दिया गया है जिससे तहसील आने वाली महिलाओं सहित अन्य महिलाओं को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कार्यालय में संपर्क कर सकती है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान है। इस दौरान एसडीएम ओमप्रकाश गुप्ता, तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार पांडे, नायब तहसीलदार अरुण सोनकर, अधिवक्ता संघ के मंत्री रवि गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, राकेश वैश्य, राजू गिरि, आशीष कश्यप, धर्मेश यादव आदि वकील व लेखपाल अंशुल वैश्य, विद्योत्तमा, श्वेता सिंह, शिवम गुप्ता व पूर्णिमा श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# खामियों से नाराज एसपी ने लगाई प्रभारी निरीक्षक को जमकर फटकार

संवाददाता। बेहजम-खीरी



**पुलिस** अधीक्षक विजय ढुल ने रविवार की देर शाम नीमगांव थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, गैराज स्थल का रंग रोगन कराने के बाद थाने के डियुटी चार्ट देखे। थाने में कमियों को देख प्रभारी निरीक्षक को कड़ी फटकार लगाई। गैराज से महिला हेल्प डेस्क को प्रभारी निरीक्षक के कक्ष में स्थापित करने के निर्देश दिए।

थाना परिसर में साफ-सफाई न होने के चलते व क्षेत्र गश्त के लिए निकले कई उपनिरीक्षक व महिला सिपाहियों के परिसर में देख कर उन्होंने प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र सिंह को कड़ी फटकार लगाई। पुलिस अधीक्षक ने बारीकी से कई बिंदुओं पर थाने में जांच पड़ताल किया। पुलिस अधीक्षक खीरी विजय ढुल ने नाराजगी जाहिर करते हुए पुलिस स्टाफ को ड्यूटी के प्रति भविष्य में लापरवाही न बरतने को लेकर कड़ी फटकार लगाई। सभी को चेतावनी देकर ड्यूटी पर अपने अपने क्षेत्र में जाने के लिए रवाना किया। बताते चलें की पूर्व में तैनात प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह रघुवंशी की सक्रियता से थाने में कुछ सुधार हुआ था लेकिन सड़क हादसे में घायल हो जाने से उनकी जगह अमर सिंह रघुवंशी की तैनाती हुई। उनकी लचर कार्यशैली के चलते अपराध बढ़ते जा रहे हैं।

# भाजपा का मंडल प्रशिक्षण शिविर आयोजित

संवाददाता। मैगलगंज-खीरी




**भाजपा के** केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग द्वारा मंडल प्रशिक्षण शिविर मंडल मैगलगंज के सरस्वती शिशु मंदिर में प्रारंभ हुआ।

मुख्य वक्ता के रूप में पहुंची प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य डा. ईरा श्रीवास्तव ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी के सफर के बारे में विधिवत बताया। आजादी के बाद से अब तक मुख्य विपक्षी कांग्रेस और वर्तमान भाजपा सरकार के बीच का अंतर समझाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ही वो दल है जो सबका साथ सबका विकास की बात करती है। कांग्रेस ने सिर्फ फूट डालो राज करो की नीति पर सरकारें चलाई हैं। भाजपा का बूथ अध्यक्ष भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। प्रमुख वक्ता संजय मिश्रा विश्व हिंदू परिषद प्रदेश प्रवक्ता ने कहा भाजपा के अनुसांगिक संगठन चाहे वो मजदूर संघ हो किसान संघ हो सिक्ख पंथ अथवा मुस्लिम संघ सभी संगठन जन सेवा में लगे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से अपना समय पैसा खर्च करके जनसेवा कर रहा है। ऐसे देवतुल्य कार्यकर्ता केवल भाजपा में ही सम्भव है। प्रशिक्षण शिविर में जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी, मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर तिवारी पग्गु, पूर्व मण्डल अध्यक्ष आलोक शुक्ला वेदु, रामकुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अनुज शुक्ला, महामंत्री जगन्नाथ राठौर, राममोहन गुप्ता, उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, आशुतोष गुप्ता, कोषाध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, मीडिया प्रभारी अंकित तिवारी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नितिन मिश्रा, प्रशांत तिवारी और रवि अवस्थी सहित मैगलगंज मंडल का भाजपा पदाधिकारी व कर्तकर्ता मौजूद रहे।

# नवंबर से शुरू होंगी लोकल ट्रेनें, तैयारियों में जुटा रेलवे

**बरेली।** दिवाली के त्यौहार को देखते हुए रेल मंत्रालय ने आम जनता को सुविधा देने के लिए लोकल स्तर की गाड़िया भी चलाने का निर्णय लिया है, जो प्रमुख गाड़िया है। वह नवंबर के प्रथम सप्ताह से रफ्तार भरेंगी। इसके लिए समस्त रेल डिवीजन से ट्रेनो के प्रस्ताव भी भेज दिए गए है। बरेली से इंटरसिटी, आला हजरत, मुगलसराय त्रिवेणी एक्सप्रेस, बरेली-बनारस, बरेली-कासगंज, बरेली-पीलीभीत, बरेली- लालकुआं एक्सप्रेस आदि गाड़ियो को संचालित किया जाएगा। रेल अधिकारियो का कहना है, लोकल गाड़ी अभी चलाने को तैयारी चल रही है। बोर्ड से आदेश मिलने पर विधिवत जानकारी दी जाएगी। अभी सिर्फ ट्रेनो के संचालन को तैयारी रखने के लिए ही निर्देश मिले है। रेल मंत्रालय और रेल बोर्ड स्तर पर अधिकारियो ने निर्णय लिया है। दिवाली का त्यौहार है। यही पीक सीजन है। छठ और दिवाली, भैया दूज का त्यौहार नवंबर मे है। 15 से 20 दिन तक लगातार कमाई का समय है। स्पेशल गाड़ियो के अलावा भी लोकल स्तर की गाड़ियां संचालित की जाए। लंबी दूरी की कुछ गाड़िया चला दी गयी है। उनमे सीट को लेकर समस्या रहती है। क्योंकि,गिनी चुनी गाड़िया ही है। लोगो को सीट नही मिल रही। इसलिए अब लोकल स्तर की गाड़िया चलेंगी तो लोगो को विशेष राहत होगी। मुख्यालय से लोकल स्तर की गाड़ियो के संचालन को ऑपरेटिंग और कॉमर्शियल विभाग ने तैयारिया तेज कर दी है इंटरसिटी, आला हजरत जैसी कुछ प्रमुख गाड़ियो के जो रैक है। उनकी साफ-सफाई और मेंटीनेंस कराने को आदेश मिले है। इज्जतनगर रेल मंडल और मुरादाबाद डिवीजन के बरेली जंक्शन पर ट्रेनो के संचालन को लेकर तैयारिया तेज कर दी गई है। जिससे कभी और किसी भी दिन गाड़ियो के संचालन को लेकर बोर्ड आदेश जारी कर सकता है। बताया जा रहा है, दो नवबंर से गाड़िया चलाने की योजना है। पहले एक्सप्रेस चलेंगी, फिर पैसेंजर गाड़िया।

# संस्कृत विद्यालय में बच्चों संग मनाया गया विजयदशमी का पर्व



संवाददाता। फतेहपुर

**कुमार शेखर** ने विजयदशमी के अवसर पर उत्तरवाहिनी भिटौरा के संस्कृत विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं 2 दर्जन से अधिक बच्चों के साथ दशहरा का उत्सव मनाया। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है है। इसी दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था। दशहरा पूरे देश में रावण पर राम की जीत के सम्मान में मनाया जाता है। विजयदशमी के अवसर पर भोजन जन सेवा समिति के द्वारा दीक्षा शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं 2 दर्जन से अधिक श्रीभृगु वेद विद्यालय ओम घाट भिटौरा स्थित संस्कृत विद्यालय में 26 बच्चे जो अपने माता-पिता से दूर रह रहे हैं। ऐसे में समिति के संस्थापक कुमार शेखर को विचार आया कि उन बच्चों को दशहरे के अवसर पर उन्हें खुशियां दी जाए तो देर ना करते हुए दोपहर के 3:30 बजे बच्चों से मिलने गए दशहरे के अवसर पर उन बच्चों को बिस्कुट, गरी, चेरी, मिश्री, मीठी सौंफ इलाइची खिला कर विजयदशमी की शुभकामनाये दी। इस अवसर पर नरेश गुप्ता, सूरज कुमार, अंकित वर्मा, मनीष केसरवानी, राकेश गुप्ता, दिलीप यादव आदि उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में आलू व्यापारी की मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुजरही पावर हाउस के समीप रविवार की देर रात डीसीएम की चपेट में आ जाने से एक लगभग 25 वर्षीय आलू व्यापारी की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के मणिपुर गांव निवासी सूरज का पुत्र सुनिल कुमार जो आलू व्यापारी था। बताते हैं कि कल शाम वह अपने निजी टैऊक्टर से कौशाम्बी जनपद के अझुआ आलू लेने गया था। देर रात लगभग ग्यारह बजे वापस लौटते समय जैसे ही वह सुजरही गांव के समीप पहुंचा तभी अचानक टेऊक्टर का पहिया पंचर हो गया। रोड किनारे खडा कर वह सडक पार करने लगा इसी बीच विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रही डीसीएम ने उसे रौंद दिया और मौके से फरार हो गयी। आनन-फानन घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने जिला चिकित्सालय मर्चुरी पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# बच्चे को कोरोना से लड़ने की ताकत देगा मां का दूध

- छह महीने तक बच्चे को सिर्फ स्तनपान कराने के लिये किया जा रहा जागरूक

**फतेहपुर।** कोरोना काल में महिलायें बच्चों की देखभाल के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न दिखायें। शिशु को छह माह तक केवल स्तनपान करायें क्योंकि कोविड 19 जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिये शिशु को मां के दूध की आवश्यकता है। जिला अस्पताल के ओपीडी के बाल रोग विभाग में इन दिनों सर्दी जुकाम और बुखार से पीडित होकर छोटे बच्चे पहुंच रहे है। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डा मूलचंद्र ने बताया कि मां के दूध में पोषक तत्व होते हैं। यह शिशु को बीमारियों से लडने में मदद करता है। उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढती है इसलिये शिशु को जन्म से छह माह तक केवल स्तनपान ही करायें। स्तनपान और साफसफाई का संदेश दिया। शिशु को केवल स्तनपान ही करायें उपर का कुछ न दें जैसे पानी, घुट्टी शहद आदि। छह माह तक केवल मां का दूध पिलाने से शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहेगी। बच्चा बीमार नहीं पडेगा और शिशु को बीमारी से लडने में मदद मिलेगी। स्तनपान कराते समय साफसफाई का ख्याल रखें। हाथों को साबुन या पानी से अच्छी तरह से धोकर ही शिशु को स्तनपान करायें और मास्क का प्रयोग करें। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 जेके उमराव ने बताया कि मां का पहला पीला गाढा दूध कोलस्ट्रम शिशु के लिये बहुत महत्वपूर्ण है। बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाता है और शिशु के पेट को साफ करने में मदद करता है। कोलस्टम शिशु का पहला टीका माना जाता है। जिसे बच्चे के जन्म के एक घंटे भीतर अवश्य पिलाना चाहिये। स्तनपान शिशु को अपने शरीर का तापमान सामान्य रखने में मदद करता हैं। मां और बच्चे के बंधन को मजबूत बनाता है। मां का दूध शिशु को बीमारियों से लडने में मदद करता है। उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाता है।

## कोरोना बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक कर रहीं आशाएंः सीएमओ

**फतेहपुर।** सीएमओ डॉ0 एसपी अग्रवाल ने बताया कि आशायें घर-घर जाकर कोरोना बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है। इस दौरान महिलाओं और माताओं को मां के दूध के फायदे बताकर उन्हे जागरूक कर रही है। प्रत्येक एएनएम सेंटर, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना जागरूकता और स्तनपान से बच्चे को होने वाले फायदे के बैनर पोस्टर भी लगवाये गये है।

## अनियंत्रित बाइक पोल से टकराई किशोर की मौत, एक घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज कस्बा में दशहरे के पर्व में देर रात आर्केस्टा देखकर घर वापस आते समय अनियंत्रित होकर बाइक बिजली के पोल से जा टकराई। जिसमे एक सोलह वर्षीय किशोर की मौत हो गयी। जबकि दूसरा साथी किशोर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उसकी हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर के लिए रिफर कर दिया। हुसैनगंज थाने के छेउका गांव निवासी श्याम कुमार का पुत्र हिमांशू अपने साथी मुकेश 17 वर्ष निवासी बलवाहार के साथ मोटर साइकिल द्वारा कस्बे में दशहरे के पर्व पर हो रहे आर्केस्टा देखने गया था। देर रात लगभग बारह बजे वापस लौटते समय जैसे ही यह लोग कुछ दूर पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक बिजली के पोल से जा टकराई। जिसके फलस्वरूप दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गये।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने लगाई फांसी

**फतेहपुर।** बिन्दकी सीएचसी में तैनात एक लगभग 45 वर्षीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने सरकारी आवास में मानसिक तनाव के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के रेल बाजार मोहल्ला निवासी स्व. गेंदालाल बाल्मीकि का पुत्र नरेश कुमार बाल्मीकि जो बिन्दकी सीएचसी में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत था।

# जयंती पर याद किए गए गणेश शंकर विद्यार्थी



फतेहपुर। अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती अवसर पर आज फतेहपुर प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश द्वारा उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मिष्ठान वितरण एवं गायों को फल खिलाकर विद्यार्थी जी द्वारा दिखाएं गए मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प लिया गया। साथ ही भारत सरकार से विद्यार्थी जी को भारत रत्न देने की पुनः मांग की गई। इस अवसर पर संरक्षक मंडल के सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्रा एवं दादा श्रवण श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश सिंह समेत प्रमोद श्रीवास्तव, हरीश शुक्ला, तरुण शुक्ला, अफसर सिद्दीकी, जर्रेयाब खान, शोएब खान, योगेन्द्र पटेल, राम सुजान सिंह, नरेन्द्र श्रीवास्तव, रमेश यादव, दीपू मौर्य आदि पत्रकार एवं छायाकार मौजूद रहे।

# क्विक न्यूज

## आयोजित हुई पराली अवशेष प्रबंधन व फील्ड डे गोष्ठी



**मोहम्मदी-खीरी।** जिला कृषि अधिकारी के निर्देश पर विकास खंड मोहम्मदी के सभागार में कृषि विभाग की ओर से पराली अवशेष प्रबंधन व फील्ड डे गोष्ठी आयोजित हुई। इसमें उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पराली न जलाएं। सेटेलाइट के माध्यम से आपकी निगरानी की जा रही है। ऐसा करने पर जुर्माने के साथ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। वहीं विकास खंड अधिकारी महेंद्र कुमार यादव ने किसानों को फसल बोने से लेकर बकरी पालन, मुर्गी पालन सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से बताया। पशु चिकित्सा अधिकारी जगदीश सिंह ने कहा कि इस समय जानवरों को हरी पराली न खिलाएं। इस समय हरे चारे में पाइजिंग की मात्रा पाई जा रही है। कृषि और पशुपालन एक सिक्के के दो पहलू हैं। इस गोष्ठी में प्रमुख रूप से कृषि विभाग के एडीओ विजय पाल सिंह, बीज प्रभारी जयदेव सिंह व योगेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में किसान मौजूद हैं। बैठक का संचालन कृषि विभाग के अनवर सिद्दीकी ने किया।

## सात साइकिलों के साथ चोर गिरफ्तार



**बेहजम-खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र की बेहजम पुलिस के द्वारा एक अभियुक्त को गश्त के दौरान आधा दर्जन साइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार थाना नीमगांव क्षेत्र के बेहजम पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडे अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर निकले थे। तभी एक मुखबिर की सूचना मिली की मनोज कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम देवरी थाना नीमगांव चोरी की आधा दर्जन से ज्यादा साइकिलों के साथ परसेहरा थाना नीमगांव के पास साइकिलों की बिक्री करने के लिए बेहजम आ रहा है। सूचना पर उप निरीक्षक अनिल पांडेय हेड कांस्टेबल दलजीत सिंह, कांस्टेबल सागर चौधरी, सुरेन्द्र दुबे व रोहित कुमार के साथ पर्सेहरा कला तिराहा से गिरफ्तार कर कब्जे से सात चोरी की साईकिल बरामद की गई।

## परिषदीय स्कूलों में समय पर नहीं मिल सकेंगे स्वेटर

**बरेली।** परिषदीय स्कूलो के छात्रो के लिए 31 अक्टूबर तक स्वेटर बांटने का निर्देश दिया गया था। जबकि अभी सप्लाई के लिए फर्म का चयन ही नही हो पाया है। इस कारण बच्चो को समय पर स्वेटर मिलने की उम्मीद कम ही है। परिषदीय स्कूलो मे पढ़ने वाले छात्रो को सरकार हर वर्ष स्वेटर बांटती है। पिछले वर्ष राज्य स्तर पर फर्म तय कर जिलो मे स्वेटर वितरित करवाए गए थे। इस बार जिला स्तर पर ही फर्म का चयन होना है। बरेली मे लगभग 80 फर्म ने टेंडर डाले थे, जिनमे से 31 के टेंडर ही सही पाए गए है। अब इन मे से किसी एक फर्म का वितरण के लिए चयन होगा। शासन ने 31 अक्टूबर तक स्वेटर वितरण की तारीख तय की थी। हालांकि जिस रफ्तार से काम हो रहा है उसे देखते हुए इस तारीख तक स्वेटर मिलना मुश्किल ही लग रहे है। ग्रामीण क्षेत्रो की बात की जाए तो अब सुबह और शाम को सर्दी महसूस होने लगी है। अक्टूबर आते आते मौसम मे और भी अधिक नरमी आ जाएगी। ऐसे मे छात्रो को सर्दी से बचने के लिए खुद ही स्वेटर खरीदने होंगे।

## दो पक्षों में मारपीट, कई घायल

**बरेली।** दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में घायल आधा दर्जन लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला काकर टोला निवासी सैयद अली उसके भाई निसार अली और लड़के मेहरबान अली और दूसरे पक्ष के वकार अली ,अमान और गुड़िया को आज दोपहर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां सैयद अली ने बताया उसका लड़का एहसान अली आज घर के दरवाजे पर खड़ा था। इसी दौरान उसके घर में मांझा टूट कर गिर गया। जिससे नाराज वकार अली उसके बेटे को गालियां देने लगा और झगड़ा हो गया। लेकिन वकार अली ने कहा कि सैयद अली के घर वाले अक्सर अपने घर का कूड़ा उसके दरवाजे के सामने डालते हैं और आज भी जब उन्होंने पूरा डाला। तो उसने उनका विरोध किया। जिससे वह गालियां देने लगे और दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। जिससे दोनों ही पक्षों के कई लोग घायल हो गए। सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए घटना की शिकायत पुलिस से कर दी। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

## सड़क पार कर रहे ड्राइवर को टैंकर ने कुचला

**बरेली।** घर के पास ही सड़क पार कर रहे एक ट्रक चालक को तेजी से आ रहे टैंकर ने कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई और टक्कर मारने वाले टैंकर फरार हो गया। पुलिस ने सूचना मिलने पर लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला छीपीटोला निवासी नईम खान पुत्र पुत्तन खान की कल शाम घर से कुछ ही दूरी पर तुलसी स्थल के सामने हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि मोईन खान ट्रक चालक था और कल शाम लगभग 8 गुटखा खरीदने के लिए घर से निकला था। कुछ दूर चलने के बाद जब वह तुलसी स्थल के सामने से सड़क पार कर रहा था। तभी अचानक तेजी से आये एक टैंकर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई और टक्कर मारने वाला टैंकर फरार हो गया। मृतक की पत्नी 3 साल पहले उसे छोड़कर जा चुकी थी वह नो भाई बहनों में दूसरे नंबर का था।

## सड़क दुर्घटना में बीएससी के छात्र की मौत

**बरेली।** साइकिल सवार बीएससी के छात्र को तेजी से आ रही मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल सवार वाहन छोड़कर फरार हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया ।जहां बीती रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी।शाहजहांपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के मौजमपुर निवासी मनमोहन पुत्र हरि ओम की इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। उसके घर वालों ने बताया कि मनमोहन जी आई कॉलेज में बीएससी फाइनल का छात्र था और 12 अक्टूबर को वह बाल कटवाने के लिए एक दुकान पर गया था। जहां से साइकिल से घर वापस लौटते समय गांव के पास ही तेजी से आ रही एक बाइक ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बाइक सवार को पकड़ने की कोशिश की तो वह बाइक छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंचे घर वालों ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती करा दिया और दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी। अगले ही दिन हालत नाजुक देखकर घरवाले मनमोहन को इलाज के लिए बरेली लाया गया । जहां बीती रात उसकी मौत हो गई वह पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। उसकी मां का नाम सुषमा देवी है।

## व्यापारियों ने किया आईएमए अध्यक्ष को सम्मानित

**बरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने शाहमतगंज कार्यालय पर कोरोना काल मे संक्रमण से बचाव विषय पर परिचर्चा की। आईएमए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ विमल भारद्वाज को सम्मानित भी किया गया। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि डॉ विमल भारद्वाज ने कोरोना काल मे जिस प्रकार आम जनता ही नही बल्कि अपने डॉक्टर साथियो, उनके परिवारो व अन्य लोगो की सेवा की है, वह अनुकरणीय है। महामंत्री राजेश जसोरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गेश खटवानी ,गुरशरण वीर,योगेंद्र अग्रवाल, मनमोहन सब्बरवाल, जुगल सुखानी, विजय मूलचंदानी, अजय गुप्ता शैंकी, गिरीश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## दुकान काटकर मोबाइल फोन चोरी करने के आरोपी दबोचे

**बरेली।** फरीदपुर मे मुकुल इंटरप्राइजेज की दुकान काटकर मोबाइल फोन चोरी का पर्दाफाश कर पुलिस ने दो बदमाशो को गिरफ्तार कर लिया। चोरी के दस मोबाइल उनसे बरामद हुए है। राजेंद्रनगर के जगदीश शुक्ला की फरीदपुर मे सीएएस इंटर कॉलेज के खेल मैदान के सामने मुकुल इंटरप्राइजेज नाम से मोबाइल शोरूम है। पांच सितंबर को बदमाशो ने दुकान के जीने के दरवाजे काटकर पांच लाख रुपये के मोबाइल चोरी कर लिए थे। जगदीश ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने चोरी गए मोबाइल के आईएमआई सर्विलांस पर लगाए। गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि फरीदपुर बाईपास के ओवर ब्रिज के नीचे बदमाश वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे है। पुलिस टीम ने दो बदमाशो को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी मे बदमाशो के पास से टचस्क्रीन के दस मोबाइल बरामद हुए है। पुलिस पूछताछ मे बदमाशो ने अपना नाम आगरा के ताजगंज के गल्ला मंडी के गौरव शिवहरे और मथुरा के गोवर्धन के परिक्रमा मार्ग के भीम नगर निवासी जसवंत बताया। दोनो ने पूछताछ मे मुकुल इंटरप्राइजेज से मोबाइल की चोरी का जुर्म कबूल किया। पुलिस उनके साथियो को चिहित करने मे जुटी है। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि पकड़े गए बदमाशो से पूछताछ की जा रही है।

# अगली सरकार में हम भी होंगे

## प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव का दावा, कहा-2022 में प्रदेश की सत्ता में पार्टी की भूमिका अहम होगी



संवाददाता। जसवंतनगर

**प्रगतिशील समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने दावा किया कि यदि कार्यकर्ता जमकर मेहनत करेंगे तो 2022 में प्रदेश में बनने वाली सरकार में प्रसपा की अहम भूमिका होगी।

यहां रामकृष्ण मैरिज होम में आयोजित एक कार्यक्रम में वह संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह शीघ्र क्रांति रथ लेकर पूरे प्रदेश व प्रत्येक जिले तक जाने का प्रयास करेंगे। शिवपाल सिंह यादव ने विधानसभा चुनाव में सपा से तालमेल से इन्कार तो नहीं किया मगर कहा कि यदि उधर से बातचीत हुई और सबकुछ ठीक रहा तो लोहियावादी और समाजवादी विचारधारा रखने वाले छोटे बड़े दलो से मिलकर उनकी पार्टी चुनाव साथ.साथ लड़ सकती हैं। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में केवल गरीब ही नही किसान एव्यापारीए नौजवान और नौकरशाही सबके सब परेशान व नाराज है। प्रसपा नेता व ब्लाक प्रमुख अनुज मोंटी यादव सेक्टर प्रभारी सुभाष गुप्ता सहित कार्यकर्ताओं ने शिवपाल सिंह यादव का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर प्रसपा बरिष्ठ नेता ड़ाण् ब्रजेश चन्द्र यादवए जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष महावीर सिंह यादव जिलामहासचिव अजेंद्र सिंह गौर नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता प्रधान अनिल प्रताप सिंह यादव बंटू गुप्ता पिंटू जैन खन्ना यादव अमर प्रताप सिंहए मो जहीर हाजी सलीम खां आदि मौजूद थे।

## व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे

**जसवंतनगर।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने यहां कहा कि उनकी पार्टी व्यापारियों के पूरी तरह साथ है और जसवंतनगर में व्यापारी के विरुद्ध कराई गई फर्जी रिपोर्ट के साथ व्यापारी की तरफसे भी रिपोर्ट दर्ज होनी चाहिए अगर नहीं की गई तो वे व्यापारियों के साथ खुद धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे तथा जरूरत पड़ी तो वे जेल भरो आंदोलन भी करेंगे। यह बात उन्होंने व्यापार मंडल के प्रभु मैरिज होम में आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि पद से अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज हमेशा से देश की प्रगति में सबसे ज्यादा सहयोग करता रहा है और यदि उनका उत्पीड़न होता है तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने व्यापारियों की मांग पर कहा कि मंडी शुल्क को पूरी तरह समाप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि यदि उनकी सरकार सत्ता में आई तो वह मंडी शुल्क को पूरी तरह खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि किसान और व्यापारी दोनों ही एक दूसरे के पूरक है और देश व प्रदेश की प्रगति में दोनों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि हमेशा व्यापारियों के साथ खड़े रहे हैं और भविष्य में भी हमेशा खड़े रहेंगे। इस दौरान ब्लाक प्रमुख अनुज यादव मोंटी ने कहा कि व्यापारी वर्ग एक महत्वपूर्ण वर्ग है और इसका उत्पीड़न किसी भी तरह सहन नहीं किया जाना चाहिए। यदि कोई अधिकारी कर्मचारी व्यापारियों का उत्पीड़न करता है तो उसका पुरजोर विरोध किया जाना चाहिए। उन्होंने व्यापारियों से एक अनुरोध भी किया कि वे अपने व्यवसाय से कुछ समय अपने शरीर और स्वास्थ्य के लिए भी निकालें जिससे वे अपने कार्य को और अधिक गति से कर सकें। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनंत प्रताप अग्रवालए मंत्री सदाशिव श्रीवास्तवए बटेश्वर दयाल प्रजापति ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## मानसिक रोगी की ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत

**इटावा।** भरथना कोतवाली कस्बा अन्तर्गत दिल्ली.हावड़ा रेलवे ट्रैक स्थित भरथना रेलवे स्टेशन के पूर्वी आउटर के निकट रेलवे ट्रैक पर अज्ञात शव पड़ा होने की सूचना पर भरथना पुलिस चौकी प्रभारी राजेन्द्र सिंह के निर्देश पर पुलिस जवानों ने मृतक के शव की शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू कर दिये। जिसपर कुछ ही घण्टों में मृतक के बड़े भाई प्रेम सिंह पुत्र श्याम वावू निबासी ग्राम मोढादेव भरथना ने छोटे भाई मानवेन्द्र सिंह 33 बर्ष के रूप में शिनाख्त करते हुये पुलिस को बताया कि मृतक उसका छोटा भाई होने के साथ वह अविवाहित था। वह मानसिक रोगी होने के कारण कभी.कभी घर से निकल जाता था। मानवेन्द्र सिंह की रेलवे ट्रैक पार करते समय अज्ञात ट्रेन की चपेट में आकर भाई की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव की पुख्ता शिनाख्त करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## शराबी युवक ने मां की गोली मारकर की हत्या

संवाददाता। इटावा

**इकदिल** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कथगवाँ में रविवार की देर शाम शराबी युवक द्वारा नशे की हालत में अपनी ही माँ को गोली मार दीए जिससे वह लहूलुहान हो गिर पड़ी परिजन उसे घायल अवस्था मे अस्पताल ले गए जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पाकर पहुँची पुलिस ने भागने का प्रयास कर रहे कलयुगी हत्यारे पुत्र को गिरफ्तार कर लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेज दिया।

उक्त ग्राम निवासी मुकेश कुमार उर्फ मोनू पुत्र राम नारायन उम्र लगभग 19 वर्ष दिल्ली में टाइल्स लगाने का काम करता है। वहां से 8. 9 तारीख में अपने घर पर आया था। कल शाम करीब 6 बजे उसने अपने साथियों के साथ घर मे ही शराब पी और नशे की हालत में भी वह तमंचा हाथ में लिए था और फायर कर चेक कर रहा था पर दो बार कारतूस मिस हो जाने के बाद वह तमंचे को खोलने लगा इसी बीच गोली चल गई जो सामने खड़ी मां मालती देवी 45 वर्ष को जा लगी।

गोली चलते ही बाहर बैठे पिता रामनारायन ने अंदर आकर देखा कि उनकी पत्नी खून से लथ पथ जमीन पर पड़ी थी। घायल अवस्था में लेकर परिजन तुरंत ही जिला अस्पताल ले गए जहां उनको डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया और शव को को मोर्चरी में रखवा दिया गया। इकदिल थाना प्रभारी मदन गोपाल गुप्ता को पता चला कि अभियुक्त भागने की फर्क में है जिसे ओवर ब्रिज के नीचे से वाहन की फिराक में खड़े हालत में दबोच लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से आला कत्ल 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने कलयुगी बेटे को चालान कर जेल भेज दिया।

## पं. विमल प्रसाद तिवारी की 14वीं पुण्यतिथि पर सभासद सम्मानित

संवाददाता। फर्रूखाबाद



**पं.** विमल प्रसाद तिवारी स्मृति संस्थान के तत्वाधान में 14वीं पुण्य तिथि पर अग्रवाल सभाभवन नं0-1 स्टेट बैंक रोड पर नगर पालिका के सभासदों को सम्मानित करने का आयोजित कार्यक्रम कांग्रेस नेता एवं स्व0 तिवारी जी के पुत्र आदेश तिवारी के संयोजकत्व में हुआ। यहां पालिकाध्यक्ष श्रीमती वत्सला अग्रवाल ने सभी सभासदों को प्रशस्ति पत्र, मास्क, सेनेटाइजर व तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया। पालिकाध्यक्ष श्रीमती अग्रवाल इस दौरान कहा कि स्व. पं. विमल प्रसाद तिवारी समाज सेवी व्यक्ति थे। वह नगर सीट से चार बार विधायक चुने गए। नगर की जनता की भरपूर सेवा की। अध्यक्षता कर रहे व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरूण प्रकाश तिवारी ददुआ ने कहा कि स्व0 पं. विमल प्रसाद तिवारी ने कांग्रेस में रहकर भी कभी अन्य पार्टियों से भेदभाव नहीं किया और वह भाजपा स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी का सम्मान अपने भाई की तरह करते थे।

सम्मानित सभासदों में सर्वश्री आशीष कुमार, अतुल शंकर दुबे, रोहित नन्दन, आलोक मिश्रा, सीमा परवीन, असलम शेर खां, राम कुमार राठौर, अभिषेक, मुन्नी बेगम, अनुभव मिश्रा, रावेश मिश्रा, सफ्दर जहां के पति मोहम्मद हसीन, रामभरोसे चक, नीलू देवी, अनवर खां, सुरेन्द्र सिंह, अर्चना गुप्ता, निसाद, श्याम सुन्दर गुप्ता उर्फ लल्ला, विश्वनाथ, प्रबल त्रिपाठी, संजीत कुमार उर्फ सोनू, रीता देवी, धर्मेन्द्र कुमार, ऋषि तिवारी, भप्पू सोनी, विकास, निर्मला देवी व राजरानी सैनी आदि शामिल है। बाकी अनुपस्थित सभासदों को पालिकाध्यक्ष के माध्यम से सम्मान पत्र भिजवाए गए।

## बैंक खाते से उड़ाए 78 हजार

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** पत्नी के बैंक खाते से बिना जानकारी के करीब 78 हजार रुपये निकल जाने के मामले में युवक ने मुकदमा दर्ज कराया।कंपिल के मोहल्ला बारह पत्थर निवासी आदेश कुमार ने कायमगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा कि उनकी पत्नी वंदना का बैंक खाता कायमगंज की एक्सिस बैंक में है। जिसमें 79ए288 रुपये जमा थे। नौ अक्टूबर को जरूरत पड़ने पर जब वह पत्नी के साथ बैंक गए तो पता लगा कि उनके खाते में सिर्फ 692 रुपये ही हैं। बाकी के 78596 रुपये किसी ने निकाल लिए। रुपये कैसे निकल गए किसी कर्मचारी ने नहीं बताया। इसके बाद वह 12 अक्टूबर को फिर बैंक गया व शाखा प्रबंधक को पत्र देकर रुपयों बाबत जानकारी मांगीए लेकिन तब भी उसे कोई जानकारी न देकर कहा कि बैंक में उत्पात मत मचाओ और बैंक से बाहर कर दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एससी/एसटी एक्ट के उत्पीड़न को सर्वोच्च न्यायालय के माध्यम से बनाया जाए सामान्यः कुंवर हरिवंश

संवाददाता। फर्रूखाबाद



**क्षत्रिय** महासभा के तत्वाधान में विजयदशमी का पर्व बघार रोड स्थित राजपूताना पब्लिक स्कूल के निकट क्षत्रिय भवन में जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राजावत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद कुवंर हरिवंश ने श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर श्रीराम की स्तुति कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अपने मुख्य संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि समाज के लोग संगठित रहे और भगवान राम के आदर्शों का पालन करें। भगवान राम ने जीत कर भी राज्य जिनका था उनको दे दिया। श्री राम ने जंगल में भालू, रीच, बन्दरों को संगठित किया। उन्होने कहा कि सवर्णों पर अत्याचार करने वालों के लिये उन्होने एक कमेटी बनाकर सर्वसमाज की रक्षा करने का संकल्प लिया है। उन्होने कहा कि दलित एक्ट के कारण समाज में बुराई फैल रही है। दलित एक्ट का धंधा अब प्रोफेशनल हो गया है। पहले दलित एक्ट में सवर्ण व दलित की गवाही पर ही मुकदमा लगता था पर अब मुकदमा दर्ज होने के बाद तुरन्त ही बिना जांच के सवर्ण पर मुकदमा लगा दिया जाता। अब सर्वोच्च न्यायालय के माध्यम से इस कानून को पहले के कानून की तरह बिना जांच के किसी भी सवर्ण को न फंसाया जाये। ऐसा क्षत्रिय समाज करने जा रहा है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि क्षत्रिय समाज अपने संगठन को मजबूत बनाये और भाईचारा बनाये रखे। राष्ट्रीय महामंत्री राघवेन्द्र सिंह राजू ने कहा कि पूरे देश में क्षत्रियों के कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। राष्ट्रीय संगठन मंत्री डीएस राठौर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर लगभग 17 हाईस्कूल व इण्टर के मेधावियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुतन राठौर, रमला राठौर, मीरा सिंह, प्रोफेसर मुकेश राठौर, ओपी सिंह एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## सीएम आज घाटमपुर में पार्टी के लिये मांगेंगे वोट

● **प्रदेश अध्यक्ष सहित कई मंत्री व विधायक भी रहेंगे मौजूद**

संवाददाता। घाटमपुर



**प्रदेश** के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ आज मंगलवार को दोपहर साढ़े 12 कस्बे के मुसानगर रोड पर स्थित कैप्टन सुखबासी सिंह स्मारक जनता महाविद्यालय में पधार रहे हैं वो हो रहे उप चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी योगेंन्द्र पासवान के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संवोधित करेंगे। मुख्य मंत्री के आने और जनसभा को को लेकर आज दोपहर बाद जिलाधिकारी आलोक तिवारी, एसएसपी/डीआईजी प्रीतिन्दर सिंह को आलाव एडीएम सिटी, एस0पी0 ट्राफिक्र सहित कई अन्य अणिकारी घाटमपुर पंहुचे और जनसभा को लेकर आधिनस्थों की बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। दोनों अधिकारी जनसभा स्थल पर भी गये और सुरक्षा ब्यवस्था का जायजा लिया उनके साथ एसडीएम अरुण कुमार श्रीवास्तव व सीओ रबि कुमार सिंह तथा कोतवाली प्रभारी संजीव सिंह भी थे। उधर पार्टी के मीडिया प्रभारी एंव सभासद बिबेक शुक्ला ने बताया कि मुख्य मंत्री के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिह तथा कारागार राज्य मंत्री जय कुमार सिंह जैकी, उच्च शिक्षा मंत्री नीलिमा कटियार, केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के मौजूद रहने की संम्भावना है।

### हैलीकॉप्टर जूनियर स्कूल के मैदान में उतरेगा

**घाटमपुर।** प्रदेश के मुख्य मंत्री की जनसभा जहाँ कैप्टन सुखबासी सिंह जनता महाविद्यालय होगी वहीं उनका हेलीकैप्टर के उतरने की ब्यवस्था पास ही स्थित उच्य प्राथमिक बिद्यालय के मैदान में की गयी है, हेलीकैप्टर से उतरने के बाद वो कार से सभा स्थल पंहुचेगे। जनसभा के लिये बने मंच का जायजा लेने के बाद डीएम आलोक तिवारी, एसएसपी प्रीतिन्दर सिंह हेलीपैड का निरीक्षण किया देर शांम उनके कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गयी है।

### सतीश मिश्रा की भी सभा आज घाटमपुर में

**घाटमपुर।** बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश मिश्रा भी आज मंगलवार को घाटमपुर पधार रहे हैं यहाँ वो पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा को संवोधित करेंगे। बसपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव का कार्यक्रम कस्बे के गांन्धी इन्टर कालेज के मैदान में है उनका कार्यक्रम 12 बजे से 4 बजे के बीच होगा।

## मिशन शक्ति के पहले चरण का हुआ समापन

संवाददाता। कानपुर देहात

**मिशन** शक्ति के तहत नारी सशक्तिकरण, नारी सम्मान अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से विगत 17 अक्टूबर से शुरू हुए प्रथम चरण का रविवार को कलेक्टेऊट सभागार में एक भव्य आयोजन के साथ समापन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल, सांसद देवेन्द्र सिंह भोले, विधायक प्रतिभा शुक्ला, जिलाधिकारी डा0 दिनेशचन्द्र, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, सीडीओ सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा आदि ने प्रतिभाग करते हुए मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके, माल्यार्पण करके समापन समारोह का शुभारंभ किया गया। सभी आगन्तुक अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर कार्यक्रम के दौरान स्वागत एवं सम्मान किया गया। वहीं समापन कार्यक्रम में जनपद की 101 वर्ष की वृद्ध महिला को सम्मानित किया गया। वहीं छात्राओं द्वारा बनायी गयी मिशन शक्ति रंगोली का अवलोकन भी किया गया।

राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल ने कहा कि मिशन शक्त के तहत नारी को स्वावलंबी बनाने, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा अभियान के रूप में शुरूआत की गई है। प्रदेश सरकार क्षेत्र की महिलाओं की सुरक्षा हेतु समय-समय पर बेहतर कदम उठा रही है। थानों पर हेल्पडेस्क के माध्यम से अब सुनवाई में सहायता होगी। सांसद देवेन्द्र सिंह भोले व विधायक अकबरपुर रनियां प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि शासन एवं प्रशासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा हेतु बेहतर कदम हैं। मिशन शक्ति के माध्यम से अधिक से अधिक से जागरूक किया जाए।

## क्विक न्यूज

### महिला हेल्प डेस्क का नहीं कटा फीता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** सोमवार को अमृतपुर तहसील में महिला हेल्प डेस्क का शुभारम्भ होना था लेकिन शासन से संकेत ना मिलने पर शुभारम्भ नही हो सका।दरअसल शासन के निर्देश पर किसी जनप्रतिनिधि के माध्यम से तहसील में एक महिला हेल्प डेस्क का शुभारम्भ किया जाना था। जिसमे महिला आकर अपनी समस्या बिना हिचक एक बता सके। पूरी तैयारी की गयी विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य भी शुभारम्भ के लिए पंहुचे। तकरीबन वह शासन से ग्रीन लाइन मिलने का इंतजार करते रहे। लेकिन ग्रीन लाइन ना मिलने से तहसील में महिला हेल्प डेस्क का सुबह शुभारम्भ नही किया जा सका। महिला हेल्प डेस्क के शुभारम्भ में आस-पास के गाँव की दर्जनों महिलाएं भी इंतजार कर मायूस होकर लौट गयीं। विधायक सुशील शाक्य, एसडीएम विजेंद्र सिंह, तहसीलदार भोपाल सिंह आदि रहे

### युवती ने खाया जहर हालत गंभीर

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** इसे संवेदनहीनता कहें या फिर समाज का बदलता हुआ परिवेश आज का युवक हो या युवती छोटी-छोटी बात पर गुस्से में आकर आत्महत्या जैसा घातक कदम उठाने में भी संकोच नहीं करते। ऐसा ही एक मामला आज उस समय सामने आया । जब कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव जिरखापुर निवासी सुखदेव की 20 वर्षीय बेटी आस्था ने किसी अज्ञात कारणवश खिन्न होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया।परिजन उपचार के लिए युवती को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए । जहां से प्रथम उपचार के बाद चिकित्सक ने युवती की हालत गंभीर बताते हुए, उसे लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया।

### छत से गिरकर घायल

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव बरई निवासी अजीत सिंह का 30 वर्षीय बेटा अरुण सिंह किसी काम से अपने घर की छत पर गया था। जहां से पैर फिसलने के कारण असंतुलित होकर नीचे जा गिरा। घायल अवस्था में परिजन उपचार के लिए घायल को सीएचसी कायमगंज लाए।

### मेड़ के विवाद में हुआ झगड़ा, दो घायल

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** थाना कंपिल क्षेत्र के गांव कटिया निवासी गुल वहाब ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके खेत की मेड शकील कामिल साकिब साहिल सलीम ने काट दी थी। जिसका मेरे द्वारा विरोध करने पर इन सभी लोगों ने एक राय होकर मुझे व मेरे 16 वर्षीय भतीजे फरहान पुत्र विकार को घेरकर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने एनसीआर लिख कर दोनों घायलों को उपचार एवं चिकित्सीय परीक्षण के लिए कायमगंज के सीएचसी भिजवाया।

### राज मिस्त्री को सर्प ने डंसा, हालत गंभीर

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र कंपिल के गांव कटिया निवासी 40 वर्षीय सलीम पुत्र नफीस राजमिस्त्री का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वह आज अपने पड़ोसी गांव बरखेड़ा में सामुदायिक शौचालय बना रहा था। जहां सलीम को किसी जहरीले सर्प ने डस लिया उपचार के लिए कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां समाचार लिखे जाने तक उसका उपचार जारी था। डॉक्टर के अनुसार सलीम की स्थिति स्थिर है किंतु वह खतरे से बाहर है।

### मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

**जसवंतनगर।** कोरोना गाइडलाइंस की बजह से क्षेत्र में दशहरा पर्व की धूम फीकी रही। हालांकि सादगी के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। दुर्गा पूजा घरों में विराजमान प्रतिमाओं को ग्राम सिरहौल भोगनीपुर नहर पुल समीप घाट में विसर्जित किया गया।

## बीहड़ इलाके के स्कूलों में जड़े रहते हैं ताले, नहीं पहुंचते बेसिक शिक्षक




संवाददाता। जसवंतनगर इटावा

**क्षेत्र** के तिजोरा संकुल के बीहड़ी गांव सरामई में प्राइमरी स्कूल में 11बजे तक ताले जड़े थे। बच्चे स्कूल खुलने का इंतजार कर रहे थे।

कोई भी अध्यापक पढ़ाने नही पहुंच था। इसी प्रकार जिले बॉर्डर पर स्थित गाँव फक्कीर की मड़ैया में प्राइमरी स्कूल में एक ही अध्यापक मिला ।उसी कंपाउंड में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय मड़ैया फक्कीरे में भी ताला जड़ा हुआ था । दोनों स्कूलों में तैनात6अध्यापक और शिक्षा मित्रों में से सिर्फ एक सहायक अध्यापक मौजूद था।

बीआरसी जसवंतनगर अंतर्गत सरामई स्थित प्राइमरी स्कूल में जब मीडिया टीम पहुंची तो 11रू00 बजे ताला लगा हुआ मिला। जब गांव के लोगों से इस बारे में पूछा यह स्कूल क्यों बंद है एतो गांव वालों ने बताया कि यमुना की तलहटी का यह बीहड़ी गांव है एयहां पर अध्यापक महीने में एक दो बार ही आते हैं खानापूर्ति के तौर पर हस्ताक्षर करके चले जाते हैं । ग्रामीणों ने अध्यापकों से पूछा तो उन्होंने साफ कहा कि मेरी अधिकारियों से सेटिंग हैए मैं आऊं या ना आऊं कोई कुछ नहीं कर सकताए इसी प्रकार जब मीडिया टीम इटावा जिले के बॉर्डर पर स्थित आखिरी गांव मड़ैया फक्कीरे में12बजे पहुंची एतो वहां पर एक ही कैंपस में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में ताला जला हुआ मिला। प्राइमरी स्कूल में सहायक अध्यापक मनोज कुमार मौजूद मिले जब मनोज कुमार से बात की तो उन्होंने बताया यहां पर 6 अध्यापक एक शिक्षामित्र तैनात हैं। लगभग दोनों स्कूलों की मिलाकर छात्र संख्या 200से ऊपर है । अध्यापक क्यों नहींआते तो है आज पता नहीं क्यों नहीं आए। लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि कभी एक कभी दो ऐसे ही आते हैं कभी भी सभी अध्यापक नहीं आते हैं छात्र ऐसे ही घूमते रहते हैं और खेलते रहते हैं।

## अन्याय के प्रतीक रावण का वध

संवाददाता। कानपुर देहात

**कोराना** गाइड लाइन के चलते हलॉकि जनपद में मेले की परम्परा अर्से बाद टूटी हलॉकि रावण वध सहित रावण के पुतले का दहन में जोरदार उत्साह देखा गया। जनपद के विभिन्न स्थानों पर अहॅकार व असत्य के प्रतीक रावण का पुतले का दहन किया गया। दशहरा के अवसर पर अहॅकार, असत्य के प्रतीक रावण के दहन के साथ उसके वध की लीला का सजीव मॅचन किया गया। मुख्य कार्यक्रम अकबरपुर की रामलीला मैदान में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुँचे डीएम दिनेशचन्द्र ने कहा कि कोरोना के इस संक्रमण काल में आयोजकों ने बेहतर काम किया है। दशहरा पर्व पर आये हुये सभी लोगों को बधाई देते हुये आजकल जगह-जगह रावण जैसा अत्याचार कर रहे लोगों के खिलाफ आवाज उठाने का आवाहन किया। इस मौके पर एसपी केशव कुमार चौधरी, सॉसद भोले सिंह विधायक प्रतिभा शुक्ला को भी स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। लॅकापुरी मैदान में आयोजित रावण दहन के कार्यक्रम ने समा बॉध दिया। जनपद के झींझक, शिवली, सिकन्दरा सहित अन्य स्थानों पर भी राम-रावण सॅवाद के बाद रावण के पुतने का दहन किया गया। कोरोना के चलते कहीं भी मेले का आयोजन नहीं किया गया जिससे सीमित सॅख्या में ही लोग मौके पर मौजूद रहे।

### रावण का पुतला फूंका गया

**रूरा, कानपुर देहात।** कस्बे में तमाम विवादों के बाद आयोजित की गयी एक दिवसीय रामलीला के आयोजन में कुम्भकर्णवध, रावण वध व राजतिलक की लीला का मॅचन किया गया। भगवान राम द्वारा रावण की नाभि में वाण मारते ही पुतने का दहन किया गया। इस मौके पर दिलीप मुन्ना, सीताराम पाण्डेय, विवेक पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### युवाओं ने लगातार सातवीं बार पुतले का दहन किया



**रूरा, कानपुर देहात।** मुख्य तिराहे के बसस्टाप तिराहे में स्टेट बैंक के सामने रावण के विशालकाय पुतने का दहन युवाओं ने लगातार सातवें वर्ष किया। इस मौके पर ओम द्विवेदी, लवी सेंगर, गोलू हाडा, डोडा गुप्ता, आनन्द गुप्ता, ऋषभ द्विवेदी, नयन गुप्ता, कृष्णा, सचिन सिंह, अनीष सिंह, अतुल गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। जनसहयोग व चन्दे से पुतला दहन के आयोजन में विशालकाय पुतला विवादित रामलीला के परम्परागत कार्यक्रम के रावण के पुतले को पीछे छोड गया।

# कोटरा में कच्चे पुल को बनाया वसूली का जरिया

**उरई ( जालौन )।** नगर पंचायत कोटरा क्षेत्र में बेतवा नदी पर अवैध तरीके से बनाये गये कच्चे पुल से दबंगों द्वारा निकलने वाले दोपहिया वाहन चालकों से अपना नजराना वसूली का अवैध कारोबार शुरू कर दिया है। पिछले दिनों एसडीएम सदर व सीओ सदर ने स्थलीय निरीक्षण कर अवैध कच्चे पुल के संचालन पर रोक लगा दी थी। दबंगों की दबंगई प्रशासन को बौना साबित करने पर तुले नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि उक्त अवैध पुल पर अराजकतत्वों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे आये दिन कहासुनी ही नहीं बल्कि मारपीट तक की घटनायें घटित हो चुकी है।


पुल पर दोपहिया वाहन चालकों से वसूली करते लोग।

नगर पंचायत कोटरा द्वारा कच्चा पुल संचालन की नीलामी हुई थी जिसमें सबसे उच्चतम बोली लगाने वाले के नाम बोली टूटी थी। इसके बाद कच्चे पुल संचालन के लिये मंडलायुक्त दफ्तर से अनुमति मिलने के बाद उसे चालू किया जा सकता है। लेकिन यहां तो अभी तक कच्चे पुल संचालन की कमिश्नर कार्यालय से अनुमति भी नहीं मिली और पिछले दिनों एक मौरम माफिया से मिलकर उसी की जेसीबी मशीन से अवैध तरीके से कच्चे पुल का निर्माण किये जाने की भनक जब प्रशासनिक अमले को पता चली तो सदर एसडीएम सत्येंद्र कुमार व सीओ सदर संतोष कुमार ने मौके पर पहुंचकर वहां पर बैठे मिले लोगों को कड़ी चेतावनी दी थी साथ ही मौके पर मिले कागजातों को अपने साथ ले आये थे। लेकिन इसके बाद दबंगों ने अपनी दबंगई दिखाते हुये अवैध कच्चे पुल से निकलने वाले दोपहिया वाहन चालकों से अपना नजराना वसूली का अवैध कारोबार शुरू कर दिया। जबरन इस तरह से वाहन चालकों ने वसूली का विरोध किया तो उसके साथ गाली गलौज व मारपीट तक की नौबत आ रही है। हैरानी की बात तो यह है कि इस मामले में जहां नगर पंचायत कोटरा के जिम्मेदार चुप्पी साधे हुये हैं तो वहीं प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी अवैध कच्चे पुल का किसी भी कीमत पर संचालन पर रोक लगाने को कटिबद्ध नजर आ रहा है।

# विधवा का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

**बिवांर ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के बांधुरबुजुर्ग गांव में विधवा महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गयी है हत्या की आशंका जतायी जा रही है। बिवांर थानाक्षेत्र के बांधुर खुर्द गांव निवासी स्वर्गीय फेरनलाल निषाद की पत्नी श्यामबाई(85) का सोमवार की सुबह उसी के घर में चारपाई पर सदिंग्ध परिस्थितियों में शव मिलने की जानकारी फैलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड जमा हो गई और तरह तरह की चर्चाएं होने लगी।इस घटना की जानकारी पाते ही बिवांर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पडताल में जुट गई। कुछ ही देर बाद पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र कुमार सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह सहित क्षेत्राधिकारी सौम्या पांडेय सहित फील्ड यूनिट व डाग स्क्वायड टीम भी मौके पर पहुंच गई।और घटना की गहनता से जांच पडताल में जुट गई।

पुलिस ने बताया कि आज सुबह गांव में कन्या भोजन का आयोजन किया गया था।प्रसाद बनाने के लिए गांव से बडे बडे बर्तन एकत्र किए जा रहे थे तभी इस बुजुर्ग महिला के पास ग्रामीण कडाही लेने पहुंच गए। घर का दरवाजा बंद था ग्रामीणों ने काफी देर तक दरवाजा भडभडाया लेकिन दरवाजा नही खुला तब खिडकी से देखा गया तो चारपाई में महिला मृत अवस्था में पडी थी। इसकी जानकारी गांव में फैलते ही वहां ग्रामीणों की भीड लग गई तब इस घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी, श्यामबाई का पति लगभग दस साल पहले खत्म हो चुका है उसके चार लडकों में से एक लडके की पहले ही मौत हो महिला अपने हांथों और पैरों में चांदी की चूडियां पहने थी वह उसके शव में देखने को नही मिली है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बुजुर्ग महिला की मौत के कारण साफहो सकेगा।

## छापा मारकर पुलिस ने आतिशबाजी बरामद की, दो को भेजा जेल

**मौदाहा ( हमीरपुर )।** कोतवाली पुलिस ने बीती रात कस्बे में एक स्थान पर छापा डाल भारी मात्रा में अवैध रूप से आतिशबाजी बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रविवार की शाम नगर के मराठी पुरा में अंकित ओमर के यहां भारी मात्रा में आतिशबाजी व पटाखे अवैध रूप से डंप किए गए हैं। अंकित ओमर के यहां छापा डाल पटाखा व आतिशबाजी बरामद कर उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने विप्पू शिवहरे के गोदाम में आतिशबाजी रखी है पुलिस जब अंकित को लेकर गोदाम पहुंची तो वहां भारी मात्रा में पटाखे बरामद कर विप्पू शिवहरे को भी हिरासत में ले लिया। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। दशहरा व दीपावली के त्यौहार के चलते पटाखे का व्यापार करने वालों ने अच्छी खासी मात्रा में आतिशबाजी डंप कर रखी है। अधिकांश लोग रिहायशी इलाकों में गोदाम ले अपनी आतिशबाजी व पटाखे रखे हुए हैं। पुलिस सुराग रस्सी कर उनकी तलाश में जुटी है।

## क्विक न्यूज

### आटो पलटने से डेढ़ दर्जन श्रद्धालु घायल

**राठ(हमीरपुर)।** महोवा जिले के मदारन माता मंदिर से मुंडन संस्कार करा वापस लौट रहे लोगों से भरा तीन पहिया वाहन राठ मुस्करा मार्ग में अनियंत्रित होकर पलट गया।जिसमे डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया है। दुर्गा अष्टमी के मौके पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैथा निवासी सियाराम पासवान के नाती का मुंडन संस्कार होने पर वह अपने परिजनों को तीन पहिया डग्गा में बैठा कर महोबा जिला के चरखारी क्षेत्र में स्थित मदारन माता मंदिर में ले गया। मुंडन संस्कार होने के बाद सभी लोग डग्गा में सवार होकर वापस लौट रहे थे। जो राठ हमीरपुर मार्ग पर धनोरी के पास स्थित नर्सरी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। डग्गा चालक देवेंद्र साहू सहित उसमें सवार ग्राम कैथा निवासी चंदा पत्नी गंगादीन, श्यामकली पत्नी सरजू,पवन कुमार रामहेत, पूजा पुत्री हरिराम, आकाश पुत्र रामप्रकाश, अरविंद पुत्र चतुर्भुज उसकी मां शीला घायल हो गए हैं। वहीं अन्य शराब के नशे में धुत होकर राठ से अपने गांव जा रहे ग्राम करगवां निवासी संजय (28) पुत्र रामकिशोर व भूपेंद्र (25) पुत्र बृजेंद्र ने अपनी बाइक से ग्राम जराखर निवासी सचिन की बाइक में टक्कर मार दी जिससे घायल हो गये।

### मांग पूरी न होने पर फौजी परिवार समेत अनशन पर बैठा

**मौदहा (हमीरपुर)।** फौजी की मांग पूरी नही हुई तो पूरे परिवार के साथ तहसील परिसर में अनशन में बैठ गया है। जानकारी के मुताबिक नगर के हुसैनगंज निवासी सुदीप कुमार ने पुलिस को बताया थी कि उसके घर के बगल में रहने वाला शिव नारायण निषाद अपने घर में आटा चक्की व स्पेलर इंजन से चलाता है। जिसकी वजह से उसके घर में लगातार कंपन होने से उसके क्षतिग्रस्त होने की आशंका है तथा इंजन की आवाज व उससे निकलने वाले प्रदूषण से उसके परिवारी जन बीमार हो रहे हैं। सुदीप ने कोतवाली पुलिस से चक्की को बंद करवाने की मांग की। पुलिस द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई करते ना देख उसने पुलिस क्षेत्राधिकारी से भी गुहार लगाकर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की थी। उसकी समस्या का निदान न होने पर वह सोमवार से परिवार समेत तहसील परिसर में अनशन पर बैठ गया। अपने बगल में चल रही चक्की को अविलंब बंद कराने की मांग की है ताकि उसकी व उसके घर की सुरक्षा हो सके।

### दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के भौली गांव में दो पक्षों में मारपीट व गाली गलौज करने की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज की है। भौली गांव के अखिलेश सिंह ने थाने में पुलिस को बताया कि मेरे चाचा रामकुमार उर्फलंगड़ ने पत्थर व डंडे से मारपीट की है। जिससे चोट आई है। वही दुसरे पक्ष के रामकुमार ने तहरीर देकर बताया कि बीती रात 11 बजे अपने घर में था। तभी शराब के नशे में भोला सिंह व डब्बू सिंह आये तथा गाली गलौज करने लगे मना करने पर दोनों ने लाठी डंडे से मारापीटा । शोर सुनकर मेरी बहु सीता बचाने आयी तो उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट किया है। वही दोनो की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### आरोपी पिता-पुत्र को जेल भेजा

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में पिता-पुत्र समेत एक महिला को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है। ग्राम बहदीना निवासी राम सिंह पुत्र मैया दीन ने ग्राम रीवन निवासी रोहित, इंद्रपाल व श्याम कुंवर समेत उसके परिवारी जनों पर दहेज को लेकर अपनी बहन की हत्या करने का मामला कोतवाली मौदहा में दर्ज कराया था। जिस पर कोतवाली पुलिस मृतका के पति रोहित, ससुर इंद्रपाल व सास श्याम कुंवर कि तलाक मे थी। पुलिस ने बीती शाम तीनों आरोपियों को मराठी पूरा मौदहा से गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया।

### जिला बदर अपराधी को जेल भेजा

**सरीला (हमीरपुर)।** जलालपुर थाना पुलिस ने जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि अनिरुद्ध उर्फमुन्ना निवासी बिलगांव को जिला मजिस्ट्रेट ने 30 सितंबर से 6 माह के लिए जिला बदर घोषित किया है। फिर भी वह गांव में रह रहा था। रविवार को उसे उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### कमरे में फांसी पर झूलते मिले पति-पत्नी

**माधौगढ़ (जालौन)।** सोमवार को मुहल्ला अम्बेडकर नगर में पति-पत्नी के शव अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे से झूलते मिले अचानक हुई घटना से कस्बे में सनसनी फैल गयी। रामदुलारे पुत्र रामचरण (55) वर्षीय व पत्नी सुशीला 50 के शव कमरे में फांसी के फंदे से झूलते मिले पुत्र द्वारा मिली जानकारी के अनुसार सप्तमी के दिन से ही माता पिता नहीं दिखे सुबह प्रातः जब छोटा भाई कमरे की सफाई करने गया तो देखते ही अचंभित रह गया दोनों शव फांसी के फंदे से झूलते मिले व शवों से बहुत बुरी दुर्गंध भी आ रही थी इस प्रकार की अचानक चौका देने वाली घटना से कस्बे में सनसनी फैल गयी व कोतवाली माधौगढ़ पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी वीरेन्द्र श्रीवास्तव व कोतवाल बीएल यादव व पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। पुलिस मामले की शिनाख्त में जुटी हुई है।

### पहूज नदी में मिला अज्ञात युवती का शव

**रामपुरा (जालौन)।** रामपुरा थाना पुलिस को मुखबिर की सूचना पर दोहपर के समय पहूज नदी में बहता हुआ एक महिला का शव निनावली पुल के नीचे पहूज नदी के मध्य मिट्टी के टीले के पास मिला जिसकी उम्र लगभग 25 वर्ष की होगी। युवती के शरीर पर नीले रंग के कपड़े पहने वह शव जल प्रवाह से बहकर आया था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामपुरा थाना के प्रभारी संजय मिश्रा ने बताया कि शव लगभग 4-5 दिन से पानी में डूबे होने के करण शरीर फूल गया जिसे अभी कुछ नहीं कहा जा सकता आगे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे उचित कानूनी कार्यवही की जा सकती है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**कोंच(जालौन)।** अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से महिला की मौत हो जाने की घटना सामने आयी है। कोंच सर्किल के थाना कैलिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मगरा के समीप बीती रात सड़क किनारे जा रही एक महिला को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक महिला समीपवर्ती ग्राम सुनाया की रहने वाली 50 वर्षीय शबाना पत्नी छोटे खां है और मृतक महिला दिमागी रूप से अस्वस्थ थी।

### गोष्ठी में महिलाओं को पुलिस ने किया जागरूक

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर प्रदेश शासन नारी सुरक्षा नारी सम्मान एवं महिला कल्याण व बाल विकास को जारी महा अभियान मिशन शक्ति के तहत सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों ने कस्बे व विभिन्न गांवों के दुर्गा पंडालों, बाजारों, कोचिंग सेन्टरों तथा महिला थाना की एंटी रोमियो टीम ने भरतकूप में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया। एंटी रोमियो टीमों ने बालिकाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्स हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 एवं अपने थाना के सीयूजी नंबर के बारे में जानकारी दिया।

## घर में लोग खुशी मना रहे थे,पिता फांसी पर झूल गया

**राठ ( हमीरपुर )।** विशिष्ट बीटीसी में पुत्र की तैनाती की एक दिन पहले ही पिता ने संदिग्ध हालत में खेत पर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना जरिया के इटेलिया गांव निवासी सरदेश (55) पुत्र रामदयाल ने बीती रात खेत में लगे नलकूप पर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने उसे बेहोशी की हालत में इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया। चिकित्सक भरत राजपूत ने उसे मृत घोषित कर दिया। सरदेश के दो बेटों मुकेश व योगेश में बड़े बेटे योगेश राजपूत का विशिष्ट बीटीसी में चयन हो जाने पर उसे तैनाती की जगह मिलनी थी। जिस पर पूरे घर में खुशी का माहौल था। सरदेश द्वारा आत्महत्या कर लेने पर उनकी खुशियां मातम में बदल गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अलग-अलग घटनाओं में महिला समेत कई घायल

**मौदहा ( हमीरपुर )।** क्षेत्र की अलग-अलग घटनाओं में मां बेटी समेत एक अन्य महिला घायल हो गयी। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम बमरौली डेरा निवासी सुनीता पत्नी चंद्रपाल ने पुलिस को बताया की 25 अक्टूबर की वह अपने दरवाजे पर बैठी थी तभी पड़ोसी श्याम बाबू व उसकी पत्नी भूरी, चुन्नू बाद व सीताराम लाठी डंडा व तमंचा लेकर आए और उसके साथ गाली गलौज कर उसे मारने पीटने लगे। वह अपने घर के अंदर भाग कर जान बचायी। सभी आरोपी भी उसके अंदर घुस गए और सुनीता के साथ मारपीट करने लगे यह देख सुनीता की पुत्री पूनम अपनी मां को बचाने आ गई तो आरोपियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। झगड़े का शोर सुनकर पड़ोसियों के आने पर आरोपी गण पीड़ित महिला को जान से मारने की धमकी दे मौके से चले गए। इसी प्रकार ग्राम फत्तेपुरवा निवासी सिया प्यारी ने कोतवाली मौदहा में तहरीर दी कि वह सोमवार की सुबह अपने पड़ोस में गोबर के कंडे पाथ रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाली सिमरिया व झलो ने आकर उसके साथ गाली गलौज कर उसे मारा पीटा।

### सूना घर पाकर चोरों ने किया हाथ साफ

**हमीरपुर।** कुरारा क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव में परिवार समेत आरती शामिल होने पर चोरों ने एक घर में चोरी कर नगदी व जेवर चुरा ले गये है। पीड़ित ने डायल 112 में फोन किया जिसपर पहुची पुलिस ने निरीक्षण किया पीड़ित ने थाने में लिखित शिकायत की है। थाना क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव निवासी पुष्पेंद्र सिंह परमार गांव में ही माता की आरती में शामिल होने पूरे परिवार के साथ गया था रात लगभग आठ बजे जब वापस लौटा तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है अंदर जाने पर गांव निवासी टीटू यादव पुत्र स्व.कैलाश यादव कमरे में घुसा हुआ है उसे देख जब शोर मचाया तो वो दौड़कर छत पर चढ़ गया व छत से कूदकर भाग गया।

## पटाखे की चिंगारी से लगी आग, हजारों का नुकसान

**कदौरा ( जालौन )।** रविवार को दोपहर के समय नगर के मुहल्ला गाड़ीखाना में बच्चे पटाखे जला रहे थे तभी पटाखे की चिंगारी अचानक फक्रीर मुहम्मद के रखे भूसे में चली गई जिससे भूसा जलने लगा आग की लपटे इतनी तेज थी कि बगल में स्थित अल्लादिया राइन के मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया अचानक लगी आग से मुहल्ले में हड़कम्प मच गया आनन फानन में मुहल्ले के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन जब तक अल्लादिया राइन का 7 कुंतल गेंहू व 70 फल व सब्जी की क्रेट जल गई जबकि फक्रीर मुहम्मद का 15 कुंतल भूसा तीन तख्त व अन्य सामान जल गया आग से लगभग 60 हजार के नुकसान का अनुमान बताया गया। सभासद शाकिर खान ने बताया कि लेखपाल दयाशंकर सहित उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है।

# क्षेत्र पंचायत में 11.82 करोड़ से कराया जायेगा विकास कार्य

**सरीला ( हमीरपुर )।** सोमवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई। जिसमें ब्लाक प्रमुख ने कहा कि बिना भेदभाव के क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। आगामी वित्तीय वर्ष के विकास कार्य के लिए 11.82 करोड़ का बजट भी पारित किया गया। मौजूद बीडीसी सदस्य ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने क्षेत्रों में कराए जाने वाले कार्यो के प्रस्ताव दिए।

विकासखंड के सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लाक प्रमुख चंद्र कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह ने कहा कि क्षेत्र के विकास से प्रदेश व देश विकसित होता है। ब्लाक प्रमुख ने भी क्षेत्र के विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। बौखर में इस्लामपुर कैनाल से तलैया तक जल बांध व हरिसिंह के खलिहान से कोठी तक सोलिंग कार्य, जलालपुर में शंकर के दरवाजे से अवधेश दुबे के मकान तक सीसी सड़क, बंधौली में राजू की दुकान से हल्के के फार्म तक सी सी सड़क सहित क्षेत्र में जल रोक बांध, नाला निर्माण, सी सी सड़क सहित अन्य कार्यों के प्रस्ताव बीडीसी सदस्यों व ग्राम प्रधानों ने दिए। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि बैठक में कुल 11.82 करोड़ से विकास कार्य कराये जाने के प्रस्ताव पारित हुए हैं। ग्राम पंचायतों के लिए 7.50 करोड़ क्षेत्र पंचायत 3.50 करोड़ अन्य कार्यदायी संस्थाओं के लिए 92 लाख से बिकास कार्य कराये जाने के प्रस्ताव पारित किये गये हैं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दृगपाल सिंह लेखाकार पुत्तन लाल वर्मा बीडीसी राजकुमार इस्लामपुर, अनेश बौखर, विनीता धगवां, मोहिनी बंडवा, मंगल इछौरा, संतोष अतरौली, कल्लू छिबौली, संतोष रानी जिटकरी, राजेश पुरैनी सहित क्षेत्र के बीडीसी सदस्य व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से जीजा-साले की मौत

**चित्रकूट।** भरतकूप थानाक्षेत्र के भगनपुर गांव निवासी कुछ युवक भरतकूप मंदिर सुबह दर्शन करने गये थे। दर्शन बाद सड़क किनारे खडे आपस में बात कर रहे थे तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सतना मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। भगनपुर गांव निवासी अमित पटेल और सुरेश पटेल बाइक से विक्रम पटेल के साथ भरतकूप मंदिर दर्शन के लिये आये थे। दर्शन करने के बाद सडक किनारे खडे आपस मे बात कर रहे तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की चपेट मे आ जाने से अमित और सुरेश पटेल की मौके पर मौत हो गई मृतक युवक रिश्ते में जीजी-साले बताये गये हैं। जबकि विक्रम पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे का शिकार हुए युवको के परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शवो का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा है। वही घायल का इलाज जारी है।

# बेखौफ बदमाशों ने असलहा लहराते हुए पेट्रोल पंप से हजारों लूटे

## ● पूर्व विधायक के पंप पर हुई वारदात से ग्रामीण सहमे

**कदौरा ( जालौन )।** कदौरा में बदमाशों ने दुस्साहिक बारदात को अंजाम देते हुए पूर्व विधायक के पेट्रोल पंप पर आधा दर्जन असलाहधारी बदमाशों ने सेल्समैनों की पिटाई करते हुए लूट को अंजाम दिया घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश तमंचा लहराते हुए फरार हो गया दिन दहाड़े हुई लूट की घटना से पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया सूचना पर सीओ सहित पुलिस कप्तान भी मौके पर पहुचे और सेल्समैनों से पूछताछ की पुलिस को सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर बदमाशों की पहचान करने में लगी है।


लूट की घटना के बारे में जांच करते पुलिस अधिकारी।

सोमवार दोपहर लगभग 11 बजे कदौरा बबीना हाइवे पर पूर्व विधयक बीर सिंह के पेट्रोल पंप पर सेल्समैन महेंद्र यादव पुत्र मुन्ना व अनूप द्विवेदी पुत्र छुन्ना महाराज रोज की तरह ग्रहकों को पेट्रोल व डीजल दे रहे थे। तभी फिल्मी स्टाइल में दो वाइकों में सवार पांच युवक आए और सेल्समैन का बैग छीनने लगे बदमाशों द्वारा बैग छीनने का विरोध जब सेल्समैन व अन्य लोगों ने किया तो उक्त बदमाशों ने अवैध तमंचा निकाल कर सभी पर तान दिया और गोली मारने की धमकी दी धमकी से दहशत में आये अन्य लोग शांत हो गए और उक्त बदमाशों ने दोनों सेल्समैनों की पिटाई करते हुए बैग छीनकर भाग गए दिन दहाड़े लूट की घटना की खबर लगते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। स्थानीय पुलिस सहित सीओ आरपी सिंह, एसपी डॉ. यशवीर सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे और सेल्समैन से पूछताछ की सेल्समैनों ने बताया कि उनके पास से बदमाश 26641 रुपये लूट कर ले गए है।

### डायल 112 भी प्वाइंट स्थल से थी नदारत

**कदौरा।** हाइवे के किनारे पेट्रोल पंप में दिन दहाड़े हुई लूट की घटना से पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया है आश्चर्य तो इस बात का है कि उक्त पेट्रोल पंप में डायल 112 का प्वाइंट स्थल भी है जब कि घटना के समय 112 पीआरबी नदारत थी।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई लुटेरों की फोटो

**कदौरा।** पूर्व विधायक के पेट्रोल पंप पर दिन दहाड़े हुई लूट की घटना का घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया है बदमाश लूट के बाद तमंचा लहराते हुए भागते दिखाई दिए है बताया जाता है कि पुलिस ने बदमाशों की पहचान कर ली है।

### पूर्व प्रधान पुत्र से विवाद के बाद हुई की घटना

**कदौरा।** पूर्व विधायक बीर सिंह के पेट्रोल पंप पर हुई लूट में कही पूर्व प्रधान के पुत्रों का हाथ तो नही है क्यों कि बताया जाता है कि एक गांव के पूर्व प्रधान के पुत्र से सुबह लगभग 9 बजे पेट्रोल डालने को लेकर सेल्समैनों से विवाद हुआ था और सीसीटीवी फुटेज में भी पूर्व प्रधान का पुत्र जैसा युवक बदमाशों के वेश में दिखाई दे रहा है।

## डम्फर की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

**जालौन ( उरई )।** डीजल लेने जा रहे किसान की मोटर साइकिल में डम्फर ने टक्कर मार दी। हादसे में किसान की मौके पर ही मौत हो गई तथा साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। गुस्साए लोगों ने बंगरा मार्ग पर जाम लगा दिया। सीओ, एसडीएम पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया है। पुलिस उत्तेजित लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुलाबपुरा निवासी महावीर 40 वर्ष पुत्र हिम्मत सिंह रविवार को अपरान्ह डीजल लेने जा रहे थे। अपने साथी विजय पुत्र ननकू के साथ डीजल लेने बाइक से जा रहे हैं। बंगरा मार्ग पर श्रवण कुमार महाविद्यालय के पास तेज रफ्तार डम्फर ने क्रास करते समय बगल से टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों लोगों सड़क पर गिर गये। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हैलमेट टूट गया तथा सिर में चोट लगने के कारण महावीर की मौत हो गई जबकि विजय गम्भीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने सामु. स्वास्थ्य केंद्र में भेजा जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय रिफर किया है।

# मूर्ति विसर्जन कराने को मुस्तैद रहा जिला प्रशासन


मूर्ति विसर्जन स्थल देखते डीएम-एसपी आदि।

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने मूर्ति विसर्जन को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर कहा कि राणा तालाब गढीवा तथा बनकट तालाब ने प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई कराई जाये। सोमवार को डीएम-एसपी ने मूर्ति विसर्जन को लेकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कहा कि राणा व बनकट तालाब में प्रकाश व साफ-सफाई कराकर बैरीकेटिंग करा दी जाये। पेयजल व गोताखोर, नाव व पहुंच मार्ग की व्यवस्था देखी। एसडीएम सदर व सीओ सिटी से कहा कि कोई भी मूर्ति विसर्जन दौरान गहरे पानी पर न जायें। बनकट तालाब में बैरीकेटिंग करायें। पहुंच मार्ग ठीक न होने पर प्रधान प्रतिनिधि विद्यासागर यादव से कहा कि तत्काल मोहम डालकर मार्ग ठीक करा दें। एसडीएम सदर ने बताया कि कुछ जगहों पर मूर्तियां आदि विसर्जित होंगी। कुछ स्थानों पर कल मूर्तियां विसर्जित की जायेंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि दोनों दिन सभी व्यवस्थायें चौकस कराई जायें, ताकि मूर्ति विसर्जन दौरान कोई समस्या न रहे। निरीक्षण में एडीएम जीपी सिंह, एसडीएम सदर रामप्रकाश, सीओ सिटी रजनीश यादव, अपर उप जिलाधिकारी राजबहादुर, डीपीआरओ संजय पाण्डेय, ईओ नगर पालिका नरेन्द्र मोहन मिश्र आदि मौजूद रहे।

## महिलाएं योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनें: एडीएम

**चित्रकूट।** एडीएम की अध्यक्षता में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के अभियान मे अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं व बालिकाओं को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मान पत्र वितरण कर शपथ दिलाई गई। एडीएम जीपी सिंह ने कहा कि आज यह बड़े गौरव की बात है कि आप लोग महिला उत्थान पर जागरूक करने का कार्य किया है प्रधानमंत्री ने भी आत्मनिर्भर अभियान योजना को लागू किया है महिलाएं योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बने आज हमारी महिलाएं आगे बढ़कर कार्य कर रही हैं। मिशन शक्ति अभियान सरकार की मंशा के अनुरूप प्रदेश में नारी सुरक्षा सम्मान व स्वावलंबन के प्रति यह अभियान शासन द्वारा 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक चलाया गया जिसमें मुख्यमंत्री ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कुछ महिलाओं से वार्ता भी किया था। यह मिशन शक्ति का कार्यक्रम अभी 180 दिन तक चलेगा जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे।

# शारदीय नवरात्र के समापन पर मैया का हुआ विसर्जन

**कन्नौज।** शारदीय नवरात्र समापन पर इत्रनगरी में सोमवार को सादगी से शोभायात्राएं निकाली गईं। भक्तों ने कोरोना से मुक्ति की कामना करते हुए मातारानी को विदाई दी। शोभायात्रा दुर्गा पंडालों से शुरू होकर शहर में भ्रमण करने के बाद अलियापुर गांव स्थित बने विसर्जन स्थल पहुंची। जहां पूजा-अर्चना कर मंत्रोच्चारण के साथ देवी प्रतिमाओं का भू-विसर्जन किया गया।

सोमवार को शहर में निकली शोभायात्रा के चलते रौनक देखते ही बनी। भक्तों के उत्साह सिर चढ़कर बोला। अबीर-गुलाल की रंगत सड़कों पर बिखर गई। श्रद्धालुओं ने घरों की छतों से पुष्पवर्षा कर मातारानी के जयकारे लगाए। शोभायात्रा में शामिल युवा धार्मिक गीतों पर झूमते रहे। भक्तिभाव से सराबोर महिलाएं व युवतियां भी बैंडबाजा की धुनों पर थिरके बगैर नहीं रह सकीं। शोभायात्रा के चलते पूरी इत्रनगरी देवी मय हो गई। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की।शोभायात्रा में श्रद्धालु बैंड बाजों की धुनों पर नाचते-गाते नगर भम्रण के बाद अलियापुर गांव स्थित काली नदी के करीब बने विसर्जन स्थल पहुंचे। यहां पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ भक्तों ने मातारानी की प्रतिमाओं को विसर्जित किया। सजी-धजी मां भवानी की प्रतिमा ने श्रद्धालुओं का मनमोह लिया। जयकारे लगाकर भक्तों ने मातारानी को फूल माला से लाद दिया।

दुर्गा विसर्जन यात्रा को देखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। कई थानों का पुलिस फोर्स अराजकतत्वों पर नजर रखने के लिए तैनात किया गया था। प्रशासन और पुलिस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते दुर्गा विसर्जन का कार्यक्रम शान्ति पूर्वक निपट गया। इस मौके पर डीएम राकेश मिश्र, एसपी अमरेंद्र प्रसाद सिंह, एएसपी विनोद कुमार, एसडीएम सदर गौरव शुक्ल, सीओ शिव प्रताप सिंह व इंस्पेक्टर विकास राय भ्रमण कर जानकारी करते रहे।

# एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराई कार, आधा दर्जन से अधिक संत घायल

संवाददाता। कन्नौज

**कन्नौज** जिले में लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में गंगा स्नान करने आ रहे 7 संत घायल हो गए जिसमें से दो की हालत गंभीर है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस और यूपीडा ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया है। बताया जा रहा है कार का टायर फटने की वजह से वह डिवाइडर से टकराई और पलट गई।


घटनास्थल का निरीक्षण करते डीएम व एसपी

औरैया वेला बकेवर के भोलेदास (35) अपने साथी संत नंदनी गिरी (55), बर्दनी महाराज (80) ज्ञानी महाराज (75) के साथ कुछ दिन पहले राजस्थान अजमेर किशनगढ़ माता आश्रम गए थे। वहां से श्याम दास (45) चमनदास (40) रामू (35) के साथ कन्नौज गंगा स्नान और घूमने आ रहे थे।

सोमवार सुबह सात बजे आगरा लखनऊ एक्सप्रेस थाना तालग्राम अमोलर अंडर पास पर कार का टायर फटने से हादसा हो गया। घायलों को चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह यूपी 112 डायल के कृष्ण चंद्र रामपाल, रामलडैते ने मेडिकल कालेज तिर्वा भेजा। दो संतों की हालत गंभीर बताई गई है।

जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने मौके पर पहुंच कर मेडिकल कालेज में भर्ती कराये गए सभी दुर्घटनाग्रस्थ महात्माओं एवं वाहन चालक से हुई दुर्घटना के संबंध में जानकारी ली एवं उपस्थित चिकित्सको को उचित चिकित्सा सुविधा मुहैया कराए जाने के निर्देश दिये। मौके पर 04 व्यक्तियों को हल्की चोटें आई थी जबकि 02 व्यक्तियों का इलाज चल रहा था और हाथ फटने एवं गंभीर चोट लगने के कारण 01 व्यक्ति को कानपुर रेफर किया गया। इसके उपरांत उन्होंने लखनऊ अगरा एक्सप्रेसवे पर तालग्राम कट के मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया एवं वाहन को भी देखा।

# भाजपा नेता और पुत्र पर पिटाई का आरोप

**● पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई के बजाए पीड़ित को ही बैठाया थाने पर**

**संवाददाता।** कूरेभार, सुलतानपुर

**जीरो** टॉलरेंस पर काम कर रही भाजपा सरकार में अपने नुमाइंदे सरकार को बदनाम करने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे है। संगठन के कुछ ऐसे नेता बीजेपी सरकार को बदनाम करने में जुटे हुए हैं जो पंचायत चुनाव में गांव में मनमाफिक्र सीट कराने का दावा करने के साथ अपनी ऊंची पकड़ का दावा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। मामला कूरेभार थाना क्षेत्र के इटवा मलनापुर का है। जहां के दीपक उपाध्याय ने भाजपा नेता और उनके पुत्र पर पिटाई का आरोप लगाया है। उसने दी गई तहरीर में लिखा है कि भाजपा नेता दुर्गा प्रसाद पाण्डेय और उनके लड़के रविचंद्र पाण्डेय द्वारा गांव में आकर पंचायत चुनाव में सीटों के फेर बदल किए जाने की बात कही जा रही थी। जिसका विरोध करने पर उक्त लोगों से विवाद हुआ। जिसकी शिकायत भाजपा नेता के जरिए थाने पर दी गई थी। पुलिस के बुलाने पर वह थाने आ रहा था कि बीच रास्ते में धनंजई गांव के निकट पहुंचा उक्त दोनों लोग हमला बोल कर लात घूसो से पिटाई कर दी। हल्ला गुहार पर दौड़े लोगों ने नीच वचाव कर उसकी जान बचाई। उसने यह भी आरोप लगाया है कि अपनी लाइसेंसी बंदूक को सीने पर रख कर जान से मार डालने की धमकी दी गई। फ्लिहाल मामला भाजपा नेता से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने आरोपियों के के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय पीड़ित युवक को ही थाने पर बैठा दिया। थाना अध्यक्ष मनबोध तिवारी ने बताया की मामले की जानकारी मिली है। जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# दिनदहाड़े बीच बाजार नौ लाख लूटे

**●वारदात से पुलिस महकमे में हड़कम्प**

**●घटना स्थल पर पहुंचे आईजी, छानबीन में जुटी पुलिस**



**संवाददाता।** सुलतानपुर

**कादीपुर** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को दिनदहाड़े लाखों की लूट से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए जिले की सीमाओं पर पुलिस तैनात कर नाकेबंदी की गई। 203 स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। खबर लिखे जाने तक बदमाश पुलिस के हाथ नही लग सके थे। देरशाम घटना की जानकारी करने आईजी अयोध्या भी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। लूटकाण्ड की सनसनीखेज वारदात सोमवार को बीच बाजार कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के गुडिया तालाब के निकट की है। जानकारी के मुताबिक ई-कॉम एक्सप्रेस कंपनी के एजेंट दुर्गा शंकर तिवारी सोमवार की दोपहर कादीपुर तहसील मुख्यालय पर स्थित कार्यालय से नौ लाख दो हजार रूपया लेकर बैंक में जमा करने जा रहे थे। वह गुडिया तालाब के निकट पहुंचे थे, तभी बाइक सवार तीन बदमाश आए और उन्हें रोक लिया। असलहे के बल पर उन्हें धक्का देकर रूपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष केके मिश्र मौके पर पहुंचे। जांच-पडताल शुरू की। बताया जा रहा है कि ई-कॉम एक्सप्रेस कंपनी ऑनलाइन तरीके से पैसे का लेनदेन करती है। अतिरिक्त बचने वाले पैसे को बैंक में समायोजन करती है। इसी प्रक्रिया के तहत दुर्गेश तिवारी पैसा बैंक में जमा करने जा रहे थे जब यह वारदात हुई। पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा ने बताया कि लूट की घटना सुनते ही मैं स्वंय यहां आकर तहकीकात में जुटा हूं। पुलिस के अनुसार दुर्गाशंकर तिवारी के शरीर व कपड़ों पर गिरने का कोई निशान न होना, बाइक पर खरोंच न मिलना, तीन मिनट के भीतर ही पुनःआफिस पहुंच जाना वारदात को संदिग्ध दर्शा रहा है, फ्लिहाल जांच की जा रही है। मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा।

**चार दिन बाद**

# दवा व्यवसायी के पुत्र का शव मिला गोमती नदी में

**संवाददाता।** सुलतानपुर

**शहर के** प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी के पुत्र का शव चार दिन बाद पुलिस ने गोमती नदी से बरामद कर लिया। बताया जाता है कि युवक की लाश गोलाघाट पुल के एक खंभे में लाश फंसी थी। जिसकी तलाश करने में पुलिस को चार दिन लग गए। हालांकि शव बरामदगी के बाद अपहरण जैसी आशंका पर विराम लग गया है। शव बरामद होने के बाद से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के मुताबिक सिरवारा रोड निवासी प्रतीक सिंह (21) पुत्र अर्जुन सिंह (दवा व्यवसायी) 21 अक्टूबर को अचानक लापता हो गए। रात करीब दस बजे गोलाघाट पुल पर प्रतीक की अपाचे मोटर साइकिल बरामद की गई थी। प्रथम दृष्टया युवक के नदी में छलांग लगाए जाने की खबर फैली तो पुलिस मौके पर पहुंची। नदी में गोताखोरों को उतारा गया। लेकिन चार दिन तक पुलिस की जांच-पडताल गोलाघाट के पूर्वी दिशा में ही चलती रही। गोसाईगंज, देहात कोतवाली, लम्भुआ व चांदा कोतवाली क्षेत्रों से गुजरी गोमती नदी में गोताखोर उतारे गए। लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला सका। रविवार को पुलिस ने गोमती नदी के पश्चिम दिशा में तलाश शुरू की तो गोलाघाट पुल के नीचे ही खंभे में फंसी प्रतीक की लाश मिल गई। नगर कोतवाल भूपेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतीक की मोटर साइकिल जिधर मिली थी, उसी दिशा में छलांग लगाए जाने की आशंका पर तलाश शुरू की गई थी। पर, उसने दूसरी दिशा में छलांग लगाई थी।

# डलमऊ विसर्जन हादसाः लापरवाह प्रशासन के हाथों दम तोड़तीं व्यवस्थाएं



**संवाददाता।** डलमऊ रायबरेली

**आस्था** का सैलाब के बीच ध्वस्त होती व्यवस्थाओं का जीता जागता उदाहरण कहा जा सकता है ये हादसा जिसमे लोक निर्माण विभाग से लेकर स्थानीय प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारियों को कागजी कोरम तक ही रखा जिसके चलते एक मासूम अपनी मौत से उसकी कीमत चुकाई है घटना डलमऊ कोतवाली के मकनपुर रोड की है जहां मूर्ति विसर्जन के लिए जा रहे कॉफीले की भक्तों से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली ओवरटेक करते समय पलट जाने से ट्रैक्टर में बैठे लगभग 1 दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस द्वारा आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया जहां पर गंभीर रूप से घायल 10 वर्षीय एक किशोर को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल एक महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया शेष भाइयों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ में किया गया

शारदीय नवरात्र में लोगों द्वारा गांव में दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर नवरात्रि समाप्त होने के बाद मूर्ति विसर्जन के क्रम में आज सोमवार को डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के जो हवा नटकी गांव में सजाई गई दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के लिए ट्रैक्टर ट्राली में लदी प्रतिमाओं के साथ लगभग आधा दर्जन ट्रैक्टरों में ग्रामीणों का काफिला गंगा तट डलमऊ विसर्जन करने जा रहा था जिसमें से एक ट्रैक्टर ट्राली मुराई बाग डलमऊ गंगा तट मार्ग पर बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के पास ओवरटेक करते समय अचानक पलट जाने से ट्रैक्टर ट्राली में बैठे श्रद्धालुओं में से 1 दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए जिन्हें सूचना पर पहुंची जन्मों पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर गंभीर रूप से घायल एक 12 वर्षीय किशोर लव कुश पुत्र कमलेश को मृत घोषित कर दिया और वही गंभीर रूप से घायल 40 वर्षीय किरण देवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया अन्य घायल शकुंतला 32 वर्ष दीपांशी 12 वर्ष प्रियंका 13 वर्ष ओमनी 8 वर्ष अनुराग 15 वर्ष अनुरागिनी 14 वर्ष उर्मिला 28 वर्ष आदित्य 9 वर्ष उम्र 18 वर्ष का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ के चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है चिकित्सक डॉक्टर प्रदीप गुप्ता ने बताया के घायलों में एक 12 वर्षीय किशोर की मृत्यु हो गई तथा एक गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है शेष घायलों का उपचार किया जा रहा है जिनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है.

### चिकित्सकों की संवेदनहीनता

**डलमऊ** मूर्ति विसर्जन के लिए जाते काफिले की ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से घायलों के उपचार करने में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ में खुलेआम संवेदनहीनता देखी गई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ में उपचार के लिए पहुंचाए गए घायलों का उपचार करने के बाद इमरजेंसी वार्ड मैं भर्ती कर उपचार करने की जहमत नहीं उठाई गई जिससे घायल जमीन पर लेटे कराहते नजर आए जिससे स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों कि घायलों के प्रति संवेदनहीनता साफ नजर आ रही थी वहीं भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष सुशील यादव और जिला महासचिव मनोज कुमार यादव के साथ अन्य क्षेत्रीय लोगों ने आक्रोश जताते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्रीय प्रशासन की हीला हवाली और लापरवाही के चलते मूर्ति विसर्जन के लिए कोविड-19 जैसी महामारी के समय में भी एक ट्राली मैं 2 दर्जन से अधिक लोग बिना मास्क लगाएं एक मूर्ति विसर्जन में दर्जनों की संख्या में ट्रैक्टर ट्राली ओं में भरे सैकड़ों लोगों का काफिला गंगा तट डलमऊ तक क्षेत्रीय प्रशासन की नाक के नीचे से गुजरने के बावजूद भी किसी प्रकार की रोक टोक या कोई कार्रवाई ना होने पर लोग बेखौफ होकर शासन द्वारा सामाजिक दूरी के साथ अन्य विभिन्न प्रकार की लगाने वाली पाबंदियों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गयी।

# सतांव के तीन खरीद केंद्रों का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** सतांव रायबरेली

**धान** खरीद की हकीकत जानने के लिए सोमवार की शाम जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव सतांव ब्लॉक के तीन खरीद केन्द्रों का निरीक्षण किया।उन्हें सिर्फ एक सेंटर पर खरीद होती मिली बाकी दो केन्द्रों पर अभी तक खरीद शुरू न होने पर नाराजगी जताई और जल्द खरीद शुरू करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव सोमवर की शाम लगभग चार बजे सबसे पहले उत्तर प्रदेश राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम के गोदाम मालिकमऊ चौबारा में बनाये गये धान खरीद केन्द्र का निरीक्षण किया।यहाँ प्रभारी वरुण कुमार सिंह मौके पर मौजूद नहीं मिले न ही इस केन्द्र पर खरीद के लिए अभी तक बोरे पहुंचे नमी मापक यन्त्र भी यहाँ अभी तक नहीं आया इस पर जिलाधिकारी ने साथ चल रहे विभागीय अधिकारी को जमकर फटकार लगाई केन्द्र पर मौजूद बाबू ने बताया कि अभी गेहूँ की उठान चल रही है जैसे ही उठान हो जाएगी धान की खरीद शुरू कर देंगे।बाबू ने प्रभारी की नामौजूदगी पर सफाई दी चूंकि उनके पास ऊंचाहार केन्द्र का भी प्रभार है इसलिए वो वहीं है। इसके बाद जिलाधिकारी सतांव में बने सेन्टर का निरीक्षण किया जहाँ केन्द्र प्रभारी पंकज कुमार मौजूद थे यहाँ ब्यवस्था भी चाक चौबंद मिली पर खरीद की शुरूवात नहीं हो सकी।इस पर केंद प्रभारी ने बताया कि अभी तक किसी किसान ने केन्द्र पर आकर संपर्क नहीं किया है जैसे ही किसान आएंगे खरीद की जाएगी।

इसके बाद डी एम साहब सीधे साधन सहकारी समिति कोनसा में बने केन्द्र पर पहुंचे जहाँ खरीद सुरू थी केन्द्र प्रभारी राजेन्द्र बहादुर ने बताया कि उन्होंने चालीस कुन्तल की खरीद अब तक की है।

# कटीले तारों में करंट से नीलगाय की मौत

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गाँव जोगापुर बरिगाँव में एक किसान द्वारा अपने खेत की फसल की सुरक्षा के लिए कटीली बाड़ लगाई है। कटीली बाड़ के तारों में उसने बिजली का करंट दौड़ा दिया था । इसी करेन्ट की चपेट में आकर सोमवार को एक नीलगाय की मौत हो गई । सूचना पाकर मौके पर पहुँचे लालगंज रेन्ज के वन रक्षक ने नीलगाय के शव का अन्त्यपरीक्षण कराकर किसान के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है । लालगंज रेन्ज के वन रक्षक अजय कुमार सिंह ने आरोप लगाया है कि जोगापुर बरिगाँव निवासी विजय प्रताप सिंह ने लोहराचक गाँव में स्थित अपने खेत के चारों ओर लोहे के तारों की कटीली बाड़ लगा कर उसमें बिजली का करेन्ट दौड़ा दिया है । सोमवार को इन तारों में दौड़ रहे करेन्ट की चपेट में आकर एक नीलगाय की मौत हो गई है । शव का पशु चिकित्सक के माध्यम से अन्त्य परीक्षण कराया गया है ।

# अधूरे भवन निर्माण पर बिफरे डीएम, लगाई फटकार

## ब्लॉक के अभिलेख साथ ले गए साथ, विकास में घोटाले की चर्चा हुई शुरू



**संवाददाता।** कूरेभार, सुलतानपुर

**स्वास्थय** सुविधाओं की हकीकत जानने सोमवार को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता कूरेभार सीएचसी पहुंचे तो अधूरा भवन देखकर नाराज हो गए। स्वास्थ्य कर्मियों को फ्टकार लगाते हुए शीघ्र निर्माण का पूरा कराए जाने की नसीहत दी। मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी करने के बाद डीएम ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे। वहां विकास संबंधी योजनाओं की हकीकत जानी और कई अभिलेख अपने कब्जे में ले लिए हैं। डीएम की इस कार्रवाई विकास कार्यों में घोटाले की आशंका को मजबूती मिल रही है।

सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल में सबसे पहले औषधि कक्ष देखा। मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को परखा। परिसर पर 2 वर्षों से नवनिर्मित अधूरे पड़े आवासीय भवन के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए जिलाधिकारी ने कडे निर्देश दिए। चीफ फार्मासिस्ट आरएस मौर्या व फार्मासिस्ट आरएन मौर्या नदारद मिले। इसके बाद डीएम बगल स्थित ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे। प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण किया। योजनाओं एवं कर्मचारियों से संबंधित सही जानकारी न मिलने पर डीएम ने कई अभिलेख कब्जे में ले लिए। डीएम का रूख भांप विकास कर्मियों में हडकंप मचा हुआ है। एडीओ पंचायत चंद्र भूषण दूबे, संजय मिश्रा सहित कई विकास कर्मी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, खंड विकास अधिकारी कूरेभार सहित सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# कन्या सुमंगला योजना बेटियों के लिये वरदान है : डीएम

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी टीके शिबु ने बताया कि प्रदेश भर में समान लिंगानुपात स्थापित करने व कन्या भूण्र हत्या को रोकने हेतु बालिकाओ के स्वास्थ्य व शिक्षा को मजबूत करने बालिका के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा बालिका के प्रति आम जन में सकारात्मक सोच विकसित करने हेतु मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा मार्च 2019 में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की घोषणा की गई थी। यह योजना 1 अप्रैल 2019 से अब तक लागू है इस योजना के अंतर्गत बालिकाओं के जन्म के समय 2000 रुपये एक वर्ष के बाद टीकाकरण पूर्ण करने पर 1000 रुपये कक्षा 1 में प्रवेश करने के समय 2000 रुपये कक्षा 6 में प्रवेश के समय 2000 रुपये कक्षा 9 में प्रवेश के समय 3000 रुपये तथा 10वी वा 12वी परीक्षा उत्तीर्ण कर डिग्री या दो वर्षीय या अधिक के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने पर 5000 रुपये एक मुश्त प्रदान किये जाने की व्यवस्था है। इस योजना के अंतर्गत ऐसे लाभार्थी पात्र होंगे जिनका परिवार उत्तर प्रदेश का निवासी हो जिनके परिवार की वार्षिक आय अधिक्तम रुपये 3 लाख तथा जिनके परिवार में दो बच्चे हो। किसी परिवार की अधिकतम दो बच्चियों को योजना का लाभ प्राप्त हो सकता है। निश्चित ही यह योजना बेटियों के लिए बरदान साबित हो रही है।

# धूमधाम से निकली मां दुर्गा की शोभायात्रा

**● शांतिपूर्ण तरीके से हुआ मूर्ति विसर्जन**

**●डीएम, एसपी भ्रमण कर लेते रहे जायजा**



**संवाददाता।** श्रावस्ती

**जिले** भर में बड़े ही धूमधाम तरीके से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन कार्यक्रम जिले के कयी क्षेत्रों में देर रात्रि तक चलता रहा इसके लिए जिला प्रशासन ने विसर्जन स्थलो के आसपास सुरक्षा के ब्यापक ब्यवस्था रखी जिससे किसी भी अप्रिय घटना होने पर उससे तत्काल निपटा जा सके। जिलाधिकारी टी0 के0 शिबु वा पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने जनपद का भ्रमण कर मूर्ति विसर्जन वाले क्षेत्रों का जायजा लेते रहे। सम्वेदन शील स्थानों पर प्रशासन पूरी तरह सतर्कता बरती जिले के वरिष्ठ अधिकारी विसर्जन में लगे श्रद्धालुओं से शांती पूर्ण ढंग से माँ दुर्गा की मूर्ति को विसर्जित करने का निर्देश देते दिखे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राप्ती नदी के भाकला घाट लक्ष्मन नगर नासिरगंज बदला चैराहा जंगल दास कुटी घाट मल्हीपुर जमुनहा सहित पूरे जनपद का भर्मण कर जायजा लेते रहे। माँ दुर्गा विसर्जन कार्यक्रम में लगे जोनल . सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों पुलिस कर्मियों को शांति एवं व्यवस्था पूर्ण ढंग से विसर्जन कराने का निर्देश देते रहे। मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी योगानन्द पाण्डेय अपर पुलिस अधीक्षक बी सी दूबे उपजिलाधिकारी जेपी चैहान उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमार। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा पुलिस क्षेत्राधिकारी हौसिला प्रसाद पुलिस क्षेत्राधिकारी एमपी शर्मा सहित सभी तहसीलदार एवं थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रहे।

# डीएम ने फीता काटकर किया महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ



**संवाददाता।** गोंडा

**महिला** सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को जनपद की सभी तहसीलों में महिला हेल्प डेस्क का शुभारम्भ हुआ। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने तहसील सदर में पहुंचकर महिला हेल्प डेस्ट का फीता काटकर शुभारम्भ किया।कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के मार्ग निर्देशन में जिले के सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क का शुभारम्भ पहले ही हो चुका है तथा अब महिलाओं की हर प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिए तहसीलों में भी महिला हेल्प डेस्क की शुरूआत की गई है जिससे महिलाओं को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा बल्कि एक ही जगह पर उनकी तमाम तरह की समस्याओं का निस्तारण संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि महिला हेल्प डेस्क स्थापना से महिला सशक्तीकरण को बल मिलेगा और उचित वातावरण में महिलाओं की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि 180 दिन के इस अभियान से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन की दिशा में हुए प्रयासों व कार्यों से तथा जनजागरूकता एवं जन सहभागिता से अभियान अपने उद्देश्यों में सफल होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बालिकाओं-महिलाओं की सुरक्षा के प्रति बेहद संवदेनशील है और उसी का परिणाम है कि विभिन्न विभागों के समन्वय से महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति अभियान को प्रारम्भ किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसीलों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों को आईजीआरएस पोर्टल पर विकसित महिला हेल्प डेस्क माड्यूल पर किया जाएगा तथा प्राप्त शिकायतों की प्रत्येक 15 दिन पर मानीटरिंग होगी। जिसमें शिकायतों के निस्तारण की स्थिति व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का मूल्यांकन किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम सदर वीर बहादुर यादव, सीओ सिटी लक्ष्मीकान्त गौतम आदि मौजूद रहे।

# घरौनी से ग्रामीणों को अपने घर का मिलेगा स्वामित्व

**संवाददाता।** गोंडा

**प्रदेश** के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली आबादी के घरों का कोई नक्शा या नम्बर नहीं होता है। जमीन के जिस भाग पर विभिन्न वर्गो के परिवार मकान बनाकर रहते है, उस क्षेत्र को राजस्व विभाग के नक्से में आबादी क्षेत्र घोषित किया गया है। आबादी क्षेत्र में बहुत से परिवारों के घर होते है, किन्तु उनका इस घर पर कब्जा मात्र होता है, किसी के नाम से वह मकान नहीं होता है। ऐसी स्थिति में स्वामित्व व कब्जों को लेकर गाँवों में पारिवारिक या पड़ोसी से विवाद, मारपीट व मुकदमेंबाजी भी होती है। ग्रामीण समाज में शान्ति, सौहार्द और आवासों का स्वामित्व बनाये रखने के उद्देश्य से भारत सरकार की ''स्वामित्व'' योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण आबादी सर्वेक्षण एवं अभिलेख संक्रिया विनियामली 2020 प्रख्यापित की है।

राज्य सरकार की इस विनियमावली के अन्तर्गत ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में अवस्थित भूमि, भवन एवं सम्पत्तियों का सर्वेक्षण कराकर ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) तैयार कर सम्बन्धित गृह स्वामियों को उपलब्ध कराना है। राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर ग्रामीण आबादी क्षेत्र के सर्वेक्षण का कार्य जिलाधिकारियों/जिला अभिलेख अधिकारियों द्वारा प्रसारित कर कराया जायेगा। सर्वेक्षण प्रक्रिया में सर्वप्रथम ग्राम सभाओं की बैठक कर सभी ग्रामवासियों को इस विनियमावली की जानकारी दी जायेगी। तत्पश्चात ग्राम के आबादी क्षेत्र की सभी निजी, सरकारी अर्ध सरकारी भूमि, भवन एवं स्म्पत्तियों को चिन्हीकरण किया जायेगा। चिन्हीकरण के पश्चात आबादी क्षेत्र का ड्रोन द्वारा सर्वेक्षण फोटो लिए जायेंगे जिसके आधार पर आबादी क्षेत्र का मानचित्र तैयार किया जायेगा।

# मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन



**संवाददाता।** करनैलगंज (गोंडा)

**चाक-चौबंद** व्यवस्था के बीच सोमवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन सम्पन्न हुआ। करनैलगंज तहसील क्षेत्र की मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन सोमवार की देर शाम तक होता रहा। इस दौरान गोंडा व करनैलगंज इलाके की करीब 260 से अधिक प्रतिमाओं का सरयू नदी में विसर्जन हुआ। करनैलगंज क्षेत्र में दशहरे के दूसरे दिन प्रतिमाओं का विसर्जन होता है। करनैलगंज के सरयू तट स्थित कटरा घाट पर दशहरे के दिन गोंडा नगर की आधा दर्जन दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। उसके बाद सोमवार को दशहरे के दूसरे दिन करनैलगंज तहसील क्षेत्र के करनैलगंज नगर, कौडिया, कटरा बाजार, दुबहा बाजार, बालपुर, मैजापुर, चौरी चौराहा, रामापुर, देवापसिया, खान चौराहा, बनगांव, उर्दीगोंडा सहित सबसे विवादित कटरा थाने इलाके की करीब 260 से अधिक दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन भी देर शाम तक जारी रहा। इस बार प्रतिमाओं की स्थापना कम होने के कारण गत वर्ष से करीब सौ प्रतिमाएं कम हुई। मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को लेकर पुलिस प्रशासन काफी चौकस रहा। विसर्जन में पीएसी, पुलिस, होमगार्ड सहित महिला व पुरूष जवानों को तैनात किया गया था। एसपी शैलेश कुमार पांडेय, एसडीएम ज्ञान चन्द्र गुप्ता, सीआरओ गोंडा, सीओ करनैलगंज, कोतवाल मनीष जाट सहित कई अन्य थानों के थाना प्रभारी मय फोर्स घाट पर लगाये गए थे जो घाट पर मौजूद रहे। घाट पर कैमरे के साथ प्रकाश व बैरिकेटिंग व्यवस्था जबरदस्त रखी गई।

# पांच सौ में बिक रही वोटर लिस्ट!

## मामला संज्ञान में आने के बाद एडीएम ने किया एडीओ को तलब, बैठाई जांच

### 1210 ग्राम पंचायतों में होना हैं चुनाव

संवाददाता। बस्ती



एडीएम रमेशचंद्र से मतदाता सूची बेचने की शिकायत की गई है। इसे संज्ञान में लेते हुए एडीएम ने त्वरित एडीओ अशोक कुमार सिंह को तलब किया। एडीओ वोटर लिस्ट बेचे जाने की जानकारी होने की जानकारी संज्ञान में होने से इनकार कर दिया। अलबत्ता उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट फोटो कापी कराने के लिए दी जाती है। एडीएम ने कहा कि जब फोटो कापी कराकर देने का नियम ही नहीं हैं, तो क्यों इसका उल्लघंन किया गया। एडीएम ने एसडीएम सुखबीर सिंह को मामले की जांच सौंप दी है। पंचायत चुनाव आते ही चुनाव लड़ने वालों को सबसे पहले मतदाता सूची की आवश्यकता पड़ती है। चूंकि वर्ष 2015 के चुनाव की मतदाता सूची सिर्फ एडीओ कार्यालय में ही उपलब्ध है। इसलिए जिले भर के लोग इसी कार्यालय से मतदाता सूची लेने आते है। हालांकि वर्तमान में मतदाता सूची देने का कोई नियम नहीं हैं, मगर एडीओ कार्यालय में धड़ल्ले से चार-पांच सौ में वोटर लिस्ट बेचे जाने की शिकायत दर्ज कराई गई है। उसकी फोटो कापी भी कार्यालय में ही कराई जाती है। मतदाता सूची वे लोग ले रहे हैं, जो पहली बार प्रधानी और जिला पंचायत सदस्य, बीडीसी और सदस्य ग्राम का चुनाव लड़ने जा रहे हैं। सबसे अधिक प्रधान और जिला पंचायत सदस्य पद के इच्छित उम्मीदवार ही मतदाता सूची ले रहे हैं। एडीएम ने बताया कि जांच बैठा दी गई, जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। मतदाता सूची खरीदने वालों की मानें तो अब तक हजारों में मतदाता सूची बेची जा चुकी है। हर गांव में पुरानी मतदाता सूची पहुंच गई है। इसी के आधार पर उम्मीदवार अपने वोटरों को सहेजने में जुट हुए हैं। 1210 ग्राम पंचायतों में चुनाव होना है।

## दिल्ली में छपेंगे मतपत्र, 67 लाख बैलेट पेपर की डिमांड

बस्ती। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी जोरों पर चल रही है। 28 दिसंबर को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद चुनाव को लेकर जोर पकड़ने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि चुनाव को लेकर प्रत्येक गांव में हलचल शुरु हो गई। इस बार मतपत्र की छपाई दिल्ली के प्रिंटिंग प्रेस से होगा। चुनाव आयोग ने जिले के मतपत्रों का आवंटन कर दिया है। कुल 67 लाख मतपत्र की आवश्यकता पड़ेगी। मतपत्रों की छपाई कुल मतदाताओं की संख्या से 10 फीसद अधिक होगा। वर्तमान में 17.44 लाख मतदाता है। 10 फीसद मतपत्र रिजर्व में रखने की व्यवस्था बनाई गई। जिन पदों के लिए मतपत्र आवंटित किए गए, उनमें प्रधान के लिए 16.55 लाख, बीडीसी के लिए 19.98 लाख, जिला पंचायत सदस्य के लिए 19.92 लाख और सदस्य ग्राम पद के लिए 12 लाख 12 सौ सहित कुल 67 लाख मतपत्र शामिल है।

# एसडीएम ने मिशनरी स्कूल के नाम की सरकारी जमीन, बाद में किया निरस्त

## पहले नाम परती और फिर गड्ढे की भूमि को नाम किया, बाद में गलती में किया सुधार कर दिया निरस्त

### तहसीलदार ने की बेदखली की कार्रवाई

### लगाया स्कूल पर 18 लाख का जुर्माना

संवाददाता। बस्ती

लगभग तीन साल पहले तत्कालीन एसडीएम कीर्ति प्रकाश ने सदर तहसील के खीरी घाट स्थित नियम विरुद्ध सेंट बेसिल स्कूल के नाम सरकारी परती और खाद गडढा की जमीन कर दी। जमीन की अदला-बदली की गई। बाद में गलती का एहसास होने पर एसडीएम ने अपने आदेश को रिकाल कर लिया। इस बीच स्कूल ने उस जमीन पर बाउंड्रीवाल खड़ा कर लिया। सदर तहसीलदार पवन कुमार जायसवाल को जब इसका पता चला तो उन्होंने न्यायालय में बेदखली का मुकदमा कायम करवाया। अब जाकर इसका निस्तारण हुआ।

तहसीलदार ने बेदखली के साथ स्कूल पर लगभग 18 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। एडीएम रमेशचंद्र ने बताया कि तहसीलदार को बेदखली करने और उस जमीन पर सरकारी कब्जा करने का निर्देश दिया। सदर तहसील में सरकारी जमीनों को इधर-उधर करने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले ना जाने कितनी सरकारी जमीनों का सौदा किया गया। पूरे जिले में सबसे अधिक सरकारी जमीनों के दुरुपयोग होने की घटनाएं सामने आ चुकी है। इसके चलते न जाने कितने भूमाफिया और तहसील कर्मी से लेकर अधिकारी तक राजा हो गए। ऐसा भी नहीं तहसीलों में सही काम करने वालों की संख्या नहीं है। इनमें एक नाम सदर तहसीलदार पवन कुमार जायसवाल का है। टाउन क्लब, सिविल लाइन की जमीन और सीतापुर आई अस्पताल जैसे मामले में इनकी भूमिका सरायनीय रहा।

# फरियादियों से करें अच्छा व्यवहार

## जनपद के प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने समीक्षा बैठक में दिए अफसरों को निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर



राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन रवीन्द्र जायसवाल ने नवनिर्मित जिला जेल एवं कोविड-19 एल-2 अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल के निर्माण कार्य को पूर्ण कराए एवं कैदियों जल्द ही शिफ्ट कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरान्त राज्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि थाने के आस-पास बिना वजह घूम रहे विचौलियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की मित्र है। पुलिस अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादियों के प्रति पुलिस अफसरों का व्यवहार सही हो। सरकार की मंशा के अनुरूप फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण तत्काल किया जाए। मिशन शक्ति के अन्तर्गत सभी थानों में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए। जिससे महिला के विरूद्ध हो रहें अत्याचारों के विरूद्ध प्रभावी रूप से कार्यवाही की सकें। स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के दौरान जनपद में बने शौचालयों के निर्माण की प्रगति की जानकारी डीपीआरओ से ली गयी।

जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्माण के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिये गये। निराश्रित पशुओं का सर्वे कराकर सरकार द्वारा निर्मित गोवंश आश्रय स्थलों पर पहुचाये जाने के निर्देश राज्यमंत्री द्वारा दिये गये।

## उद्योग स्थापना के लिए 72 घण्टे में जारी होगी एनओसी

बस्ती। उद्योग स्थापना के लिए 72 घण्टे के भीतर उद्यमी को एनओसी/प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाएगा। डीएम आशुतोष निरंजन ने बताया कि शासन द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की स्थापना के लिए नियमावली को संशोधित करते हुए सरलीकृत कर दिया गया है। इसके अनुसार अब 72 घण्टे के भीतर उद्यमी को एनओसी/प्रमाण पत्र प्राप्त हो जाएगा। नया उद्योग लगाने, विस्तार करने, विविधीकरण के लिए उद्यमी को अपना आवेदन पत्र जिला उद्योग केन्द्र में प्रस्तुत करना होगा। घोषणा पत्र एवं आवश्यक सभी प्रपत्र जमा करना होगा। उद्यमी से प्राप्त प्रार्थना पत्र, उपायुक्त उद्योग एनओसी प्राप्त करने के लिए राजस्व, विद्युत, अग्निशमन, प्रदूषण नियंत्रण, श्रम विभाग, विकास प्राधिकरण एवं खाद्य विभाग को ई-मेल से भेजेंगे।

# आवास प्लस योजना का पलीता लगा रहे बीडीओ

## जानबूझकर लाभार्थियों का पंजीकरण न करने का लगा आरोप

### रजिस्टर न होने से आवास की स्वीकृत नहीं हो पा रही

### मात्र 14 फीसद ही हुए रजिस्टर्ड, रजिस्ट्रेशन में सल्टौआ रहा अव्वल

संवाददाता। बस्ती

प्रधानमंत्री आवास प्लस को बीडीओ पलीता लगाने में लगे हुए है। बीडीओ की लापरवाही और मनमानी के चलते लाभार्थियों को आवास निर्माण को धन नहीं मिल रहा है। बीडीओ लाभार्थियों के पंजीकरण के मामले में जानबूझकर अड़ंगा लगा रहे है। बीडीओ उन ग्रामों के लाभार्थियों का भी पंजीकरण नहीं कर रहे, जो ग्राम कम्प्यूटर में शो कर रहे है। अभी तक मात्र 14 फीसद ही रजिस्ट्रेशन हुआ है। इनमें 1391 को धन भी भेज दिया चुका गया। आवास का निर्माण भी शुरु हो चुका है। 31196 के सापेक्ष 2095 का पंजीकरण होना यह दर्शाता है कि बीडीओ अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहे है।

इससे नाराज सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने बीडीओ बहादुरपुर, सदर, रामनगर, रुधौली और विक्रमजोत को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि अगर एक सप्ताह में अपेक्षित पंजीकरण की कार्रवाई नहीं की गई तो कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को प्रस्तावित कर दिया जाएगा। इस मामले में सल्टौआ ब्लॉक अव्वल रहा।

प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना में पूरे देश में डंका बजाने वाले जिले को बीडीओ की लापरवाही और मनमानी के चलते बदनामी हो रही है। पीडी आरपी सिंह ने बताया कि इस योजना को जिले, राज्य और दश स्तर पर नियमित मानिटरिंग हो रही है। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा इस योजना के जरिए आवासहीन को जल्दी से जल्दी से छत मुहैया कराना है। इस योजना में जिले को कुल 31196 आवास का लक्ष्य मिला है। इसके लिए सबसे पहले लाभार्थियों का पंजीकरण यानि उनके बैंक एकाउंट, आधार कार्ड और मनरेगा जॉब कार्ड को फीड करना, उसके बाद जीओ टैंग करना है। बताया कि जब तक ब्लॉक रजिस्टर्ड नहीं करेंगी तब तक आवास स्वीकृति की प्रक्रिया नहीं होगी।

इस योजना में लाभार्थी को तीन किश्तों में एक लाख बीस हजार मिलना है। इसके अतिरिक्त उसे 90 की मजदूरी के रूप में 18090 रुपया मिलेगा। शौचालय निर्माण के लिए अलग से 12 हजार मिलेगा। बिजली और घरेलू गैस का कनेक्शन नि:शुल्क मिलेगा।

**प्रधान मांगें रहे 20000 हजार**

हालांकि इस योजना में प्रधान की कोई भूमिका नहीं हैं, फिर भी लाभार्थियों से आवास आंवटन के नाम पर 20000 हजार रुपये तक मांगें जा रहे हैं, इसकी पुरुआत साउंघाट ब्लॉक के ग्राम कटया से शुरु हो चुकी है। पीडी ने जोर देकर कहा कि अगर कोई प्रधान या ब्लॉक के लोग धन की मांग करते हैं, तो वह इसकी सूचना उनके मोबाइल नंबर 9454464715 पर दें, कार्रवाई होगी, और नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# धूमधाम से विसर्जित की गई मां दुर्गा की प्रतिमाएं

संवाददाता। बीजपुर ( सोनभद्र )

विभिन्न ग्राम सभाओं के पूजा पंडालों में नवरात्र के दौरान प्रतिस्थापित की गई मां दुर्गा की मूर्तियां सोमवार को रिहंद जलाशय में विधि विधान पूर्वक विसर्जित की गई। प्रतिमा को पूजा अर्चना के पश्चात पूजा समिति एवम श्रद्धालु भक्तो द्वारा जय माँ दुर्गे के जयकारों के साथ रिहन्द जलाशय में विसर्जित किया गया। इलाके के बीजपुर बाजार, मां दुधईया देवी मंदिर, सिरसोती,नेमना, सेवकाडाड़, इंजानी आदि पूजा पंडालो की प्रतिमाएं अजीर नदी व रिहन्द जलाशय में सुविधानुसार विसर्जित की गई। विसर्जन के दौरान श्रद्धालु भक्तो द्वारा माँ आदि शक्ति के जयकारे लगाए जा रहे थे इससे समूचे इलाके का माहौल भक्तिमय हो गया। जहां तहा चट्टी चौराहों पर मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु भक्त इंतजार करते रहे । काफिला गुजरते वक्त श्रद्धालुओं ने एक तरफ जहाँ बड़े ही श्रद्धा एवं आस्थाभाव से दर्शन कर मन की मुराद मांगी वही दूसरी तरफ देश व समाज के लिए सुख समृद्धि की कामना की। बीजपुर बाजार पूजा समिति के अध्यक्ष सन्दीप गुप्ता के साथ साथ अन्य पदाधिकारियों में उपेंद्र प्रताप सिंह विकाश मंगला, विनोद गर्ग,प्रेमचंद गुप्ता, बीरबल तिवारी, प्रभु गुप्ता,रविंदर गुप्ता,धनन्जय शर्मा,रामबाबू बर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता,जसवंत सिंह व मुन्ना सहित अन्य व्यवसायियों ने सफल कार्यक्रम संपादित करने में सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। दुधईया देवी पुनर्वास प्रथम पूजा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र पाल, संरक्षक शिवधारी गुप्ता,देवदास यादव ,अशोक गुप्ता,कमलेश गुप्ता,सन्तोष गुप्ता,विश्राम सागर गुप्ता,सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों की अहम भूमिका रही। पुलिस की कड़ी चौकसी व सुरक्षा व्यवस्था में इलाके की मां दुर्गा की प्रतिमाएं शांतिपूर्ण माहौल में विसर्जित की गई।

# अराजक तत्वों ने अम्बेडकर प्रतिमा का चश्मा तोड़ा

## पुलिस प्रशासन मामले की जांच में जुटा

संवाददाता। सेमरियावां (संतकबीरनगर)

ब्लॉक परिसर में स्थापित संविधान निर्माता महापुरुष बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा से कुछ अराजकतत्वों ने उनके चश्मे को तोड़कर फेंक दिया। मामले की जानकारी जैसे ही भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को मिली वह आक्रोशित होकर ब्लॉक परिसर में पहुंचे गये और तत्काल घटना की सूचना डायल 112 को दी। और घटना कोई बड़ा रूप ना धारण कर ले, इसके लिए प्रशासन अलर्ट हो गया। मौके पर स्थानीय प्रशासन सहित सीओ सदर ने ब्लॉक परिसर में पहुंचकर मामले की जांच की और प्रशासन ने ब्लॉक परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज से अराजक तत्वों को चिन्हित कर कारवाई करने का भीम आर्मी के कार्यकताओं को आश्वासन दिया। फिलहाल प्रशासन ने बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर चश्मा लगवा दिया है। घटना से आक्रोशित भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने देर शाम दुधारा थाने पर भी शिकायती पत्र दिया। भीम आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष संतोष वाल्मीकि, विधानसभा उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप, अमर नाथ बौद्ध, मंगल सिंह राव, सौरभ दिनकर आदि दर्जनों कार्यकर्ताओं ने इस प्रकरण के दोषी को चिन्हित कर गिरफ्तारी करने की मांग की। उन्होंने ब्लॉक परिसर में बीआर अंबेडकर की प्रतिमा से छेड़ छाड़ करने चश्मे को तोड़कर निकाल देने हेतु अज्ञात लोगों के विरुद्ध कारवाई की मांग की अगर कारवाई नहीं हुई तो भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं आंदोलन करने के बाध्य होंगे। इस सम्बंध में दुधारा प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही हैं दोषियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कारवाई की जाएगी।

## संदिग्ध हालात में झुलसकर बुजुर्ग की हो गई मौत

बस्ती। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के गनेशपुर गढ़वल निवासी 95 वर्षीय एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गणपत खाना खाने के बाद गांव के बाहर मड़ई में सोने चले गए। अचानक सोते समय अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिस चरनी में वह सो रहे थे उसके बाहर पशु भी बंधे हुए थे। अचानक मड़ई से आग की लपटें निकलने लगी, आग की लपटे निकलती देख लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से झुलस गए थे। सूचना बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल भिजवाया जहां परीक्षण उपरांत चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की छानबीन कर रही है। आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है।

# स्वास्थ्य शिविर में उमड़े मरीज

संवाददाता। सेमरियावां ( संतकबीरनगर )




रविवार को ब्लॉक के मुड़ाडीहा बेग स्थित एआरसी डिग्री कालेज में अबुल कलाम आजाद एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पांच चिकित्सकों ने अलग-अलग स्टाल लगाकर मरीजों का परीक्षण किया। इससे पूर्व प्रबंधक शमशेर अहमद ,वरिष्ठ चिकित्सक एके वर्मा व डा.अजमल अहमद ने फीता काटकर एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। कालेज के प्रबंधक शमशेर अहमद ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में 230 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ।

ट्रस्ट की ओर से सभी मरीजों को पांच दिन की दवा भी नि:शुल्क दी गयी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने की आवश्यकता हैं ताकि ग्रामीण व गरीब तबके के लोगों को इसका लाभ मिल सके।

इस दौरान उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में फिजिशियन डा.एके वर्मा ने 60 सामान्य मरीजों का परीक्षण किया। इसमें बुखार, हाई बीपी, सुगर के मरीज मिले। डा. राजेश पटेल ने 49 मरीज, आर्थोपेडिक चिकित्सक सैय्यद जुबैर अहमद ने 40 मरीज, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.फरहा कौसर ने 55 मरीज व डा.अजमल ने 26 मरीजों का परीक्षण कर उचित सलाह दिया। इस दौरान प्राचार्य डा. सुधांशु मिश्रा, स्मिता श्रीवास्तव, शमीम बानों, दिवान चंद चौधरी, इं. मोहम्मद मोकर्रम चौधरी, प्रवीन दूबे, अनुपमा शुक्ला, संग्राम भारती, नरसिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाएं सम्मानित

सोनभद्र। सरकार द्वारा मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान 180 दिवसीय अभियान के पहले माह 17 से 25 अक्टूबर के सफल कार्यक्रम के निमित्त जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कहा कि जिस समाज की महिलाएं अग्रणी होती हैं, यानी जिन्हें शिक्षा, सुरक्षा व सशक्तीकरण प्राप्त होता है, वह देश काफी तरक्की करता है। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समापन समारोह में महिला सशक्तीकरण पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिलाधिकारी ने महिला सशक्तीकरण का संकल्प समारोह में उपस्थित सभी पुरुष महिलाओं को दिलाया। उन्होंने नारी सम्मान के प्रति प्रकाश डालते हुए कहा कि बेटी कुदरत का अनमोलन उपहार है, इनको जीने व पढ़ने का पूरा अधिकार है। गांव गांव अलख जगाओ बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं प्रत्येक गांवों में मुहीम चलाओं बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ।

# पीएचसीए सीएचसी समेत मंडलीय चिकित्सालय में खुलेगी कोविड क्लीनिक

संवाददाता। मिर्जापुर

जिले में अब पीएचसीए सीएचसी समेत मंडलीय चिकित्सालय पर कोविड क्लीनिक खुलेगी। जहां कोविड-19 के उपचारित व्यक्ति बाद में आ रही स्वास्थ्य की परेशानियों पर परामर्श ले सकेंगे। इसकी तैयारियों के संबंध में अपर मुख्य चिकित्साधिकारीध्कोरोना नोडल अधिकारी डाक्टर अजय ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को पत्र भेजा है।

पत्र में निर्देशित किया गया है कि कोविड क्लीनिक के लिए मंडलीय चिकित्सालयए जिला महिला चिकित्सालयए नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र समेत 46 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जगह चिन्हित की जाए। जल्द ही चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ की तैनाती कर दी जायेगी। इस क्लीनिक में कोविड-19 से ठीक हुए लोग न केवल चिकित्सक से नि:शुल्क परामर्श ले सकेंगे। जरूरत पड़ने पर जिला मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ की भी मदद लिया जायेगा।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर नीलेश श्रीवास्तव ने बताया कि कोविड क्लीनिक में ईसीजीए एक्सरे और अल्ट्रासाउण्ड के अलावा एंटीबाडी की जांच भी की जायेगी।

इसके अलावा लक्षणों के आधार भी जांच किया जायेगा। खासकर व्यवहार में परिवर्तन आने के बाद भी मानसिक चिकित्सकों द्वारा मदद किया जायेगा। दोबारा कोविड के लक्षण मिलने पर इस क्लीनिक में उनको उपचार उपलब्ध कराया जायेगा और नि:शुल्क जांच कराया जायेगा।

# बगैर मानचित्र स्वीकृत के निमार्ण पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगीः सिंह

संवाददाता। सोनभद्र

अपर जिलाधिकारी सचिव साडा सोनभद्र योगेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि सत्य नारायण यादव पुत्र आनन्द माधव, निवासी-हवाई पट्टी रोड म्योरपुर, परगना व तहसील दुद्धी,सोनभद्र द्वारा प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत हवाई पट्टी रोड पर इस प्राधिकरण के सक्षम अधिकारी सचिव से अधिनियम की धारा-13 के अधीन अनुमति लिये बिना लगभग 06 मीटर 16 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में दो मंजिला मकान का निर्माण किया गया है। यह निर्माण अवैध निर्माण की श्रेणी में होने के कारण इस निर्माण के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा-24 1 के अन्तर्गत श्री यादव निर्माणकर्ता को कारण मताओ नोटिस देते हुए अधिनियम के तहत वाद संख्या-24/2020-21 दिनांक 14 अक्टूबर योजित किया गया। इस योजित अवैध निर्माण वाद में 16 अक्टूबर की तिथि नियत करते हुए तहसील दुद्धी स्थित कार्यालय कक्ष में सुनवाई की गयी। सत्य नारायण यादव पुत्र स्व. आनन्द माधव निवासी हवाई पट्टी रोड म्योरपुर, परगना व तहसील दुद्धी,सोनभद्र को अधिनियम की धारा 25 के अन्तर्गत मौखिक रूप से आदेशित किया गया कि वह अवैध निर्माण को स्वयं एक सप्ताह में धाराशायी करा दें तथा उसकी सूचना इस प्राधिकरण को उपलब्ध कराये अन्यथा की स्थिति में उक्त अवैध निर्माण को प्राधिकरण द्वारा स्वयं ध्वस्त करा दिया जायेगा तथा ध्वस्तीकरण में व्यय हुई धनराशि बकाया भूरा की भांति वसूल की जायेगी। सत्य नारायण यादव पुत्र स्व. आनन्द माधव, निवासी हवाई पट्टी रोड, म्योरपुर, परगना व तहसील दुद्धी,सोनभद्र द्वारा ध्वस्तीकरण आदेश निर्गत होने के पूर्व ही उक्त अवैध निर्माण स्वयं हटा लिया गया है। प्रश्नगत वाद में अब ध्वस्तीकरण आदेश निर्गत करने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। उपर्युक्त के क्रम में शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण साडा क्षेत्र के अन्तर्गत किये गये निर्माण के भवन स्वामियों एवं निर्माणकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि साडा क्षेत्रान्तर्गत बिना सक्षम प्राधिकारी से मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

## डिप्टी कलेक्टर योगेश्वर ने लिया चार्ज

संतकबीरनगर। ट्रांसफर होकर आए डिप्टी कलेक्टर योगश्वर सिंह ने जिलाधिकारी को आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए पद का कार्यभार ग्रहण किया है। श्री सिंह 2000 बैच के पीसीएस अधिकारी है। इससे पूर्व जनपद महाराजगंज में तैनात रहे। श्री सिंह मूलत: पूर्वी दिल्ली के निवासी हैं।

# सबको साथ लेकर चलना संगठन की प्राथमिकताः आशु

संवाददाता। सोनभद्र

युवा कांग्रेस सोनभद्र जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार दुबे आशु ने कहा की भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवासन के नेतृत्व में पूरे देश के अंदर युवा कांग्रेस में तेजी से युवाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है, वही हमारे उत्तर प्रदेश में प्रभारी राष्ट्रीय सचिव तनु यादव व उत्तर प्रदेश पूर्वी जोन के अध्यक्ष युवा कांग्रेस कनिष्क पांडे के नेतृत्व में लगातार युवा अपना विश्वास युवा कांग्रेस की ओर बढ़ा रहे हैं। उसी क्रम में पार्टी के प्रति निष्ठा रखने वालों को सम्मान देते हुए नई जिम्मेदारियां देने का काम भी किया गया । जिसमें जिला महासचिव के रूप में शशि बाला, जिला सचिव शितला सिंह पटेल दुद्धी विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष शाहदाब आलम ओबरा विधानसभा महासचिव चौधरी कुमार रेनुसागर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद रॉबर्ट्सगंज विधानसभा महासचिव अंशु मद्धेशिया घोरावल विधानसभा महासचिव नवीन मौर्यघोरावल सोशल मीडिया विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक जायसवाल कर्मा ब्लाक महासचिव रजनीश कुमार घोरावल विधानसभा महासचिव नवीन मौर्य कर्मा ब्लाक सचिव राकेश मौर्य मधुपुर नगर नवनियुक्त अध्यक्ष अजय कुमार मौर्य रॉबर्ट्सगंज ब्लाक महासचिव शिवम चतुर्वेदी रॉबर्ट्सगंज नगर महासचिव रजत सोनीघोरावल ब्लाक महासचिव सुनील दुबे शाहगंज नगर महासचिव शिवानंद पांडेय को नई जिम्मेदारियां दी गयी है।

## वीएचएसएनडी सत्र पर किशोर,किशोरियों को दी जाएगी आयरन की गोली

गाजीपुर। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम ; के तहत ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस वीएचएसएनडी सत्र पर 10 से 19 साल तक के किशोरकिशोरियों को रक्तअल्पता से बचाने को लेकर आयरन की गोलियां वितरित की जाएंगी। इस बार ड्राइवरी स्तर के बच्चों को अभियान में शामिल नहीं किया गया है। इस अभियान में अहम भूमिका निभाने वाली शहरी क्षेत्र की एएनएम और मुख्य सेविकाओं के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

## चोरों ने चार घरों से उड़ाया लाखों का माल

बदलापुर। थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में चोरों ने बुधवार की रात चार घरों से ताला तोड़कर नगदी सहित लाखों रुपये का माल उड़ा दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। एक ही रात चोरी की चार घटनाओं से ग्रामीण दहशत में है। गांव निवासी संग्राम यादव के घर में छत से अंदर जाकर चोर दो कमरों का ताला तोड़कर 1.65 लाख नगद सहित चार चेन,छः अंगूठी, दो करधनप छः लाकेट, नौ जोड़ा पायल, करधन दो, बाला ,एकप झुमका एक आयरन एक आदि लगभग पांच लाख कीमत के आभूषण पर हाथ साफकर दिया है। बगल के सुरेश यादव के घर के दो कमरों का ताला तोड़कर तीन सोने सिकड़ी, तीन अंगूठी व एक छागल कीमत लगभग एक लाख रुपये पर हाथ साफकर दिया।

## पीएचडी प्रवेश आवेदन की अवधि बढ़ाई गई

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय पीएचडी प्रवेश 2020 के निदेशक डॉ समर बहादुर सिंह ने बताया कि छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए पीएचडी में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि जो 23 अक्टूबर 2020 को बढ़ाकर 20 नवम्बर 2020 कर दिया है। यह उन छात्रों के लिए एक अवसर है जो किन्हीं कारणों से अभी तक आवेदन नहीं कर पाये है। प्रवेश परीक्षा की तिथि 20 दिसंबर 2020

## एन्टी रोमियो टीम ने 4 मनचलों किया गिरफ्तार

जौनपुर। राजकरन नय्यर पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में महिला अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु एन्टीरोमियों टीम को सार्वजनिक स्थानों पर निरंतर चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशन के क्रम में थाना नेवढ़िया एन्टीरोमियो टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी कि कस्बा नेवढ़िया स्थित शीतला माता मंदिर के पास 4 मनचलें आती जाती महिलाओं व लड़कियों पर छिटा कसी कर रहे थे व अश्लील गाना गाते हुए पाये गयेए जिन्हें गिरफ्तार कर धारा 294 भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का किया भण्डाफोड़

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन मे बंद पड़े ईंट भट्ठे के खंडहर कमरे मे ग्राम गंगौली से अवैध शस्त्र बनाने वाले तीन शातिर अपराधी अवैध शस्त्र बनाते समय मय शस्त्र बनाने के उपकरण ए भट्ठी व 3 तमंचा 315 बोर चालू हालत मेंए 3 तमंचा अर्द्ध निर्मित मय चोरी की दो मोटर सायकिल के साथ आज रात्रि मे मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया।

## मोबाइल लूटने के चक्कर में बदमाशों ने रूपेश को उतारा था मौत के घाट

जौनपुर। पुलिस ने सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जगदीशपुरकला गांव में हुई रूपेश कश्यप हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से हत्या में प्रयोग किया गया असलहा बरामद किया है। पुलिस ने अनुसार रूपेश की हत्या उसकी मोबाइल लूटने के लिए किया गया था। मालूम हो कि बीते 18 अक्टूबर की शाम करीब छह बजे सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जगदीशपुरकला गांव में अज्ञात बदमाशों ने रूपेश कश्यप की गोली मारकर हत्या कर दिया था। रूपेश तथा उसके परिवार से किसी की कोई दुश्मनी नहीं थी इसके बाद भी उसे किसने मौत के घाट उतारा यह एक पहेली बनी हुई थी। पुलिस की पड़ताल में उसका मोबाइल गायब था।

## आरएसएस की ओर से मनाई गयी विजयदशमी

पथरा, सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पथरा बाजार में विजयादशमी का कार्यक्रम का आयोजन हुआ विभाग संघचालक रामचंद्र चौधरी जी ने कहा कि संघ वर्ष भर में कुल 6 उत्सव मनाता है विजयादशमी उनमें से एक है मनुष्य ना ही हिंदुत्व है हिंदुत्व ही भारत का राष्ट्रीय आधार है स्वदेशी और देश भक्ति के माध्यम से ही हम बड़ी से बड़ी देश विरोधी शक्तियों को परास्त कर सकते हैं कार्यक्रम का संचालन करते हुए आयोजक और जिला शारीरिक प्रमुख राजकुमार अग्रहरि ने संचालन करते हुए कहा कि नागपुर में सन 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्थापना हुई थी।

# महिला सशक्तीकरण को भाजपा प्रतिबद्ध



### सम्मेलन में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ने कहा बहन-बेटियों के लिए चल रहीं कई योजनाएं

संवाददाता। देवरिया

विधानसभा उपचुनाव के प्रचार प्रसार के क्रम में आज भाजपा के महिला मोर्चा का सम्मेलन सी सी रोड स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर आयोजित हुआ। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं वक्ता उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश की अध्यक्षा दर्शना सिंह रहीं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दर्शना सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण एवम उनके आत्मनिर्भर बनाने के संकल्पित व समर्पित है। उनके जन्म से लेकर जीवन के प्रत्येक क्षणए प्रत्येक चरण में बहन बेटियों की रक्षा व सुरक्षा एवं उनके भविष्य के निर्माण हेतु विभिन्न प्रकार की योजनाएं चल रही हैं। चाहे वह प्रसूता के पोषण के लिए 6000 की सीधी मदद से हो, अस्पताल में मातृत्व के सुरक्षित और सुनिश्चित कराने की योजना होए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का अभियान होए मुफ्त में जच्चा बच्चा के टीकाकरण के अभियान को सुनिश्चित व्यवस्था हो। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री आवास की योजना हो। गरीब परिवारों के बच्चियों की शिक्षा के लिए शिक्षा की व्यवस्थाए अपने शारीरिक सुरक्षा के साथ स्वयं के इज्जत को बचाते हुए शौच हेतु प्रत्येक घरों में शौचालय की सुविधाए चूल्हे पर खाना बनाते समय उठने वाले धुएं से निजात मुफ्त में उज्जवला गैस योजना हो। यह सभी योजनाएं महिलाओं के सम्मान व उनके उत्थानए उनकी प्राणों की रक्षा हेतु बनाई गई। और यह सब मोदी के केंद्र कि सरकार एवं उत्तर प्रदेश में योगी जी के सरकार की देन है। श्रीमती सिंह ने कहा कि देवरिया में भाजपा की महत्वपूर्ण योजनाओं को गति देने के लिए भाजपा प्रत्याशी डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी जी को यहां से जीतना जरूरी है अन्यथा डेढ़ वर्षों के कार्यकाल में स्थिति खराब हो सकती है। हमारे देश की महिलाओं में वह ताकत है सामर्थ है जो अपने उद्देश्यों एवं उद्यमिता हेतु कुछ कर गुजरने की ताकत रखती हैं। आज महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं। देश में किसी भी सेक्टर में महिलाएं पुरुषों से कदम से कदम मिलाकर चल रही हैंए बड़ी संख्या में महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम दे रही हैं। आज उप्र में योगी जी के दिशा निर्देशन में उत्तर प्रदेश का चौतरफा विकास हुआ है। गांव गरीब किसान महिला को सम्मान के लिए भाजपा दिन.रात कार्य कर रही है। प्रदेश में आज सड़कों का जाल बिछाया है 20 से 22 घंटे तक लगातार बिजली मिल रही हैए किसानों को खाद बीज यूरिया के उपलब्धता सुनिश्चित है। उत्तर प्रदेश में आज महिलाएं बच्चियां स्वतंत्र रूप से कहीं भी आ जा सकती हैं। प्रदेश में यहां का अपराधी या तो सीधे ऊपर जा रहा है या फिर जेल में है।

लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि महिलाओं के उत्थान एवं सम्मान हेतु उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार और भी कई विभिन्न योजनाएं व प्रावधान बना रही है। जिससे महिलाएं आने वाले दिनों में और भी आगे जा सकें। बचे हुए डेढ़ वर्षों के कार्यकाल के लिए और देवरिया में भाजपा के विकास की गति को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा प्रत्याशी डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी जी का विधानसभा में विजय होना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए आप सभी महिलाएं मनोयोग से जुट जाएं।

# डाक मतपत्र से बुजुर्ग, दिव्यांग व कोरोना पॉजिटिव मरीजों के मतदान को टीम गठित

### रिटर्निंग आफिसर ने इस टीम को किया प्रशिक्षित

### 27 व 28 अक्टूबर को वैलेट पेपर के माध्यम से मतदान कराये जाने के दिये गये निर्देश

संवाददाता। देवरिया



निर्वाचन आयोग द्वारा बुजुर्गए अशक्त व कोविड19 पाजिटिव मरीजो को मताधिकार के प्रयोग किये जाने के लिये डाक मतपत्र की अनुमन्यता की गई है। जनपद में 337 देवरिया विधानसभा उप चुनाव में ऐसे मतदाताओं को डाक मतपत्र के द्वारा मतदान कराये जाने के लिये पंचायत सचिव एवं अध्यापकों की 21 टीम बनायी गयी है। जिनकी आज बैठक विकास भवन गांधी सभागार में रिटर्निंग आफिसरध्उप जिला मजिस्ट्रेट सौरभ सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान उन्होंने तैनात कार्मिकों को निर्देश दिया कि वे अपने तैनाती बूथ अनुसार ऐसे चिन्हित मतदाताओं से सम्पर्क कर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किये जाने के संबंध में अवगत करा दें तथा 27 एवं 28 अक्टूबर को उन मतदाताओं को डाक मतपत्र उपलब्ध कराते हुए उनका मतदान सुनिश्चित करायेंगें तथा सम्पर्क के दौरान इन मतदाताओं से संबंधित सूचनाध्सूची को बीएलओ को भी अवगत करायेंगें। रिटर्निंग आफिसर श्री सिंह ने राजनैतिक दलो को अवगत कराते हुए बताया कि 80 वर्ष से उपर बुजुर्ग, दिव्यांग एवं कोविड.19 के पाजिटिव मरीजों को मतदान किये जाने के लिये डाक मतपत्र के माध्यम से उन्हे वोट डालने की सुविधा अनुमन्य की गयी है। वे डाक मतपत्र के माध्यम से अपना मत डाल सकेंगे। मतदाता के द्वारा डाक मत पत्र को गोपनीयता पूर्वक सील्ड कर उसे उपलब्ध कराया जायेगा। जिसे सुरक्षित रखा जायेगा। उन्होंने राजनैतिक दलो को यह भी अवगत कराया है कि इवीएम पैकिंग का भी कार्य निर्वाचन कार्यालय में चल रहा है। इच्छुक प्रतिनिधिध्प्रत्याशी इस कार्य का यदि अवलोकन करना चाहें तो वे कर सकते है। डाक मत पत्र प्रभारी डीसी मनरेगा गजेन्द्र तिवारी ने बताया कि आज से टीम को लगायी गयी हैए जो ऐसे मतदाताओं से सम्पर्क कर उन्हे इस तरह के मतदान के लिये जानकारी देंगें।

इस कार्य के लिये आज कुल 21 टीम प्रत्येक में 3 कर्मीए जो पंचायत सचिव व अध्यापक सम्मिलित हैं। उन्हे उनके क्षेत्रों में भेजा गया। कल 27 एवं 28 अक्टूबर को बुजुर्गए दिव्यांग व कोरोना पाजिटिव मरीजों को डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान करायेंगे।

# शत-प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण जरूरीः जिलाधिकारी

संवाददाता। देवरिया



जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी अमित किशोर ने बीएलओ एवं सुपरवाइजरो को आगाह करते हुए कहा है कि वे शतप्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण घरघर जाकर के सुनिश्चित करें। यदि कहीं कोई कमी रह जाती है या इसमे शिथिलता पाई जाती है तो इसके लिए वे सीधे जिम्मेदार होंगे और उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित होगी। जिलाधिकारी श्री किशोर पुलिस लाइन के सभागार में देवरिया विधानसभा उप निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत मतदाता पर्ची वितरण कार्य के लिए बीएलओ एवं सुपरवाइजर की आहूत बैठक को संबोधित कर रहे थे। अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए मतदाता पर्ची का वितरण अत्यंत ही आवश्यक है इससे मतदाता सहजतापूर्वक अपना मतदान का प्रयोग करते हैंए इसलिए बीएलओ मतदाता पर्ची का शत.प्रतिशत अनिवार्य रूप से वितरण सुनिश्चित करेंगेएइसकी समीक्षा भी उप जिलाधिकारी व मेरे स्तर से भी की जाएगी।जो काम नहीं करेंगे या जिनकी कार्य प्रगति खराब पाई जाएगी उनके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि वितरण कार्य में किसी भी प्रकार की शिकायत मिलती तो इसे भी गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट भी अपने भ्रमण के दौरान इसकी जानकारी करें कि मतदाता पर्ची वितरित हुआ है या नहीं। उन्होंने बीएलओ के संबंधित नियुक्ति प्राधिकारियों को भी निर्देश दिया कि वे इसकी निगरानी करें और जिनका भी कार्य शिथिल पाए उसके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी से अपने कार्य दायित्वों को जिम्मेदारी पूर्वक किए जाने की अपेक्षा के साथ कहा कि विश्वास है कि इस कार्य को आप सभी उत्साह व जिम्मेदारी से करेंगे तथा मतदान कराने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई समस्या हो तो उसकी जानकारी अपने सेक्टर मजिस्ट्रेट को देंए ताकि उसका समाधान भी किया जा सके। इस बैठक में रिटर्निंग ऑफिसर उप जिलाधिकारी सौरव सिंह भी उपस्थित रहे तथा आयोग के निर्देशों से अवगत कराएं।आज मतदाता पर्ची वोटरगाइड प्राप्त कराया गयाएजिसे कल से ही सभी मतदाताओं में वितरित किए जाने के कड़े निर्देश दिए गए।

# हिंदू सम्राट दल ने विधि विधान के साथ की 108 कन्याओं की पूजा



देवरिया। हिन्दू सम्राट दल नगर पालिका रोड पर नवरात्र विजयदशमी के दिन विधिपूर्वक पूजन हवन किया गया एवं 108 देवी रूपी कन्याओं को सजाकर बैठाया गया एवं प्रसाद ग्रहण व भंडारा वितरण किया गया जिसमें विभिन्न मुहल्ले से कन्याये सजकर आयी उनके साथ उनके गार्जियन की भी उपस्थिती रही सारे कार्यक्रम कोविड19 एवं विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए शासन के गाइडलाइंस को देखते हुए सम्पूर्ण कार्यक्रम किया गया गया।

## काली माता मंदिर पर 500 कन्याओं को कराया भोज



गाजीपुर। जनपद के मोहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा माढ़ूपुर स्थित काली माता मंदिर पर नवरात्रि के 9 दिन लगातार अखंड दुर्गा पाठ किया गया। जहां दशमी को पूर्णाहुति किया गया जहाँ पूर्णाहुति के दिन भव्य एवं विशाल कन्या पूजन एवं भोजन का आयोजन किया गया जिसमें 500 कन्याओं को भोजन कराया गया वही मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया जिसमें भोजपुरी के सुपरस्टार सिंगर आरजू अंचल ने शतुने मुझे बुलाया शेरावालिएए गाकर सभी भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया वही अखिलेश उपाध्याय ने भी भक्ति गीत गाकर उपस्थित भक्त जनों को खूब झूमाया। बताते चलें कि काली माता मंदिर में हर साल नवरात्रि में 9 दिन अखंड पाठ भजन कीर्तन के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है इस मंदिर का मान्यता है कि जो भी भक्त मन से मां की पूजा करता है उसकी हर मुराद पूरी करती है इस कार्यक्रम को भव्य आयोजन करने वालों में चंद्रभान तिवारी ग्राम प्रधान जयराम तिवारी श्री प्रकाश तिवारी संत कुमार तिवारी दिनेश तिवारी प्रमोद तिवारी राहुल तिवारी सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## आदर्श आचार संहिता का उलंघन करने पर लकी यादव व धनंजय के विरुद्ध मुकदमा

### 6 अन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत

जौनपुर। जनपद जौनपुर में आगामी विधान सभा मल्हनी उप चुनाव के दृष्टिगत चुनाव आचार संहिता के अनुपालन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर रणविजय सिंह व पुलिस फोर्स द्वारा रसौना मोड़ के पास एकत्रित लोगों को चेक किया गया तथा चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिलों पर धनन्जय सिंह का स्टीकर लगाने व चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के कारण 8 मोटरसाइकिलें व 500 स्टीकर कब्जा पुलिस में लिया गयाए जिसके के आधार पर 6 लोगों के विरुद्ध मुअसं 329,20 धारा 171,188 भादवि व 133 लोकप्रतिनिधित्व अधि० पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जी रही है।

संवाददाता। जौनपुर

जौनपुर में आगामी विधान सभा मल्हनी विधान सभा 367 उप चुनाव में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में 24 अक्टूबर को प्रनि सरायख्वाजा सुधीर कुमार आर्य मय पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मल्हनी विधान सभा चुनाव के परिपेक्ष में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लकी यादव तथा निर्दलीय प्रत्याशी धनन्जय सिंह द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का उलंघन करते हुए सरकारी विद्युत पोल पर प्रचार प्रसार हेतु स्टीकर चिपकाये जाना व समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जयहिन्द यादव द्वारा अपने प्रत्याशी लकी यादव का स्टीकर चिपकाये जाने के सम्बन्ध में मुअसं 253,20 धारा 171 जी भादवि बनाम समाज वादी पार्टी प्रत्याशी लकी यादव के पंजीकृत किया गया। तथा मुअसं 254,20 धारा 171 जी भादवि बनाम निर्दलीय प्रत्याशी धनन्जय सिंह तथा मुअसं 255,20 धारा 171जी भादवि बनाम समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता जयहिन्द यादव व समाज वादी पार्टी के प्रत्याशी लकी यादव के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

# निर्दल व सपा के प्रत्याशी बीच टक्कर

### मल्हनी उपचुनाव विधानसभा

संवाददाता। जौनपुर



मल्हनी विधानसभा उपचुनाव में प्रमुख दलों के प्रत्याशियों के नामांकन के बाद तस्वीर साफहो गई है। भाजपा ने मनोज सिंह को प्रत्याशी बनाया है जिनको लेकर लोग यह कह रहे हैं कि व्यक्तिगत आचरण व्यवहार इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पढ़ाई लिखाई के कारण छात्र जीवन से ही मृदुभाषी और मिलनसार हैं लोग इन्हें उम्मीदवार के रूप में पसंद भी कर रहे हैं पार्टी का जनाधार भी है किंतु कई सवर्ण बिरादरी के लोगों के लड़ने के चलते वोट का जनाधार खिसकने का डर बना हुआ है। समाजवादी पार्टी ने मल्हनी से दो बार विधायक रहे पारसनाथ यादव के मृत्यु उपरांत संवेदना में उनके बिगड़ैल पुत्र लकी यादव को अपना प्रत्याशी घोषित किया है पारसनाथ यादव के मंत्री कार्यकाल में लकी कई लोगों को सरेआम पीट भी चुके हैं। जिनमें दरोगा और सिपाही भी शामिल रहे है। परिसीमन में यादव बिरादरी का वोट अन्य जातियों के अपेक्षा ज्यादा है जिससे लोग यह कह रहे हैं कि सीट योगी की प्रतिष्ठा के बावजूद निकल भी सकती है। बाहुबली के नाम से चर्चित जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह परिचय के मोहताज नहीं है। कभी रारी विधानसभा से विधायक रहे धनंजय सिंह अबकी तीसरी बार मल्हनी विधानसभा उपचुनाव में निर्दल प्रत्याशी के रूप में ताल ठोका है।धनंजय व उनके लोग जनता के हर दुख सुख में भागीदारी करते हैं यही वजह है कि जनता में अपने विश्वास को देखते हुए वे हर चुनाव में अपना ताल ठोक देते हैं क्षेत्र में उन्हें भारी समर्थन मिल रहा है लोग यह कहते देखे जा रहे हैं कि लड़ाई तो सपा और धनंजय के बीच ही होगी परिणाम चाहे जो हो बसपा ने उम्मीदवार के रूप में क्षेत्रीय जय प्रकाश दुबे को उतारा है जय प्रकाश दुबे क्षेत्र में पहले परिचय के मोहताज थे अब टिकट मिलने के बाद लोगों को बता रहे हैं कि मैं बहुत ही प्रभावशाली आदमी हूं जिससे बहन जी ने मनोज रघुवंशी का टिकट काटकर मुझे चुनाव मैदान में उतारा है ज्जनता के बीच यह कोई करामात नहीं दिखा पा रहे हैं लिहाजा चुनावी मैदान भगवान भरोसे लड़ रहे हैंए भाजपा का नाराज ब्राह्मणों का वोट लेकर चुनावी वैतरणी पार करने की गुड़ा गणित कर रहे। कांग्रेस ने मंगला गुरु को टिकट दिया है मंगला गुरु कांग्रेसका पारंपरिक वोट लेकर अभी से अपने को शहीद होने की बात कर रहे हैं बता दें कि कांग्रेस यहां हमेशा चार से छह हजार वोट पाती रही है ए चुनाव की तिथि ज्योंज्यों नजदीक आ रही है त्यों त्यों अधिकारियों की जिम्मेदारी बढ़ती जा रही है।

## पंचायत चुनाव को लेकर भाजपाइयों ने कसी कमर



सकलडीह,चन्दौली। आगामी दिनों होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपाईयों ने तैयारी शुरू कर दिया है। इस क्रम में कस्बा स्थित बाल विद्या मंदिर पर सकलडीहा पूर्वी और पश्चिमी मंडल के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को हुई। बैठक में संगठन की मजबूती और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कार्यकर्ताओं को जुट जाने का आवाहन किया।बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता जिला महामंत्री अखिल पोद्दार ने ग्राम पंचायत और सेक्टर संयोजक सहित मण्डल पदाधिकारियों को बेहतर चुनाव प्रबंधनए मतदाता पंजीकरण व सामाजिक जनजातिय समीकरण को स्पष्ट करते हुए प्रत्येक स्तर पर कार्यकर्ताओं को प्रभावी ढंग से पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। विषय का प्रतिपादन ब्लाक संयोजक देवेंद्र पाण्डेय और अनुमोदन विधानसभा प्रभारी सूर्यमुनि तिवारी ने किया। इसके पूर्व जिला मुख्य वक्ता का विजय गुप्त और सौरभ सिंह छोटू ने माल्यापर्ण कर स्वागत किया।

## हड्डी तोड़ बुखार होने पर रहें सतर्क, यह हो सकता है डेंगू का लक्षण

सिद्धार्थनगर। डेंगू को नजरअंदाज करना नुकसान देय हो सकता है। शरीर में हड्डी तोड़ बुखार हो तो तत्काल जांच कराकर चिकित्सक की सलाह पर उपचार करें। डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। इस बीमारी का समय से उपचार होना ही बचाव हैए नहीं तो जान भी जा सकती है। यह कहना है अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरपी मौर्या का। जिले के बढ़नी कस्बा में लगातार डेंगू के लक्षण मिलने से स्वास्थ्य महकमा अलर्ट है। स्वास्थ्य टीम गठित कर घरघर जांच कराई जा रही है। कोविड–19 के दौर में इस डेंगू बीमारी को नजरअंदाज करना नुकसान देय है। कस्बे में लगातार कोरोना मरीज मिलने के बाद डेंगू के भी लक्षण के मरीज मिल रहे हैं। इसके लिए सभी को अलर्ट रहने की जरूरत है। स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र के अलावा जिले की भी टीम प्रतिदिन डेंगू प्रभावित क्षेत्रों की मॉनीटरिंग कर रही है। जुलाई में बरसात खत्म होते ही यह मच्छर अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर देते हैं।

# विशेष योगदान के लिए महिलाएं सम्मानित



### डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

संवाददाता। मऊ

जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिये विशेष अभियान मिशन शक्ति के क्रियान्वयन के लिए महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुरक्षा शपथ ग्रहण एवं पहले चरण के कार्यक्रम का समापन एवं शक्ति योद्धाओं को प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम सभाकक्ष में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाया गया कि भारत के जिम्मेदार नागरिक के रूप में मैं शपथ लेता हूं कि मैं सदैव बालिकाओं व महिलाओं का सम्मान करूंगा और उनके अधिकारों की सुरक्षा करूंगा। मैं प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से अपने कृत्यों शब्दों तथा कर्मो से किसी बालिका या महिला के अधिकारों एवं मर्यादा का हनन नहीं होने दूंगा। मैं शपथ लेता हूं कि मैं बालिकाओं व महिलाओं को उनके विकास के लिये समान अवसर प्रदान करने में अपना पूरा योगदान दूंगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्य रूप से महिलाओं छात्राओं को पूर्ण रूप से जागरूक किया और उनके अन्दर से डर खत्म किया जाना है। उन्होंने बताया कि घर से दूर के विद्यालयों में जाने से छात्राएं डर रहीं हैं इस डर को इस कार्यक्रम के माध्यम से खत्म करना है। उन्होंने कार्यक्रम में लगायी गयी महिला टीमों से अनुरोध किया कि जनपद के समस्त क्षेत्रों में जाकर छात्राओं महिलाओं को जागरूक करें। उनकी समस्याओं को जानने की कोशिश करें। महिलाओं के किसी भी प्रकार के मामलों में उसकी मदद् करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित चलायी जा रही योजनाओं के बारे में उन्हें जानकारी दें और प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं को लाभ दिया जाये किसी भी महिला को किसी योजना के लाभ के लिए कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े।

## बोलेरो और टेंपो में भिड़ंत, दो की मौत चार लोग गंभीर

देवरिया। पथरदेवा पुलिस चौकी के समीप सोमवार की सुबह हुए दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर हैं। हादसा बोलेरो व टेम्पो के आमने.सामने भिड़ंत से हुआ। मृतकों की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। घायलों में से तीन का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है जबकि गंभीर रूप से घायल टेम्पो चालक को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव के रहने वाले मुन्ना मद्धेशिया 45 पुत्र स्व0प्राजेन्द्र टैंपो चलाता है। सोमवार की सुबह वह कंचनपुर चौराहे से आधा दर्जन यात्रियों को बैठाकर बघौचघाट जा रहा था। टैंपो बघौचघाट कंचनपुर मार्ग पर पथरदेवा पुलिस चौकी के समीप ही पहुंचा था कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो से आमनेसामने भिड़ंत हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की तरफदौड़ पड़े।

## एंटी रोमियो स्क्वायड ने चार पर की कारवाई

सिद्धार्थनगर। एण्टी रोमियो टीम थाना कोतवाली बांसी द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत 4 शोहदों पर की गई कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक राम अभिलाष त्रिपाठी, के आदेश व शासन की तरफसे आपरेशन शक्ति मिशन के क्रम में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के टीम द्वारा एण्टी रोमियो कार्यवाही के अन्तर्गत थाना क्षेत्र बांसी के रोडवेज , मंगल बाजार, आब्दी तिराहा, रानीगंज, खुनी तिराहाए आदि स्थानों पर चेकिंग की गयी। इस दौरान निम्न 4 शोहदे पकड़े गये।

## फसल अवशेष व पराली जलाना अपराध : डीएम

देवरिया। जिलाधिकारी अमित किशोर ने कहा है कि फसल कटाई के उपरान्त पराली तथा अन्य फसल अवशेषों को कदापि न जलायें। फसल अवशेष जलाने से प्रदूषण को प्रभावित होता हैए यह खेती मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी खत्म होती हैए जिससे फसल उत्पादकता में कमी होती है और कृषि में लागत भी बढ़ जाती है। फसल जलाने से पर्यावरण संतुलन विगड़ने से जन जीवन भी प्रभावित होने की संभावना रहती है। इस लिये हम सभी का कर्तव्य है कि पर्यावरण को बचाने तथा भावी पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिये किसी भी दशा में किसी भी स्तर के फसल अवशेष को न जलाये।

## महीनों से नलकूप खराब, किसानों में मायूसी

धानापुर,चन्दौली। क्षेत्र के ग्राम सभा धरांव में लगा राजकीय नलकूप संख्या 69 विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही से विगत चार माह से यांत्रिकी खराबी के चलते बन्द पड़ा है। जिससे आस पास के किसानों की सैकड़ो एकड़ खेतों की सिचाई नही हो पा रही है। जब कि किसानों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायत दर्ज कराई गई ाmगर आज तक कोई झांकने तक नही पहुँचा। लोगो जिलाधिकारी महोदय का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल नलकूप मरम्मत की मांग की है।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 27 अक्टूबर 2020



## यूथ कांग्रेस का सदस्यता अभियान

**अमेठी**। यूथ कांग्रेस के द्वारा जिले में चलाए जा रहे ब्लॉक चलो अभियान के तहत विधानसभा के भादर संग्रामपुर भेटुआ व अमेठी ब्लॉक अंतर्गत गांवो में यूथ विधानसभा अध्यक्ष योगेंद्र सिंह श्रोहितश् की अगुवाई में बैठक आयोजित हुईएकार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी यूथ महासचिव शरद शुक्ला रहे।आयोजित बैठक में दूसरे दल के दर्जनों युवकों ने रोहित सिंह की अगुवाई में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। बैठक का संयोजन यूथ कांग्रेस सोशल मीडिया जोनल कोऑर्डिनेटर अनुपम यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए शरद शुक्ल ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज देश से गांधी के विचारों को खत्म करने का सुनियोजित षड़यंत्र चल रहा है। उन्होंने कहा कि यूथ कांग्रेस गांधी के विचारों को आगे बढ़ाकर देश में नफरत फैलाने वालों को जवाब देगी।रोहित सिंह ने कहा कि युवाओं के हर मुद्दे पर यूथ कांग्रेस जोरदार लड़ रही है और आगे भी आने वाली समस्याओं को अमेठी यूथ कांग्रेस सड़क से लेकर संसद तक की लड़ाई मजबूती से लड़ेगी। इस मौके पर अनुपम यादव हिमांशु मिश्रा हरी राम यादव प्रांजल तिवारी अखिलेश शुक्ल सौरभ मिश्र आदित्य सिंह विनीत गुप्ता आदि रहे।

## अमेठी जिले में स्थापित हुई महिला हेल्प डेस्क

**अमेठी**। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने व अपनी समस्याओं को निर्भीक होकर बताने तथा उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित गति से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के उददेश्य से जनपद की समस्त तहसीलों व विकास खंडों में महिला हेल्प डेस्क स्थापित कराये गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि महिला हेल्प डेस्क में महिला शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर उनका त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला हेल्प डेस्क में महिलाएं अपनी समस्याओं को खुलकर बता सकती हैं।

## शांतिपूर्ण ढंग से हुआ मूर्ति विसर्जन

तिलोई ( **अमेठी** )। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। थाना क्षेत्र में सोमवार को सेमरौता, अकबरपुर फर्शी, सूबेदार का पुरवा, जगतपुर, जैतपुर, रामपुर पंवारा, अहोरवा भवानी, खेखरुआ, बसंतपुर, कुकहा रामपुर, जुगराजपुर, मेहमनपुर आदि जगहों पर रखी गयी। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन हैदरगढ़ जनपद के बाबा ओसानेश्वर महादेव घाट के गोमती नदी में किया गया। मूर्ति विसर्जन के दौरान थाना क्षेत्र की पुलिस समेत पी ए सी के जवान भी सुरक्षा के दृष्टिगत सतर्क रहें। थानाध्यक्ष डीके सिंह, उपनिरीक्षक उपेंद्रसिंह, सत्य प्रकाश, सुजीत सिंह, कांस्टेबल मुन्ना यादव, अजीत, अवधेश मय दलबल के साथ मुस्तैद दिखे।

## मिशन शक्ति के बारे में छात्राओं को किया जागरूक

तिलोई ( **अमेठी** )। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के सेमरौता स्थित ज्ञानदायिनी उमा विद्यालय में छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। उपनिरीक्षक सत्य प्रकाश ने छात्राओं को बताया कि यदि रास्ते में आते जाते समय कोई लड़का छेड़छाड़ करता है या फब्तियां कसता है तो तत्काल उसकी सूचना अपनी शिक्षाकाओं को दें। यदि मोबाइल उपलब्ध है तो तत्काल टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 112 पर सूचित करें आपकी सहायता के लिए पांच मिनट में पुलिस आपके पास पहुंचेगी।सरकार द्वारा जारी यह नम्बर 24 घंटे चालू रहते हैं। इस अवसर पर सिपाही रजत त्यागी, अजित यादव, प्रधानाचार्य अरुण मिश्र, शैलेंद्र, सुधा शर्मा, लोकपति, बनवारी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## बिटिया ने बढ़ाया मान, सम्मानित

तिलोई ( **अमेठी** )। जनपद स्तरीय संवाद प्रतियोगिता पुलिस हमारी मित्र कैसे हैं विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र की बिटिया ने द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। अमेठी जिलाधिकारी, कप्तान व सीडीओ ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। जानकारी के मुताबिक सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के डॉ. प्रताप नारयण मिश्र स्मारक इंटर कॉलेज की छात्रा अंकिता शुक्ला ने पुलिस हमारी मित्र कैसे हैं विषय पर रविवार को आयोजित संवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उसकी इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने खुशी जाहिर करते हुए बिटिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर जिलाधिकारी अमेठी अरुण कुमार, कप्तान दिनेश सिंह व सीडीओ अंकुल लाठर ने प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## डीएम ने अग्निशमन विभाग को सौंपा जमीन का प्रपत्र

**बाराबंकी**। सोमवार को कलेक्ट्रेट के लोग सभागार में उद्योग बंद समिति की बैठक आहूत की गई जिसमें जिले के औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी में छह साल से फायर स्टेशन बनाने की मांग में तब चार चांद लग गया जब डीएम ने 4140 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली जमीन का आवंटन पत्र मुख्य अग्निशमन अधिकारी को दे दिया। बैठक में ये भी बताया गया कि ईज ऑफ डूईंग बिजनेस की रैंकिंग में जनपद 58 से 31 वें स्थान पर आ गया हैं। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में चल रहे कल कारखानों के संचालकों ने अपनी समस्याएं रखीं। इनमे जलभराव सम्पर्क मार्ग लाइट आदि की समस्याओं के निदान के लिए यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है जल्द ही निर्माण शुरू होगा। बैठक में सीडीओ व अन्य विभागों के अधिकारी और उद्योग विभाग के अफसर व व्यापारी मौजूद थे।

## हाईटेंशन लाइन से झुलसा युवक, गंभीर

**बाराबंकी**। एचटी लाइन की चपेट में आने से एक युवक बुरी तरह से झुलस गया। हालत गम्भीर होने पर युवक को इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। प्राप्त विवरण के अनुसार मसौली थाना अंतर्गत शहाबपुर कस्बे में दुर्गा पूजा पंडाल लगा था रविवार को पूजा समाप्त होने के बाद जेवली गांव के निवासी आदर्श कुमार पेड़ पर चढ़कर लाउडस्पीकर उतारने लगा उसी दौरान वहां से गुजरी 11 हजार वाल्ट के करेंट की चपेट में आ गया आननफानन में घायल युवक लोगों जिला अस्पताल पहुचाया। जहां पर हालत गम्भीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

## 48 घंटों में एक महिला समेत तीन की मौत

**बाराबंकी**। जनपद के अलग-अलग थानों में बीते 48 घण्टे में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई है जिसके बाद पुलिस ने शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। विवरण के अनुसार रविवार की सुबह दरियाबाद रेलवे स्टेशन के पश्चिमी आउटर से करीब 200 मीटर दूर रेलवे लाइन पर एक 25 वर्षीय युवक का शव छत.विछत अवस्था मे पड़ा पाया गया। प्रभारी निरीक्षक दरियाबाद सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक युवक मजदूरी पेशा था तलाशी में उसके पास से मिले आधार व मोबाइल फोन से शिनाख्त की गई है। मृतक राजवीर पुत्र सोहन वर्मा निवासी डूडी थाना सफ्दरगंज के रूप में हुई है शव को देखकर वहां से गुजर रहे राहगीरों की भीड़ इक्ठा हो गई वहीं शव का दरियाबाद में मौजूद राजकीय रेलवे पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।वहीं दूसरी घटना सतरिख थाना अंतर्गत ग्राम अख्तियार पुर में हुई यहा पर खेत मे बरगद के पेड़ से लटकता हुआ मोनू यादव (25 वर्ष) पुत्र मुनेश्वर यादव नामक युवक का शव भाई ने देखा जिससे आस.पास के इलाके सनसनी फैल गई अन्य ग्रामीणों की सूचना पर पँहुची पुलिस ने लोगों की सहायता से शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम करवाया है वहीं परिजनों में मातम का माहौल है। तीसरी घटना रामनगर थाना अंतर्गत कस्बा रामनगर की है यहां पर रामगोपाल अवस्थी की बहु व कुलदीप अवस्थी की 37 वर्षीय पत्नी गीता अवस्थी का शव उन्ही की मार्केट की दुकान में फंदे से लटकता पाया गया मृतका की शादी वर्ष 2007 में रामनगर के कुलदीप से हुई थी इनके एक 12 वर्षीय बेटा भी है।

# हर्ष फायरिंग में युवक को लगी गोली, मौत

### मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

संवाददाता। बाराबंकी

**रामसनेहीघाट** थाना क्षेत्र के राजेपुर गांव में बीती रात हर्ष फयरिंग में एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई युवक रिश्तेदारी में मुंडन संस्कार में भाग लेने गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है, परंतु अभी तक आरोपी पकड़ा नहीं गया। मौके से बरामद रिवाल्वर व कार को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है जानकारी के अनुसार राजेपुर गांव निवासी शिवनारायण के तीन वर्षीय लड़के शिवांशु का मुंडन संस्कार था, जिसमें उनके तमाम रिश्तेदार मौजूद थे। शाम को रिश्तेदारों के साथ ही ग्रामीणों को दावत दी गई थी। इस मुंडन संस्कार में हिस्सा लेने के लिए शिवनारायण के बहनोई ऋषिराज निवासी चमर तलिया थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ भी अपने दोस्त जैदपुर थाना क्षेत्र के भिटौरा लखन निवासी 35 वर्षीय ननकऊ के साथ आया था। शाम को सब लोग खुशी के माहौल में दावत खाने में लगे थे तभी अचानक ऋषिराज ने अपनी रिवाल्वर निकालकर फायरिंग करना शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कई राउंड गोलियां चलाने के बाद उसने रिवाल्वर को दोबारा लोड किया और फिर से फायरिंग करनी शुरू की। इसी बीच रिवाल्वर की निकली गोली ऋषिराज के ही दोस्त ननकऊ को जाकर लग गई। गोली लगते ही लहुलुहान ननकऊ जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। ननकऊ को गिरते देख ऋषिराज रिवाल्वर वही छोड़कर मौके से फरार हो गया।

समारोह में आए लोग घायल ननकऊ को अस्पताल ले जाने के लिए वाहन मंगा रहे थे। इसी बीच ननकऊ की मौत हो हई। अचानक हुई इस घटना से रंग में भंग पड़ गया। समारोह में आए रिश्तेदार मौके से खिसक लिए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी की कार के साथ ही रिवाल्वर को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है । अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आरएस गौतम ने बताया कि आरोपी के संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। शीध्र ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त मे होगा।

# किसानों को परेशानी हुई तो होगी कार्रवाई: डीएम

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने सोमवार को साधन सहकारी समिति ओदारी व निगोहा में धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि केंद्रों पर अभी धान खरीद प्रारंभ नहीं हुई है। ओदारी केंद्र पर केंद्र प्रभारी जेपी तिवारी ने बताया कि इस वर्ष क्रय केंद्र का लक्ष्य 10000 कुंटल है। केंद्र पर 1000 बोरों की उपलब्धता है, वहीं निगोहा के केंद्र प्रभारी ने बताया कि उनके यहां 8000 मैट्रिक टन धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित है। जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी से किसानों द्वारा धान विक्रय को लेकर क्रय केंद्र पर संपर्क करने की जानकारी लिया। केंद्र प्रभारी द्वारा उक्त दोनों किसानों के वापस करने का कारण रजिस्टर में अंकित नहीं किया गया था जिस पर जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि जितने भी किसान केंद्र पर आए उनका रजिस्टर में अंकन किया जाएए साथ ही किसानों को क्रम से टोकन दिया जाए और केंद्र से किसी भी किसान को वापस ना किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को जिस क्रम में टोकन दिया जाए उसी क्रम में उनका धान खरीदा जाए इसके साथ ही समय से उनके भुगतान की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने दूरभाष के माध्यम से किसानों से केंद्र पर धान बेचने को लेकर संपर्क करने की जानकारी ली। उन्होंने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि किसानों से समन्वय बनाकार ज्यादा से ज्यादा धान की खरीद की जाए तथा किसी भी किसान को क्रय केन्द्र से वापस ने किया जाए। उन्होंने केन्द्र प्रभारी को गांव में जाकर इसका प्रचार.प्रसार करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने केन्द्र पर मौजूद कांटा, छन्ना तथा नमी मापक यत्रं के साथ ही किसानों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

## नदी में उतराया मिला अज्ञात युवक का शव

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। उदयपुर इलाके मे सई नदी मे अज्ञात युवक का उतराया शव मिलने से हडकंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम मे लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पथरिया गांव मे सोमवार की दोपहर ग्रामीण सई नदी के किनारे मवेशी चराने गये थे। इस बीच ग्रामीणों ने नदी मे एक शव उतराया हुआ देखा तो लोगों मे हडकंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर उदयपुर एसओ विपिन सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। शव लगभग 30 वर्षीय युवक का बताया जा रहा है। जो लगभग नदी में एक दिन पहले फेंका गया होगा। आशंका है कि किसी ने युवक की हत्या कर शव को फेंक दिया या फिर उसने खुदकुशी की होगी। शव की शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## धान खरीद में किसानों को प्राथमिकता नहीं दे रहा है जिला प्रशासन: राधे लाल

**बाराबंकी**। धान खरीद में किसानों के बजाय आढ़तियों प्राथमिकता दे रहा है। जिला प्रशासन उक्त विचार भारतीय किसान राधे के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधे लाल यादव ने स्थानी गन्ना संस्थान में आयोजित मासिक बैठक व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार को सेटेलाइट से पराली का धुआं तो दिखता है लेकिन बिचौलियों के बड़े-बड़े ट्राला नहीं दिखते और किसान धान बेचने के टोकन के लिए दर-दर भटक रहा है जिला प्रशासन की नाक के नीचे धान खरीद घोटाला किया जा रहा है किंतु भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए उनका संरक्षण किया जा रहा है। यही हाल विद्युत स्वास्थ्य विभाग का है भ्रष्टाचारियों का संरक्षण और आम जनमानस का आर्थिक शोषण किया जा रहा है और कागजों पर प्रदेश जनपद बाराबंकी विकास की बुलंदियां छू रहा है ।

# आरएसएस स्वयंसेवकों ने किया शस्त्र पूजन, मनाया स्थापना दिवस



संवाददाता। लालगंज ( **प्रतापगढ़** )

**नगर** पंचायत के राधामोहन मैरिज हाल मे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ काशी प्रान्त के कुन्डा जिले के लालगंज खन्ड द्वारा विजयादशमी पर किया शस्त्र पूजन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवकों द्वारासंघ का स्थापना दिवस भी सोल्लस मना दिखा। कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल पर शस्त्रों का पूजा-पाठ एंव हवन-पूजन किया, साथ ही इस दौरान शस्त्र पूजन के उद्देश्य एंव विचार परिवार के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला । कार्यक्रम में पूर्व सैनिक संजीव पान्डेय ने आरएसएस के लोगों को संघ की कर्तव्यनिष्ठा के बारे में बताया। उन्होने लोगों को आरएसएस की विचारधाराओं पर चलने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों ने अपना गीत भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेन्द्रनाथ पान्डेय ने किया।

## रामनाम के स्मरण से मनुष्य का होता है कल्याण: विनोदानंद

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की आराधना मनुष्य के लोकमंगल को सदैव मजबूत बनाए रखती है। श्रीराम ने भक्तों को सदैव उत्साह व उत्सव मे नीति के पथ पर अग्रसर रहने का संदेश दिया है। यह उदगार मुल्तानीपुर गांव मे हो रही रामकथा मे कथावाचक विनोदानंद जी महराज ने व्यक्त किये। कथावाचक विनोदानंद जी ने कहा कि श्रीराम जीवन के समस्त पाप को हरते हुए मनुष्य का अन्त भी सुफल बनाया करते है। उन्होने कहा कि जो श्रीराम की भक्ति मे रम गया उसका समस्त लोक मंगल ही मंगल हुआ करता है। कथा का संयोजन वैभव विक्रम सिंह अमन ने किया। इस मौके पर सत्येंद्र प्रताप सिंह बादल, विनय प्रताप सिंह अंकित, आदित्य विक्रम सिंह आरिन ,अतुल प्रताप सिंह रंजन, बजरंगबली सिंह, हरिओम सिंह, पंकज यादव, हिमांशु सिंह सानू आदि मौजूद थे।

# मंडलीय रबी उत्पादकता पर गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता। ललितपुर

**योजना** भवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मण्डलीय रबी उत्पादकता पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कृषि निदेशक ने कहा कि इस गोष्ठी का आयोजन पठारी क्षेत्र की स्थिति को लेकर किया गया है। यहां पर दिन में तापमान गर्म तथा रात को ठण्डा रहता है। इस क्षेत्र में नीबू एवं संतरा जैसी फसलों के लिए अनुकूल जलवायु पायी जाती है। अमरुद एवं चिरौंजी की फसलें आर्थिक विकास की दृष्टि से विशेष उपयोगी फसले हैं। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में तिलहन की फसलों पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र के कई जनपदों से पराली जलाये जाने की सूचनाएं प्राप्त होती है।उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार हमें पराली जलाने की घटनाओं को पूर्ण रुप से नियंत्रित करना होगा। इसके उपरान्त आयुक्त महोदय झांसी मण्डल झांसी ने कहा कि इस वर्ष झांसी मण्डल में औसत के अनुरुप कम वर्षा हुई हैं। पिछले वर्ष के उत्पादन के अनुरुप इस वर्ष का आच्छादन नौ प्रतिशत अधिक है। इस क्षेत्र में गेहूं एवं मटर की फसलें अधिक बोई जाती हैं। यहां पर कृषकों का मानक के अनुरुप विभिन्न प्रकार की फसलों को सिंचाई के लिए आवश्यकता के तहत पानी देने की जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया कि मण्डल में दो लाख 73 हजार किसान केडिट कार्ड का लक्ष्य रखा गया था, जिसके सापेक्ष 73 केसीसी जारी हो चुके हैं। पराली जलाने की शिकायत मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिलों में हाती है, जिन्हें उत्तरप्रदेश के जिलों में दिखाया जाता है। ललितपुर में दलहन की खेती के अच्छे स्त्रोत हैं। यहां पर दलहनी फसलों की अच्छी खेती होती है।

# अफसरों ने संचारी रोग नियंत्रण को लेकर की गहन मंत्रणा

संवाददाता। ललितपुर

**जिलाधिकारी** ए. दिनेशकुमार की अध्यक्षता मेंअक्टूबर में संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु मार्च एवं जुलाई में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आयोजन सम्पन्न हो चुका है। संचारी रोग अभियान एवं दस्तक अभियान का तृतीय चरण प्रदेश के समस्त जिलों में एक से 31 अक्टूबर में चलाते हुए माह मार्च एवं जुलाई में की गई सभी गतिविधियों की पुन: विस्तृत कार्ययोजना बनाकर इस माह में संचालित की जा रही हैं। अक्टूबर माह में संचालित अभियान में साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जलभराव रोकने एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता पर बल दिया जा रहा है। अभियान की सफलता की प्रगति की समीक्षा हेतु आज यह बैठक आयोजित की गई है। शासन के निर्देशानुसार इस बार आशा कार्यकत्रियां घर-घर जाकर बुखार, खांसी एवं सांस लेने में तकलीफ के रोगियों के विषय में जानकारी एकत्र कर ऐसे संदिग्ध रोगियों की सूचना निर्धारित प्रपत्र पर सूचीबद्ध कर ब्लॉक मुख्यालय को प्रेषित करती हैं। इसके साथ ही कोविड-19 के कारण टीकाकरण से वंचित शिशुओं का टीकाकरण भी इस अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है।

## महिलाओं के सशक्तीकरण में समाज की भूमिका पर वेबीनार संपन्न

**ललितपुर**। **मिशन** शक्ति के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मुस्कुराएगा इंडिया पहल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय ललितपुर के प्राचार्य डा. अवधेश अवधेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महिलाओं की स्थिति विकास और उनके सशक्तिकरण का मुद्दा अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिस तरह देश में शिक्षा, स्वास्थ्य, औद्योगीकरण, रोजगार, नगरीकरण के क्षेत्र में वृद्धि हो रही हैए उसके सापेक्ष महिलाओं की स्थिति उतनी संतोषप्रद नहीं दिखाई देती। हालांकि कुछ दशकों से हमारे देश में महिलाओं की शैक्षिक स्थिति में सुधार आया है। हमारे देश में महिलाओं की शिक्षा का स्तर नगरीय क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत कम है। जिसके कारण महिलाएं पुरुषों पर आश्रित रहती हैं ।

# आस्था और उमंग के बीच हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

संवाददाता। लालगंज ( **प्रतापगढ़** )



**क्षेत्र** के नगरीय एवं ग्रामीणांचलों मे सोमवार को विधि विधान के साथ पूजन अर्चन के बीच दुर्गा प्रतिमाओ का विसर्जन हुआ दिखा। देवी भक्तों ने अबीर-गुलाल उड़ाते पाण्डालों से मां की प्रतिमाओं को झांकी के रूप मे निकाला। दुर्गा प्रतिमाओं की झांकियो को देखने के लिए श्रद्धालुओं को भी उत्साह में देखा गया। प्रतिमाओं का विर्सजन पूजन अर्चन के साथ आयोजन समिति के पदाधिकारियो ने गांव के पोखरों में किया। कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन शारदा सहायक नहर मे भी परंपरागत रूप से हुआ। प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर चौक तिराहे पर पुलिस को भी यातायात व्यवस्था के नियंत्रण मे मशक्कत करते देखा गया। नगर पंचायत मे भी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए देवी भक्तों ने नाचते गाते झांकी निकाली। पूरे हरिकिशुन तथा घुइसरनाथ रोड पर कौहली के तालाब मे भी प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। महिलाएं आस्था के पुष्प लिए मां के श्रीचरणों मे मत्था टेकती दिखी। वहीं देवी संकीर्तनों से भी विसर्जन उत्सव की भव्यता पर चार चांद लगा दिखा। क्षेत्र के घुइसरनाथ धाम, सांगीपुर, दीवानगंज, उदयपुर, मंगापुर, राहाटीकर, रानीगंज कैथौला, रामपुर बावली, धारूपुर, बाबूगंज, लक्ष्मणपुर, सगरा सुंदरपुर, अजगरा आदि क्षेत्रो में देवी प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर उत्साह दिखा। हालांकि कोरोना के कारण विसर्जन कार्यक्रमों मे इस बार भक्तों की उपस्थिति आयोजको ने सीमित रखी। वहीं ज्यादातर देवी भक्तों को भी मॉस्क का प्रयोग करते देखा गया।

# असत्य पर सत्य की जीत, जला अभिमानी रावण

### कोरोना महामारी के कारण शारदीय नवरात्र पर नहीं दिखी चहल पहल

संवाददाता। फतेहपुर ( **बाराबंकी** )



शारदीय नवरात्रि व दशहरा का पर्व क्षेत्र में कोविड-19 के प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भक्तों ने मां के नौ स्वरुपो की नौ दिनों तक पूजा अर्चन व आराधना की और दषमी के दिन आदि शक्ति मां दुर्गा की आराधना के बाद घरो में स्थापित प्रतिमाओं को शांतिपूर्ण तरीके से बिना किसी भीड भाड के विसर्जन कर दिया गया।

मालुम हो कि कोरोना महामारी के कारण इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर पहले जैसी रौनक नजर नही आयी। कस्बे मे कई घरों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी और दषमी के दिन मां की प्रतिमाओं को बिना किसी जुलूस के कोविड प्रोटोकाल के तहत शांतिपूर्ण तरीके से विसर्जन कर दिया गया। हालांकि इस वर्ष नगर मे प्राचीन रामलीला का आयोजन नही हुआ किन्तु असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजय दशमी के पावन पुनीत पर्व पर कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत क्षेत्र में एक नया उत्साह देखने को मिला।

पुलिस प्रशासन की चाक चौबन्द व्यवस्था के बीच सोषल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराते हुए मैदानी लीला का मंचन किया गया। श्री शक्तिधाम महादेव तालाब के निकट स्थित रामलीला मैदान में उपस्थित लोगो के सामने जब भगवान श्री राम ने अहंकारी रावण की नाभि में तीर मारा, तब अहंकारी रावण धू-धूकर जलने लगा जिसे देखकर उपस्थित लोगों ने जय श्री राम का जयघोष किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने कोरोना के पुतले का दहन किया। इस मौके पर एसडीएम पंकज सिंह, राजेष जायसवाल महन्त शैलेन्द्र मुनि, अनिल शर्मा, अभिमन्यु श्रीवास्तव, शेखर शर्मा, सभासद राजकिषोर यादव, विनोद शर्मा, बब्लू वर्मा, रज्जू, आदि लोग मौजूद थे। सुरक्षा के मददेनजर कोतवाल संजय मौर्य सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

**शनि मन्दिर मे विधि विधान से हुई पूजा-अर्चना**

**बाराबंकी**। विजयादशमी के दिन कस्बे के श्री शक्तिधाम महादेव तालाब पर महाभारतकालीन प्राचीन शमी वृक्ष की पूजा अर्चना विधि विधान से की गयी। प्रतिष्ठाचार्य पं. अखिलश चन्द्र शास्त्री ने बताया कि विजयादशमी के दिन शनि देव की पूजा का बडा महत्व है, इस दिन अनुष्ठान करने से शनि का प्रकोप कम हो जाता है। यहां स्थापित शमी का वृक्ष महाभारत कालीन है, मान्यता है कि अज्ञात वास के दौरान पाण्डवो ने अपने शस्त्र इसी वृक्ष मे छिपाएं थे। गौरतलब हो कि शनि देव के मन्दिर मे प्रत्येक सप्ताह शनिवार के दिन यहां सैकडों भक्तों का आना-जाना रहता है। इस वर्ष भी भक्तों द्वारा शनि देव की पूजा के साथ ही भण्डारे का भी आयोजन किया गया, जिसमे सैकडो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं एसडीएम पंकज सिंह समेत क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने हवन पूजा भी की।

# साहित्य और पत्रकारिता के शीर्ष स्तंभ थे गणेश शंकर विद्यार्थी: प्रसाद

संवाददाता। बाराबंकी

**गणेश** शंकर विद्यार्थी साहित्य और पत्रकारिता के शीर्ष स्तंभ थे। वह मूर्धन्य पत्रकार थे। वह क्रांतिकारी थे। वह एक जीता जागता पत्रकारिता और साहित्य का संस्थान थे। वह मूकजन की आवाज थे। यह बात गांधी भवन में स्वतंत्रता सेनानी एवं लब्ध प्रतिष्ठ पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी की जयन्ती पर हिन्दी पत्रकार एसोसिएशन की बाराबंकी ईकाई के जिलाध्यक्ष पाटेश्वरी प्रसाद ने कही। श्री प्रसाद ने कहा कि विद्यार्थी जी हिंदी पत्रकारिता के पितामह कहे जाते रहेंगे। उनके द्वारा लिखित और प्रकाशित समाचार पत्र प्रताप ने स्वाधीनता आन्दोलन में प्रमुख भूमिका निभाई। प्रताप के जरिये ही ना जाने कितने क्रंतिकारी स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल होने के लिए प्रेरित हुए। इतना ही नहीं यह समाचार पत्र समय.समय पर साहसी क्रांतिकारियों की ढाल भी बना। संगठन के महामंत्री रंजय शर्मा ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी गरीबों की हर छोटी से छोटी परेशानी को वह अपनी कलम की ताकत से समाज के सामने रखते थे। गणेश शंकर विद्यार्थी एक ऐसे साहित्यकार रहे हैं जिन्होंने देश में अपनी कलम से सुधार की क्रांति उत्पन्न की। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आसिफ हुसैन मिर्जा ने कहा कि आज साहित्य केवल धन अर्जित करने का एक माध्यम बन कर रह गया है। आज हमारे समाज को ऐसे साहित्यकारों की दरकार है जो अपने सभी दायित्वों का निर्वाह करना जानता हो और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझे। इस मौके पर प्रमुख रूप से मनीष सिंह, पंकज राणा, अमर बहादुर सिंह, मो. अदीब इकबाल, लवकुश शरण आनन्द, राजा सिंह, अनिल यादव, वरूण सिंह चौहान, श्रवण चौहान, मो. आदिल सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं पत्रकार मौजूद रहे।